ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष षष्ठी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 29 मई 2024
वर्ष 5, अंक 64, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



पृथ्वी से चार गुना विशाल है यह रहस्यमयी ग्रह 16

अमेजन पर आएगी अनन्या की वेब सीरीज कॉल मी बे 15

## महिला सिपाही ने एसओ की आंखों में मिर्च झोंकी, थाने में डंडे से पीटा

संवाददाता, बिलासपुर( रामपुर )

- स्कूटी साथी कांस्टेबल ले गई और दुर्घटना में क्षतिग्रस्त कर लाई
- थानाध्यक्ष ने शिकायत करने पर कार्रवाई नहीं की तो दिखाया गुस्सा

**अमृत विचार** : खजुरिया थाने में तैनात महिला सिपाही की शिकायत पर कार्रवाई न करना थाना प्रभारी को भारी पड़ गया। गुस्साई महिला सिपाही ने थाना प्रभारी की आंखों में लाल मिर्च पाउडर झोंककर डंडे से पीटा। एसपी राजेश द्विवेदी ने बताया कि आरोपी महिला सिपाही को निलंबित कर दिया गया है।

खजुरिया थाने में महिला सिपाही आरजू काफी समय तैनात है। सोमवार की शाम साथी सिपाही अमृता भूषण उसकी स्कूटी मांगकर ले गई थी। इस दौरान किसी वाहन की टक्कर से आरजू की स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गई। इसे लेकर दोनों महिला सिपाहियों में विवाद हो गया। पुलिसकर्मियों ने बताया कि स्कूटी लेकर गई अमृता ने कहा कि वह एजेंसी पर स्कूटी ठीक करा देगी, मगर आरजू नहीं मानी। इस पर खजुरिया थानाध्यक्ष राजीव कुमार को दखल देना पड़ा। मंगलवार को गुस्साई महिला सिपाही आरजू ने थाने में आकर पहले थाना प्रभारी राजीव कुमार की आंखों में मिर्च पाउडर झोंक दिया और फिर डंडे के ताबड़तोड़ वार करके उन्हें घायल कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस क्षेत्राधिकारी रवि खोखर मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटना की जानकारी की और इससे उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। घटना के बाद सीओ इस बारे में कुछ भी बताने से कतराते रहे। उधर घटना में घायल थाना प्रभारी राजीव कुमार दोपहर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में अपना मेडिकल कराने पहुंचे। आरोपी महिला सिपाही को थाने में रखा गया है। उससे किसी को मिलने नहीं दिया जा रहा है।

## जल्द ही एसी की हवा लेंगे कूलर में रह रहे रामलला



**अयोध्या।** नौतपा में अभी तक कूलर में रह रहे रामलला अब एसी की ठंडी हवा में रहेंगे। इसके अलावा उन्हें सूती वस्त्र पहनाए जा रहे हैं। रामनगरी में चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी का असर आम जनमानस के साथ-साथ मठ मंदिरों सहित राममंदिर में भी देखने को मिल रहा है। राम मंदिर में रामलला पांच वर्ष के बालक के रूप में विराजमान हैं। उन्हें गर्मी से बचाने के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। रामलला को भोग में शीतल व्यंजन परोसे जा रहे हैं और हर रोज चांदी की थाली में चारों तरफ फूल बिछाकर शीतल आरती की जाती है। साथ ही भोग में उन्हें सुबह और शाम दही दी जाती है। इसके अलावा फलों का जूस व लस्सी के साथ साथ भोग में मौसमी फल भी दिए जा रहे हैं। रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र ने बताया कि गर्मी में श्रीराम लाल को किसी प्रकार की समस्या ना हो इसका विशेष ख्याल रखा जा रहा है। यूनियन बैंक की तरफ से दो टॉवर एसी दिए गए हैं।

## सीएल गुप्ता ग्रुप के संस्थानों पर रेड

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद/ अमरोहा

### आयकर की कार्वाई से शहर के निर्यातकों में खलबली

- मुरादाबाद में ग्रुप के स्कूल, हॉस्पिटल और अमरोहा में पीतल फैक्ट्री समेत कई संस्थानों में छानबीन
- मंगलवार सुबह पहुंची आईटी अधिकारियों की गाड़ियों पर चुनाव ड्यूटी लिखा स्टीकर चिपका था

**अमृत विचार**: देश के बड़े निर्यातक सीएल गुप्ता ग्रुप के मुरादाबाद और अमरोहा की फर्म, हास्पिटल, स्कूल पर मंगलवार की सुबह छह बजे दिल्ली से आई आयकर की टीम ने ताबड़तोड़ छापेमारी की। इससे महानगर के अन्य निर्यातकों में भी खलबली मच गई। चुनाव ड्यूटी लिखी गाड़ियों से आयकर की कई टीमों की एक साथ छापेमारी से सीएल गुप्ता ग्रुप से जुड़े लोग सकते में आ गए। कार्रवाई सुबह छह बजे से लेकर रात तक चली। इसके अलावा टीम ने शहर के शुभम नर्सिंग होम पर भी छापेमारी की।

महानगर में सीएल गुप्ता के कटघर स्थित आवास, रामगंगा विहार स्थित फार्म हाउस और सीएल गुप्ता नेत्र संस्थान, सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल पर कई टीमें अचानक पहुंचीं। टीम कहां की है, क्या करने आई है इसको लेकर महानगर में चर्चा तेज हो गई। बाद में पता चला कि दिल्ली से आयकर की टीम ने रेड की है। प्रतिष्ठानों पर आयकर विभाग की कार्रवाई को देखते हुए केंद्रीय पुलिस बल तैनात रहा। सुरक्षा बलों ने किसी को भी अंदर से बाहर आने से रोक दिया।

आयकर विभाग के सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार फर्म पर बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी को लेकर कार्रवाई की गई है। सीएल गुप्ता एक्सपोर्ट फर्म का देश विदेश में हस्तशिल्प उत्पादों का निर्यात का कारोबार है। टीम महानगर के पीलीकोठी स्थित शुभम नर्सिंग होम पर भी कार्रवाई के लिए पहुंची। इससे नर्सिंग होम में हड़कंप मच गया। खबर लिखे जाने तक छापेमारी में क्या निकला यह जानकारी टीम की ओर से नहीं दी गई। कार्रवाई के दौरान सीएल गुप्ता ग्रुप के मालिक व उनसे जुड़े लोगों के मोबाइल बंद रहे। टीम ने ग्रुप के मालिकों और ग्रुप के अधिकारियों के घरों पर भी पूछताछ करने पहुंची।

### एक नजर

#### केंद्रीय मंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने पर मामला दर्ज

**राजकोट।** फर्जी इंस्टाग्राम आईडी का उपयोग करके भ्रामक तस्वीरों और वीडियो के जरिए केंद्रीय मंत्री और राजकोट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार पुरुषोत्तम रुपाला की छवि धूमिल करने के आरोप में पांच अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। सहायक पुलिस आयुक्त बीबी बसिया ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता योगेश पंचानी की शिकायत के आधार पर राजकोट साइबर अपराध प्रकोष्ठ ने 26 मई को पांच इंस्टाग्राम उपयोगकर्ताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

#### जम्मू कश्मीर के रामबन में राजस्व अधिकारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

**जम्मू।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मंगलवार को कहा कि उसने जम्मू कश्मीर के रामबन जिले में एक राजस्व अधिकारी को जमीन संबंधी एक आवेदन पर कार्रवाई करने के एवज में एक व्यक्ति से कथित रूप से 18000 रुपये रिश्वत लेने को लेकर गिरफ्तार किया है। बनिहाल तहसीलदार के कार्यालय कानूनगो मोहम्मद इशाक भट को सोमवार को शिकायतकर्ता से रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

# ज्येष्ठ का सितम, पांच की मौत

## प्रदेश के कई शहरों में टूटा रिकार्ड, दो दिन तपिश से राहत मिलने के आसार नहीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ




**अमृत विचार** : ज्येष्ठ माह शुरू होते ही गर्मी ने प्रचंड रूप दिखाना शुरू कर दिया है। मंगलवार को प्रदेश के कई जिलों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। अलग-अलग जिलों से मरने वालों की पांच घटनाएं सामने आयीं हैं। इनमें इटावा में दो और हमीरपुर, महोबा एवं जालौन में एक-एक की मौत हुई है।

हालांकि स्थानीय राहत आयुक्त कार्यालय ने इसकी पुष्टि नहीं की। भीषण गर्मी और लू के बीच झांसी में पारा 49 डिग्री को छू गया है, जो पिछले 32 साल में सबसे ज्यादा है। आगरा में पारा 47 साल के रिकार्ड को तोड़ते हुए 48.6 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा। संगम नगरी प्रयागराज पारा 48.4 डिग्री को छू गया है। वाराणसी एयरपोर्ट में दिन का तापमान 47.6 डिग्री रिकार्ड किया गया है जिसने पिछले 58 साल के रिकार्ड को तोड़ दिया है। भीषण गर्मी और लू के चलते उत्तर प्रदेश में रेड अलर्ट घोषित किया गया है। मौसम आंचलिक केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक दानिश ने बताया कि तापमान में अचानक आयी तेजी की वजह पश्चिमी हवाओं का चलना है। यह हालात अभी कम से कम दो दिन और रहने की संभावना है। इसके बाद गर्मी से मामूली राहत मिलने का अनुमान है।

### बिजली की मांग पहुंची 29,261 मेगावाट पर

प्रदेश में बिजली की मांग लगातार बढ़ रही है। मंगलवार को अधिकतम मांग 29,261 मेगावाट पर पहुंच गई। बंद चल रही इकाइयों के बीच उप्र. पावर कारपोरेशन ने एनर्जी एक्सचेंज से बिजली आयात कर स्थिति काबू में की। इस बीच, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने कहा कि पावर कॉरपोरेशन सिर्फ कागजों में कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। स्थानीय खराबी के कारण पूरे प्रदेश में बिजली संकट से लोग बेहाल हैं।

बिजली उपलब्ध होने के बाद भी लोगों को निर्बाध बिजली आपूर्ति नहीं हो पा रही है। पावर कारपोरेशन के सूत्रों के अनुसार बारा व जवाहरपुर परियोजनाओं की 660-660 मेगावाट की एक-एक इकाई व ओबरा की 200 मेगावाट की एक इकाई बंद चल रही हैं। इससे प्रदेश में बिजली का उत्पादन घट गया है। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली आयात की जा रही है।

**मंगलवार का तापमान**

| | | | |
|---|---|---|---|
| झांसी | 49.0 | महोबा | 46.5 |
| आगरा | 48.6 | कानपुर | 45.2 |
| प्रयागराज | 48.4 | मेरठ | 44.4 |
| वाराणसी | 47.6 | लखनऊ | 44.3 |
| हमीरपुर | 47.0 | मुरादाबाद | 43.5 |
| इटावा | 46.0 | बरेली | 42.8 |



### देश में चुरू सबसे गर्म, 50° पहुंचा दिल्ली का पारा

**नई दिल्ली।** राजस्थान में चुरू देश का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां अधिकतम तापमान 50 .5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हरियाणा में सिरसा-एडब्ल्यूएस में 50 .3 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। राजधानी दिल्ली के कई इलाकों में तापमान 50 डिग्री के पास जा पहुंचा। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार कम से कम अगले दो दिनों तक भीषण गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। मौसम विज्ञानियों ने कहा कि बृहस्पतिवार को भारत के उत्तर-पश्चिम हिस्सों में एक नये पश्चिमी विक्षोभ की संभावना है, जिससे सप्ताहांत में क्षेत्र में छिटपुट बारिश हो सकती है। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार कि भारत के 150 प्रमुख जलाशयों में पानी का भंडारण पिछले सप्ताह उनके कुल भंडारण का केवल 24 प्रतिशत रह गया, जिससे कई राज्यों में पानी की कमी बढ़ गई और जलविद्युत उत्पादन पर असर हुआ है।

### अब नॉर्थ-ईस्ट में दिखने लगा रेमल का असर

## मिजोरम में पत्थर खदान धंसने से 21 की मौत

आइजोल, एजेंसी

पश्चिम बंगाल में आए रेमल तूफान का असर अब नॉर्थ-ईस्ट में दिखने लगा है। मिजोरम में तूफान के कारण लगातार हो रही बारिश की वजह से मंगलवार सुबह 6 बजे आइजोल में एक पत्थर की खदान ढह गई। अब तक इसमें 21 लोगों की मौत हुई है। इनमें 4 साल का लड़का और 6 साल की लड़की शामिल है। दो लोगों का रेस्क्यू भी किया गया है।

मिजोरम के डीजीपी अनिल शुक्ला ने बताया कि हमने अब तक 21 शव बरामद कर लिए हैं और बचाव अभियान जारी है। हमें आशंका है कि मलबे में अभी भी लोग फंसे हुए हैं। उन्होंने कहा कि भारी बारिश के कारण आपदा स्थल पर बचाव कार्य प्रभावित हो रहा है। शुक्ला ने कहा कि बारिश के कारण राज्य में कई अन्य स्थानों पर भूस्खलन हुआ और कम से कम दो लोग बह गए। आइजोल के उपायुक्त नाजुक कुमार ने कहा कि जब तक मलबा साफ नहीं हो जाता, तब तक तलाश अभियान जारी रहेगा। उन्होंने कहा हमने घटनास्थल से दो लोगों को जिंदा बचाया है।



आइजोल में राहत कार्य में जुटे बचावकर्मी।

#### मुख्यमंत्री ने बुलाई आपात बैठक

मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने स्थिति का जायजा लेने के लिए गृह मंत्री के सपडांगा, मुख्य सचिव रेनू शर्मा और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक आपात बैठक बुलाई। मुख्यमंत्री ने खदान धंसने और बारिश के कारण हुई आपदाओं में मारे गए लोगों के परिवारों को 4-4 लाख अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। खदान धंसने से मारे गए 8 मिजो लोगों के परिवारों को दो-दो लाख रुपये के चेक सौंपे और कहा कि शेष राशि उन्हें जल्द ही दी जाएगी।

## केजरीवाल की जमानत पर तत्काल सुनवाई से इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर तत्काल सुनवाई करने से इनकार कर दिया। दिल्ली सीएम ने मेडिकल ग्राउंड पर एक जून तक मिली अंतरिम जमानत को 7 दिन बढ़ाने की मांग की थी।

जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस केवी विश्वनाथन की वेकेशन बेंच ने कहा कि अंतरिम जमानत बढ़ाने का फैसला सीजेआई करेंगे, क्योंकि मुख्य मामले में केजरीवाल के खिलाफ फैसला सुरक्षित है। केजरीवाल की तरफ से वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने दलीलें रखीं। केजरीवाल को ईडी ने शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में 21 मार्च को गिरफ्तार किया था।

#### बिभव को तीन दिन की पुलिस हिरासत में भेजा



**नई दिल्ली।** दिल्ली कोर्ट ने स्वाति मालीवाल से मारपीट के आरोपी बिभव को 31 मई तक हिरासत में भेज दिया है। कुमार के वकील ने हिरासत में लेकर उनके मुवक्किल से पूछताछ करने की दिल्ली पुलिस की याचिका का विरोध करते हुए दावा किया कि उसके पास कोई सबूत नहीं है।

## रणजीत मर्डर केस में डेरा सच्चा सौदा प्रमुख राम रहीम बरी



- हाईकोर्ट ने दी बड़ी राहत सीबीआई कोर्ट ने सुनाई थी उम्रकैद की सजा

**सिरसा।** हरियाणा में सिरसा स्थित डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को मंगलवार को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने बड़ी राहत दी। डेरे के पूर्व मैनेजर रणजीत हत्याकांड मामले में डेरा प्रमुख सहित पांच अन्य आरोपियों को सीबीआई कोर्ट के फैसले को रद करते हुए बरी कर दिया है। यह मामला 22 साल पुराना है। मामले में 19 साल बाद सीबीआई कोर्ट ने डेरा प्रमुख राम रहीम को दोषी करार दिया था।

राम रहीम फिलहाल, पत्रकार रामचंद्र छत्रपति, साध्वी यौन शोषण मामले में रोहतक की सुनारिया जेल में बंद है और उस मामले में सजा बरकरार रहेगी। कुरुक्षेत्र के कोलिया गांव निवासी डेरा साधु रणजीत सिंह की 10 जुलाई 2002 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। डेरा प्रबंधन को शक था कि जो गुमनाम चिठी डेरा प्रमुख के खिलाफ जारी हुई वह रणजीत सिंह ने अपनी बहन से लिखवाई थी।

## एप से खरीद सकेंगे सरकारी प्रतिभूतियां

मुंबई, एजेंसी



- आरबीआई ने शुरू किया मोबाइल ऐप, सरल तरीके से ऑनलाइन आवेदन के लिए प्रवाह पोर्टल भी लांच

रिजर्व बैंक ने सरकारी प्रतिभूति बाजार में खुदरा निवेशकों की भागीदारी के लिए मंगलवार को मोबाइल ऐप और सरल तरीके से ऑनलाइन आवेदन को लेकर प्रवाह पोर्टल शुरू किया गया। खुदरा निवेशक अब अपने स्मार्टफोन पर मोबाइल ऐप का उपयोग करके सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद-बिक्री कर सकते हैं।

प्रवाह पोर्टल से विभिन्न नियामकीय मंजूरियों के लिए सरल तरीके से ऑनलाइन आवेदन किया जा सकेगा। केंद्रीय बैंक ने बयान में कहा कि यह पोर्टल रिजर्व बैंक की तरफ से नियामकीय मंजूरी देने से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं को सुगम बनाएगा। गवर्नर शक्तिकांत दास द्वारा शुरू की गई इस तीसरी पहल का मकसद नियामकीय दृष्टिकोण से क्षेत्र की बेहतर समझ के लिए भारतीय वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियों के आंकड़ों का भंडारण करना और उचित नीति दृष्टिकोण तैयार करने में सुविधा प्रदान करना है। पोर्टल की विशेषताओं को साझा करते हुए कहा कि विभिन्न नियामक और निगरानी विभागों से जुड़े 60 आवेदन पत्र ऑनलाइन जमा किये जा सकते हैं। संबंधित इकाई पोर्टल पर आवेदन की स्थिति को देख सकती है।

#### यूजर ऐप को कर सकते हैं डाउनलोड

मोबाइल ऐप को एंड्रॉयड यूजर प्ले स्टोर और आईओएस यूजर ऐप स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं। वर्तमान में, रिटेल डायरेक्ट पोर्टल खुदरा निवेशकों को आरबीआई के साथ खुदरा प्रत्यक्ष सरकारी प्रतिभूति खाते खोलने की सुविधा प्रदान करता है। पोर्टल नवंबर, 2021 में शुरू किया गया था। यह खुदरा निवेशकों को प्राथमिक नीलामी में सरकारी प्रतिभूतियां खरीदने के साथ-साथ द्वितीयक बाजार में उसे खरीदने और बेचने की सुविधा देता है।

## ड्राइवर भाइयों ने दोस्त संग रची थी हत्या की साजिश

- पूर्व आईएएस की पत्नी की हत्या का मामला

**लखनऊ।** पूर्व आईएएस अफसर देवेंद्र नाथ दुबे की पत्नी मोहिनी दुबे की हत्या कर लूटपाट उनके ही दो ड्राइवर भाइयों ने अपने दोस्त के साथ मिल कर की थी। पुलिस ने तीनों को सोमवार रात गिरफ्तार कर लिया। लूटी गई डीवीआर की बरामदगी के लिए उनके बताए स्थान पर ले जाने पर एक ने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया। गोली गाजीपुर थाने के मुख्य आरक्षी को लगी। जवाबी फायरिंग में वह आरोपी घायल हुआ। उनके पास से एक करोड़ के जेवरात, डीवीआर व अन्य कीमती सामान बरामद हुए।

पुलिस आयुक्त एसबी शिरडकर के मुताबिक पूरी साजिश पूर्व आईएएस देवेंद्र नाथ दुबे के 13 साल पुराने ड्राइवर रवि और अखिलेश यादव ने रची थी। साजिश के तहत 25 मई शनिवार सुबह 7 बजे रवि पूर्व आईएएस अफसर को लेकर गोल्फ क्लब चला गया। इसके बाद उसका भाई अखिलेश और दोस्त रंजीत घर में दाखिल हुए। अंदर जाने के बाद सबसे पहले मोहिनी का गला घोंटा और पेंचकस से पांच वार किए।

## प्रेमिका से मिलने घर पहुंचे युवक की पीटकर हत्या

संवाददाता, बेहजम (लखीमपुर खीरी)



- मृतक के पिता बोले, सरकारी नल पर पानी पीने गया था नागेश

**अमृत विचार**: प्रेमिका से मिलने मंगलवार की तड़के उसके घर पहुंचे एक युवक को प्रेमिका के घर वालों ने पकड़ लिया। इसके बाद लाठियों से पीटकर-पीटकर उसकी हत्या कर दी। प्रेमिका के घर वाले फरार हैं।

थाना नीमगांव के गांव मिर्जापुर निवासी नागेश (22) का एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों आपस में रिश्तेदार थे। मंगलवार की तड़के करीब 4:30 बजे नागेश अपनी प्रेमिका से मिलने उसके घर गया था। बताते हैं कि घर वालों ने दोनों को पकड़ लिया और घर के अंदर खींच ले गए और उसे पीटकर अधमरा कर दिया। धारदार हथियारों से भी कई प्रहार किए। प्रेमी युगल के शोर मचाने पर युवक के परिवार व आसपास के लोग वहां पहुंचे। परिवार वालों ने घटना की सूचना यूपी 112 पुलिस को दी। पुलिस ने घर का दरवाजा खुलवाया और मरणासन्न हालत में पड़े नागेश को घर से निकालकर सीएचसी बेहजम भेजा जहां से जिला अस्पताल रेफर किया, रास्ते में उसने दम तोड़ दिया।

## वोट जिहाद के लिए छीने ओबीसी के अधिकार : मोदी

- प. बंगाल के बारासात में रैली में ममता बनर्जी पर बरसे प्रधानमंत्री

बारासात (पश्चिम बंगाल), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार पर तुष्टीकरण की राजनीति करने और वोट जिहाद को बढ़ावा देने के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के युवाओं के अधिकार छीनने का आरोप लगाया।

बारासात में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का नाम लिए बिना कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों पर सवाल उठाने के लिए उनकी आलोचना की और आश्चर्य जताते हुए कहा कि क्या तृणमूल कांग्रेस प्रतिकूल फैसलों के बाद अब न्यायधीशों के पीछे भी अपने गुंडे छोड़ देगी? उन्होंने कहा बंगाल में तृणमूल ने ओबीसी को जो धोखा दिया, उसकी पोल अदालत ने खोल दी है। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने कहा है कि 77 मुसलमान जातियों को ओबीसी घोषित करना असंवैधानिक है। यानी तृणमूल ने लाखों ओबीसी नौजवानों का हक वोट जिहाद वालों की मदद के लिए लूट लिया।



दुमका में आयोजित रैली में प्रधानमंत्री को सम्मानित करते भाजपा पदाधिकारी।

#### झारखंड में घुसपैठ बड़ा संकट

**दुमका (झारखंड)।** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा घुसपैठ के कारण संथाल परगना में आदिवासियों की आबादी कम हो रही है। उन्होंने झामुमो के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन पर घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। दुमका में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि उन्होंने सुना है कि लव जिहाद शब्द का ईजाद झारखंड के लोगों ने किया है। उन्होंने कहा कि राज्य के एक जिले में ईसाई समुदाय से जुड़े साप्ताहिक अवकाश का दिन रविवार से बदलकर शुक्रवार करने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा अब झारखंड में एक बड़ा संकट घुसपैठियों का हो गया है।

## बम की सूचना पर यात्रियों को इमरजेंसी गेट से निकाला

नई दिल्ली, एजेंसी



- दिल्ली से वाराणसी के लिए उड़ान भरने को तैयार विमान में बम होने की सूचना अफवाह निकली

दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से वाराणसी जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट (6ई2211) में मंगलवार सुबह टेकऑफ से पहले बाथरूम में एक कागज का टुकड़ा मिला, जिसमें 30 मिनट में बम ब्लास्ट लिखा हुआ था। यह खबर विमान में बैठे यात्रियों में फैल गई और अफरातफरी मच गई। जिसके बाद क्रू मेंबर्स ने पैसेंजर्स को इमरजेंसी गेट से बाहर निकाला। कई यात्री विंग के जरिए प्लेन से उतरे गए। फ्लाइट में 176 पैसेंजर्स थे। इसके बाद दिल्ली एयरपोर्ट पर क्यूआरटी और बम डिस्पोजल टीम बुलाई गई। प्लेन की तलाशी ली गई, लेकिन अधिकारियों को कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। एयरपोर्ट के अधिकारियों ने बताया कि सुबह करीब साढ़े 5 बजे वॉशरूम में पायलेट को टिशू पेपर मिला था। यह पेपर वॉशरूम में कैसे पहुंचा, इसकी जांच चल रही है।

## 'अमृत विचार' आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 9450434176 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.।

## शहर में आज

☞ चाह सोतियान स्थित महालक्ष्मी मंदिर में गणेश भगवान की पूजा प्रात: 6:30 बजे।

☞ रोडवेज परिसर में चल रहे निशुल्क जल शिविर का आयोजन सुबह 10:30 बजे।

## एक नजर

### स्टार चौराहा, ज्वालानगर में कराया छिड़काव

**रामपुर, अमृत विचार :** गर्मी में धूल एवं वायु प्रदूषण के स्तर में वृद्धि हो जाती है। इससे लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इस समस्या से निजात दिलाने के लिए पालिका की ओर से पानी का छिड़काव कराया गया। मंगलवार को स्टार चौराहा से कचहरी रोड, गांधी समाधि, माला रोड, शाहबाद गेट और ज्वालानगर क्षेत्र में वायु प्रदूषण रोकने के लिए पानी का छिड़काव कराया गया। ईओ दुर्गश्वर त्रिपाठी ने बताया कि नगर पालिका परिषद द्वारा नियमित अंतराल पर शहर के मुख्य चौराहों पर पानी का छिड़काव कराया जा रहा है।

# 10 उपकेंद्रों में होगी 500 ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि

## ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि पर खर्च किए जाएंगे 40 करोड़ रुपये, करोड़ों रुपये की लागत से बिजली लाइनों को कराया जा रहा दुरुस्त

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जनपद के 10 उपकेंद्रों के 500 ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि की जाएगी। इसके लिए प्रदेश सरकार की ओर से 40 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। जनपद में बिजली सुधार के कार्य लगातार कराए जा रहे हैं।

केंद्र सरकार के बजट से 98 करोड़ रुपये के कार्य जनपद में पिछले साल से लगातार कराए जा रहे हैं। इसके साथ ही बिजनेस प्लान में 20-20 करोड़ से और कार्य तेज किए गए हैं। इनमें जनपद के 10 विद्युत उपकेंद्रों की क्षमता वृद्धि की जाएगी। इनमें 33/11 केवीए क्षमता वाले विद्युत केंद्रों पर पांच एमवीए के स्थान पर 10 एमवीए के ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे। अजीतपुर द्वितीय विद्युत उपकेंद्र में सप्ताह भर पहले ही 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर शिफ्ट किया गया है। इसी तरह शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में रखे 500 ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि कराई जाएगी।

इस दौरान 25 केवीए के स्थान पर 63 केवीए और 63 केवीए के स्थान पर 250 केवीए के ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे। 250 केवीए ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि करके 400 केवीए के ट्रांसफार्मर लगवाए जाएंगे। इसके अलावा जिले में लाइनों के जर्जर तारों, खंभों व अन्य उपकरण को भी बदला जाएगा। वर्कशॉप के एसडीओ राजेश कुमार ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए उपभोक्ताओं के लिए कार्य कराए जाएंगे।



मालगोदाम स्थित वर्कशॉप में रखे ट्रांसफार्मर। ● अमृत विचार

### रायपुर, पंजाबनगर के उपभोक्ताओं को मिल रही निर्बाध विद्युतापूर्ति

एसडीओ संजीव कुमार ने बताया कि ज्वालानगर क्षेत्र की किट प्लाइ्र फैक्ट्री के सामने अजीतपुर द्वितीय उपकेंद्र के पुराने पांच एमवीए के ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि कर 10 एमवीए का नया ट्रांसफार्मर शिफ्ट कराने के बाद से रायपुर व पंजाबनगर के उपभोक्ताओं को निर्बाध रूप से आपूर्ति मिल रही है। दोनों क्षेत्रों में अत्याधिक लोड होने के कारण लाइनों व ट्रांसफार्मरों में खराबी आ जाती थी। इसलिए घंटों आपूर्ति बाधित रहती थी। इस समस्या को दूर करने के लिए ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि के लिए मेरठ को लिखा गया था। वहां से मंजूरी मिलते ही पांच के स्थान पर दस एमवीए का ट्रांसफार्मर रखवाया गया है।

> शहरी, ग्रामीण क्षेत्रों में 11 उपकेंद्रों पर 500 ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि कराई जाएगी। 25 केवीए के स्थान पर 63केवीए और 63केवीए के स्थान पर 250 केवीए तथा 250 केवीए के स्थान पर 400 केवीए के ट्रांसफार्मर रखवाए जाएंगे।
> -विनोद कुमार आर्य, अधीक्षण अभियंता।

# सीडीओ ने की मतगणना की तैयारियों की समीक्षा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



बैठक में बोलते सीडीओ।

● प्रशिक्षण के लिए सामग्री तैयार करने के दिए निर्देश

**अमृत विचार :** मंगलवार को सीडीओ ने मतगणना की तैयारियों की समीक्षा की। मुख्य विकास अधिकारी डा. नन्द किशोर कलाल ने जिला विकास अधिकारी और जिला पंचायत राज अधिकारी से कहा कि मतगणना प्रशिक्षण के लिए बुलेट प्वाइन्ट्स व बुकलेट आदि सामग्री तैयार करें।

मंगलवार को विकास भवन में लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक हुई। इसमें सीडीओ डा. नंदकिशोर कलाल ने मतगणना की तैयारियों की समीक्षा की। सचिव व महाप्रबन्धक जिला सहकारी बैंक को निर्देशित किया कि 30 मई से तीन जून तक होने वाले प्रशिक्षण के लिए पंखा, कूलर आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। सहायक विकास अधिकारी दानिश खां को मतगणना से सम्बन्धित अन्य व्यवस्थाओं के लिए निर्देशित किया। बैठक में जिला विकास अधिकारी दिग्विजय नाथ तिवारी, जिला पंचायतराज अधिकारी जाहिद हुसैन, सचिव, महाप्रबन्धक जिला सहकारी बैंक प्रकाश त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्काउट गाइड ने लगाया जल सेवा शिविर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि स्काउट गाइड निःस्वार्थ भाव से देश की सेवा के लिए तत्पर रहते हैं। इसके साथ ही समाज के बीच भी एक संदेश प्रचारित होता है, जो दूसरे लोगों को भी सेवा के लिए प्रेरित करता है।

मंगलवार को भारत स्काउट-गाइड की ओर से रोडवेज बस स्टैंड पर जलसेवा शिविर लगाया गया। शहर विधायक ने मंगलवार को शिविर का शुभारंभ करते हुए कहा कि इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। चिलचिलाती धूप में लोगों का घरों से निकलना मुहाल हो गया है। लेकिन, स्काउट गाइड की सेवा का संकल्प ही है जो इतनी गर्मी में भी वह यात्रियों को पानी पिला रहे हैं। कहा कि स्काउट गाइड इन शिविरों के माध्यम से जहां बच्चों को एक-दूसरे की मदद करने के बारे में सिखाया जाता है, वहीं उन्हें समाज की मुख्यधारा से भी जुड़ने का मौका मिलता है। इसके बाद उन्होंने रोडवेज बस स्टैंड पर यात्रियों और राहगीरों की जल सेवा की। इस दौरान जिला पंचायत के पूर्व सदस्य चरनजीत सिंह, जिला मुख्य आयुक्त बलराम सिंह, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष जगपाल यादव, कपिल आर्य, ओमप्रकाश सैनी, अनिल कुमार शर्मा, डॉ. शिवओम शर्मा, अवतार सिंह आदि उपस्थित रहे।



रोडवेज परिसर में यात्रियों को शीतल जल पिलाते विधायक आकाश सक्सेना।

● शहर विधायक ने रोडवेज परिसर में की जल सेवा

# डायरिया में 45, बच्चा वार्ड में 20 नए रोगी भर्ती

**रामपुर, अमृत विचार :** गर्मी में तेजी लोगों को बीमार बना रही है। जिले के अस्पतालों में मरीजों की भीड़ बढ़ने लगी है। मंगलवार को जिला अस्पताल में 1136 रोगियों की ओपीडी हुई। बाल रोग विशेषज्ञ डा.पल्लव सिंघल ने गर्मी में बच्चों का घर से बाहर न निकलने की सलाह दी। कहा कि अधिक से अधिक पानी पिएं। घर में बने खाद्य पदार्थों का ही प्रयोग करें।

मंगलवार को दोपहर एक बजे तक डायरिया वार्ड में 45 रोगी भर्ती हुए। जबकि दोपहर दो बजे तक बच्चा वार्ड में 20 बच्चे भर्ती हुए। ओपीडी 1136 रोगियों को देखा गया। बाल रोग विशेषज्ञ पल्लव सिंघल ने बताया कि इस मौसम में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। रोगियों में ज्यादातर पेट दर्द, बुखार, उलटी दस्त से पीड़ित होते हैं।

# छापेमारी में लिए दूध-दही के नौ नमूने

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों के निर्देश पर जनपद में अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत मंगलवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के सचल दल ने छापेमारी कर अलग-अलग प्रतिष्ठानों ने दूध व दही के नौ नमूने लिए। छापेमारी से मिलावटखोरों में खलबली मची रही।

अभिहित अधिकारी सुनील कुमार शर्मा के निर्देशानुसार सचल दल ने अलग-अलग प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की। शहर के मोहल्ला कैथ वाली मस्जिद स्थित पंतजलि ब्रांड के दुग्ध वितरक अग्रवाल एजेंसी से दूध व दही के नमूने, मिस्टन गंज स्थित अमूल ब्राउंड के गर्ग इंटरप्राइजेज से टोन्ड मिल्क और अमूल मक्खन के दो नमूने, शाहबाद गेट स्थित फव्वाद कमाल के प्रतिष्ठान से दही, फैजुल्लानगर स्थित शहाब, शहाबुद्दीन समेत दो अन्य प्रतिष्ठानों से नमूने लिए। अभिहित अधिकारी ने बताया कि नौ पदार्थों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया है। रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। सचल दल में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेंद्र सिंह कुशवाहा, रामप्रताप, अजरा बी, मनोज कुमार और अशोक कुमार शुक्ला आदि शामिल रहे।



शौकत अली रोड स्थित रेस्टोरेंट से खाद्य पदार्थ का नमूना लेते अधिकारी।

● विभागीय छापेमारी से मिलावटखोरों में मची खलबली

Dayawati Modi Academy

Contact : 0595-2357198/034, 9759259400 Website : dmarampur.com email : dma_1986@rediffmail.com Bareilly Road, Modipur, Rampur

Congratulates its Students & their Parents for Excellent Board Results 2023-24 KUDOS

Excellent Board ( XII ) Results 2023-24

Total 89 students (26 in XII & 63 in X) secured 90% + in aggregate




Subject Toppers

| Subject | Name | Marks |
|---|---|---|
| English | ADVIK RASTOGI | 100 |
| | FARDEEN AHMAD KHAN | |
| Eco | RAGHAV JAIN | 95 |
| | JAPLEEN KAUR | |
| | JHANJHAR JINDAL | |
| Physics | VAIBHAV CHAUHAN | 98 |
| Pol. Sci. | DEEKSHA SINGH | 96 |
| B. Study | JAPLEEN KAUR | 100 |
| History | ASMITA SEN GUPTA | 98 |
| Chemistry | AADVIK RASTOGI | 99 |
| | SHIVANSH PATHAK | |
| | HARSHITA PAL | |
| Accounts | JAPLEEN KAUR | 99 |
| Bio | AADVIK RASTOGI | 99 |
| Hindi | VARSHA GANGWAR | 95 |
| Maths | SUYASH AGARWAL | 99 |
| | HARSHITA PAL | |
| Phe. Edu. | MANAN VARSHNEY | 100 |
| Geography | DEEKSHA SINGH | 93 |
| | ASMITA SEN GUPTA | |
| C.S. | AADITYA RAJ | 98 |
| H. Sci. | MOMINA ZAHRA | 97 |
| | TANYA GUPTA | |
| F.Arts | GAGANDEEP SINGH GULATI | 100 |
| | AKSHITA SAINI | |
| | SAMIDHA JOSHI | |
| | JAPLEEN KAUR | |
| | TANYA SAXENA | |
| | ARCHIT JAIN | |
| | JHANJHAR JINDAL | |

100 % PASSED RESULTS

D. M. A. MODIPUR

DMA — MOTIVATION ★ ASPIRATION ★ DEDICATION

Admissions Open 2024-25

Excellent Board ( X ) Results 2023-24







Total 396 students passed with A1 (Grade point 10) in various subjects

Subject Toppers

| Subject | Name | Marks | Subject | Name | Marks | Subject | Name | Marks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| English | SHARON AGARWAL | 100 | Maths | SYED IBAD ALI | 100 | Science | MAHAK | 100 |
| Hindi | SHAGUN YADAV | 98 | | SATYAM KUMAR | | | TANUSHREE AGARWAL | |
| | VIKAS SINGH | | | TIYA GUPTA | | SST | MAHAK | 100 |
| Maths | MAHAK | 100 | | ABHINAV GUPTA | | | TANUSHREE AGARWAL | |
| | AADYA GUPTA | | | MOHD. ARHAAN | | | SATYAM KUMAR | |
| | AKSH SAXENA | | | BHAVISHYA NARAIN | | | SARTHAK | |
| | FIZA BI | | | SHAGUN YADAV | | | AYUSHI GAUTAM | |
| | UTKARSH KUMAR | | | ADITYA GUPTA | | IT | SIDDI AGARWAL | 96 |

## एक नजर

### पुलिस ने 25-25 हजार के दो इनामी पकड़े

रामपुर, अमृत विचार : सिविल लाइन पुलिस ने 25-25 हजार के दो इनामी बदमाशों को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। सिविल लाइन पुलिस को सूचना मिली कि गैंगस्टर एक्ट में फरार चले रहे 25-25 हजार के इनामी बदमाश निजाम साबिर निवासी गुलाबाड़ी थाना कटघर जिला मुरादाबाद और मुकेश पुत्र नवरत्न लाल निवासी छोटी मंडी गुलाबबाड़ी थाना कटघर को आश्रम पद्धति स्कूल के पास से गिरफ्तार किया। इसके बाद पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश किया। वहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। आरोपी निजाम साबिर पर आठ मुकदमे दर्ज हैं।

### छेड़खानी में दोषी को तीन वर्ष की सजा

रामपुर, अमृत विचार : किशोरी से छेड़खानी करने में कोर्ट ने दोषी को तीन वर्ष की कैद और 44 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। स्वार थाना क्षेत्र के गांव रहमतगंज निवासी मनोज कुमार पर किशोरी के साथ छेड़खानी करने के मामले में 17 सितंबर 2018 को मुकदमा दर्ज हुआ था। मंगलवार को कोर्ट ने छेड़खानी के मामले में दोषी को तीन वर्ष की कैद की सजा सुनाई। अदालत ने उस पर 44 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है।

### शराब की दुकानों पर लगेंगे सीसीटीवी

रामपुर, अमृत विचार : जिले में संचालित शराब की दुकानों पर अनिवार्य रूप से रेट लिस्ट और सीसीटीवी लगेंगे। इसके लिए जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने जिला आबकारी अधिकारी और सभी आबकारी निरीक्षकों को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने आबकारी विभाग के अंतर्गत जनपद में तैनात अधिकारियों की बैठक में जनपद में राजस्व संग्रह और अवैध शराब के मामलों में प्रवर्तन की कार्रवाई की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिले में कहीं से भी ओवररेटिंग की शिकायत नहीं आनी चाहिए। आबकारी मानकों का भी सख्ती से अनुपालन होना चाहिए। इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट संदीप कुमार वर्मा भी मौजूद रहे।

# परवानों में गलती के चलते नहीं हो सकी डॉ. तजीन की रिहाई

## 18 अक्टूबर 2023 को दो जन्म प्रमाण पत्र मामले में सुनाई थी सात साल की सजा, डॉ. तजीन फात्मा की जेल से रिहाई का इंतजार करते रहे सपाई

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : दो जन्म प्रमाण पत्र मामले में हाईकोर्ट से कुछ दिन पहले डॉ. तजीन फात्मा, सपा नेता आजम खां व अब्दुल्ला आजम खां को जमानत मिल गई है। हालांकि अभी आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला का जेल से आने का दिन तय नहीं हुआ है। लेकिन पूर्व सांसद डा. तजीन फात्मा का जमानत के बाद जेल से रिहा होने का रास्ता साफ हो गया है। मंगलवार को परवानों में कुछ त्रुटि होने के कारण वह जेल से रिहा नहीं हो सकीं। हालांकि, सपाई देर शाम तक उनका जिला कारागार के गेट पर इंतजार करते रहे।

पूर्व सांसद डा. तजीन फात्मा की रिहाई का सोमवार को आदेश दाखिल कर दिया गया था। मंगलवार को सपाई शाम से जेल के बाहर उनकी रिहाई का इंतजार कर रहे। लेकिन परवानों में कुछ कमियां हो जाने के कारण मंगलवार को तजीन फात्मा जेल से रिहा नहीं हो सकीं।



जिला कारागार के बाहर खड़े पूर्व मंत्री आजम खां के पुत्र अदीम आजम, पूर्व जिलाध्यक्ष व अन्य। ● अमृत विचार

- देर शाम तक जिला कारागार के गेट पर लगा रहा सपा कार्यकर्ताओं का तांता

उल्लेखनीय है कि अब्दुल्ला आजम के दो फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में भाजपा नेता आकाश सक्सेना ने सपा नेता आजम खां, उनकी पत्नी डा.तजीन फात्मा और बेटे अब्दुल्ला आजम खां को आरोपी बनाया था। पुलिस ने विवेचना के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। यह मामला एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट ट्रायल कोर्ट में चल रहा था। 18 अक्टूबर 2023 को कोर्ट ने तीनों को सात-सात साल की सजा सुनाई थी। इसके बाद तीनों लोग अलग-अलग जेल में शिफ्ट कर दिए गए थे।

डा. तजीन फात्मा रामपुर जिला कारागार में सजा काट रहीं हैं। इस मामले में आजम खां के अधिवक्ता ने हाईकोर्ट में जमानत के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। इसमें कुछ दिन पहले ही हाईकोर्ट ने तीनों को जमानत दे दी थी।

सोमवार को आदेश को कोर्ट में प्रस्तुत कर दिया गया था। इसके बाद जमानती तस्दीक कराए गए थे। प्रकिया पूरी होने के बाद मंगलवार को परवाने जिला कारागार पहुंच गए। वहां जांच करने पर कुछ परवानों में नाम और धाराएं गलत मिलीं। इसके कारण डा. तजीन फात्मा की रिहाई रुक गई। हालांकि, शाम से ही पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेंद्र गोयल, यूसुफ मालिक, अदीब आजम, ओमेंद्र चौहान, राधेश्याम राही, जावेद खान, आसिम खां, शानी खां और अमरीश पटेल आदि सपाई जेल के गेट पर एकत्र हो गए थे। रिहाई नहीं होने की जानकारी मिलने के बाद सभी वापस चले गए।



जिला कारागार के बाहर डा. तजीन फात्मा को लेने आई कार और मौजूद लोग।

> डॉ. तजीन फात्मा के कुछ परवानों में काफी कमियां हैं। इसके कारण उन्हें रिहा नहीं किया जहा सका। बुधवार को फिर से परवाने सही होकर आएंगे।
> – प्रशांत मौर्य, जेल अधीक्षक

### डा. तजीन को लेने पहुंचा था कारों का काफिला

जिला कारागार से डा. तजीन फात्मा की रिहाई के बाद उन्हें लेने के लिए कारों का काफिला पहुंच गया था। कारों का काफिला देखने के बाद लोगों की भीड़ एकत्र होने लगी थी। लेकिन इंतजार कर रहे लोगों को देर शाम पता लगा कि परवानों में कुछ गलती है और डा. तजीन फात्मा मंगलवार को जेल से रिहा नहीं हो पाएंगी। तब वह वहां से चले गए।

> जिला कारागार को भेजे गए परवानों में कुछ नाम गलत हो गए हैं। वह कोर्ट से सही हो जाएंगे। इसके बाद जिला कारागार भेज दिए जाएंगे। तब आगे की कार्रवाई होगी।
> – जुबैर अहमद, अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट

# कुत्तों ने नीलगाय को नोंच-नोंच कर मौत के घाट उतारा

मसवासी, अमृत विचार : कुत्तों ने नीलगाय को नोंच-नोंचकर मौत के घाट उतार दिया। सूचना पर वन विभाग की टीम के साथ तमाम ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने नीलगाय को जंगल में गड्ढा खोदकर दबा दिया।

मंगलवार की सुबह क्षेत्र के गांव कुंदनपुर के जंगल में खूंखार कुत्तों ने नीलगाय को घेर लिया। कुत्तों का झुंड नीलगाय पर टूट पड़ा और उसे बुरी तरह नोंच डाला। खेतों पर जा रहे किसानों ने लाठी-डंडों को जमीन पर पटककर कुत्तों को भगा दिया। लेकिन तब तक नीलगाय की मौत हो चुकी थी। सभासद मोहम्मद उवैस और अर्जुन गुप्ता ने मामले की सूचना वन विभाग को दी। सूचना पर पहुंचे वन कर्मियों की मौजूदगी में ग्रामीणों ने जंगल में गड्ढा खोदकर नीलगाय को उसमें दबा दिया। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी कुत्तों का झुंड नीलगाय की जान ले चुका है। ग्रामीणों ने वन विभाग से कुत्तों को पकड़वाने की मांग की है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने फंदे पर लटक कर दी जान

संवाददाता, बिलासपुर

**आत्महत्या**

- युवक की मौत के बाद परिजनों में मचा कोहराम
- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा

अमृत विचार : संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने फंदे पर लटक कर जान दे दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

उत्तराखंड की सीमा से सटी तहसील की एलाइंस साउथ एवन्यू कालोनी निवासी विवेक सिंह पुत्र वंशलोचन सिंह ने संदिग्ध परिस्थितियों के चलते सोमवार की देर रात फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। सुबह जागने पर जब युवक कमरे से बाहर नहीं निकला तो परिजनों को चिंता हुई। उन्होंने कमरे में जाकर देखा तो युवक फंदे पर लटका था। उसने चादर से फंदा बनाया और उसे कुंडे में डालकर फंदा गले में डालकर लटक गया। यह देख परिजनों के पैरों तले से जमीन खिसक गई। उन्होंने तत्काल शव को नीचे उतारा मगर तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

सूचना पाकर रुद्र-बिलास चौकी प्रभारी अमित कुमार मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह का कहना है कि पोस्टमार्टम के बाद मंगलवार को शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। प्रकरण आत्महत्या का ज्ञात होता है। फिर भी मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# डूंगरपुर के एक मामले में बहस पूरी, आज आ सकता है फैसला

रामपुर, अमृत विचार : डूंगरपुर से जुड़े एक मामले में मंगलवार को बचाव पक्ष की बहस पूरी हो गई। अब इस मामले में बुधवार को फैसला आ सकता है। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में चल रही है।

सपा नेता आजम खां के खिलाफ 2019 में डूंगरपुर बस्ती में रहने वाले लोगों ने बस्ती खाली कराने के नाम पर लूटपाट, चोरी, मारपीट समेत अन्य धाराओं में गंज थाने में कई मुकदमे दर्ज कराए थे। डूंगरपुर से जुड़े एक मामले में मंगलवार को बचाव पक्ष की बहस पूरी हो गई।

अब बुधवार को इस मामले में फैसला आ सकता है। आजम खां मौजूदा समय में सीतापुर जेल में बंद है। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में चल रही है।

# एसपी ने महिला सिपाही को किया निलंबित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : खजुरिया थाने में तैनात सिपाही आरजू का अपनी साथी सिपाही से स्कूटी को लेकर विवाद हो गया था। इसके बाद मंगलवार को आरजू करीब पौने ग्यारह बजे खुजरिया थाने पहुंची। इसके बाद बाद वह सीधे जनसुनवाई कक्ष में गई और वहां पर बैठे थाना प्रभारी राजीव कुमार से अभद्र व्यवहार किया। इसकी जानकारी मिलने पर एसपी ने महिला सिपाही को निलंबित करते हुए पुलिस लाइन से अटैच कर दिया है। उधर महिला सिपाही द्वारा बनाया गया वीडियो मंगलवार की शाम को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसमें उसने खाकी पर तमाम आरोप जड़े हैं।

**वीडियो कांफ्रेंसिंग में व्यस्त होने के दौरान आंखों में डालीं मिर्च :** घटना के समय एसओ वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए समीक्षा बैठक में भाग ले रहे थे। महिला सिपाही ने मौके का फायदा उठाकर पहले एसओ की आंखों में मिर्च झोंकी और फिर लाठी से वार करना शुरू कर दिया। उसने एसओ को संभलने का मौका भी नहीं दिया। सूत्र बताते हैं कि घटना थाने के सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई है।



थानाध्यक्ष की मेज पर बिखरा मिर्च पाउडर और उसकी थैली। ● अमृत विचार

> थाने में तैनात दो महिला सिपाहियों में स्कूटी क्षतिग्रस्त होने को लेकर विवाद हो गया था। दोनों में मारपीट होने लगी तो उन्होंने बीच-बचाव करा दिया। इसमें वह मामूली रूप से घायल हो गए।
> – राजीव कुमार थानाध्यक्ष, खजुरिया

### वीडियो वायरल कर डीजीपी से बयां किया दर्द

थानाध्यक्ष पर हमला करने वाली महिला सिपाही ने वीडियो वायरल कर डीजीपी से अपना दर्द बयां किया है। इसके अलावा उसने डीजीपी को वाट्सएप पर मैसेज भी भेजे हैं। उसने कहा कि लगभग पांच दिन से एसओ उसे प्रताड़ित कर रहे थे। इसकी वजह से उसने थानाध्यक्ष से मारपीट की। अब उसे थाने में बंद करके रखा है। थानाध्यक्ष द्वारा रात को मुझे पीटने का प्लान बनाया जा रहा है। थानाध्यक्ष ने खुद कहा है कि इसे रात को देखा जाएगा। यह बात महिला कांस्टेबल ने डीजीपी के व्हाट्सएप नंबर पर भेज दी है।

### थाने में राहगीरों, ग्रामीणों और दुकानदारों की लगी भीड़

थाने में हुई मारपीट के दौरान अचानक अफरा-तफरी का माहौल बन गया। चीख-पुकार मच गई। शोर-शराबा सुनकर थाने के सामने से जाने वाले राहगीर, ग्रामीण और दुकानदारों की भारी भीड़ लग गई। थाना परिसार में लोगों की भीड़ देख पुलिस कर्मी भी हक्के-बक्के रह गए। कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने घटना के वीडियो भी बना लिए। मगर बाद में पुलिसकर्मियों के हड़काने पर सभी ने अपने फोन से वीडियो डिलीट कर दिए। वीडियो डिलीट कराने के बाद पुलिसकर्मियों ने उन्हें थाने से भगा दिया। इसके बावजूद घटना क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। नुक्कड़ व चौराहों पर लोग घटना की चर्चा करते दिखाई दिए।

### घटना पर पर्दा डालने में लगे रहे अधिकारी

तहसील में तैनात एक पुलिस अधिकारी इस घटना पर पर्दा डालने की कोशिश में लग गए। उन्होंने थाने पहुंच कर पुलिसकर्मियों को चेतावनी भी दी कि यिद घटना के बारे में किसी से जिक्र किया तो कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा थाने के आसपास मौजूद दुकानदारों को भी हड़काया और घटना वायरल करने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी। इससे थाने के आसपास रहने वाले लोग घटना से संबधित जानकारी देने से कतराते रहे।

# प्रशासनिक टीम को देखकर भागे खनन के धंधेबाज, मचा हड़कंप

संवाददाता, स्वार

**कार्रवाई**

- किसान के खेत से मिट्टी उठाने पर दो डंपर सीज कर किया चालान
- जेसीबी पलटने पर पुलिस ने उसे मौके पर ही छोड़ा

अमृत विचार : मिलकखानम थाना क्षेत्र में अवैध तरीके से खेत से खनन करने की सूचना पर खनन अधिकारी व सीओ ने छापा मारा। छापेमारी के दौरान टीम ने दो डंपर, जेसीबी और एक कार को कब्जे में ले लिया। जेसीबी ले जाते वक्त वह पलट जाने के कारण पुलिस ने वहीं छोड़ दिया। जबकि दोनों डंपर सीज करते हुए कार का चालान कर दिया है। इस कार्रवाई से खनन के धंधेबाजों में हड़कंप मचा है।

तहसील क्षेत्र में अवैध खनन का धंधा चरम पर है। तहसील मुख्यालय से अवैध खनन की सूचना मिलने पर कोई अधिकारी जाता है तो पहले से ही अधिकारियों पर निगाह रख रहे धंधेबाजों के फील्डर उन तक सूचना पहुंचा देते हैं। तब खनन के धंधेबाज वाहनों को लेकर फरार हो जाते हैं। खनन के धंधेबाजों द्वारा कई बार सरकारी अमले पर भी हमला किया जा चुका है। इसके चलते खनन के धंधेबाज सरकारी सिस्टम पर भारी पड़ रहे हैं।

सोमवार की रात मिलक खानम क्षेत्र में एक किसान के खेत से बिना अनुमति के जेसीबी से अवैध खनन की सूचना मिलने पर सीओ संगम कुमार व खनन अधिकारी सुरेश कुमार ने अधीनस्थों के साथ छापा मारा। इस पर खनन के धंधेबाज भाग गए।

पुलिस ने मौके से एक जेसीबी, दो डंपर व एक कार को कब्जे में ले लिया। चालक के फरार होने से जेसीबी वहीं पलट गई। इस पर पुलिस जेसीबी को मौके पर ही छोड़कर आ गई। टीम के वहां से निकलने के बाद पहुंचे खनन माफिया जेसीबी लेकर भाग गए। प्रशासनिक कार्रवाई से खनन माफिया में हड़कंप मचा है।

> अवैध खनन का धंधा किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। जेसीबी की तलाश की जा रही है। खनन के धंधेबाज को चिन्हित कर रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।
> –सुरेश कुमार, खनन अधिकारी

# किशोरी को अगवा कर दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, भोट

- एक सप्ताह पूर्व किशोरी का अपहरण कर ले गया था आरोपी

अमृत विचार : नाबालिग छात्रा के अपहरण और दुष्कर्म के मामले में एक सप्ताह से फरार चल रहा आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आ गया। मंगलवार की सुबह पुलिस ने आरोपी को क्षेत्र के मिलक सनैया गांव के पास से गिरफ्तार कर चालान कर दिया है।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दसवीं कक्षा पास कर चुकी छात्रा का करीब एक सप्ताह पूर्व गांव के ही युवक ने अपहरण कर लिया था। किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की थी। किशोरी की बरामदगी को लेकर विहिप के विभाग सेवा प्रमुख व गो सेवा आयोग के पूर्व सदस्य अनिल वशिष्ठ भी कार्यकर्ताओं के साथ थानाध्यक्ष से मिले थे। उन्होंने छात्रा को जल्द बरामद करने की मांग की थी। रिपोर्ट दर्ज होने के दो दिन बाद ही पुलिस ने किशोरी को थाना क्षेत्र के कोयली तिराहे के पास से बरामद कर लिया था। जबकि आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था।

किशोरी की बरामदगी व पूछताछ के बाद पुलिस ने मामले में दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट की धारा बढ़ा दी थी। इसके बाद पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई थी। मंगलवार की सुबह पुलिस ने आरोपी युवक को ग्राम मिलक सनईया जाने वाले रास्ते के कट के पास से गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष निशा खटाना ने बताया कि किशोरी के अपहरण व दुष्कर्म के आरोपी समीर को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# केंद्र प्रभारी को झांसे में लेकर हड़प लिया 61 लाख रुपये का धान

संवाददाता, शाहबाद

- शाहबाद पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

अमृत विचार : केंद्र प्रभारी को झांसे में लेकर 61 लाख रुपये का धान हड़पने में कर्मचारी फंस गया है। उसने तीन बिचौलियों की मदद से इस काम को अंजाम दिया। शपथ पत्र और कुछ चेक से भरोसे में लेकर प्रभारी के डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट (डीएससी) और ओटीपी से फर्जी खरीद करता रहा। केंद्र बंद होने के बाद हिसाब में हेराफेरी मिलने पर प्रभारी के होश उड़ गए। केंद्र प्रभारी की तहरीर पर चार आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश रचने की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

कस्बे के मोहल्ला नई बस्ती सत्य कॉम्प्लेक्स निवासी विशाल चौहान सहकारी क्रय-विक्रय समिति के कर्मचारी हैं। विशाल के मुताबिक उन्हें 2023-24 की धान खरीद के लिए मंडी समिति परिसर शाहबाद में बनाए गए पीसीएफ के केंद्र का प्रभारी बनाया गया था। इसी केंद्र पर शाहबाद के जयतौली गांव का दिलशाद सहायक केंद्र प्रभारी था। विशाल के अनुसार दिलशाद का संपर्क मिलक कोतवाली के रेबड़ी गांव निवासी इकरार, सिविल लाइंस रामपुर के मडैयान नादर बाग अली मस्जिद निवासी शरीफ अहमद और साजिब पुत्र शरीफ से था। चारों आरोपियों ने उसे धान खरीद में सहयोग करने को कहा। आश्वासन के तौर पर दिलशाद ने अपने बैंक खाते के चेक और शपथ पत्र भी दिया। इसमें कहा गया कि वह संबंधित वर्ष में खरीदे गए धान को मिल को डिलीवरी करेगा। सीएमआर भी समय-समय पर करा दिया जाएगा।

वह प्रभारी से डीएससी और मोबाइल फोन के ओटीपी लेकर खरीद करते रहे। सात मार्च को दिलशाद ने एक शपथ पत्र दिया कि उसके द्वारा कुल 9684 क्विंटल धान की खरीद कराई गई। सापेक्ष कुल सीएमआर 6553.59 क्विंटल बना। उसने 4665.76 क्विंटल सीएमआर उतरवा दिया। 1887.41 क्विंटल सीएमआर और 2791.40 क्विंटल धान एफसीआई और संबंधित मिल को जाना अवशेष रह गया। इसकी कीमत 60,93,626 रुपए है। आरोपियों से कई बार डिलीवरी को कहा गया, लेकिन उन्होंने डिलीवरी नहीं की। अब विभाग केंद्र प्रभारी को चेतावनी दे रहा है। पुलिस ने केंद्र प्रभारी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# हत्या में शामिल 25 हजार रुपये का इनामी गिरफ्तार

संवाददाता, स्वार

- दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है पुलिस

अमृत विचार : पीपली वन के जंगल से लकड़ी लेने के गए युवक की गोली मार हत्या करने के मामले में फरार चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी हत्यारोपी को मिलकखानम पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

25 फरवरी को उत्तराखंड के थाना केलाखेड़ा के गांव रम्पुरा काजी निवासी 35 वर्षीय सेठ सिंह उर्फ सेठी अपने दोस्तों व रिश्तेदारों के साथ पीपली वन के जंगल से लकड़ी लेने गया था। जब वह दो दिनों तक नहीं लौटा तो परिजनों ने केलाखेड़ा पुलिस को सूचान दी। इसके बाद परिजन सेठ सिंह की तलाश में पीपली वन पहुंच गए थे। दो दिन बाद पीपली वन में सेठ सिंह का शव मिला था। मिलकखानम पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया था। मृतक के परिजनों ने पीठ पर गोली मारकर हत्या करने का आरोप लगाया था। इस पर मृतक की पत्नी कुलवंत कौर की ने उत्तराखंड के थाना केलाखेड़ा गांव रम्पुरा निवासी इरफान, गांव कनकटा निवासी नबीया उर्फ नबी अहमद थाना गदरपुर के गांव मझरा मरदान निवासी आसिम तथा एक अज्ञात के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी थी। मिलकखानम पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जबकि तीसरा हत्यारोपी नबिया फरार चल रहा था। पुलिस अधीक्षक ने फरार चल रहे हत्यारोपी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। मंगलवार को मिलकखानम पुलिस ने उसे उत्तराखंड के केलाखेड़ा मार्ग स्थित गांव पदमपुर के पास से गिरफ्तार कर लिया।

**समर कैंप** पांच से 11 जून तक शिक्षक कराएंगे पर्यावरण से संबंधित गतिविधियां

# पर्यावरण संवारने को गुरु जी से सबक सीखेंगे बच्चे

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : अंग्रेजी माध्यम स्कूलों की तर्ज पर अब परिषदीय स्कूलों के बच्चे भी गर्मी की छुट्टियों में स्कूल जाएंगे। एक सप्ताह तक बच्चों के लिए स्कूलों में समर कैंप का आयोजन किया जाएगा। इसमें बच्चों को पर्यावरण जागरूकता, संरक्षण व स्वच्छता का पाठ पढ़ाया जाएगा। पर्यावरण जागरूकता को लेकर स्कूलों में ईको क्लब का गठन होगा।

बेसिक स्कूलों में भी अब अंग्रेजी माध्यम की तरह गतिविधियां कराई जाती हैं। बच्चों की संख्या बढ़ाने के लिए समय-समय पर कुछ न कुछ कार्य कराए जाते हैं। पहले इंग्लिश मीडियम स्कूलों की तरह परीक्षाफल देने के समय बच्चों के अभिभावकों को कॉपियां दिखाई गईं थीं। ताकि पता चल सके कि उनके बच्चे स्कूल में क्या पढ़ रहे हैं।

सरकारी स्कूलों को 20 मई से 18 जून तक के लिए बंद कर दिया गया था। लेकिन कुछ दिन पहले ही शासन की ओर से आदेश जारी किया गया है कि पर्यावरण दिवस पांच जून को होगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को परिपेक्ष्य में बच्चों को अनुकूलन शील बनाने के लिए कौशलों व क्षमताओं को सीखने पर ध्यान आकृष्ट किया गया है।

इन कौशलों में पर्यावरण जागरूकता, जल संसाधन, संरक्षण व स्वच्छता शामिल हैं। छात्रों को सार्थक पर्यावरण अनुकूल गतिविधियों और परियोजनाओं को अपने में सक्षम बनाने के उद्देश्य से स्कूलों में ईको क्लब के गठन का फैसला लिया गया है। इको क्लब के जरिए बच्चे पीयर लर्निंग के माध्यम से एक-दूसरे को सकारात्मक रूप से लाभान्वित कर सकते हैं। अपने माता-पिता, आस पड़ोस व समुदाय को स्वस्थ पर्यावरणीय व्यवहार को बढ़ावा देने के लिए जागरूक कर सकते हैं। इसके लिए गर्मी की छुट्टियों में ईको क्लब फॉर मिशन लाइफ थीम पर स्कूलों में समर कैंप चलेगा।

### समर कैंप में इन गतिविधियों का होगा आयोजन

पांच से 11 जून तक सरकारी स्कूलों में होने वाले समर कैंप के लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने सप्ताह भर का कैलेंडर जारी किया है। इसमें सात दिन तक होने वाली गतिविधियों के बारे में लिखा है। पांच जून को बच्चों को निकट के प्राकृतिक स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा। पर्यावरण के संबंध में जानकारी दी जाएगी। छह जून को रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के स्थान पर स्कूल में मौजूद कचरों का प्रयोग कर कंपोस्ट खाद एवं पर्यावरण के अनुकूल कीटनाशकों के संबंध में जागरूक किया जाएगा। तीसरे दिन इलेक्ट्रानिक कचरे के निपटारे के संबंध में बताया जाएगा और चौथे दिन कूड़ा कम करने के बारे में जानकारी दी जाएगी।

> विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पांच जून से सभी प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूलों में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए सभी बीईओ को अवगत करा दिया गया है।
> – अंकित सक्सेना, डीसी, ट्रेनिंग

# टैक्सी और ट्रैक्टर की भिड़ंत में नेपाल के सात लोग जख्मी

संवाददाता, बिलासपुर

**हादसा**

- नेपाल के महेंद्रनगर से दिल्ली जा रहे थे टैक्सी सवार
- हालत गंभीर होने पर एक घायल को जिला अस्पताल किया रेफर

अमृत विचार : नैनीताल हाईवे पर टैक्सी और ट्रैक्टर की टक्कर हो गई। इसमें चालक समेत सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर एक घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सभी घायल नेपाल के निवासी हैं।

मंगलवार दोपहर गांव धनौरा मोड़ के पास नैनीताल हाईवे पर गलत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर से टैक्सी की आमने-सामने की टक्कर हो गई। दुर्घटना के बाद टैक्सी में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। उनकी चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोगों और राहगीरों की मौके पर भारी भीड़ लग गई। इस बीच किसी ने पुलिस को घटना की सूचना दे दी। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। घायलों में तेज बोहरा, राम बहादुर, प्रकाश, निर्मला निवासी महेंद्रनगर नेपाल शामिल है।

प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि घायल महेंद्रनगर नेपाल के रहने वाले हैं। वह नेपाल से दिल्ली जा रहे थे। उपचार के पश्चात सभी लोग गंतव्य के लिए रवाना हो गए हैं। बताया कि अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### राजीव बने दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया के जिलाध्यक्ष



**रामपुर, अमृत विचार :** दि बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया भारतीय बौद्ध महासभा संगठन ने जिला कार्यकारिणी में विस्तार कर बहुजन संतों गुरुओं महापुरुषों और बाबा साहब की विचारधारा को आगे बढ़ाने के लिए सामाजिक कार्यकर्ता राजीव अम्बेडकर को जिलाध्यक्ष शाखा की जिम्मेदारी सौंपी गई। सोसायटी ऑफ इंडिया के पश्चिमी प्रदेश अध्यक्ष राजवीर सिंह बौद्ध ने उन्हें पद पर नियुक्त किया।

### छह माह बाद भी जाति की आख्या नहीं दे सके तहसीलदार

**मसवासी, अमृत विचार :** एसडीएम बाजपुर के आदेश पर छह बाद भी तहसीलदार स्वार एक निर्वाचित ग्राम प्रधान की जाति तस्दीक नहीं कर सके हैं। इससे शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका है। उत्तराखंड में 2019 में त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के तहत ग्राम सभा चनकपुर से इशरत जहां प्रधान निर्वाचित हुईं थीं। पिछड़ा जाति के लिए प्रधान पद आरक्षित था। इशरत जहां का मायका मसवासी के गांव मानपुर उत्तरी में है। उनकी छोटी बहन दरखशा ने गांव के ही एक स्कूल से कक्षा आठ पास की थी। इसमें उसकी जाति शेख दर्ज है। यह सामान्य जाति के अंतर्गत आती हैं। इशरत जहां की जाति लेखपाल और तहसीलदार ने राईन होना दर्शाया है। एक ही परिवार में दो सगी बहनों की जाति भिन्न होना चर्चित मामला है। जनपद ऊधम सिंह नगर के अधिकारियों को इस मामले की चुनौती दी गई। चनकपुर निवासी अशरफ अली ने उच्चाधिकारियों से शिकायत की। एसडीएम बाजपुर राकेश चंद तिवारी ने पिछले वर्ष 14 सितंबर को तहसीलदार स्वार को जांच कर आख्या प्रेषित करने के निर्देश दिए थे। छह माह बाद भी तहसीलदार आख्या देना तो दूर जांच तक नहीं कर सके हैं।

### वारंटी को किया गिरफ्तार

**सैफनी, अमृत विचार :** हत्या के मामले में अदालत से गैर हाजिर चल रहे वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान कर दिया। नगर निवासी वाहिद का काफी पहले से हत्या का एक मामला अदालत में चल रहा है। इस मामले में वह काफी दिन से अदालत में हाजिर नहीं हुआ था। इस पर अदालत ने उसके गैर जमानती वारंट जारी कर दिए थे। मंगलवार को पुलिस ने वाहिद को उसके घर से गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

# रोशनी से जगमग हुई बाबा लक्ष्मण दास की समाधि

## 131वें वार्षिकोत्सव पर बाबा के दर्शन को समाधि के गेट पर लगी भक्तों की कतार, हजारों ने छका भंडारा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** 131वें वार्षिकोत्सव पर मोहल्ला सराए गेट स्थित बाबा लक्ष्मण दास की समाधि पर भक्तों ने आरती की। इससे पहले बाबा की समाधि का श्रृंगार किया गया। आरती के बाद भक्तों में प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर बाबा की समाधि को रंग-बिरंगी लाइटों और झालरों से सजाया गया। बाबा के वार्षिकोत्सव में उमड़े श्रद्धालुओं के वाहन गेट पर खड़े होने से सराय गेट से फिजीकल कालेज मार्केट तक रुक-रुककर जाम लगता रहा। बाबा के दर्शन के लिए सुबह से ही कतार लगी रही। समाधि के छोटे से गेट से भक्त बाबा के दर्शन करने के लिए पहुंचते रहे। शाम को समाधि परिसर में भजन संध्या हुई।



बाबा लक्ष्मण दास की समाधि पर मौजूद भक्त। ● अमृत विचार

बाबा लक्ष्मण दास की समाधि पर वार्षिकोत्सव के अवसर पर सैकड़ों लोगों ने आरती की। मंगलवार को 131वें वार्षिकोत्सव पर बाबा की समाधि पर अटूट भंडारा हुआ। इसमें हर धर्म के लोगों ने बाबा का प्रसाद ग्रहण किया। बाबा के भक्त सुबह से ही समाधि पर पहुंचने लगे। दर्शन करने के बाद मन्नत मांगीं और बाबा का प्रसाद ग्रहण कर आशीर्वाद लिया। संस्था के प्रधान डा. अजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि बाबा लक्ष्मण दास ने ज्येष्ठ पंचमी संवत 1950 को समाधि ली थी। बताया कि बाबा लक्ष्मण दास के गुरु मुस्लिम थे। उनका नाम हजरत सुभान शाह मियां था। बाबा लक्ष्मण दास का जन्म चंदौसी में हुआ था। बचपन में ही उनके माता-पिता का निधन हो गया था। इसके बाद बाबा हजरत सुभान शाह मियां के शिष्य बने और इल्म सीखा। बाबा के वार्षिकोत्सव में दिल्ली, हल्द्वानी, मुरादाबाद, शाहजहांपुर, संभल, अमरोहा, सूरत, जयपुर आदि से भक्त पहुंचे। प्रधान डा. अजय अग्रवाल ने बताया कि बाबा सबकी सुनते हैं। बड़े-बड़े अधिकारी चुपचाप बाबा के दर्शन करके चले जाते हैं। बताया कि 131 वर्ष से बाबा का भंडारा होता आ रहा है।

इस मौके पर अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, प्रधान डा. अजय अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ईश्वर सरन अग्रवाल, वेद प्रकाश वर्मा, श्याम मनोहर एडवोकेट, ऊषा अग्रवाल, कुमकुम अग्रवाल, प्रभात सिंहल, तुषार अग्रवाल सीए, डा. पुलकित अग्रवाल, केशव अग्रवाल, गुंजन सक्सेना, सचिन अग्रवाल एडवोकेट, अंशु अग्रवाल, श्याम कीर्ति शर्मा, विजय सिंघल, वीरेंद्र गर्ग, पंकज गर्ग, सुकृति, प्रयश, वीवान, नविका, इंदु, सुनील शर्मा, अरविंद गुप्ता, अंकित जिंदल, बिमल अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### इस बार सैकड़ों लोगों ने की आरती

प्रधान डा. अजय अग्रवाल ने बताया कि इससे पहले केवल पंडित जी द्वारा आरती की जाती थी। लेकिन बाबा के आदेश पर दो वर्ष से सैकड़ों लोगों द्वारा आरती की जाती है। बताया कि लोगों की मनौतियां पूरी होती हैं। मन्नत मांगने के लिए दूर-दराज से आए लोग समाधि पर मत्था टेकते हैं।



पौधशाला का निरीक्षण करते उप प्रभागीय वनाधिकारी ओमप्रकाश राम। ● अमृत विचार

# उप प्रभागीय वन अधिकारी ने देखी सालारपुर पौधशाला

संवाददाता, स्वार

- वन कर्मियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश
- वन कार्यालय सालारपुर में वन कर्मियों की बैठक हुई

**अमृत विचार :** नवनियुक्त उप प्रभागीय वनाधिकारी ने सालारपुर पौधशाला का निरीक्षण किया। वनों की सुरक्षा एवं वन्य जीव संरक्षण समेत विभिन्न समस्याओं की विस्तार पूर्वक जानकारी देकर दिशा-निर्देश दिए।

मंगलवार को थाना मिलक खानम के पीपली वन क्षेत्र में वन कार्यालय सालारपुर में वन कर्मियों की बैठक हुई। इसमें नवनियुक्त उप प्रभागीय वनाधिकारी ओमप्रकाश राम ने वनों की सुरक्षा, वृक्षारोपण, पौधशालाओं, वन्य जीव संरक्षण, अग्नि सुरक्षा, मित्र वन की स्थापना की जागरूकता को लेकर वनकर्मियों को दिशा-निर्देश दिए। वन रेंजर मुजाहिद हुसैन ने आग से बचाव करने आदि की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस दौरान उप क्षेत्रीय वनाधिकारी कुंदन सिंह भंडारी, कुलदीप कुमार, वन दारोगा शील कुमार, संजय कुमार, वन रक्षक श्यामलाल, अमित आदि मौजूद रहे।

# महिला सेहतमंद तभी परिवार स्वस्थ

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** रामपुर फार्मा ट्रेडर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा ने विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर गरीब महिलाओं को सेनेटरी पैड का वितरण किया। उन्हें स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया। कहा कि महिला सेहतमंद होगी तभी परिवार स्वस्थ्य रहेगा।

रामपुर फार्मा ट्रेडर्स एसोसिएशन के केमिस्टों ने जिले में अपनी दुकानों पर महिलाओं को सेनेटरी पैड पर 20 से 50 प्रतिशत तक की छूट दी। इतना ही नहीं गरीब महिलाओं को सेनेटरी पैड निशुल्क बांटे गए। जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा ने बताया कि अभी भी ग्रामीण क्षेत्र में सिर्फ 55 प्रतिशत और शहरी क्षेत्र में 68 प्रतिशत महिलाएं ही सेनेटरी पैड का इस्तेमाल करती हैं। वैश्य एकता समाज के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल ने कहा कि परिवार की महिला स्वस्थ होगी तभी परिवार भी स्वस्थ होगा। भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष पारुल अग्रवाल, मोनिका शर्मा, नेहा खन्ना आदि ने महिलाओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। महामंत्री मोहम्मद आजम खान ने कहा कि जिले में तहसील एवं ब्लॉक स्तर सैफनी, शाहबाद, पटवाई, मिलक, केमरी, बिलासपुर, स्वार, टांडा आदि में केमिस्टों ने सेनेटरी पैड पर महिलाओं को अधिक से अधिक छूट दी। अध्यक्ष राजकुमार सेठी ने बताया कि संगठन समय-समय पर इस तरह के सामाजिक कार्यक्रम भी करता रहता है।



महिलाओं को जानकारी देते जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा। ● अमृत विचार

- फार्मा ट्रेडर्स और वैश्य एकता महासभा ने सेनेटरी पैड बांटे

### अंतर्राष्ट्रीय माहवारी स्वच्छता दिवस मनाया

**टांडा, अमृत विचार:** मंगलवार को सीएचसी सहित कस्तूरबा गांधी विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय माहवारी स्वच्छता दिवस मनाया गया।

इसमें राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम से अर्श काउंसलर रेनू शर्मा ने किशोरियों को माहवारी स्वच्छता के बारे में सम्पूर्ण जानकारी दी। इस अवसर पर किशोरियों को निशुल्क सेनेटरी पैड का वितरण कराया गया। किशोरियों को माहवारी के समय होने वाली परेशानियों को दूर करने के लिए सुझाव भी दिए। उधर कस्तूरबा गांधी विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में किशोरियों को हरी सब्जियों तथा आयरन की गोली सप्ताह में एक बार खाने के लिए बताया गया।



रैली निकालकर जागरूक करतीं काउंसलर।

# मासिक धर्म की परेशानियां बताईं

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चमरौआ के चिकित्साधिकारी डॉ. मोहम्मद खावर ने किशोरियों को स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी दी। माहवारी में होने वाली समस्याओं से भी अवगत कराया। बताया कि यह एक प्राकृतिक क्रिया है जो शरीर में हर माह में लगभग पांच से सात दिन तक रहती है। इसमें शरीर से खून का प्रवाह होता है। इससे खून की कमी हो जाती है। इसे पूरा करने के लिए हमे पौष्टिक और हरी सब्जी, अंकुरित बीज, नींबू आदि का सेवन उचित मात्रा में करना चाहिए। सेनेटरी पैड का प्रयोग सही प्रकार से करना चाहिए। इस दौरान साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चमरौआ व कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में विश्व माहवारी दिवस मनाया गया। विद्यालय में पढ़ने वाली किशोरियों को माहवारी से संबंधित जानकारी दी गई। कार्यक्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चमरौआ से चिकित्साधिकारी डॉ. मोहम्मद खावर खान ने कहा कि व्यायाम करना चाहिए। जीवन शैली में सुधार करना चाहिए। ताकि शरीर में हार्मोन का प्रवाह सही से हो सके। कहा कि आजकल ज्यादातर किशोरियां माहवारी में अनियमितता पीसीओडी, फाइब्रॉयड जैसी बीमारी से जूझ रही हैं। इसका मुख्य कारण जीवन शैली का बिगड़ना और फास्ट फूड का सेवन करना है। यदि हम अपने खानपान, जीवन शैली और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखेंगे तो गंभीर बीमारियों से बच सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी किशोरियों को सैनेटरी पैड भी वितरित किए गए।



छात्राओं को जागरूक करते चिकित्साधिकारी डा. मोहम्मद खावर। ● अमृत विचार

- सेनेटरी पैड का प्रयोग सही प्रकार से करना चाहिए : खावर

# युवतियों को स्वास्थ्य के बारे में किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** राजकीय जुल्फिकार बालिका इंटर कालेज में नेशनल मेंस्ट्रूअल हाइजीन कार्यक्रम की नोडल शमीम खान ने छात्राओं को हाइजीन के बारे में जानकारी दी। बताया कि यह सभी बालिकाओं और महिलाओं के लिए कितना आवश्यक है। इसमें शर्म जैसा कुछ नहीं है, क्योंकि यह प्राकृतिक क्रिया है। हमें अपने आसपास की महिलाओं को भी इसके प्रति जागरूक करना चाहिए।

मंगलवार को नेशनल मेंस्ट्रूअल हाइजीन दिवस के अवसर पर छात्राओं ने शिक्षिकाओं के निर्देशन में रैली निकाली। घर-घर जाकर लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर छात्राओं ने कॉलेज में रंगोली भी बनाई। प्रधानाचार्य डॉ. शालू कौशल ने छात्राओं की इस पहल को अनूठा बताया। कहा कि महिलाओं के हित में छात्राओं द्वारा किया गया यह महत्वपूर्ण कार्य है। यह एक सामाजिक हित का कार्य है, जिसे प्रतिवर्ष 28 मई को मनाया जाता है। लेकिन अपने जनपद में यह पहली बार इतने वृहद स्तर पर कॉलेज की छात्राओं द्वारा मनाया गया है।




रैली निकालतीं राजकीय जुल्फिकार बालिका इंटर कॉलेज की छात्राएं।

- नेशनल मेंस्ट्रूअल हाइजीन दिवस के अवसर पर निकाली रैली
- छात्राओं ने घर-घर जाकर लोगों को जागरूक किया

### ब्राह्मण महासभा के महामंत्री के निधन पर जताया शोक

**मिलक, अमृत विचार :** मंगलवार को श्री ब्राह्मण सभा ने प्राचीन शिव मंदिर पर शोक सभा का आयोजन किया। इसमें श्री ब्राह्मण सभा के महामंत्री पंडित राम मोहन शर्मा के निधन पर दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

सभा के अध्यक्ष डा. विवेक शुक्ला ने कहा कि राम मोहन शर्मा के निधन से सभा को भारी आघात हुआ है। राम मोहन शर्मा हीरा इंटर कॉलेज मेहंदीपुर में प्रवक्ता और समाज सेवा से काफी जुड़ाव रखते थे। वह साहित्य एवं संगीत से विशेषज्ञ रुचि रखते थे। सभा के प्रति उनका समर्पण कभी भुलाया नहीं जा सकता। शोक सभा में संरक्षक वैध मनोहर लाल शर्मा, पं. शिव चरण शर्मा, राजीव गौड़, चिंतामणि बहुगुणा, बृजेश शर्मा, डॉ. विकास शुक्ला, मुकेश कौशिक, नवनीत शर्मा आदि शामिल रहे।

# घूर डालकर सड़क पर किए कब्जे, पसरी गंदगी

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** विकास खंड शाहबाद के गांव लश्करगंज में कुछ लोगों ने घूर डालकर सड़क पर कब्जे कर लिये हैं। इससे ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा रहा। घूर की गंदगी से मच्छर भी पनप रहे हैं। इससे बीमारी फैलने का खतरा मंडराने लगा है। कहने को तो सभी ग्राम पंचायतों में संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जाता है, लेकिन वह सिर्फ कागजों में सीमित है।

संबंधित अधिकारी जिलाधिकारी के आदेश को हवा में उड़ा रहे हैं। गांवों में सफाई के लिए रोस्टर जारी होने के बावजूद भी सफाई नहीं हो पा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क किनारे पड़े घूर हटाने और साफ-सफाई को लेकर ग्राम प्रधान व सचिव से शिकायत भी कर चुके हैं, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हो सका है। गांव में काफी दिन से नालियों की सफाई नहीं हुई है। इसकी वजह से नालियां गंदगी से बजबजा रही हैं। घरों से निकलने वाला गंदा पानी भी सड़क पर फैल रहा है। इससे संक्रामक बीमारी फैलने का खतरा बना है।



गांव लश्करगंज में सड़क किनारे पड़े घूर। ● अमृत विचार



“रोस्टर जारी होने के बाद भी गांवों में सफाई के लिए नहीं हो रही है। दबंगों ने रोड पर घूर डालकर अवैध कब्जा कर लिया है। प्रधान और सचिव को इससे कोई सरोकार नहीं है।” – वीरेश शर्मा, क्षेत्र पंचायत सदस्य



“सड़क किनारे घूर पड़ने से गंदगी फैली हुई है। इनसे बहुत बदबू आती है। इसके चलते लोगों को निकलने में परेशानी होती है। गांव में संक्रामक बीमारी फैलने का भय बना है।” – नोनी राम



“गांव में सड़क किनारे पड़े घूर गंदगी का सबब बन रहे हैं। सड़क किनारे लोगों का निकलना मुश्किल हो रहा है। कई बार घूर हटाने के लिए ग्राम प्रधान से कहा है, लेकिन अभी तक नहीं हट पाए हैं।” – राजेन्द्र



“घूरों से फैली गंदगी से बुरा हाल है। बरसात से पहले घूर हटने चाहिए। बरसात के मौसम में और परेशानी का सामना करना पड़ेगा। बीमारी का खतरा भी बढ़ेगा। सुनवाई नहीं हो रही है।” – सुरेश लोधी

**मौसम** जरूरी कार्यों से ही घरों से निकले लोग, मौसम वैज्ञानिक जता रहे अगले तीन दिन मौसम शुष्क रहने का अनुमान

# 45 डिग्री सेल्सियस पहुंचा पारा, लोग व्याकुल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** आसमान से तपिश बरसी और पारा 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। गर्मी बढ़ने से लोग व्याकुल रहे। भोर में शहर के कई मोहल्लों की बिजली जाने पर लोगों ने हाथ के पंखे से हवा करके पसीना सुखाया। इसके अलावा लोगों ने मटकों का ठंडा पानी पीकर प्यास बुझाई। गन्ने का जूस, नारियल पानी के ठेले वालों का कारोबार चमक गया है।

मंगलवार को सुबह से आसमान से सूरज तपिश बरसाता रहा। लोगों ने दोपहर में गर्मी से राहत पाने के लिए नारियल पानी, नींबू पानी, लस्सी पी तो किसी ने मटके का ठंडा पानी पीकर राहत पाई। पूरे दिन लोग पसीना-पसीना होते रहे। सड़के सुनसान रहीं, जरूरी कार्यों से ही लोग घरों और दफ्तरों के बाहर निकले। सड़कों पर लोग छाता और अंगोछा पहनकर चले। मंगलवार को अधिकतम तापमान 45 डिग्री दर्ज किया गया।

मौसम वैज्ञानिक डा. उदय प्रताप शाही की मानें तो अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस पहुंचने के साथ ही लू चलने का अनुमान है। जिला अस्पताल के चिकित्सक डा. डीके वर्मा ने बताया कि लोग घर से पानी पीकर निकलें। सिर पर छाता लगाएं या अंगोछा डाले रहें।



धूप से बचने को गमछे से चेहरा ढंककर जाते बाइक सवार। ● अमृत विचार

- शाम ढलने के बाद बजारों में बढ़ी चहल-पहल, लोगों ने की खरीदारी

**हाल-ए-मौसम**

| | |
|---|---|
| अधि. तापमान | 45 डिग्री सेल्सियस |
| न्यून. तापमान | 28 डिग्री सेल्सियस |
| आर्द्रता | 46 प्रतिशत |
| वायु वेग | 11 किमी. प्रतिघंटा |

“दो जून तक पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अधिकांश जिलों में मौसम शुष्क रहने के आसार हैं। जबकि एक जून को बरेली, पीलीभीत, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा बिजनौर व शाहजहांपुर में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा हो सकती है। इससे पूरे क्षेत्र का तापमान कम होने व उमस बढ़ने की संभावना है।” – डा. उदय प्रताप शाही, मौसम वैज्ञानिक, कृषि विवि, मेरठ

### तहसील प्रशासन ने सरकारी जमीन से हटवाया कब्जा

**टांडा, अमृत विचार :** उप जिलाधिकारी के नेतृत्व में अभियान चलाकर ग्राम हमीरपुर स्थित बंजर भूमि पर अवैध कब्जा कर लगाई गई धान की फसल को हटा दिया। प्रशासनिक अधिकारियों ने कब्जा हटवाकर जमीन को मूल स्वरूप में लाने कार्रवाई की।



सरकारी जमीन से कब्जा हटवाते उपजिलाधिकारी अनुराग सिंह।

उप जिलाधिकारी अनुराग सिंह ने सभी राजस्व कर्मियों को सख्त हिदायत दी है कि सरकारी भूमि से अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई युद्ध स्तर पर जारी रखी जाए। तहसील क्षेत्र में जहां भी सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा है, उसे तत्काल मुक्त कराया जाए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। मंगलवार को उप जिलाधिकारी अनुराग सिंह के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने ग्राम हमीरपुर स्थित बंजर भूमि गाटा संख्या 422 रकबा 0.114 हेक्टेयर को कब्जा मुक्त कराया। इस मौके पर नायब तहसीलदार अमित कुमार एवं अंकुर अत्तल सहित राजस्व निरीक्षक जयपाल सिंह व राजस्व टीम के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# लोगों को शिविर लगाकर बांटा शरबत

**टांडा, अमृत विचार :** भीषण गर्मी ने मानव जीवन को अस्त-व्यस्त करके रखा है। तपती धूप और लू के गर्म थपेड़ों ने लोगों को घरों में कैद होने पर मजबूर कर दिया है। लोग बिना काम के घरों से बाहर नहीं निकल रहे हैं। लोगों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए जगह-जगह शरबत की सबीलें लगाई जा रही हैं। मंगलवार को नैनीताल मार्ग स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने शरबत की सबील लगाई गई। इस मौके पर जफर अली, ओसामा, मुईद सैफी, रईस अहमद, मौलाना खालिद आदि रहे।

आवश्यकता है
अमृत विचार, मुरादाबाद को
रिपोर्टर, सीनियर रिपोर्टर, उप संपादक व वरिष्ठ उप संपादक की
न्यूनतम योग्यता :- स्नातक
मुख्यधारा के अखबार में कम से कम 3 से 5 वर्ष काम करने का अनुभव
प्रसार विभाग में कार्य करने हेतु :- एक्जीक्यूटिव व सीनियर एक्जीक्यूटिव की (अनुभव :- न्यूनतम 2 से 4 वर्ष का)
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
hr@amritvichar.com
9838333303, 9450434176, 8476006584
ऑफिस : एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उ0प्र0)

## एक नजर

### शत्रु संपत्ति के मामलों में लेखपाल ने दर्ज कराए बयान

**रामपुर, अमृत विचार :** शत्रु संपत्ति से जुड़े कई मामलों में लेखपाल ने बयान दर्ज कराए। अब इन मामलों में पांच जून को सुनवाई होगी। सपा नेता आजम खां सहित कई लोगों पर शत्रु संपत्ति को कब्जाने का आरोप लगा था। इसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचना के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। मंगलवार को एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में लेखपाल ने बयान दर्ज कराए।

### बिजली कनेक्शन लेने में हो रही परेशानी

**रामपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश सचिव सैयद विक्की मियां, शाहरुन खां ने नानकार बिजली घर के अवर अभियंता को समस्या के बारे में बताया। सैयद विक्की मियां ने कहा कि हर व्यक्ति चाहता है कि उसके घर मीटर लगा हो। लेकिन बिजली विभाग के कठिन नियमों की वजह से कनेक्शन नहीं मिल पा रहे हैं। उपभोक्ताओं को मीटर लगवाने में काफी दिक्कतें आ रही हैं।

# भीषण गर्मी में रोडवेज की बसों को नहीं मिल रहे यात्री

## बस अड्डों पर यात्रियों का इंतजार कर रहे चालक-परिचालक, दोपहर में काफी कम हो जाती है संख्या सवारियों की संख्या

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी के कारण रोडवेज की बसों में काफी कम संख्या में यात्री सफर कर रहे हैं। तपती दोपहरी में लोग घरों से नहीं निकल रहे हैं। ऐसे में दोपहर में चलने वाली बसों में यात्रियों की संख्या और भी कम हो जाती है। सवारियों के इंतजार में चालक-परिचालक बस अड्डों के पास खड़े होकर आवाज लगाते रहते हैं, लेकिन सवारियां नहीं मिल रही हैं। इसके चलते रोडवेज की बसें खाली चल रही हैं।

करीब 17 दिन पड़ रही भीषण गर्मी ने लोगों का हाल-बेहाल कर दिया है। लोग घरों से निकलने से कतरा रहे हैं। गर्मी का असर रोडवेज निगम पर भी पड़ रहा है। पहले जहां बसों में भीड़ अधिक होने के कारण लोगों को खड़े होकर सफर करना पड़ता था। वहीं भीषण गर्मी में दोपहर के समय सवारियां ही नहीं मिल रही हैं। इसके चलते तमाम बसें खाली दौड़ रही हैं।

रामपुर रोडवेज के पास मौजूदा समय में 75 बस हैं। इनमें से 35 बसें लोकसभा का चुनाव कराने गई हैं और पांच बसें कार्यशाला में खड़ी हैं। बस कम हो जाने के कारण यात्रियों की संख्या अधिक होनी चाहिए। लेकिन गर्मी के चलते यह 35 बसें भी खाली चल रही हैं। चालकों की मानें तो सुबह दस से लेकर शाम छह बजे तक सवारियों को तलाश करना पड़ता है। काफी समय तक बसों को रोडवेज के अंदर खड़ा करके यात्रियों को तलाश किया जा रहा है लेकिन उसके बाद भी यात्री नहीं मिल रहे हैं। कम यात्रियों को लेकर ही गंतव्य की ओर रवाना होना पड़ रहा है।


रोडवेज परिसर में खड़ी बसें। ● अमृत विचार

### रामपुर डिपो को पांच नई बसें मिलीं

रामपुर डिपो में अभी तक 75 बसें थीं। सोमवार को रामपुर डिपो को पांच नई बसें मिल गई हैं। इस प्रकार अब यहां बसों की संख्या 80 हो गई है। एआरएम दीपचंद्र जैन ने बताया कि नई बसों का अभी रूट निर्धारित नहीं हो सका है। जल्द ही इनका रूट निर्धारित करके सड़कों पर दौड़ाया जाएगा। पांच नई बस मिलने से यात्रियों को राहत मिलेगी।

### रिक्त पद भरने को की जा रही चालकों भर्ती

एआरएम ने बताया कि रिक्त पदों को भरने के लिए संविदा चालकों भर्ती का प्रथम टेस्ट किसी भी कार्य दिवस में लिया जाएगा। अभ्यर्थी ने चालक पद के लिए आठवीं अथवा इसके समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की हो। आयु साढ़े तेईस वर्ष से अधिक हो। चालक हैवी लाइसेंस दो वर्ष पुराना हो। लंबाई 5 फुट 3 इंच हो। अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम एवं जन्म तिथि, आधार कार्ड, शैक्षिक प्रमाण पत्र, लाइसेंस में एक समान हो। प्रमाण पत्र मूल रूप में एवं तीन सेट तैयार कर फोटो सहित सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय में स्वयं आकर प्रस्तुत करें।

> गर्मी के चलते यात्री कम निकल रहे हैं। दोपहर के समय यात्री बहुत ही कम मिल रहे हैं। शासन की ओर से रामपुर डिपो को पांच बसें और मिल गई हैं। अब 80 बसें हो गई हैं।
> – दीपचंद्र जैन, एआरएम


पकड़ी गई पोकलेन मशीन के साथ अधिकारी। ● अमृत विचार

# खनन करते दो ट्रैक्टर व पोकलेन मशीन पकड़ी

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार :** मंगलवार को अवैध खनन की सूचना पर राजस्व विभाग टीम ने क्षेत्र के ग्राम कारखेड़ा में छापामारी की। इस दौरान दो ट्रैक्टर व एक पोकलेन मशीन को कब्जे में लेकर पुलिस को सौंप दिया।

मंगलवार को तहसील प्रशासन को सूचना मिली कि ग्राम करखेड़ा में कुछ लोग ट्रैक्टर और पोकलेन मशीन से अवैध खनन कर रहे हैं। इस पर अधिकारी मौके पर पहुंचे और अवैध खनन में लगे दो ट्रैक्टर और पोकलेन मशीन को कब्जे में ले लिया। इस बीच आरोपी फरार हो गए। टीम ने दोनों ट्रैक्टर और पोकलेन मशीन को पुलिस को सौंप दिया। इस दौरान नायब तहसीलदार अमित कुमार एवं अंकुर अत्तल सहित लेखपाल रामचरण तथा राजस्व टीम के सदस्य मौजूद रहे।

# नो एंट्री में घुसे दो वाहनों को पकड़ा

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार :** उप जिलाधिकारी स्वार अवनीश कुमार ने नो एंट्री में घुसे खनन से लदे दो वाहनों को पकड़ लिया। दोनों वाहनों पर 40 हजार रुपये जुर्माना लगाया। इसके बाद दोनों वाहनों को पुलिस की सुपुर्दगी में दे दिया गया। कार्रवाई से खनन धंधेबाजों में हड़कंप मचा है।

जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने सुबह सात से रात आठ बजे तक खनन के वाहनों के आवागमन पर पूर्ण रूप से रोक लगा दी है। उप जिलाधिकारी, सीओ और कोतवाल को आदेश का पालन करने के सख्त निर्देश दिए हैं। खनन लदे वाहनों की गति को भी नियंत्रित रखने के आदेश दिए गए हैं। मंगलवार को गंगा एक्सप्रेस-वे की आड़ में खनन लदे दो वाहनों को उप जिलाधिकारी अवनीश कुमार ने खुशहालपुर मोड़ पर पकड़ लिया। चालकों से खनन संबंधित कागजात अथवा रायल्टी तलब की गई। नो एंट्री में घुसने पर उप जिलाधिकारी ने दोनों वाहनों का चालान कर पुलिस को सौंप दिया।

चौकी इंचार्ज रोहित कुमार ने बताया कि दोनों वाहनों पर करीब 40 हजार रुपए जुर्माना लगाया गया है। कार्रवाई से खनन धंधेबाजों में हड़कंप मचा है। उप जिलाधिकारी अवनीश कुमार ने बताया है कि नो एंट्री के बावजूद गंगा एक्सप्रेस-वे की आड़ में गुजरने वाले खनन लदे वाहनों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई की जाती रहेगी।


वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करते एसडीएम अवनीश कुमार और चौकी इंचार्ज।

● दोनों वाहनों पर डाला 40 हजार रुपये जुर्माना

## शादी करने ले गया युवक युवती को छोड़कर फरार

**मसवासी, अमृत विचार :** शादी करने की बात कहकर युवक युवती को अपने साथ ले गया। इसके बाद वह युवती को मुरादाबाद में छोड़कर फरार हो गया। परिजनों के तलाशने पर युवती मुरादाबाद में मिली। परिजन उसे लेकर स्वार कोतवाली पहुंचे। युवती की मां ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

मामला क्षेत्र के गांव भूबरा मुस्तेहकम के मझरा सीता रामपुर का है। यहां रहने वाला युवक पड़ोस में रहने वाली युवती को शादी करने की बात कहकर जगह-जगह घुमाता रहता था। उनके बीच फोन पर भी बातें होती थीं। सोमवार को वह शादी करने की बात कहकर उसे मुरादाबाद ले गया। युवती को वहां छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। स्वार कोतवाल संदीप त्यागी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# चकाचक होंगे कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने कहा कि जिले में संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों को सभी जरूरी संसाधनों से पूर्ण कराया जाएगा। सभी खंड विकास अधिकारियों को ग्राम पंचायत निधि, क्षेत्र पंचायत निधि या अन्य निधियों से जरूरी कार्य कराने के लिए कहा है।

कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को हुई बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में संचालित सभी सात कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में मौजूद संसाधनों की स्थिति एवं विद्यालय भवन की भौतिक स्थिति के बारे में जानकारी ली। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी संजीव कुमार एवं खंड शिक्षाधिकारियों के साथ विस्तार पूर्वक समीक्षा की। शासन द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में सुविधाओं की उपलब्धता के लिए 31 पैरामीटर निर्धारित किए गए हैं। इसके सापेक्ष वर्तमान में उपलब्ध संसाधन एवं जरुरतों के बारे में विस्तृत चर्चा की गई।

जिलाधिकारी ने कहा कि जिले के इन कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों को राज्य के उत्कृष्ट विद्यालयों की श्रेणी में लाना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसलिए मुख्य विकास अधिकारी डा. नन्द किशोर कलाल की देखरेख में सभी खंड विकास अधिकारी कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों के पूरे परिसर में टायलीकरण कराया जाएगा। बेहतरीन फर्नीचर उपलब्ध कराया जाएगा। विद्यालय परिसर में कहीं भी सीलन अथवा जल भराव की दिक्कत नहीं होगी।

बालिकाओं की निर्बाध और उत्कृष्ट शिक्षा व्यवस्था के लिए उन्हें सभी संसाधन और बेहतरीन शिक्षा का माहौल उपलब्ध कराया जाएगा। क्योंकि यहां गरीब व आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बालिकाएं अध्यनरत हैं। वह भविष्य में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। इसके लिए यह बेहद जरूरी है कि उन्हें शिक्षा का सर्वाधिक उत्कृष्ट माहौल मिले। पांच वर्षों के दौरान कस्तूरबा विद्यालयों में उपलब्ध कराए गए बजट के सापेक्ष खर्च की रिपोर्ट भी जिलाधिकारी ने तलब की है।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा. नंद किशोर कलाल, उप जिलाधिकारी सदर मोनिका सिंह, उप जिलाधिकारी बिलासपुर हिमांशु उपाध्याय, डायट प्राचार्य नीलम टम्टा, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी संजीव कुमार सहित सभी खंड विकास अधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।


कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में बोलते जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह। ● अमृत विचार

● सुविधाओं की उपलब्धता के लिए 31 पैरामीटर किए निर्धारित


खौद चौराहे पर राहगीरों को शरबत पिलाते दुकानदार। ● अमृत विचार

# भीषण गर्मी में शरबत पीकर राहगीरों को मिली राहत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मंगलवार को खौद चौराहे पर राहगीरों को शरबत और ठंडा पानी पिलाकर गर्मी से राहत दिलाई। भीषण गर्मी को देखते हुए विभिन्न संगठनों द्वारा कई दिन से जगह-जगह राहगीरों को शर्बत तथा ठंडा पानी पिलाया जा रहा है।

मंगलवार को खौद चौराहे पर शाकिर, नाजिर, कपिल, अजीम शेख, जीशान और गोलू आदि दुकानदारों ने मिलकर शिविर लगाया। उन्होंने राहगीरों को शरबत व ठंडा पानी पिलाया। कार्यक्रम का आरंभ खौद चौकी प्रभारी अमित कुमार और प्रधान पप्पू राजा ने किया। इस दौरान साहिल, सलीम, सोनू, गुड्डू, सचिन, अली पाशा का विशेष योगदान रहा। शरबत वितरण कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से लेकर शाम छह बजे तक चलता रहा।

## झोलाछापों की भरमार स्वास्थ्य विभाग अनजान

**मसवासी, अमृत विचार :** क्षेत्र में झोलाछाप ग्रामीणों का जमकर शोषण किया कर रहे हैं। मगर स्वास्थ्य विभाग इससे अनजान है।

नगर व क्षेत्र के बिजारखाता, मंसूरपुर, रहमतगंज, सेमरा लाड़पुर, करीमपुर, मिलक नौखरीद और हसनपुर उत्तरी गांव में झोलाछाप क्लीनिक और मेडिकल खोल कर बैठे हैं। मिलक नौखरीद गांव में तो झोलाछाप मुख्य मार्ग के किनारे ही क्लीनिक खोल कर बैठे हैं। इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी इनके खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। इसके चलते झोलाछापों के हौंसले बुलंद हैं। पहले यह झोलाछाप बीमार ग्रामीणों को ठीक करने का आश्वासन देते हैं। हालत बिगड़ने दुकानों में ताला डालकर फरार हो जाते हैं। ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग आंखें मूंद कर बैठा है। स्वास्थ्य विभाग की ढुलमुल कार्यप्रणाली से लोगों में रोष है।


सुल्तानपुर पट्टी में राहगीरों को शरबत बांटते ई-रिक्शा चालक। ● अमृत विचार

# ई-रिक्शा चालकों ने राहगीरों वितरित किया शरबत

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में राहगीरों को राहत दिलाने के उद्देश्य से ई-रिक्शा चालकों ने सबील लगाकर लोगों को शरबत वितरित किया।

मंगलवार को सुल्तानपुर-पट्टी मार्ग स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के नजदीक ई-रिक्शा चालकों ने शरबत की सबील लगाई। उन्होंने भीषण गर्मी में राहगीरों को शरबत पिलाया। लोगों ने शरबत पीकर भीषण गर्मी में राहत महसूस की। इस दौरान बच्चों ने भी सहयोग किया। हाथ में जग लिए बच्चे राहगीरों को शरबत पिलाते रहे। इस मौके पर खलील अहमद, नबी अहमद, तेजपाल, राम किशोर, मुश्ताक अहमद, सरफराज अहमद, नूर हसन, आशक अली आदि मौजूद रहे।

## सोना तस्करों की तलाश में एसओजी ने की छापेमारी

**टांडा, अमृत विचार :** मंगलवार को एसओजी की टीम ने सोना तस्करों की तलाश में कई स्थानों पर दबिश दी। हालांकि इस दौरान कोई तस्कर टीम के हत्थे नहीं चढ़ सका।

एक अप्रैल को लखनऊ एयरपोर्ट पर कस्टम अधिकरियों ने नगर के तीन दर्जन सोना तस्करों को हिरासत में लिया था। इनमें से 29 तस्कर अधिकारियों को चकमा देकर फरार हो गए थे। इसके अतिरिक्त 28 अप्रैल को मीरगंज क्षेत्र में तस्करी कर लाये गए सोने की लूट की घटना हुई थी। इसमें कई लोगों को एसओजी ने गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया है। मंगलवार को एसओजी की टीम ने सोना तस्करों की तलाश में नगर में कई स्थानों पर दबिश दी। लेकिन कोई कामयाबी नहीं मिली। एसओजी की छापेमारी से सोना तस्करों में हड़कंप मच गया। कोतवाल प्रिंस शर्मा ने एसओजी की छापेमारी से अनभिज्ञता जाहिर की है।


समूह की महिलाओं को स्मृति चिह्न देते बीडीओ धीरेन्द्रपाल सिंह चौहान।

# सशक्त बनने के लिए समूह से जुड़ें महिलाएं : मंशाराम

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार :** एनआरएलएम समूह की महिलाओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि उपायुक्त स्वतः रोजगार मंशाराम यादव ने कहा कि समूह के निर्माण से महिलाएं स्वालंबी बन रही हैं। रोजगार के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सशक्त बनने के लिए महिलाओं को समूह से जुड़ना होगा।

मंगलवार को उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत क्षेत्र के रठौंडा गांव स्थित प्राचीन शिव मंदिर के मेला प्रांगण में एकता प्रेरणा संकुलन स्तरीय समिति की वर्षगांठ मनाई गई। इसमें 36 गांवों के समूह की महिलाओं ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि उपायुक्त स्वतः रोजगार मंशाराम यादव का बुके भेंटकर व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। उन्होंने उत्तर प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत चल रहीं विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी धीरेन्द्रपाल सिंह चौहान, एडीओ आइएसबी राजेन्द्र सिंह, अनुज राणा, प्रभारी जिला मिशन प्रबंधक हरपाल सिंह, ब्लॉक मिशन प्रबंधक नीरज कुमार, मोहम्मद दानिश, हेमेंद्र सिंह, सीएलएफ अध्यक्ष मोरकली, लतेश, कमलेश तथा क्षेत्र की तमाम समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।

**उपासना** शहर के मोहल्ला झंडा में श्री बालाजी दरबार का वार्षिकोत्सव, हवन-पूजन और भजन संध्या में उमड़ी भक्तों की भीड़

# राम भक्त हनुमान जैसा देव नहीं संसार में ...पर झूमे भक्त

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला झंडा में श्री बालाजी दरबार के वार्षिकोत्सव में भजन गायकों ने श्री राम भक्त हनुमान जैसा देव नहीं संसार में ... जो बाला जी से सच्ची लगन लगाएगा, उन भक्तों की नैया भव से पार लगाएगा भजन सुनाकर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। भजन संध्या में भक्तों की भीड़ उमड़ी और हवन-पूजन किया।

मोहल्ला झंडा स्थित श्री बाला जी दरबार में मंगलवार को श्री बाला जी दरबार सेवा सदन की ओर से वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। हवन-पूजन और भजन संध्या में हजारों भक्तों की भीड़ उमड़ी। सुबह दरबार में बाबा का स्नान और पूजन का कार्यक्रम हुआ। पंडित अंकुर शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चारण करके पूजन कराया। भक्तों ने ब्रहमलीन महंत बुलाकी रामजी महाराज को नमन किया। शाम को हुई भजन संध्या में सुल्तानपुर से आए धमेन्द्र पांडेय, सोनीपत से आए सोनू सांवरिया और स्थानीय गायक शिवम पुष्पक ने बाला जी के भजनों से माहौल भक्तिपूर्ण बना दिया।

श्री बालाजी म्यूजिकल ग्रुप की ओर से भजनों की सुंदर प्रस्तुति दी गई। बालाजी का मनोहारी गुणगान सुन लोग खूब झूमे। बाला जी का आलौकिक श्रृंगार और छप्पन भोग लगाया गया। इस अवसर पर महंत आनंद कुमार, उपमहंत कुंवर सेन और उप महंत जुगल किशोर ने बताया कि बाला जी को वीरता, शक्ति, और विवेक का प्रतीक माना जाता है। बाला जी में साहस, निःस्वार्थ भक्ति और समर्पण की अद्वितीयता है। उनका नाम असत्य को सत्य और अन्धकार को प्रकाश में बदलने की शक्ति को संदर्भित करता है। उनके चरित्र में अपने परम गुरु भगवान हनुमान के प्रति अटूट समर्पण की अद्भुतता है। उनकी भक्ति हमें सिखाती है कि विश्वास, समर्पण, और ध्यान के माध्यम से हम सभी दुःखों और कठिनाइयों को पार कर सकते हैं और अंततः मुक्ति की प्राप्ति कर सकते हैं। अध्यक्ष सिपाही लाल राठौर ने बताया कि 29 मई को दोपहर 12 बजे से विशाल भंडारा होगा। उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया।


श्री बाला जी दरबार में छप्पन भोग लगाते भक्त। ● अमृत विचार


श्री बाला जी दरबार में हवन करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### यह लोग रहे मौजूद

महेश अग्रवाल, अशोक विरमानी, सुशील कुमार सिंह, शोभित कपूर, अरुण कुमार डालमिया, मुन्ना सिंह, लालता प्रसाद, रंजीत सिंह, हिमांशु अग्रवाल, महेश सैनी, अशवनी सक्सेना, पवन गुप्ता आदि ने सहयोग किया।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म
- बी.ए. (जर्नलिज्म)
- बी.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (जर्नलिज्म)
- एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (अंग्रेजी)
- एम.ए. (मनोविज्ञान)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- बी.कॉम. (ऑनर्स)
- बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन)
- बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)
- एम.कॉम.
- एम.बी.ए.
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) श्री अतुल बाबू (7409998289)

## एक नजर

### भाकियू कार्यकर्ताओं ने लोगों को शरबत पिलाया

**कुंदरकी, अमृत विचार :** मंगलवार को गांव बाकीपुर जटनी में लोगों को भाकियू टिकैत के पदाधिकारीयों ने शरबत पिलाया। लोगों को राहत पहुंचाने के लिए यूनियन के सदस्यों ने बाकीपुर की जामा मस्जिद के पास शरबत वितरण किया। इस मौके पर भाकियू टिकैत के ब्लॉक उपाध्यक्ष तस्लीम हुसैन बाबा, रईस दूल्हा, यासीन दूल्हा, राशिद हुसैन, सुलेमान,राहीस, अजहर हुसैन, नक्शे अली, मोहम्मद उमर,बिलाल रहे।

### भाजपाइयों ने मांगी सफाईकर्मियों की सूची

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** भाजपाइयों ने ईओ को ज्ञापन देकर नगर की लचर सफाई व्यवस्था पर आक्रोश जताया है। साथ ही पालिका में तैनात गैरहाजिर सफाईकर्मियों की सूची मांगी है। भाजपाइयों ने ईओ को ज्ञापन दिया। इसमें कहा कि नगर की सफाई व्यवस्था चिंताजनक है। उन्होंने पालिका से नियमित एवं संविदाकर्मियों की सूची के साथ गैरहाजिर सफाई कर्मियों की सूची मांगी। कहा कि सफाई कर्मियों के डयूटी नहीं करने की से गंदगी पसरी है।

### मेला देखने गए युवक की बाइक चोरी

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** जनपद बिजनौर के ग्राम बुच्चा नगला निवासी लोकेश कुमार पुत्र प्रमोद कुमार ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह बाइक से सुरजननगर में रिश्तेदारों यहां आया था। रात को रिश्तदारों के साथ मेला देखने गया था। वह मेले के बाहर बाइक खड़ी कर अंदर चला गया। जब मेला देखने के बाद वापस आया तो बाइक गायब थी। उसने बाइक को तलाश किया। मगर कुछ पता नहीं चला। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर बाइक बरामद कराने की गुहार लगाई है।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के बिलावाला निवासी जसवंत सिंह पुत्र फूल सिंह बाइक से गांव की ओर जा रहा था। मुरादाबाद दिशा से आ रहे वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में जसवंत सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने घायल को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत को नाजुक बताते हुए हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया।

# बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान, प्रदर्शन

## विद्युत उपकेंद्र से जुड़े 50 गांवों में नाममात्र को आपूर्ति, नारेबाजी कर दी चेतावनी

संवाददाता, ठाकुरद्वारा



गोपीवाला में विद्युत विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बिजली कटौती व गर्मी से परेशान लोगों ने विभाग के खिलाफ प्रदर्शन कर सुचारु आपूर्ति की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले 15 दिनों से उप केंद्र से जुड़े 50 गांवों में आपूर्ति नाममात्र के लिए की जा रही है। जिससे क्षेत्र के लोग परेशान हैं। बिजली कटौती पर अंकुश लगाने के विभाग के दावे सही साबित नहीं हो रहे हैं। भीषण गर्मी में बिजली कटौती से उपभोक्ता परेशान हैं, वहीं लो वोल्टेज भी समस्या बनी है। उपभोक्ता विभाग की लचर व्यवस्था से परेशान हैं। इसी को लेकर मंगलवार को ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और विद्युत विभाग के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।

ग्रामीण विद्युत उप केंद्र से जुड़े करीब 50 गांवों के बिजली उपभोक्ताओं का आरोप है कि समय पर विद्युत बिल जमा करने के बावजूद भी मात्र छह घंटे आपूर्ति की जा रही है। विद्युत आपूर्ति कम वोल्टेज के साथ दी जा रही है, जिससे घरों में लगी पानी की मोटर, पंखे और कूलर नहीं चल पा रहे हैं। मंगलवार को क्षेत्र के गांव कमलापुरी, कालेवाला, रघुनाथपुर लौंगीकला, बादरल्ला, निर्मलपुर, असलेमपुर, इनायतनगर, निर्मलपुर, गोपीवाला, नहनूवाला, फर्रकपुर, गझेड़ा आलम, छोटो की मैडइया सहित 50 गांवों की विद्युत आपूर्ति चरमरा गई है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि विद्युत आपूर्ति सुचारु नहीं हुई तो क्षेत्र के ग्रामीण एकजुट होकर आंदोलन को मजबूर होंगे। मंगलवार को प्रदर्शन में अर्जुन कुमार, धर्मेंद्र चौहान, छोटू सिंह, अभिषेक कुमार, सुमित कुमार, जयप्रकाश, सुरेंद्र सिंह, आकाश कुमार, राकेश कुमार रहे।

### भीषण गर्मी में ट्रिपिंग से उपभोक्ता परेशान

**कांठ/छजलैट, अमृत विचार :** मंगलवार को पारा 44 डिग्री तक पहुंच गया। हीटवेव ने लोगों की मुश्किलों को बढ़ा दिया है। ऐसे में लोग घरों में कैद होने को मजबूर हैं। दोपहर को सड़कों पर सन्नाटा हो जाता है। वहीं, बिजली कटौती और ट्रिपिंग से उपभोक्ता परेशान हैं। जर्जर लाइनें भी भीषण गर्मी में साथ नहीं दे रही हैं हैं। बार-बार बिजली लाइनों में फाल्ट होने से कांठ/छजलैट की आपूर्ति नहीं चल पा रही है। जिससे उपभोक्ताओं में रोष है। कांठ के रहने वाले राजपाल सिंह, देवेंद्र सिंह, अनिल कुमार, राजेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, अंकुल कुमार, सचिन कुमार, प्रदीप कुमार, भूपेंद्र चौहान उर्फ टिल्लू, अमर सिंह चौहान, आकाश शर्मा, पिंटू बिश्नोई, हरिओम सिंह, विशाल कुमार, दिनेश कुमार, सुनील कुमार ने सुचारु आपूर्ति की मांग की है।

### आपूर्ति शुरू होते ही फुंक गया ट्रांसफार्मर

**छजलैट, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के ग्राम पहाड़ मऊ में रसूलपुर बिजली घर से आपूर्ति की जाती है। लेकिन तीन दिन पहले ट्रांसफार्मर फुंकने से आधे से अधिक गांव की आपूर्ति बंद हो गई। सूचना मिलने पर विभाग के कर्मचारी और अधिकारी वहां पहुंचे और ट्रांसफार्मर बदलने का आश्वासन दिया। अगले ही दिन ट्रांसफार्मर बदल दिया लेकिन ट्रांसफार्मर पर जैसे लोड डाला यह फिर से फुंक गया। ग्रामीण बार-बार बिजली विभाग के अधिकारियों से शिकायत कर रहे हैं। इसके बाद एसडीओ ज्ञानेंद्र सिंह यादव ने ग्रामीणों को नया ट्रांसफार्मर लगाने का आश्वासन दिया। गांव के अमित बिश्नोई, विनीत बिश्नोई, मुनिराज सिंह बिश्नोई ने बताया कि बिजली न होने से परेशानी हो रही है। एसडीओ कांठ ने बताया कि शीघ्र ही ट्रांसफार्मर बदलवाया जाएगा।

## सार-संक्षेप



एसडीओ को ज्ञापन देते समाजवादी व्यापार सभा के नगर अध्यक्ष व अन्य।

### अधिक क्षमता के ट्रांसफार्मर लगाने की मांग

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर क्षेत्र में विद्युत कटौती से जूझ रहे लोगों की समस्याओं को देखते हुए समाजवादी व्यापार सभा के नगर अध्यक्ष ने विद्युत एसडीओ को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में विद्युत आपूर्ति संबंधी समस्याओं के समाधान की मांग की गई है। मंगलवार को स्टेशन रोड स्थित विद्युत उप खंड कार्यालय में समाजवादी व्यापार सभा के नगर अध्यक्ष चिराग अग्रवाल ने बंच केबल ठीक करने, अधिक क्षमता के ट्रांसफार्मर लगाने और लटके व जर्जर तारों को ठीक कराने की मांग को लेकर एक ज्ञापन विद्युत उप खंड अधिकारी प्रणव चौधरी को सौंपा। जिसमें उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द नगर की चरमराई विद्युत आपूर्ति को सुधारा जाए। जिससे नागरिकों को राहत मिल सके। इस दौरान ज्ञापन देने वालों में मनोज कुमार अग्रवाल, आशु बंसल उर्फ रोमी, राजीव शर्मा, रॉबिन गुप्ता, अंकित अग्रवाल, अंकुर गुप्ता, मणि गुप्ता, विवेक गुप्ता, सार्थक चौधरी, मौजूद रहे।



एसडीएम को ज्ञापन देते विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल कार्यकर्ता।

### बिना अनुमति ईदगाह निर्माण रुकवाने की मांग

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने उप जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को देकर ईदगाह निर्माण का विरोध किया है। संगठनों ने इसे अवैध बताकर निर्माण कार्य रुकवाने व निर्माण कराने वालों पर कार्रवाई की मांग की है। मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल कार्यकर्ता एसडीएम कार्यालय पर पहुंचे। एसडीएम अजय कुमार मिश्रा को ज्ञापन देकर कहा कि मौजा भवालपुरा बाग के पीछे खाली भूमि पर कुछ लोगों द्वारा ईदगाह का निर्माण कराया जा रहा है। अनुमति के बिना ईदगाह का निर्माण पूर्ण रूप से अवैध है। इसके निर्माण से सामाजिक सौहार्द बिगड़ने की आशंका है। इस निर्माण को तत्काल प्रभाव से रुकवाकर संलिप्त लोगों पर कार्रवई की जाए। इसमें नगर अध्यक्ष प्रदीप पाल, देवेंद्र सिंह, नागेंद्र लांबा, कमलेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार पाल, पंकज कुमार, साजन शर्मा आदि थे।

### एक माह बाद भी बाइक चोर गिरफ्तार नहीं

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** शरीफनगर के एक मैरिहाल से 24 अप्रैल को जनपद बिजनौर के थाना अफजलगढ़ के ग्राम अभयराजपुर निवासी निसार अहमद और 25 अप्रैल को सुआवाला निवासी सलमान पुत्र हामिद अली की बाइक चोरी हो गई थी। निसार के परिजनों ने जसपुर में बाइक बेचते चोरों को देख लिया था। इसके बाद निसार अहमद की बाइक तो पुलिस ने बरामद कर गांव के पृथ्वी सिंह को जेल भेज दिया है। जबकि चोरी के आरोपित महफूज पुत्र अकबर अली और शावेज पुत्र फईम को पुलिस महीनाभर बाद भी गिरफ्तार नहीं कर सकी है। जबकि पृथ्वी सिंह के समर्थन में परिजनों के साथ अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा ने ज्ञापन देकर प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका आरोप है कि पृथ्वी सिंह को महफूज के परिजनों ने घर से बुलाकर पुलिस को पकड़वा दिया था। दूसरी तरफ दूसरे बाइक स्वामी ने भी पुलिस से बाइक बरामद करने की मांग की है।

### सनशाइन स्कूल के समर कैंप में बच्चों ने लिया हिस्सा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** सनशाइन पब्लिक स्कूल में चार दिवसीय समर कैंप का समापन हो गया। इसमें छात्रों ने प्रतिभा का प्रदर्शन करने के साथ मनोरंजन भी किया। इसमें खो खो, वॉलीबाल, स्कैटिंग, स्वीमिंग, मार्शल, घुड़सवारी, बैडमिंटन, जंपिंग जैक, कुकिंग विदाउट फायर, आर्ट एडं क्राफट, मेहंदी, चैस-कैरम आदि खेल हुए। इसमें स्कूल प्रबंधक डॉ. सुभाष चौहान, डॉ. सीमा सिंह, शैली चौहान, प्रधानाचार्य उमेश डालाकोटी ने छात्रों को जीवन में खेल, योग एवं संगीत के महत्व को समझाया।

### ऑफिस में युवती से छेड़छाड़, एक पर रिपोर्ट दर्ज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** थाना कटघर के दस सराय चौकी क्षेत्र निवासी युवती ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 16 मई से उसने नागफनी के बारादरी कबावो वाली गली में स्थित प्राइवेट कंपनी में जॉब शुरू की। पीड़िता के अनुसार नौकरी शुरू करने के अगले ही दिन जावेद मलिक ने उसका हाथ पकड़ कर गलत हरकतें की। पीड़िता ने नाराजगी व्यक्त की, लेकिन आरोपी नहीं माना। पीड़िता का आरोप है कि 22 मई को शाम 5 बजे जावेद मलिक ने उसे बुरी नीयत से पकड़ लिया। पीड़िता ने शोर मचाया तो ऊपर रहने वाली महिला ने आकर उसे बचाया। जिसके बाद पीड़िता ने थाने में तहरीर दी। थानाध्यक्ष नागफनी चमन सिंह ने बताया कि पर जावेद मलिक पर रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कराई जा रही है।

# अपने ही वार्ड में विकास कार्य करा रहे चेयरमैन

संवाददाता, कांठ



एसडीएम को ज्ञापन देते नगर पंचायत के सभासद। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** नगर पंचायत बोर्ड की बैठक में सभी 17 वार्डों में विकास कार्यों के प्रस्ताव पारित किए गए थे। पंचायत के 17 वार्डों में से 16 वार्डों के सभासदों ने नगर पंचायत अध्यक्ष पर केवल अपने वार्ड में ही विकास कार्य कराने के आरोप लगाए हैं। इस संबंध में चेयरमैन के दोहरे बर्ताव को लेकर सभासदों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की है।

बता दें कि नगर पंचायत कांठ की प्रथम बोर्ड की बैठक 22 जून 2023 को हुई थी। बैठक में 17 वार्डों में समान रूप से विकास के प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किए गए थे। मंगलवार को 17 सभासदों में से 16 सभासद एकत्र होकर एसडीएम के कार्यालय पहुंचे और एसडीएम को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में सभासदों ने आरोप लगाएं हैं कि नगर पंचायत अध्यक्ष इकबाल आलम वार्ड नंबर 13 में निवास करते हैं और वह अपने वार्ड में ही विकास कार्य करा रहे हैं। वार्ड 13 के सभासद वसीम अहमद ने भी ज्ञापन में हस्ताक्षर कर इसे दोहरा रवैया बताया। 16 वार्डों के सभासदों ने एसडीएम को दिए ज्ञापन में बोर्ड की बैठक में प्रस्ताव के अनुसार सभी वार्डों में समान रूप से मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं उचित कार्रवाई की मांग की है। एसडीएम विनय कुमार सिंह ने जांच उपरांत उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। ज्ञापन में चमन सिंह, रुखसाना, मोहम्मद इलियास अंसारी, सोनम कौर, प्रियंका सैनी, मनोज कुमार, जमीला खातून, नदीम अहमद, रिहाना परवीन, पिंकी सैनी, मंजू आदि सभासदों के हस्ताक्षर मौजूद हैं।

● 16 सभासदों ने चेयरमैन पर आरोप लगाकर एसडीएम से की शिकायत

# सरकारी अस्पताल के बाहर दुकान में रखे कबाड़ में लगी आग

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** सरकारी अस्पताल के बाहर बनी एक दुकान में भरे कबाड़ में आग लग गई। आग लगने की सूचना अस्पताल कर्मचारियों ने अग्निशमन विभाग को दी। अग्निशमन विभाग टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

मंगलवार दोपहर तीन बजे सरकारी अस्पताल के बाहर बनी दुकानों में से एक में आग लग गई। सूचना पर पहुंची अग्निशमन दल की टीम ने आग पर काबू पाया। बताया जाता है कि दो-तीन वर्ष से लावारिस पड़ी दुकान में मानसिक मंदित महिला रहती है और कबाड़ इस दुकान में भरती रहती है। सोमवार रात महिला दुकान में खाना बना रही थी। इसी दौरान वहां आग लग गई थी। रात्रि 11 बजे आसपास के लोगों ने दुकान में आग लगने की सूचना अग्निशमन विभाग को दी थी। जिसे बुझा दिया गया था। दमकल टीम के शिवकुमार ने बताया कि सोमवार रात को आग को बुझाया गया था। लेकिन कपड़ा अधिक होने के कारण आग फिर से भड़क गई। जिस पर मंगलवार को टीम ने मौके पर पहुंचकर दोपहर तीन बजे आग पर काबू पाया।

### पालिका की टीम ने श्मशान में की सफाई

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर में श्मशान में फैली गंदगी से लोगों को हो रही परेशानी को देखते हुए पालिका ने अभियान चलाकर सफाई की। गौरतलब है कि श्मशान में लंबे समय से सफाई न होने के कारण लंबी घास उग आई थी। जिससे अंतिम संस्कार के लिए आने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी ललित कुमार आर्य के निर्देश पर पालिका कर्मचारियों ने श्मशान की साफ सफाई की।

# पालिका ने पहले से बनी गली का निकाला टेंडर, शिकायत

संवाददाता, ठाकुरद्वारा



इसी गली को जर्जर दिखाकर पालिका ने निकाला टेंडर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** वार्ड 11 में शकीरा वारसी के मकान से जफर अली, सिद्धि के मकान से तस्लीम के मकान तक जो गली पहले से सही बनी हुई है। नगर पालिका ने इसके निर्माण की निविदा सूचना जारी की दी है। जबकि नगर की दर्जनों सड़कों और गलियों की हालत वास्तव में जर्जर है। पालिका अध्यक्ष पद के पूर्व भाजपा प्रत्याशी व युवा मोर्चा के पूर्व मंडल अध्यक्ष पवन पुष्पद ने एसडीएम को शिकायती पत्र दिया है।

मंगलवार को पवन पुष्पद ने एसडीएम को दिए शिकायती पत्र में कहा कि वार्ड 11 की गली की स्थिति बेहतर है। इसके बावजूद भी 18 मार्च को निविदा सूचना जारी हुई थी। जिसमें वार्ड 11 में सही सड़क के निर्माण के लिए 2,74,680 रुपये की लागत से निर्माण प्रस्तावित है। जबकि नगर में कई वार्डों में सड़कों की हालत जर्जर है। लेकिन उनकी अनदेखी की जा रही है। पवन पुष्पद ने मामले में जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

# चाकू व दो तमंचों के साथ आरोपी गिरफ्तार

**कांठ, अमृत विचार :** थाना पुलिस के उप निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह व कुलदीप कुमार ने ग्राम गोपालपुर चौराहे के निकट से वाजिद पुत्र सिराजुद्दीन उम्र 24 वर्ष निवासी मोहल्ला घोसीपुरा को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है।

वहीं, उपनिरीक्षक विपिन कुमार ने हेड कांस्टेबल सुबोध कुमार के साथ ऊमरी-कांठ रोड से लाडलाबाद की ओर जाने वाले मार्ग से इरशाद पुत्र निसार निवासी मोहल्ला पटेगंज थाना कांठ उम्र 25 वर्ष को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं थाना पुलिस के उपनिरीक्षक रविन्द्र कुमार ने आकाश के साथ कान्हा गोशाला के निकट करूला नदी के पुल से सूरज पुत्र धनीराम निवासी जयओम नगर थाना कोतवाली अमरोहा देहात को तमंचे और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े सभी आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय भेज दिया है।

# महिलाओं ने छजलैट के युवक पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● सोशल मीडिया पर वीडियो डालकर पुलिस से शिकायत की

**अमृत विचार:** बिजनौर के स्योहारा थाना क्षेत्र निवासी दो महिलाओं ने छजलैट थाना क्षेत्र निवासी एक युवक पर छेड़छाड़ और मारपीट का आरोप लगाया है। इसकी शिकायत सिविल लाइंस थाने में की गई है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक वीडियो डाल कर पुलिस से शिकायत की गई।

पुलिस को दी तहरीर में दोनों महिलाओं ने बताया कि वह रामगंगा विहार स्थित निजी अस्पताल पर दवाई लेने आईं थी। आरोप लगाया कि वहीं छजलैट थाना क्षेत्र निवासी युवक ने अश्लील टिप्पणी की। महिलाओं ने यह भी आरोप लगाया कि विरोध करने पर मारपीट की गई। हालांकि जिस तरह से वीडियो डाली गई उससे तय है कि पूरी घटना को योजनाबद्ध तरीके से अंजाम दिया गया है। इसकी बाकायदा वीडियो भी बनवाई गई। शिकायत के बाद सिविल लाइंस पुलिस ने जांच की तो प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हुआ। पुलिस की प्रारंभिक जांच में पता चला कि जिस युवक पर आरोप लगाया गया है, वह मेडिकल स्टोर चलाता है। महिलाओं ने ही उसे बुलाया था। महिलाओं के साथ एक व्यक्ति भी था, उसने भी युवक के साथ मारपीट की है। थाना सिविल लाइंस प्रभारी निरीक्षक आरपी शर्मा ने बताया कि पूरे मामले की गहनता से जांच की जा रही है। जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कार्रवाई होगी।

# 17 महिलाओं का किया नसबन्दी ऑपरेशन

**कांठ, अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला नसबंदी शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में 17 महिलाओं के नसबंदी ऑपरेशन किए गए।

मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला नसबंदी शिविर में 20 महिलाओं के नसबंदी के लिए रजिस्ट्रेशन कराए गए थे। चिकित्सा अधिक्षक डॉ. राजीव कुमार की उपस्थिति में 17 महिलाओं के नसबंदी ऑपरेशन किए गए। महिलाओं को नसबंदी के बाद पोषक तत्वों का सेवन करने एवं घर में स्वच्छता रखने के लिए प्रेरित किया। ऑपरेशन के बाद महिलाओं को उनके आवास पर एंबुलेंस से छोड़ा गया। इस मौके पर चिकित्सा अधिक्षक डॉ. राजीव कुमार सिंह, डॉ. रविन्द्र कुमार, चीफ फार्मासिस्ट भगवान सिंह, आयशा, यशीर, विवेक कुमार, डॉ. मुक्ति, विवेक कुमार, सना, रजनी, आनंद का सहयोग रहा।

# नीलगायों का झुंड फसलों को पहुंचा रहा भारी नुकसान

संवाददाता, कांठ/छजलैट

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के कई गांवों के किसान नीलगायों से परेशान हैं। नीलगायों के झुंड खेतों में फसलों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। क्षेत्र के किसानों ने वन विभाग से नीलगायों को पकड़वाने की मांग की है।

तहसील क्षेत्र व आसपास के गांवों में नीलगायों के झुंड खेतों में खड़ी फसलों में भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। जब नीलगायों के झुंड खेतों से निकलते हैं तो फसल को गिरा देते हैं और जो फसल बच जाती है उसे खाकर खत्म कर देते हैं। मोहल्ला पट्टीवाला निवासी सचिन कुमार ने बताया कि उसका खेत झीलों की तरफ पड़ता है। मंगलवार को वहां 25 गायों के झुंड देखा गया। नीलगायों का झुंड गन्ने की और अन्य फसलों को बर्बाद कर रहा है। जिन व्यक्तियों ने गन्ने के अतिरिक्त चरी, बाजरा बोया है उसको भी बर्बाद किया जा रहा है। मल्हपुर नजराना निवासी वीरेंद्र सिंह का कहना है कि नीलगायें खेतों में खड़ी फसलों को खराब कर रही हैं। पहले तो छुट्टा पशुओं ने किसानों का नुकसान किया। उनसे निजात मिलने के बाद अब नीलगायें फसलें बर्बाद कर रही हैं। यहीं नहीं हाईवे पर नीलगायें हादसों का भी सबब बन रही हैं। कई हादसों में लोगों की जान भी जा चुकी है। क्षेत्र के किसानों ने वन विभाग से नीलगायों को पकड़वाने की मांग की है। शिकायत करने वालों में धर्मवीर सिंह, राजवीर सिंह, सचिन कुमार, कुलदीप कुमार, अबरार हुसैन, जाहिद, छोटे सिंह, महिपाल सिंह, मणिराज सिंह, बल देव, राधेश्याम रहे।

# पाकबड़ा में सीएल गुप्ता निर्यात फर्म और कोठी पर आयकर छापेमारी

संवाददाता, पाकबड़ा



सीएल गुप्ता फर्म के लिए कच्चा माल तैयार करने वाले निसार अहमद का घर, जहां टीम ने छापेमारी की। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र में मंगलवार की सुबह अलग-अलग दो स्थानों पर आयकर विभाग की छापेमारी से हड़कंप मच गया। सीएल गुप्ता फर्म और कोठी में छापेमारी की कार्रवाई देर रात तक जारी रही। दोनों जगह पर छापेमारी के लिए इनकम टैक्स की टीम पहले थाने पहुंची। यहां से फोर्स लेकर दोनों स्थानों पर कार्रवाई की। सुबह से लेकर देर रात तक छापेमारी की कार्रवाई जारी रही। न कोई अंदर आ सकता था न कोई बाहर जा सकता था।

मंगलवार की सुबह तड़के पांच बजे आयकर विभाग की टीम ने दस्तक दे दी। फोर्स चुनाव में होने के कारण ज्यादा नहीं मिल पाई। लेकिन, फिर भी टीमों को दोनों जगह पर पहुंचाया गया। टीम के पहुंचते ही जो जिस स्थिति में था वह वैसे ही रह गया। सभी के मोबाइल जब्त कर लिए गए। टीम ने अपनी कार्रवाई शुरू कर दी। आयकर विभाग की टीम में पहले से ही निश्चित था कि कौनसी टीम कहां जाएगी। कितने लोग कहां जाने हैं। इसको लेकर सभी जगह एक समय में ही छापेमारी की गई। पहले ग्रोथ सेंटर क्षेत्र के अंदर बनी सीएल गुप्ता फर्म में टीम पहुंची। उसी के साथ-साथ दूसरी जगह नया मुरादाबाद स्थित सेक्टर पांच में बने निसार अहमद के घर पर भी छापेमारी की। सुबह 5:30 बजे टीम निसार अहमद के घर पहुंची। घर में सो रहे निसार अहमद की पत्नी, बेटा एवं बेटे की पत्नी को जगाया गया। निसार अहमद सोमवार से ही फर्म स्वामी प्रभाकर गुप्ता के साथ कहीं बाहर गए हुए हैं।

सभी में हड़कंप मच गया। साथ में थाना पुलिस ने बताया कि इनकम टैक्स की रेड पड़ी है। सभी लोगों के मोबाइल जब्त कर लिए गए। घर में सात लोगों की टीम पहुंची। जिसमें डिप्टी कमिश्नर सौरभ प्रताप सिंह, चार इंस्पेक्टर एवं दो महिलाएं शामिल हैं। इनकम टैक्स की सूचना पाकर निसार अहमद के करीबी एडवोकेट घर पहुंचे। जैसे ही वह अंदर घुसे टीम ने उनका मोबाइल छीन लिया। लेकिन, वह किसी तरह बाहर निकल आए। घर को पूरी तरह से बंद कर लिया गया। अब न तो कोई अंदर जा सकता था ना आ सकता था। बताया जा रहा है कि निसार अहमद लाकड़ी फाजलपुर रोड पर बने सिलेक्ट हॉस्पिटल के मालिक हैं। उसी के बराबर में उनकी एक फर्म है। उस फर्म में सीएल गुप्ता का कच्चा माल तैयार होता है। जिसकी वजह से निसार अहमद के यहां भी छापेमारी की गई है।

**बंद कर दिए गए थे सभी के मोबाइल:** निर्यात फर्म सीएल गुप्ता ग्रुप के सभी ठिकानों पर मंगलवार की सुबह आयकर विभाग की टीमों ने छापेमारी की। सभी ठिकानों पर कार्रवाई के दौरान आयकर की टीम ने जो जहां था, उसे वहीं रोक दिया गया। टीम ने न तो किसी को कहीं जाने दिया। टीम ने सीएल गुप्ता के मालिकों और उसने जुड़े स्टाफ के मोबाइल भी बंद करा दिए। जिसके चलते उन लोगों से कोई संपर्क भी नहीं हो सका।

### सीएल को दो बार मिल चुका है टॉप हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्ट अवॉर्ड

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सीएल गुप्ता कंपनी को दो बार देश में टॉप हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्ट का अवार्ड मिल चुका है। फैक्ट्री का सालाना एक्सपोर्ट करीब 1000 करोड़ रुपए का है। कंपनी के स्कूल, अस्पताल और दूसरे कारोबार भी हैं। सीएल गुप्ता एक्सपोर्ट फर्म मुरादाबाद में सबसे बड़े निर्यातकों में शामिल है।

### पुलिस को शुरू में लगा फर्जी है आयकर विभाग की टीम

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** आयकर विभाग की टीम जैसे ही पहुंची पुलिस को लगा कि कोई फर्जी इनकम टैक्स की टीम है। उसके बाद पुलिस को अपने बारे में बताया गया। पुलिस ने अपने अधिकारियों को बताया। वहां से एसपी देहात एवं एसएसपी ने दिल्ली फोन कर जानकारी की। तब पता चला की टीम फर्जी नहीं है। उसी के बाद दोनों टीमों ने दोनों जगह छापेमारी शुरू की।

## एक नजर



कोर्ट रोड स्थित दुर्गा मंदिर पर शरबत वितरित करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### शरबत पिलाकर बुझाई राहगीरों की प्यास

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** ज्येष्ठ माह के प्रथम बड़े मंगलवार के उपलक्ष्य में प्राचीन दुर्गा मंदिर कोर्ट रोड पर परी फाउंडेशन ट्रस्ट के कार्यकर्ताओं ने शरबत का वितरण किया। ट्रस्ट के सदस्यों ने राहगीरों को शरबत पिलाकर भीषण गर्मी में लोगों प्यास बुझाई। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बताया कि हमारे ट्रस्ट का मुख्य उद्देश्य पशु, पक्षी, पर्यावरण एवं समाज की सेवा करना है। इसी क्रम में शरबत वितरण किया गया। इस मौके पर राजीव हरी, हरिओम गुप्ता, परीश सक्सेना, जयदेव यादव, विकास गुप्ता, हितेंद्र यादव, अंकित चौहान, राम गुप्ता, जितेंद्र सिंह, मयंक गुप्ता, अजय सैनी, शोभित गुप्ता, आरती शर्मा, वनीता, संज्ञा विशिष्ट, सुनीता सैनी उपस्थित रहे।

### ईवीएम की सुरक्षा में न हो लापरवाही

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने मण्डी समिति में बने स्ट्रांग रूम और सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम का मंगलवार को निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। कहा कि ईवीएम की सुरक्षा में कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। कंट्रोल रूम में परिसर में लगे कैमरों से हो रही निगरानी को भी देखा। जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने कहा कि इंटरनेट व्यवस्था सुचारू रहनी चाहिए।

### अहिल्याबाई की जयंती पर सफाई कराने की मांग

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग के प्रदेश सचिव राजेश पाल एडवोकेट ने जिलाधिकारी को पत्र देकर 31 मई को अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर लाइनपार प्रकाश नगर चौराहे के सौंदर्यीकरण व सफाई कराने की मांग की है। उनका कहना है कि 31 मई को इस चौराहे पर उनकी जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। भविष्य में अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा लगवाई जाए। इसके लिए समाज के लोग आभारी रहेंगे और उनके विचारों को अपनाने की प्रेरणा मिलेगी।

# महिला को झांसा देकर की सात लाख रुपये की ठगी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● एसएसपी के आदेश पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** शातिर साइबर ठग ने महिला को झांसा देकर उससे सात लाख रुपये की ठगी कर डाली। बेटी की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर साइबर सेल की मदद से जांच शुरू कर दी है।

थाना मझोला क्षेत्र की नेता कालोनी निवासी खुशबू पुत्री लखपत सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके मोबाइल पर एक अनजान नंबर से वाट्सएप कॉल आई। वाट्सएप कॉल तीन अलग-अलग नबंरों से आई थी। कॉल करने वाले ने पीड़िता की मां को अपना परिचय बताया और झांसे में ले लिया। बाद में उनसे कहा कि मेरा एक्सीडेंट हो गया है, इलाज के लिए कुछ पैसे भिजवा दो, मैं आकर वापस कर दूंगा। आरोपी ने पीड़िता की मां से यह भी कहा कि तुम्हारी बेटियों की शादी भी करवा दूंगा। झांसे में लेकर आरोपी ने सबसे पहले राजीव नाम के व्यक्ति के अकाउंट में 50 हजार रुपये ट्रांसफर करा लिए। इसके बाद अलग-अलग समय पर कभी 20 हजार, कभी 10 हजार रुपये ट्रांसफर कराए। पीड़िता के अनुसार दिसंबर 2023 से फरवरी तक आरोपी ने सात लाख रुपये अलग-अलग खातों में ट्रांसफर करा लिए। जब पीड़िता ने बाद में उन नंबरों पर कॉल किया तो वे लोग नंबर बंद कर लिए। जिसके बाद पीड़िता को ठगी का अहसास हुआ। इसकी शिकायत साइबर सेल में की, लेकिन कोई रकम वापस नहीं हुई। बाद में एसएसपी से गुहार लगाई। जहां से कार्रवाई के आदेश हुए। सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर ने बताया कि शिकायत के आधार पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। साइबर सेल की मदद से जांच कराई जा रही है।

## दस सराय पुलिस चौकी से कोहिनूर तिराहे तक चला अभियान, अधिकारियों ने अतिक्रमणकारियों को दी चेतावनी

# विरोध व नोकझोंक के बीच निगम की टीम ने हटवाया अतिक्रमण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● निगम की टीम ने फुटपाथ पर रखा सामान भी जब्त किया



दस सराय पुलिस चौकी के पास अतिक्रमण को ध्वस्त करती नगर निगम की जेसीबी।

**अमृत विचार :** नगर निगम की टीम ने विरोध व नोकझोंक के बीच मंगलवार को दस सराय पुलिस चौकी से कोहिनूर तिराहे तक अतिक्रमण अभियान चलाया। टीम ने दुकानों व मकानों के आगे बने चबूतरे, नाले पर लगे लोहे के जाल, दुकानों के आगे निकले छज्जे को जेसीबी से ध्वस्त कराया। व्यापारियों व लोगों ने कई जगह टीम का विरोध कर नोकझोंक की। अधिकारियों ने विरोध को दरकिनार कर जेसीबी से अवैध कब्जा ध्वस्त कराया।

अपर नगर आयुक्त अजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम प्रवर्तन दल के साथ जेसीबी लेकर दस सराय पुलिस चौकी पहुंची। यहां से सड़क के दोनों ओर पटरियों पर किए अतिक्रमण, दुकानों के आगे बने चबूतरे, नाले पर लगे लोहे के जाल को जेसीबी से तोड़कर हटाया। टीम यहां से कोहिनूर तिराहे तक सड़क की दोनों पटरियों, नाले पर किए अतिक्रमण को जेसीबी से ध्वस्त करते हुए आगे बढ़ रही थी। लेकिन, कई जगह दुकानदार और भवन स्वामी पहले से नोटिस न देने और भेदभाव का आरोप लगाकर टीम से उलझ गए। टीम ने कहा कि नोटिस देने के साथ ही रोस्टर जारी कर उसे सार्वजनिक किया गया था। स्वयं से अतिक्रमण हटाने का पूरा अवसर दिया गया था। इसके बाद भी जिन्होंने अतिक्रमण नहीं हटाया तब टीम यह कार्रवाई कर रही है।

फुटपाथ पर रखे सामान को भी टीम ने जब्त कर लिया। चेतावनी दी कि फिर से अतिक्रमण न करें अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। टीम में उप नगर आयुक्त राजकिशोर प्रसाद, सहायक अभियंता रईस अहमद, कर निर्धारण अधिकारी प्रमोद कुमार, प्रभारी प्रवर्तन दल एसके शाही व उनकी टीम के अलावा राजस्व विभाग के क्षेत्रीय निरीक्षक व कर्मचारी आदि मौके पर उपस्थित रहे।

### पाइपलाइन व एलईडी लाइट की मरम्मत कराई

जलकल अनुभाग की टीम ने वार्ड 9, 10, 17, 18, 20, 27, 36, 66, 69 में पेयजल की पाइप में लीकेज को ठीक कराया। जबकि वार्ड 12, 16, 29 में पानी न आने की शिकायत भी दूर कराई। वहीं पथ प्रकाश अनुभाग की टीम ने वार्ड 2, 3, 7, 11, 12, 18, 21, 22, 25, 26, 28, 36, 39, 55, 57, 61 और 66 में खराब 205 एलईडी लाइटों की मरम्मत कराई। इसके साथ ही लाइन फाल्ट को भी ठीक कराया।

### जलनिकासी के लिए नालों की सफाई कराई

नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुनील कुमार दोहरे के निर्देश पर स्वास्थ्य अनुभाग की टीम ने लाकड़ी फाजलपुर, नागफनी, चक्कर की मिलक, लोधीपुर, हरथला, बंगला गांव, दिल्ली रोड गागन तिराहा क्षेत्र में जेसीबी व छोटी पोकलेन मशीन से नाले की तलीझाड़ सफाई कराई।

# भीषण गर्मी से जनजीवन बेपटरी, अधिकतम तापमान 43.5 डिग्री

## न दिन को चैन, न रात में सुकून, लू के थपेड़ों ने लोगों को किया बेहाल, 1-2 जून को छिटपुट बूंदाबांदी की संभावना जता रहे मौसम वैज्ञानिक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



गर्मी से निजात पाने के लिए अगवानपुर स्थित स्विमिंग पूल में नहाते युवा व बच्चे। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** भीषण गर्मी से जनजीवन बेपटरी है। सुबह से ही सूरज मानो आग उगल रहा है। दोपहर में लू के थपेड़ों से लोग झुलसे। मंगलवार को अधिकतम तापमान 43.5 डिग्री रहा। 31 मई तक अभी राहत नहीं मिलने वाली है। मौसम वैज्ञानिक का अनुमान है कि 1-2 जून को छिटपुट बारिश हो सकती है।

सोमवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस था। मंगलवार को यह 43.5 डिग्री रहा। गर्मी से लोग सुबह से ही बेचैन हो रहे हैं। दोपहर में सूरज मानो आग उगल रहा है। धूप और लू के चलते दिन में सड़कों पर आवाजाही कम रही। सार्वजनिक प्याऊ की स्थिति ठीक न होने से लोगों ने बोतलबंद पानी का सहारा लिया। आपदा प्रबंध प्राधिकरण और स्वास्थ्य विभाग की ओर से लू और गर्मी को लेकर अलर्ट जारी है। जिला अस्पताल के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. रामकिशोर का कहना है कि गर्मी और लू से बचने की जरूरत है। इन दिनों उल्टी दस्त, बेचैनी, पेट में दर्द और रक्तचाप बढ़ने की समस्या लेकर मरीज अधिक आ रहे हैं। हृदयरोगी रक्तचाप जांच कराकर चिकित्सक की परामर्श से दवा नियमित लेते रहें। गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर मौसम वैज्ञानिक आरके सिंह ने बताया कि मंगलवार को अधिकतम तापमान 43.5 और न्यूनतम 31 डिग्री सेल्सियस रहा। आर्द्रता 34 प्रतिशत रही। 11.5 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से हवा चली। 31 मई तक मौसम शुष्क रहेगा। 1-2 जून को कहीं छिटपुट बूंदाबांदी हो सकती है। पहाड़ी क्षेत्रों में बारिश होने पर मैदानी क्षेत्रों में भी ठंडी हवा जून में चलेगी।

**गर्मी व लू लगने के लक्षण:** जिला अस्पताल के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. रामकिशोर ने बताया कि मांसपेशियों में अकड़न, अधिक पसीना आना, तेज सिरदर्द, मितली या उल्टी होना, गर्मी में निर्जलीकरण से बेहोशी आना गर्मी व लू लगने के लक्षण हैं।

जिला आपदा प्रबंध प्राधिकरण की ओर से लू से बचाव के लिए जारी किया गया हेल्पलाइन नंबर
- एंबुलेंस 108
- पुलिस 112

राहत आयुक्त कार्यालय टोल फ्री नंबर 1070
जिला इमरजेंसी आपरेशन सेंटर मुरादाबाद कंट्रोल रूम का नंबर–0537–2412728 व 9454416867



धूप से बचकर कुछ इस तरह जातीं युवतियां। ● अमृत विचार

### बचाव के उपाय

- पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थ का सेवन करें।
- ठंडी व छायादार जगह पर रहें।
- हल्के रंग के ढीले व आरामदायक कपड़े पहनें।
- धूप में बहुत जरूरी होने पर ही निकलें, सिर ढककर बाहर जाएं।
- अपने साथ पानी की बोतल अवश्य रखें।
- अधिक तेल, मसाला, मिर्च व तीखे चीजों को खाने से बचें।
- धूप और तेज गर्म हवा जैसे लू के संपर्क में सीधे आने से बचें।

### गर्मी में ई-संजीवनी से ऑनलाइन इलाज करा रहे मरीज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** भीषण गर्मी में तमाम लोगों की सेहत खराब हो रही है। वहीं, दूसरी तरफ अस्पताल में चिकित्सकों को दिखाने के लिए घर से नहीं निकल पाने की मरीजों की मजबूरी में ऑनलाइन ओपीडी उनके लिए बड़ी राहत बनी है। प्रदेश में संचालित ई–संजीवनी के अंतर्गत लोग बड़ी संख्या में ऑनलाइन चिकित्सकीय परामर्श प्राप्त कर रहे है। भीषण गर्मी का मौजूदा दौर शुरू होते ही ई–संजीवनी के अंतर्गत पोर्टल पर पंजीकरण कराकर ऑनलाइन चिकित्सकीय परामर्श प्राप्त करने वाले मरीजों की संख्या 10 फीसदी तक बढ़ने की बात सामने आई है। मुरादाबाद जिले में ई–संजीवनी के अंतर्गत पोर्टल के माध्यम से मरीजों को ऑनलाइन इलाज दे रहे डॉ. अमरेंद्र सिंह ने बताया कि किसी कारण गर्मी में नहीं निकल पाने की बेबसी को महसूस कर रहे बुजुर्ग व अन्य मरीज घर बैठे ई–संजीवनी पर अपना पंजीकरण कराकर ऑनलाइन परामर्श प्राप्त कर रहे हैं। ई–संजीवनी पोर्टल पर पंजीकरण के बाद मरीज वीडियो कॉल के माध्यम से अपना हालचाल बता रहे हैं। प्रदेश के सभी जनपदों में ई–संजीवनी पोर्टल के अंतर्गत मरीजों को ऑनलाइन परामर्श की सुविधा प्राप्त हो रही है। उन्होंने बताया कि पंजीकरण कराने वाले सभी मरीजों का हाल मालूम करने के लिए वीडियो कॉल की जा रही है। मरीजों की हालत का पता चलने के बाद पोर्टल पर ही उन्हें दवाएं लिखी जा रही हैं। पिछले 15 दिनों में तपिश बढ़ने के चलते ई संजीवनी पोर्टल का इस्तेमाल करके घर बैठे चिकित्सकीय परामर्श ऑनलाइन और मुफ्त प्राप्त करने वाले मरीजों की संख्या 20 फीसदी बढ़ गया है।

### क्षय रोग के मरीजों के लिए बाधा बन रही शुगर

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** क्षय रोग से पीड़ित कई मरीजों के इलाज की जंग में शुगर यानी डायबिटीज की बीमारी बाधा के रूप में सामने आ रही है। जनपद के सरकारी अस्पतालों में क्षय रोग के इलाज के लिए पंजीकृत मरीजों में चौथाई मरीज डायबिटीज से पीड़ित मिले हैं। जिला अस्पताल के चेस्ट फिजीशियन डॉ. प्रवीण शाह ने बताया कि टीबी के मरीजों के शुगर से भी पीड़ित होने की बात इतने गंभीर रूप में पहली बार देखने में आई है। डॉ. प्रवीण शाह का कहना है कि टीबी की पुष्टि वाले जिन मरीजों में शुगर का स्तर काफी बढ़ा हुआ मिला है, उनके ठीक होने की रफ्तार टीबी के अन्य मरीजों की तुलना में घटती दिखाई दे रही है। इतना ही नहीं शुगर बढ़ी होने के चलते टीबी के इलाज के दौरान मरीजों की सेहत में आने वाली दिक्कतों का दायरा भी अब काफी बढ़ गया है।



ट्रेन में चेकिंग करते रेल अधिकारी।

### बिना टिकट यात्रा करते पकड़े गए 89 यात्री

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** ट्रेनों में टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। डीआरएम और सीनियर डीसीएम के निर्देश पर चेकिंग अभियान चलाया। मंगलवार को मुरादाबाद के एसीएम (टू) आशीष गुलाटी के नेतृत्व में चेकिंग टीम ने कई ट्रेनों को खंगाला। एसीएम और टिकट चेकिंग स्टाफ ने जम्मू से आ रही सियालदाह, दिल्ली जा रही अवध आसाम एक्सप्रेस को खंगाला। जांच में 89 यात्रियों को पकड़ा। जिनसे 68,800 रुपये बतौर जुर्माना वसूला।

# बच्चों ने सौतेली मां से की मारपीट पति समेत सात के खिलाफ रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- लाकर दिया ब्लेड, कहा : गर्दन काटकर हमारी जिंदगी से चली जाओ
- ससुराल वालों ने दवा खिलाकर कराया गर्भपात
- पीड़िता की 2009 में हुई थी आरोपी से दूसरी शादी

**अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में महिला के सौतेले बच्चों ने मारपीट की और ब्लेड देकर बोले गर्दन काटकर हमारी जिंदगी से चली जाओ। इतना ही नहीं ससुरालियों ने महिला को दवा खिलाकर उसका गर्भपात करा दिया। पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत सात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के पीटीसी गेट फ्लैट नंबर पांच निवासी सपना ग्रोवर ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 2009 को उसकी शादी नीरज ग्रोवर के साथ हुई थी। महिला की यह दूसरी शादी थी, जबकि नीरज ग्रोवर की तीसरी शादी थी। नीरज की पहली पत्नी से दो बच्चे तस्वी (21) व काव्य ग्रोवर (17) हैं। महिला का आरोप है कि एक दिन पहले दोनों बच्चों ने उसके साथ मारपीट की। जब महिला ने इसकी शिकायत अपने सास-ससुर से की तो उन्होंने उसके ऊपर ही गुस्सा किया। बाद में पति नीरज और बच्चों ने महिला के साथ दोबारा मारपीट की। इतना ही नहीं बच्चों ने महिला को ब्लेड लाकर दिया और कहा कि गर्दन काटकर मर जाओ। हमारी जिंदगी से चली जाओ। महिला का आरोप है कि दोनों बच्चे आए दिन उससे कहते हैं कि छत से कूदकर मर जाओ और हमारी जान छोड़ो। उसने यह भी आरोप लगाया कि कुछ समय पहले वह गर्भवती हुई तो उसकी ननद अलका चावला, शोभा नारंग और दोनों ननदोई राकेश चावला व संजय नारंग ने उसे दवा खिला दी, जिससे उसका गर्भ गिर गया। सभी बोले कि अगर तुझे रहना है तो, हम तेरे बच्चे नहीं होने देंगे। तीन दिन पहले भी ननद व ननदोइयों ने उसके साथ मारपीट की। पीड़ित महिला की शिकायत पर पुलिस ने पति नीरज ग्रोवर, उसकी बेटी तस्वी, बेटा काव्य, ननद शोभा नारंग, अलका चावला, ननदोई राकेश चावला व संजय नारंग के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जमीन विवाद में मारपीट सात पर मामला दर्ज

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** गलशहीद थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुछ लोगों ने जमीनी विवाद के चलते घर में घुसकर मारपीट कर डाली। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना गलशहीद क्षेत्र के असालतपुरा गुलशन नगर निवासी जीशान ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि बीते रविवार की रात रहीस, हसीब, कुद्दूस, शाहनवाज व फैसल उसके घर में घुस आए और सभी ने घर में बना छप्पर तोड़ दिया। विरोध करने पर सभी ने लाठी-डंडो से मारपीट की। शोर मचने पर आसपास के लोग भी आ गए। इस बीच सभी आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित जीशान की तहरीर पर पुलिस ने रहीस, हसीब, कुद्दूस, शाहनवाज, फैसल, हैदर व अमीर हातिम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# गोदाम में मिला गेहूं का भंडार सील

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



गोदाम सील कराते जिला खाद्य विपणन अधिकारी, स्थानीय पुलिस व राजस्व टीम।

**अमृत विचार:** गेहूं का अवैध भंडारण और संचरण रोकने के लिए मंगलवार देर शाम खाद्य विभाग की टीम ने छापेमारी की। अक्का डिलारी में एक आढ़ती के गोदाम में गेहूं लदा ट्राला व अंदर भंडारित किया गया गेहूं मिला। लेकिन, मौके से आढ़ती का भाई फरार हो गया। बाद में पुलिस व राजस्व टीम के पहुंचने पर गोदाम को सील किया गया।

जिला खाद्य विभाग की टीम क्षेत्र में गेहूं के अवैध भंडारण की सूचना पर निकली थी। टीम को अक्का डिलारी में रहीम ट्रेडर्स की आढ़त पर ट्राले में लदा गेहूं और अंदर रखा गेहूं मिला। आढ़ती का भाई टीम को देखकर मौके से भाग निकला। सूचना पर जिला खाद्य विपणन अधिकारी राजेश्वर प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने आढ़ती से बात किया तो उसने बताया कि वह हास्पिटल में है। भाई को भेजने की बात कही। लेकिन, काफी इंतजार के बाद भी कोई नहीं आया। जिसके बाद जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने दलपतपुर पुलिस और राजस्व विभाग की टीम को फोन कर बुलाया। दलपतपुर चौकी इंचार्ज अनंद पाल सिंह व सदर तहसील के नायब तहसीलदार शिव प्रकाश सरोज मौके पर पहुंचे। इसके बाद टीम ने गोदाम को सील कर दिया। जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि ट्राले में 250 क्विंटल गेहूं लदा था, जबकि अंदर और गेहूं भंडारित किया गया है। गोदाम को सील करा दिया गया है। इसकी जानकारी विभाग के उच्चाधिकारियों व अपर जिलाधिकारी प्रशासन को दिया है। जैसा निर्देश मिलेगा उसके अनुरूप कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान विपणन निरीक्षक विपिन श्रीवास्तव, राघवेंद्र सिंह आदि भी मौजूद रहे।

## जिला कृषि प्रदर्शनी

### गणेश वंदना से शुरू हुआ कार्यक्रम, राधा–कृष्ण के स्वरूप में सजे कलाकारों की प्रस्तुति का लोगों ने लिया आनंद

# कान्हा बरसाने में आए जइयो... की प्रस्तुति पर दर्शक मंत्रमुग्ध



ब्रज की रासलीला कार्यक्रम में नृत्य प्रस्तुत करती कलाकार। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद




जिगर मंच पर कृष्ण राधा नृत्य प्रस्तुत करते कलाकार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिला कृषि प्रदर्शनी "अनुगूंज" में ब्रज की रास लीला का एडीएम वित्त एवं राजस्व सत्यम मिश्र, परियोजना निदेशक सतीश प्रसाद मिश्र, जिला कृषि अधिकारी, प्रभारी सचिव ऋृषा तिवारी, प्रदर्शनी प्रभारी राहुल शर्मा ने मंच पर दीप प्रज्वलित आरंभ किया। वृंदावन से आए ब्रज सांस्कृतिक लोक नृत्य कला मंच के आचार्य रामकृष्ण के नेतृत्व में कलाकारों ने गणेश वंदना से कार्यक्रम शुरू किया।

मंगलवार को जिला कृषि विकास औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी के जिगर मंच पर वृंदावन से आए कलाकारों ने ब्रज की रासलीला का प्रस्तुत की। जिसमें राधा-कृष्ण के स्वरूप में सजे कलाकारों ने कला का प्रदर्शन किया। ब्रज सांस्कृतिक लोक नृत्य कला मंच के आचार्य रामकृष्ण के सानिध्य में कलाकारों ने प्रस्तुति दी। गणेश वंदना के बाद ब्रज वंदना की प्रस्तुति सामूहिक स्वर में कृष्ण के स्वरूप में ब्रजमोहन शर्मा और राधा बनी दीपा कुमारी व गोपी शिवानी ठाकुर, मेघा शर्मा व डोली ने दी। इसके उपरांत ब्रज के लोकगीत व लोक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। जिसमें कृष्ण बने ब्रजमोहन शर्मा और ब्रज की गोपी बनी शिवानी ठाकुर व मेघा शर्मा ने नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं, लोकगीत जमुना किनारे मेरो गांव सांवरे आ जइयो प्रस्तुत किया। इसके बाद लोकगीत और बांके बिहारी कजरारे कजरारे पर नृत्य किया। लोकगीत कान्हा बरसाने में आए जइयो बुलाई गई राधा प्यारी पर कलाकारों ने प्रस्तुति दी। इसके बाद दीपक नृत्य प्रस्तुत किया। जिसमें नरेश बृजवासी की कला पर वहां बैठे दर्शक होने तालियां की बौछार की। वहीं सामूहिक रूप से कलाकारों ने मयूर नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं, इंडिया नृत्य महारास में ब्रज के सभी कलाकारों की उपस्थिति रही। चरुकुला नृत्य में चौधरी सुखवीर वृंदावन में प्रस्तुति दी। दान लीला कार्यक्रम हास्य कलाकार हरिओम बाबा ने प्रस्तुत किया। अंत में मंच पर मथुरा वृंदावन की लठमार होली प्रस्तुत की गई। इसमें सभी कलाकारों ने फूलों की होली का प्रदर्शन किया।

# दबंगों ने घर में घुसकर युवक और उसकी मां को पीटा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार:** रास्ते में खड़ी बाइक को हटाने के लिए युवक ने कहा तो दबंगों ने उसके साथ मारपीट कर डाली। इतना ही नहीं आरोपियों ने युवक की मां के साथ भी मारपीट की। पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना मझोला क्षेत्र के नयागांव आंबेडकरनगर भोला नगरी निवासी चंद्रशेखर ने बताया कि बीते रविवार की रात लगभग नौ बजे उनका छोटा भाई दीपक काम से घर लौट रहा था। रास्ते में पड़ोस में रहने वाला परमजीत और कपिल की बाइक खड़ी थी। दीपक ने दोनों से बाइक रास्ते से हटाने को कहा तो दोनों गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने दीपक के साथ मारपीट कर दी। जिसके बाद दीपक भाग कर किसी तरह घर आया। आरोप है कि दोनों ने घर में घुसकर दीपक को बेरहमी से पीटा। शोर सुनकर मां सावित्री आई तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। बाद में जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। घायल दीपक और उसकी मां को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। थाना मझोला के प्रभारी निरीक्षक केके वर्मा ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर आरोपी परमजीत और कपिल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएगा उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

# नेशनल हाईवे पर बने अवैध कटों पर हो रहे हादसे

## बृजघाट से रजबपुर और चौधरपुर तक 60 से अधिक अवैध कट, एनएचएआई के अधिकारी कर रहे समस्या की अनदेखी

संवाददाता अमरोहा/गजरौला

**अमृत विचार :** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों की उदासीनता के चलते नेशनल हाईवे-9 पर अवैध कट बंद नहीं किए गए हैं। इन कटों की वजह से हाईवे पर आए दिन हादसे होते रहते हैं। बुधवार और गुरुवार को भी बड़ा हादसा होने से बच गया था। अवैध कट से हाईवे पर घुसी कार की वजह से तीन वाहन आपस में टकराए गए थे। इस हादसे में सात लोग घायल हुए थे।

बृजघाट से रजबपुर तक नेशनल हाईवे पर 60 से अधिक अवैध कट हैं। शॉर्टकट के प्रयास में वाहन चालक इन कटों से निकलते हैं। अवैध कटों से निकलने वाले वाहन नेशनल हाईवे पर तेज गति से दौड़ रहे वाहनों के सामने आ जाते हैं। ऐसे में वाहन अनियंत्रित हो जाते हैं और हादसा हो जाता है। रजबपुर से लेकर चौधरपुर तक भी अनेक अवैध कट हैं। लोगों ने अपनी मनमर्जी से अवैध कट खोल लिए हैं, जो हादसे को दावत दे रहे हैं। कई बार इन्हीं अवैध कटों की वजह से लोगों की जान चली जाती है। जिलाधिकारी व एनएचएआई के अधिकारी इन कटों को बंद कराने का दावा करते हैं, लेकिन अभी तक ये कट खुले हुए हैं। इनकी वजह से सैकड़ों हादसे हो चुके हैं। बुधवार को नैनीताल से दिल्ली जा रही कार हादसे का शिकार हो गई थी। इसमें सात लोग घायल हो गए थे। गनीमत रही थी कि बड़ा हादसा होने से बच गया था। एसडीएम चंद्रकांता ने बताया कि एनएचएआई से बात कर सभी अवैध कटों को जल्द बंद कराया जाएगा।



गजरौला स्थित नेशनल हाईवे पर बने अवैध कटों से गुजरते वाहन।



अवैध कट से रोड पार करती कार।



मिट्टी डालकर बनाया गया अवैध कट। ● अमृत विचार

### होटल संचालकों ने मिट्टी डालकर बनाए हैं अवैध कट

नेशनल हाईवे पर गजरौला में फूड हब है। 70 से अधिक होटल व रेस्टोरेंट हैं। हाईवे के चौड़ीकरण के बावजूद अधिकतर होटलों के सामने डिवाइडर बन गए हैं। इससे कम ग्राहक आने से होटल मालिकों की आय में कमी आई है। ऐसे में संचालकों ने अपने होटल के सामने हाईवे पर मिट्टी डालकर अवैध कट बना लिए हैं। उन अवैध काटों की वजह से भी हाईवे पर हादसे होते हैं।

### अवैध कटों की वजह से कई लोगों की हो चुकी है मौत

दिल्ली-मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर बने अवैध कटों की वजह से कई लोगों की मौत हो चुकी है। लेकिन अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। आठ मई को बृजघाट गंगा स्नान करने जा रही विमला की शहबाजपुर डोर के पास कार की टक्कर से मौत हुई थी। सात मई को डबल डेकर बस डिवाइडर से टकराई थी। इसमें चार वर्षीय बालक की मौत हुई थी और मां समेत 10 लोग घायल हुए थे। पांच मई को नेशनल हाईवे पर कार की टक्कर से ई-रिक्शा सवार एक युवक की मौत हुई थी।

> अवैध कटों को बंद कराने के लिए निर्देश दिए गए हैं। सड़क सुरक्षा समीति की बैठक में भी अधिकारियों को चेतावनी दी गई थी। लेकिन अगर कटों को बंद नहीं कराया जाता है तो संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण लिया जाएगा।
>
> **- राजेश कुमार त्यागी,**
> जिलाधिकारी

## एक नजर

### सरकारी बोली तक नहीं पहुंचे ठेकेदार, ठेका रुका

**सैदनगली,अमृत विचार :** हजरत शेख दाऊद बंदगी के उर्स के ठेके की सरकारी बोली तक कोई ठेकेदार नहीं पहुंच सका। इस कारण उर्स का ठेका नहीं हो पाया। अब पांच जून को पुनः उर्स का ठेका छोड़ा जाएगा। कस्बा उझारी में हजरत शेख दाऊद बंदगी की दरगाह है। जहां हर वर्ष उर्स मेले का आयोजन किया जाता है। मंगलवार को दरगाह में उर्स का ठेका होना था। तीन ठेकेदारों ने जमानत राशि जमा की। बोली प्रक्रिया प्रारंभ हुई और सरकारी बोली 58 लाख एक हजार से शुरू गई। इस बोली सुनकर ठेकेदारों के होश उड़ गए। इस दौरान अध्यक्ष मोहम्मद ताहिर उर्फ हकीम चमन, सचिव इफ्तार उल हसन, हाजी बब्बन हुसैन, मोहम्मद आदिल, हाजी कल्लन, मोहम्मद आमिर, शबाहत हुसैन, अबसार अहमद, आफताब अहमद आदि रहे।

### मांग पूरी नहीं होने पर महिला को तीन तलाक

**गजरौला, अमृत विचार :** दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल वालों ने महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया। इसके बाद पति ने मायके पहुंचकर तीन तलाक दे दिया। इस मामले में पुलिस ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। शहर के मोहल्ला सुल्तान नगर निवासी युवती का निकाह 2022 में मुरादाबाद जनपद के मैनाठेर थाना क्षेत्र के गांव मलकपुर फतेहपुर निवासी फहीम के साथ हुआ था। आरोप है कि आठ मई को ससुराल वालों ने दहेज की मांग की। पति फहीम ने तीन तलाक दे दिया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर आरोपी पति फहीम, ससुर शरीफ, सास शाहजहां, देवर नदीम व ननद शना के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### महिला को पीटकर घर से निकाला, रिपोर्ट दर्ज

**गजरौला, अमृत विचार :** गांव सलेमपुर गोंसाई निवासी नीतू देवी की शादी 11 वर्ष पहले बिजनौर जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र के कमालपुर निवासी डालचंद के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ माह बाद ही ससुराल वालों ने महिला को दहेज के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया था। ससुराल वालों ने 23 मई को मारपीट कर घर से निकाल दिया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने एसपी के आदेश पर नीतू के पति डालचंद, ननद अनीता व जेठ दयाराम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रहरा में करंट की चपेट में आने से किसान झुलसा

**हसनपुर, अमृत विचार:** हाईटेंशन लाइन का जर्जर तार टूटकर गिरने से किसान करंट की चपेट में आकर झुलस गया। इससे बिजली विभाग के खिलाफ ग्रामीणों ने नाराजगी जताई है।

गांव रहरा निवासी रविंदर उर्फ पप्पू के खेत के ऊपर से हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। मंगलवार को इस लाइन का तार टूटकर गिर गया। इससे रविंद्र उर्फ पप्पू को करंट लग गया। रविंद्र का शरीर जगह-जगह से झुलस गया। ग्रामीणों ने उसे निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। ग्रामीणों ने बताया कि हाईटेंशन लाइन के तार ज्यादा जर्जर हैं। इस लाइन के तारों के टूटने के कारण अब तक दो मौतें भी हो चुकी हैं। बिजली विभाग से कई बार जर्जर तारों को बदलवाने की मांग की गई है। लेकिन बिजली कर्मी तार बदलने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि बिजली घर में शिकायत करने के लिए जाते हैं तो उन्हें एक्सईएन, एसडीओ व जेई नहीं मिलते हैं। बिजली कर्मी ने जबरदस्ती जर्जर तारों को ही जोड़ देते हैं। पत्र पर अंकित, संजीव त्यागी, मुकेश शर्मा, सुधीर, महेंद्र सिंह, राकेश, गोलू, विभव कुमार, शमशाद अली आदि के हस्ताक्षर हैं।

# डीसीएम में घुसी बाइक राजमिस्त्री की गई जान

संवाददाता, हसनपुर

- नगर में अमरोहा मार्ग पर पेट्रोल पंप के पास हुआ हादसा

**अमृत विचार:** नगर में अमरोहा मार्ग स्थित पेट्रोल पंप के पास खराब खड़ी डीसीएम में देर रात पीछे से बाइक सवार राजमिस्त्री घुस गया। इससे उसकी मौत हो गई।



सोमवार देर रात गांव रामपुर भूड़ निवासी रोबिन पुत्र राजवीर गांव रझौंहा निवासी दोस्त के यहां से दावत खाकर बाइक से अपने घर जा रहा था। जैसे ही उसकी बाइक अमरोहा मार्ग स्थित पेट्रोल पंप के निकट पहुंची तो डीसीएम में उसकी बाइक घुस गई। इससे बाइक सवार रोबिन की मौत हो गई। बताया कि डीसीएम का टायर फटने के कारण शाम से वह सड़क किनारे ही खड़ी थी। कोतवाली पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस डीसीएम व बाइक को कब्जे में लेकर कोतवाली ले आई। मृतक रोबिन राजमिस्त्री था। वह चार बहन भाइयों में सबसे छोटा था। उसके पिता राजवीर की एक वर्ष पूर्व करंट लगने से मौत हो गई थी। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह का कहना है कि सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई है। मृतक के परिजनों की तहरीर एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### जोया में ओवरब्रिज से गिरकर मजदूर की मौत

**अमरोहा, अमृत विचार:** अमरोहा देहात क्षेत्र में ओवरब्रिज से गिरकर मजदूर की मौत हो गई। पुलिस ने उसकी पहचान आधार कार्ड से की है।

मंगलवार सुबह अमरोहा जोया रोड स्थित ओवरब्रिज से मजदूर गिर गया। सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए निकले लोगों ने ओवरब्रिज के नीचे शव पड़ा देखा, तो इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने उसकी जेब से मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान अमन खान के रूप में की। जांच में पता चला कि अमन का परिवार नौगांव सादात थाना क्षेत्र के गांव बीलना में रहता है। परिजनों को सूचना देकर पुलिस ने पोस्टमार्टम घर पर बुला लिया। पुलिस का कहना है कि अमन बाहर नौकरी करता था। सोमवार रात जोया में किसी वाहन से उतारकर नौगांव सादात जा रहा था। जोया रोड स्थित ओवरब्रिज से अमन नीचे गिर गया।

# जाम में फंसे वाहन सवार भीषण गर्मी में हुए तरबतर

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार:** नगर में हर मार्ग पर जाम के हालात बने रहते हैं। इससे राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस समय सबसे ज्यादा जाम इंदिरा चौक एवं वर्मा मार्केट में लग रहा है। लोगों का पैदल निकलना तक मुश्किल हो रहा है। कई व्यापार संगठनों के पदाधिकारी जाम की समस्या का निस्तारण करने की मांग करते हैं। लेकिन जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं देते।

नगर के आंबेडकर पार्क से लेकर मुख्य बाजार तक कई स्थानों पर नगरवासियों को जाम का सामना करना पड़ता है। आंबेडकर पार्क के पास भारतीय स्टेट बैंक सहित कई अन्य बैंकों की शाखाएं स्थित हैं, कई बैंक मुख्य मार्ग पर होने के कारण वाहन यहां बेतरतीब खड़े हो जाते हैं। इससे घंटों मार्ग पर जाम लगा रहता है।



हसनपुर नगर के मुख्य बाजार में जाम में फंसे वाहन सवार। ● अमृत विचार

मंगलवार दोपहर कई वाहन सड़क के किनारे आड़े तिरछे खड़े होने से बाजार में जाम लग गया। भीषण गर्मी में आधा घंटे तक जाम लगा होने से लोगों को परेशानी हुई। एसडीएम भगत सिंह का कहना है कि जाम की समस्या के लिए होमगार्ड के जवानों को लगाया गया है। अगर सड़क किनारे वाहन खड़े मिलते हैं, उनका चालान किया जाएगा।

### भीषण गर्मी में सड़कों पर पसरा रहा सन्नाटा

**रहरा, अमृत विचार :** चिलचिलाती धूप से लोग व पशु, पक्षी सभी बेहाल हैं। सुबह 8 बजे से ही सूरज आग उगलने लगता है। उसके बाद गर्म हवा के थपेड़े कसर पूरी कर दे रहे हैं। गर्मी की वजह से दोपहर को सड़कों पर सन्नाटा पसर जाता है। कम संख्या में लोग सड़क पर दिखाई देते हैं। गर्मी में लोगों को दिन एवं रात को काटना मुश्किल हो रहा है। तपिश व तेज धूप से घरों की छत पर रखी पानी टंकियों में पानी गर्म हो जाता है। मौसम विभाग की माने तो अगले तीन चार दिनों में गर्मी और तल्ख होगी। मजदूर से लेकर कारोबारी तक तीखी धूप व गर्म हवा का कहर झेल रहे हैं। गांव तक के बाजारों व सड़कों पर दोपहर में सन्नाटा पसर जा रहा है। सड़क पर वाहनों की रफ्तार भी धीमी पड़ जा रही है।



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते रविदास समिति के सदस्य। ● अमृत विचार

# जिले का नाम बदलने की मांग

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार:** संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज सेवा समिति के पदाधिकारियों ने एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपकर जनपद का नाम पुनः ज्योतिबा फुले नगर रखने की मांग की।

मंगलवार को नगर के विकासखंड परिसर स्थित उप जिलाधिकारी कार्यालय पर संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज सेवा समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य एकत्र हुए और अपर जिला अधिकारी न्यायक को संबोधित एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी भगत सिंह को सौंपा। कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले समाज सुधारक थे और पूर्व सरकार ने उनके नाम पर जनपद का नाम ज्योतिबा फुले नगर रखा था। ज्ञापन देने वालों में धर्मवीर, मनोज कुमार, शिव कुमार, फतेह सिंह, पूरन सिंह, ओंकार, पंकज, रणवीर सिंह, जगबीर सिंह, अंकुर, हरिओम, भोला, नितिन आदि मौजूद रहे।

### मदरसा के लापता दो छात्र दिल्ली में मिले

**गजरौला,अमृत विचार:** मदरसा शिक्षक के पुत्र समेत दो छात्र लापता हो गए। हालांकि देर शाम पुलिस ने दिल्ली से दोनों को पकड़ लिया।

नगर के मोहल्ला जलालनगर में तोफीक अहमद पुत्र रफीक किराए के मकान में रहता है और वह जलालनगर में ही स्थित मदरसा जामिया तुल इमान में बच्चों को पढ़ाता है। मदरसे में उसका 12 वर्षीय बेटा मुस्हब उर्फ हस्सान भी पढ़ता है। सोमवार दोपहर 12 बजे शिक्षक तोफीक का पुत्र हस्सान व हुजैफ पुत्र जब्बर मदरसे से कहीं चले गए। उसने दोनों को काफी तलाश किया, लेकिन दोनों बच्चों का कुछ सुराग कहीं कुछ पता नहीं चल सका। आसपास के लोगों से भी उनके बारे में जानकारी की। तोफीक ने थाने में तहरीर दी। देर शाम दोनों को पुलिस ने दिल्ली में पकड़ लिया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में तहरीर पर कार्रवाई की गई।

# बार के पदाधिकारियों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार:** तहसील बार एसोसिएशन के सभागार में जनरल हाउस की बैठक हुई। इसमें वक्ताओं ने कहा कि उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार तहसील के कार्यालयों एवं न्यायालयों में नए नियम स्थापित कर वादकारियों और अधिवक्ताओं को अनावश्यक रूप से परेशान कर रहे हैं। इस संबंध में बार एसोसिएशन ने उप जिलाधिकारी, तहसीलदार सुदीप तिवारी को तीन दिन में समस्याओं का निस्तारण का अल्टीमेटम दिया था। इसे लेकर उन्होंने प्रदर्शन किया।

बार एसोसिएशन ने तहसीलदार, नायब तहसीलदार व उपजिलाधिकारी के विरुद्ध न्यायालयों में कार्य बहिष्कार का निर्णय लिया। बार अध्यक्ष गंगासरन ने कहा कि एसडीएम, तहसीलदार वादकारियों को न्याय न देकर और किसानों का शोषण कर रहे हैं।



तहसील में प्रदर्शन करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

- तहसीलदार कार्यालय में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया

तहसीलदार कार्यालय में लिपिक भ्रष्टाचार से लिप्त है। बार महासचिव सुरमित कुमार गुप्ता एडवोकेट ने कहा कि तहसील के समस्त अधिकारी व लिपिक शासन के नियमों के विपरीत कार्य कर जनता का शोषण करते हैं। अधिवक्ताओं ने तहसीलदार के विरुद्ध कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। बैठक के अंत में सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन के सदस्य युसूफ अली एडवोकेट के पिता इलियास अहमद के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर शोक व्यक्त किया। बार अध्यक्ष गंगासरन एडवोकेट, बार महासचिव सुरमित कुमार गुप्त, एल्डर कमेटी के अध्यक्ष शिवचरन सिंह आदि रहे।

### चार दिन बाद भी नहीं बदला फुंका ट्रांसफार्मर

संवाददाता, बुरावली

**अमृत विचार :** बुरावली में चार दिन पहले फुंका ट्रांस्फार्मर अभी तक नहीं बदला गया। इससे क्षेत्र के लेग गर्मी में परेशान हैं। उनके सामने पेयजल समेत अन्य समस्याएं उत्पन्न हो गई हैं। विद्युत विभाग के अधिकारी बिजली व्यवस्था में सुधार करने में लापरवाही बरत रहे हैं।

गांव बुरावली में लाखन सिंह के घर के सामने विद्युत आपूर्ति के लिए ट्रांसफार्मर रखा गया था। शनिवार सुबह ट्रांसफार्मर फुंक गया। ग्रामीणों की सूचना के बावजूद भी फुंके ट्रांसफार्मर को नहीं बदला जा सका। इससे ग्रामीणों को रात अंधेरे में गुजारने पड़ रही है। भीषण गर्मी में लोग बाहर टहलकर समय बिता कर रहे हैं। तेज गर्मी में बिजली न होने से गांव के लोगों को पेयजल संकट से जूझना पड़ रहा है। बिना बिजली के घरेलू कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। पेयजल के लिए ग्रामीणों को हैंडपंपों पर जाकर पानी के लिए मशक्कत करनी पड़ रही है। विद्युत विभाग का 48 घंटे में फुंका ट्रांसफार्मर बदलवाने का दावा फेल होता नजर आ रहा है। चार दिन का समय बीत चुका है लेकिन विद्युत कर्मचारियों ने अभी तक ट्रांस्फार्मर नहीं बदलवाया है। शिकायत के बावजूद भी अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे है। कई दिन से बिजली न होने से ग्रामीण अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। भीषण गर्मी में छोटे बच्चों व बुजुर्गों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण गर्मी से बचने के लिए पेड़ों की छांव में बैठकर किसी तरह गुजारा कर रहे हैं। वहीं रात में मच्छरों की भिनभिनाहट ने लोगों की नींद छीन ली है। बिजली का खंभा टूटने से तीन गांवों की बिजली आपूर्ति बाधित है।

बिजली संकट | गांव अलीपुर खादर का मामला, लोगों का दावा- सिंचाई न होने से सूख रहीं फसलें

# बिजली आपूर्ति न मिलने पर भड़के ग्रामीण

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार:** भीषण गर्मी में विद्युत आपूर्ति न मिलने से ग्रामीण भड़क गए। उन्होंने नगर स्थित बिजली घर के बार प्रदर्शन किया। बिजली आपूर्ति में सुधार करने की मांग उठाई।

गांव अलीपुर खादर के लोग विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से न मिलने के विरोध में नगर के गजरौला मार्ग स्थित बिजली घर पर सोमवार देर रात्रि पहुंचे। विद्युत विभाग एवं अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी ग्रामीणों का कहना है कि गांव में सात-आठ घंटे भी विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से नहीं मिल रही। बार-बार बिजली कटौती की जा रही है। विद्युत आपूर्ति न मिलने के कारण बच्चे, बुजुर्ग इस भीषण गर्मी में परेशान हो रहे हैं। खेतों में फसलों की सिंचाई नहीं हो पा रही है। इससे फसलें सूख रही हैं। विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने उच्च अधिकारियों से प्रदर्शनकारी ग्रामीणों की मोबाइल से वार्ता कराई तो वे शांत हुए। उच्च अधिकारियों के आश्वासन पर ग्रामीण लौटगए। इस मौके पर धर्मेंद्र, भूपेंद्र, रवि कुमार, जीतू, मोनू, अंकित, टिंकू, जयपाल, रणवीर, योगवीर, हरस्वरूप, कल्याण, राहुल, आदि मौजूद रहे।



बिजलीघर के बाहर प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार



नगर में जलती स्ट्रीट लाइट।

### दिन में जल रहीं स्ट्रीट लाइटें, जिम्मेदार बेखबर

**हसनपुर, अमृत विचार :** पालिका के कर्मचारियों की लापरवाही के चलते नगर क्षेत्र में मुख्य मार्गों पर लगी स्ट्रीट लाइटें दिन में भी जल रही हैं। नगर में बिजली बचाव को लेकर कर्मचारी सक्रिय नहीं दिखाई दे रहे हैं। इससे नगर के मुख्य बाजार, गजरौला मार्ग, पालिका कार्यालय के निकट, राजपूत कॉलोनी अन्य प्रमुख मार्गों पर लगी स्ट्रीट लाइट जलती रहती हैं। अधिशासी अधिकारी प्रदीप नारायण दीक्षित ने बताया कि जल्द ही दिन में जलने वाली लाइटों की चेंकिग के लिए नगर में अभियान चलाया जाएगा। इससे बर्बाद हो रही बिजली पर अंकुश लग सके।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
● बी. फार्मा (4 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
● एम.एच.ए. (2 वर्षीय) ● एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
● बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलाजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
● एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
● मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
● मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
● बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

## एक नजर

### पशुशाला में बंधे दो पशु चोरी, दी तहरीर

संभल/रजपुरा अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र में चोरों ने पशुशाला में बंधी दो भैंस चोरी कर लीं। पीड़ित किसान ने पुलिस को तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के गांव सिंघौली कल्लू निवासी चंद्रपाल सोमवार को रात पशुओं को पशुशाला में बांधकर घर जाकर सो गया। रात में किसी वक्त चोर दो भैंस चोरी कर ले गए। मंगलवार को सुबह चंद्रपाल पशुशाला पहुंचा तो पशु नहीं थे। चंद्रपाल ने पुलिस को घटना की तहरीर दी। चोरी हुईं दो भैंस की कीमत करीब एक लाख रुपये बताई है।

### किशोरी के साथ दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

संभल/ओबरी, अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र में बीस दिन पहले बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाकर किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी हिमांशु मुहल्ला की ही रहने वाली किशोरी को 9 मई की सुबह पांच बहला-फुसलाकर ले गया था। किशोरी की दादी ने हिमांशु उसकी मां मीना देवी पत्नी जबर सिंह और चचेरे भाई अमन के खिलाफ 14 मई को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया था, लेकिन हिमांशु पुलिस की पकड़ में नहीं आ रहा था। किशोरी ने पुलिस पूछताछ में हिमांशु पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया। मंगलवार को हिमांशु थाना क्षेत्र के गांव ओबरी बस स्टैंड के पास खड़ा हुआ था। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने हिमांशु को गिरफ्तार कर लिया।

### चार दिन से कूड़ा नहीं उठने से लोगों में रोष

बबराला अमृत विचार : नगर के वार्ड नंबर 11 में पूर्व सभासद सुधीर शर्मा वाली गली में चार दिनों से कूड़ा उठान नहीं होने से मोहल्ले के लोगों में रोष है। लोगों ने बताया कि सफाई नायक सुभाष, प्रमोद और अधिशासी अधिकारी को सूचना देने के बावजूद भी कूड़ा नहीं उठा। कूड़ा- कचरा सड़क पर छितरा पड़ा रहा है। लोगों ने नगर पंचायत प्रशासन से सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है।

# जिला अस्पताल में दवा लेने आई युवती लापता

- भाभी ने युवती को काफी तलाश किया लेकिन उसका कोई पता नहीं चला

संवाददाता, संभल

अमृत विचार:सदर कोतवाली क्षेत्र में जिला अस्पताल से दवा लेने आई सरायतरीन निवासी युवती लाइन में लगकर पर्ची कटवाते समय अचानक लापता हो गई। साथ आई भाभी ने युवती को काफी तलाश किया लेकिन उसका कोई पता नहीं चला।

हयातनगर थाना क्षेत्र के मुहल्ला सरायतरीन निवासी इरफान की पुत्री असफीन 18 वर्ष मंगलवार को अपनी भाभी राबिया पत्नी सलीम और भतीजी व भतीजे के साथ जिला अस्पताल में डॉक्टर से दवा लेने आई थी। असफीन लाइन में लगकर पर्ची कटवाने लगी जबकि राबिया इमरजेंसी गेट के पास छत के नीचे खड़ी हो गई। काफी देर बाद तक जब असफीन पर्ची कटवाकर वापस नहीं लौटी तो राबिया महिलाओं की लाइन देखी तो यहां से असफीन गायब थी। परिजनों ने असफीन की तलाश की, लेकिन देर शाम तक असफीन का पता नहीं चला। कोतवाली प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## कार की टक्कर से ई रिक्शा चालक घायल

संभल, अमृत विचारः नखासा थाना क्षेत्र के गांव ठिलूपुरा निवासी चालक भूदेव मंगलवार की दोपहर चार बजे ई रिक्शा लेकर संभल हसनपुर मार्ग पर संभल की ओर आ रहा था।

भूदेव ई रिक्शा लेकर जैसे ही थाना क्षेत्र के गांव रिठाली के पास स्थित मंडलाई बाईपास के पास पहुंचा। सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी। जिससे भूदेव घायल हो गया और ई रिक्शा क्षतिग्रस्त हो गया। घायल को उपचार के लिए पास के ही निजी चिकित्सक के पास ले जाया गया। वहीं टक्कर मारने के बाद चालक कार लेकर फरार हो गया।

### सड़कों पर खूब फर्राटा भर रहे वाहन लेकिन नहीं जमा किया जा रहा टैक्स,कसेगा शिकंजा

# 2728 वाहनों पर 3.63 करोड़ का टैक्स बकाया

- परिवहन विभाग ने जुटाया रिकार्ड, वाहन स्वामियों को भेजे जा रहे नोटिस

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार :वाहनों को दौड़ाकर मुनाफा कमाने वाले वाहन स्वामी टैक्स जमा करने के मामले में कतई गंभीर नहीं हैं। जिस कारण 2728 यात्री एवं माल वाहनों पर 3.63 करोड़ रुपये से अधिक का टैक्स बकाया हो गया। यह ब्योरा तब सामने आया जबकि परिवहन विभाग ने रिकॉर्ड को खंगाला है। अब परिवहन विभाग की ओर से टैक्स वसूली के लिए शिकंजा कसने की तैयारी शुरू कर दी गई है।

परिवहन विभाग में पंजीकृत यात्री एवं माल वाहनों से नियमानुसार टैक्स वसूला जाता है। परिवहन विभाग को भी प्रत्येक महीने राजस्व वसूली को लेकर लक्ष्य मिलता है। इसी के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित करनी पड़ती है। संभल जिले में लोकसभा चुनाव को लेकर अप्रैल महीने की शुरुआत से ही तैयारी शुरू कर दी गई थी तो परिवहन विभाग को वाहनों की आवश्यकता भी पड़ी। ऐसे में अधिकारियों ने टैक्स वसूली के लिए दबाव बनाना भी ठीक नहीं समझा। 7 मई को मतदान होने के बाद कुछ दिन रिलेक्स किया गया। जिसके बाद अधिकारियों ने ऐसे वाहनों का रिकॉर्ड खंगाला, जो सड़कों पर तो फर्राटा भर रहे हैं लेकिन उनका टैक्स जमा नहीं किया जा रहा है। आंकड़े पर गौर किया जाए तो 1906 माल वाहन ऐसे हैं जिन पर 1 करोड़ 99 लाख रुपये का टैक्स बकाया है जबकि 822 यात्री वाहनों का 1 करोड़ 64 लाख रुपये का टैक्स जमा नहीं किया गया है। बकाया टैक्स की बड़ी रकम की वसूली के लिए अब परिवहन विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। जिसके तहत वाहन स्वामियों को नोटिस भेजकर समय दिया जा रहा है। निर्धारित अवधि में टैक्स जमा नहीं हुआ तो प्रवर्तन कार्रवाई और आरसी जारी करने का काम होगा।

> यात्री एवं माल वाहनों के मालिक टैक्स जमा नहीं कर रहे हैं। ऐसे वाहनों को चिन्हित किया गया है जिनका टैक्स जमा नहीं हो सका है। नोटिस भेजकर वाहन स्वामियों को समय दिया जा रहा है। इसके बाद प्रवर्तन में वाहन सीज और आरसी जारी करने की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।
> –डॉ.पीके सरोज, एआरटीओ प्रशासन

# सिरफिरे ने शिक्षिका का जीना किया दुश्वार, सुरक्षा को घर पर पुलिस तैनात

### आठ साल पहले युवक ने स्कूल में घुसकर की थी शिक्षिका से छेड़छाड़, भेजा गया था जेल

- अब शिक्षिका का पता चला तो तीन दिन पहले जा पहुंचा उसके घर,की छेड़छाड़

संवाददाता,बहजोई/संभल

अमृत विचारः सिरफिरे युवक ने परिषदीय विद्यालय में तैनात शिक्षिका का जीना दुश्वार कर दिया है। युवक पीछा करते हुए शिक्षिका के घर तक पहुंच गया। युवक ने शिक्षिका के साथ छेड़छाड़ की तो शिक्षिका दहशत में आ गई। एएसपी के आदेश पर युवक के खिलाफ मामला दर्ज करने के बाद शिक्षिका की सुरक्षा के लिए उसके घर पर पुलिस तैनात की गई है। युवक की धरपकड़ के प्रयास किये जा रहे हैं।

जनपद संभल में बहजोई के एक मोहल्ला निवासी शिक्षिका बहजोई विकासखंड के एक गांव के परिषदीय विद्यालय में तैनात है। जिस गांव में शिक्षिका पढ़ाती है वहां का युवक तीन दिन पहले पीछा करते हुए शिक्षिका के घर पर पहुंच गया। युवक ने घर में घुसकर शिक्षिका के साथ छेड़छाड़ की। तीन दिन पहले की घटना को लेकर शिक्षिका ने कोई शिकायत नहीं की। लेकिन एक बार फिर सोमवार को सिरफिरा युवक बाजार से घर वापस लौट रही शिक्षिका के पीछे लग गया। युवक दौड़ता हुआ शिक्षिका के पास पहुंचा और छेड़छाड़ करने लगा। शिक्षिका दौड़कर अपने घर के पास पहुंची तो युवक भी वहां पहुंच गया।

शिक्षिका के चीखने चिल्लाने पर आसपास के लोग एकत्रित हो गए तो युवक मौका पाकर फरार हो गया। युवक की हरकत से दहशत में आई शिक्षिका ने अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा को सारी बात बताई। एएसपी ने बहजोई पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बहजोई पुलिस ने युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। हालांकि युवक अभी तक फरार बना हुआ है।

> पीड़ित शिक्षिका ने युवक द्वारा पीछा करने तथा छेड़छाड़ करने की तहरीर दी थी। जिसके आधार पर युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। युवक की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किये जा रहे हैं। शीघ्र की आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जाएगा।
> – दीपक कुमार तिवारी, सीओ, बहजोई

### पुलिस की तैनाती से शिक्षिका ने ली राहत की सांस

बहजोई,अमृत विचार : अपर पुलिस अधीक्षक को दिये शिकायती पत्र में शिक्षिका ने सिरफिरे युवक से अपनी जान का खतरा बताया। वहीं कभी भी हमला करने की आशंका जाहिर की। इसी चलते एएसपी के निर्देश पर शिक्षिका के घर पर सशस्त्र पुलिस कर्मी को सुरक्षा के लिए तैनात किया गया है। जो 24 घंटे शिक्षिका की सुरक्षा में तैनात रहेगा तथा निगरानी भी करेगा कि युवक फिर से शिक्षा के साथ कोई घटना न कर दे। पुलिसकर्मी तैनात रहने से शिक्षिका ने राहत की सांस ली है।

### 8 वर्ष बाद फिर शिक्षिका का पीछा करना शुरू किया

बहजोई, अमृत विचार : वर्ष 2016 में शिक्षिका बहजोई विकासखंड के परिषदीय विद्यालय में तैनात थी। इसी गांव का रहने वाले इस युवक ने तब भी शिक्षा के साथ अभद्रता की थी। तब भी शिक्षिका ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में उस समय युवक को जेल भी भेजा गया था। 8 साल के बाद फिर से युवक ने शिक्षिका का पीछा करना शुरू कर दिया और उसके साथ छेड़छाड़ की।

## मंदिर से लौट रहे युवकों की कार में तोड़फोड़

बहजोई, अमृत विचारःमहादेव मंदिर से कार में सवार होकर लौट रहे युवकों की कार रोककर कुछ युवकों ने कार में जमकर तोड़फोड़ की। कार स्वामी ने तमंचे के बल पर सोने की चेन व नकदी लूट जाने का भी आरोप लगाया है।

बहजोई के इस्लामनगर रोड निवासी तनुज अपने साथियों के साथ गांव सादात बाड़ी महादेव मंदिर से अपनी कार में सवार होकर घर वापस लौट रहा था। रात्रि 11 के लगभग बहजोई बबराला मार्ग स्थित एक होटल के निकट पहले से सड़क पर खड़े कुछ युवकों तमंचा दिखाते हुए कार रोक ली। आरोप है कि कार पर हमला करते हुए चारों तरफ के शीशे तोड़ दिए। यह घटना देख मौके पर नागरिकों की भीड़ एकत्रित हो गई। भीड़ एकत्रित होते देख हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घटना के बाद दर्जनों नागरिक कार्रवाई को लेकर बहजोई कोतवाली पहुंच गए। कोतवाल सत्येंद्र पवार ने कार्रवाई का आश्वासन देते हुए उन्हें शांत किया। कोतवाल सत्येंद्र पंवार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## सार-संक्षेप



हनुमान जी को अर्पित किया गया छप्पन भोग का प्रसाद। ● अमृत विचार

### ज्येष्ठ माह के प्रथम मंगलवार को बजरंगबली की स्तुति की

बबराला, अमृत विचार : ज्येष्ठ माह के प्रथम मंगलवार को नगर में भक्त बजरंगबली की स्तुति में लीन रहे। सुबह मंदिरों में साफ- सफाई और सजावट के बाद धार्मिक अनुष्ठान किया गया। सामाजिक लोगों ने मुख्य बाजार रेलवे रोड में शीतल जल की प्याऊ लगाई। ठंडे शरबत को बांटकर प्रचंड गर्मी में राहगीरों को राहत पहुंचाने का काम किया। नगर के लाइन पार स्थित हनुमानगढ़ी मंदिर में मंगलवार को सुबह से भक्तों का तांता लगा रहा। भक्तों ने बजरंगबली की विधि विधान से पूजा अर्चना की और हनुमान चालीसा का पाठ किया। हनुमान गढ़ी मंदिर के महंत दयाल गिरि ने बताया कि ज्येष्ठ माह को बजरंगबली को समर्पित पुण्य का माह कहा जाता है। इस महीने पवनतनय की विशेष पूजा होती है। इस बार ज्येष्ठ माह में चार मंगलवार पड़ रहे हैं। ज्येष्ठ माह में पड़ने वाले सभी मंगल बड़ा मंगल या बुढ़वा मंगल कहलाते हैं। ज्येष्ठ माह में बड़े मंगल पर विधि विधान से बजरंग बली की पूजा अर्चना करने से साधकों को कष्ट और बाधा से मुक्ति मिलती है।

### एएनएम के आवास में चोरी के अहम सुराग मिले

संभल/रजपुरा, अमृत विचार :रजपुरा थाना क्षेत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रजपुरा के आवासीय परिसर में एएनएम के आवास में चोरी के मामले में पुलिस के हाथ अहम सुराग लगे है। पुलिस चोरी का जल्द ही खुलासा कर सकती है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में एएनएम के आवास में 17 मई को सुबह करीब 10 बजे चोरी की वारदात सामने आई थी। चोर चार लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवर और 60 हजार की नकदी ले गए थे। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी खंगाली थी। पुलिस ने गहनता से जांच पड़ताल की कई सुराग हाथ लगे। जिनके आधार पर पुलिस चोरी की वारदात का खुलासा जल्द करने की बात कह रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि चोरी के मामले में अहम सुराग हाथ लगे हैं। जल्द ही चोरी का खुलासा किया जाएगा।



महायज्ञ के समापन पर जयकारे लगाते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### पूर्णाहुति के साथ नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ का समापन

बबराला, अमृत विचार :अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से गांव नूरपुर में चल रहे नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा का तीसरे दिन पूर्णाहुति के साथ समापन हो गया। ग्रामीणों ने दक्षिणा में बुराईयां अर्पित कीं। मातृशक्ति और देव कन्याओं ने दीप प्रज्वलित किए। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति के कारण यज्ञ कई पालियों में कराया गया। यज्ञोपवीत और दीक्षा संस्कार हुए। गो, गंगा, गायत्री, गीता यह भारत की शान पुनीता के जयघोष गूंजते रहे। गायत्री शक्तिपीठ बबराला के साधक नरेंद्र राघव ने कहा कि मनुष्यता पाने के लिए श्रेष्ठ ज्ञान अर्जित कर संस्कारवान बनें। भूपेंद्र यादव ने कहा कि गृहस्थ एक तपोवन है जो चार आश्रमों से श्रेष्ठतम है। पूजन के बाद गायत्री शक्तिपीठ टोली के साधकों ने गीत संगीत के साथ यज्ञीय कर्मकांड और वातावरण संशोधन और जन कल्याण के लिए आहुतियां समर्पित कराईं। आयोजन समिति के योगेश यादव ने विद्वत टोली के सदस्यों को तिलक लगाकर विदा किया। आयोजन में नरेंद्र वार्ष्णेय, कुसुम शर्मा, नरेंद्र राघव, राकेश गुप्ता, रतन सिंह, अतुल वार्ष्णेय और विजयपाल आदि का योगदान रहा।

### भगवान शंकर व माता पार्वती के विवाह का वृत्तांत सुनाया

मनोटा, अमृत विचार : असमोली विकासखंड क्षेत्र के गांव गौहर नगर में कथा वाचक स्वामी विजय स्वरूप ने भगवान श्रीराम कथा में भगवान शंकर व माता पार्वती के विवाह का वृत्तांत सुनाया। कहा कि जब तक हमारी कामनाएं भस्म नहीं होगी तब तक हमें भगवान प्राप्ति नहीं होगी। कथा वाचक स्वामी विजय स्वरूप ने कहा कि भगवान शंकर और माता पार्वती के विवाह से हमको यह शिक्षा मिलती है कि जब हम अपने जीवन में तपस्या करते हैं तब हमको परमात्मा की प्राप्ति होती है। पार्वती ने भगवान शंकर को पाने के लिए कठोर तप किया। तब माता पार्वती को भगवान शंकर की प्राप्ति हुई थी। कहा कि शिवजी से जो प्रेम करते हैं वही राम कथा के अधिकारी हैं और उन्हीं को भगवान राम की प्राप्ति होती है। जब तक हमारी कामनाएं भस्म नहीं होगी। तब तक हमें भगवान राम की प्राप्ति नहीं होगी।

### छुट्टा पशु के हमले में युवक घायल

संभल/कैला देवी। कैला देवी थाना क्षेत्र के ढाटी गांव में खेत की रखवाली कर रहे युवक पर छुट्टा पशु ने हमला कर दिया। पशु के हमले में युवक बुरी तरह घायल हो गया। ढाटी गांव निवासी 25 वर्षीय राहुल मंगलवार को खेत पर फसल की रखवाली कर रहा था तभी वहां एक छुट्टा पशु आ गया। राहुल ने उसे भगाने का प्रयास किया लेकिन पशु ने राहुल पर हमला कर दिया। राहुल ने मदद के लिए शोर मचाया तो आसपास खेतों पर मौजूद किसानों ने राहुल को छुड़ाया। पशु के हमले में राहुल बुरी तरह घायल हो गया। ग्रामीणों ने घटना के खिलाफ प्रदर्शन कर छुट्टा पशुओं से निजात की मांग उठाई।

### पत्नी को भरण पोषण न देने पर संपत्ति होगी कुर्क, नोटिस चस्पा

,संभल,अमृत विचार :परिवार न्यायालय के आदेश के बावजूद पत्नी को भरण पोषण न देने पर पति की संपत्ति कुर्क करने की प्रक्रिया शुरु की गई है। राजस्व विभाग की टीम ने पति के घर पर कुर्की का नोटिस चस्पा कर दिया है। बसला गांव निवासी सतीश के खिलाफ उसकी पत्नी पूनम ने अदालत में भरण पोषण का वाद दायर किया था। अदालत ने 66 हजार रुपये भरण पोषण पूनम को अदा करने का आदेश सतीश को दिया था। अदालत के आदेश के बाद भी रकम अदा नहीं की तो अदालत ने सतीश के विरुद्ध रिकवरी वारंट जारी किया।

# आसमान से बरस रही आग ने लोगों को तपाया, 44 डिग्री पर पहुंचा पारा

- मंगलवार को 44 डिग्री पर पहुंचा पारा, पंखे और कूलर भी ठंडक नहीं पहुंचा सके,मचा हाहाकार
- सुबह से ही बहने लगा पसीना, घरों में कैद हुए लोग, जरूरत पड़ने पर ही घर से निकले

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार :भीषण गर्मी से निजात नहीं मिल रही है। संभल में मंगलवार को भी पारा 44 डिग्री सेल्सियस पहुंचा तो हाहाकार मच गया। तेज धूप ने लोगों को तपाया। इस दौरान पंखे और कूलर भी ठंडक नहीं पहुंचा सके।

मंगलवार को भी सुबह से ही गर्मी ने तीखे तेवर दिखाने शुरू कर दिए थे। नहाने के तुरंत बाद पसीना आया तो लोग बेहाल हो गए। बाइक सवारों ने झुलसाने वाली धूप से बचने के लिए चेहरे को कपड़े से ढका और आंखों पर चश्मा लगाया, फिर भी खास राहत नहीं मिल पाई। मुख्य मार्गों और बाजारों में आवाजाही नाम मात्र की रही। व्यापारी हाथ पर हाथ धरे बैठे नजर आए। शहर एवं देहात क्षेत्र में युवाओं और किशोरों ने स्वीमिंग पूल में नहाकर राहत पाने का प्रयास किया। शाम को साढ़े पांच बजे तक तेज धूप के कारण बाजारों और मुख्य मार्गों पर रौनक का माहौल नहीं बन सका।



चन्दौसी में चिलचिलाती धूप में मुंह पर कपड़ा बांध कर जाती स्कूटी सवार महिला।

### भीषण गर्मी में बेहाल हुआ जनजीवन

चन्दौसी, अमृत विचार : मंगलवार को तापमान 44 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया है। सुबह से ही सूर्यदेव आग उगलने लगे। सवेरे आठ बजे के बाद से ही धूप में इस कदर तेजी थी कि घर से निकलना दुश्वार हो गया। घर से बाहर निकले लोगों का पसीना रुकने का नाम नहीं ले रहा था। जब गला भी सूखने लगा तो लोग शीतल पेयजल पीकर गला तर करते दिखे। गन्ने के जूस के ठेलों पर भीड़ देखी गई। ग्रामीण अंचलों में ट्यूबवेलों पर बच्चे नहा कर गर्मी से राहत पाते नजर आए। दिन ढलने पर लोग घर से बाहर निकले और सड़कों पर चहल पहल नजर आयी।

## हाईटेंशन लाइन में फाल्ट से मुख्य बाजार की बिजली गुल

संभल, अमृत विचार :संभल में मुख्य बाजार के मार्ग पर हाईटेंशन लाइन में फाल्ट हो गया। यह फाल्ट पेड़ की बड़ी शाखा के बिजली की लाइन से टकराने पर हुआ। जिसके बाद बाजार की बिजली भी बाधित हो गई। पेड़ की छंटाई कराने के बाद बिजली आपूर्ति सुचारू की जा सकी।

शंकर कॉलेज चौराहा से पुरानी तहसील होते हुए मुख्य बाजार की तरफ रास्ते पर मंगलवार को सुबह पेड़ की बड़ी शाखा हाईटेंशन लाइन से टकरा गई। जिससे लाइन में तेज आवाज के साथ फाल्ट हुआ तो मार्ग से गुजर रहे लोगों और दुकानदारों में खलबली मच गई। लोग इधर उधर दौड़ने लगे। फाल्ट होने से बाजार की बिजली भी गुल हो गई। जिस कारण दुकानदार भीषण गर्मी में परेशान हो गए। सूचना मिलने पर बिजली विभाग के कर्मचारी पहुंचे। पेड़ की छंटाई कराई गई। हाईटेंशन लाइन को सुरक्षित किया गया। जिसके बाद बिजली आपूर्ति सुचारू हो सकी।



एल्डर्स कमेटी के सामने नामांकन दाखिल करते प्रदीप कुमार गुप्ता। ● अमृत विचार

# अध्यक्ष पद के लिए प्रदीप कुमार ने किया नामांकन

- पहले दिन कई अन्य पदों के लिए अधिवक्ताओं ने पर्चे भरे
- संभल बार एसोसिएशन की चुनाव प्रक्रिया शुरू,छह जून को होगा मतदान

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : संभल बार एसोसिएशन की चुनाव प्रक्रिया के तहत पहले दिन कई पदों के लिए अधिवक्ताओं ने नामांकन कराया। बुधवार को भी नामांकन प्रक्रिया चलेगी। छह जून को मतदान होगा।

संभल बार एसोसिएशन की एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन चौधरी प्रकाशवीर सिंह, मुस्तकीम अहमद, सत्यवीर शर्मा, विजय कुमार गुप्ता, देवेंद्र के समक्ष मंगलवार को अधिवक्ताओं ने विभिन्न पदों के लिए नामांकन कराया। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए प्रदीप कुमार गुप्ता ने नामांकन दाखिल किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए वसी हसन, सचिव के लिए चंद्रप्रकाश और अमित उठवाल, कोषाध्यक्ष के लिए अली सादिक और नीरज कुमार गुप्ता ने नामांकन दाखिल किया। बताया गया कि बुधवार को भी सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक नामांकन कराया जा सकेगा। गुरुवार को नाम वापसी और शुक्रवार को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 6 जून को मतदान के साथ ही चुनाव संपन्न हो जाएगा।

# भीषण गर्मी के दौरान बाजार में बढ़ी कूलर व एसी की मांग

- दुकानों पर कूलर का स्टाक खत्म, कंपनी से नहीं आ रही खेप
- एसी की हो रही एडवांस बुकिंग, दो से तीन दिन का करना पड़ रहा इंतजार

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचारः भीषण गर्मी का कहर जारी है। मंगलवार को तापमान 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया।

बाजार में कूलर और एअर कंडीशन( एसी) की मांग अचानक से बढ़ गई है। कूलर का पुराना स्टाक भी दुकानों पर खत्म हो गया है। इससे एसी की डिमांड और भी बढ़ गई है। लोग एसी की एडवांस बुकिंग करा रहे हैं और दो से तीन दिन में एसी उपलब्ध कराए जस रहे हैं।

नगर में कूलर व एसी की बड़े व छोटे शोरूम समेत करीब 30 से अधिक दुकानें हैं।

इस बार लोग गर्मी से बचाव के साधन जुटा रहे हैं। बाजारों में कूलर व एसी की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ देखने को मिल रही है। क्योंकि कमरों में पंखे की हवा से काम नहीं चल रहा है। पंखे की हवा में लोगों का पसीना तक नहीं सूख रहा।



> इस बार गर्मी अधिक होने से बाजार में कूलर की बिक्री अधिक हुई है। कंपनियों से पर्याप्त संख्या में ऑर्डर के मुताबिक कूलर नहीं मिल पा रहे हैं। वहीं कूलर की कमी के चलते एसी की डिमांड बढ़ी है। कूलर और एसी का पुराना स्टाक भी खत्म हो गया है।
> –पुनीता खुराना, शोरूम स्वामी

**आयोजन** बाल विद्या मंदिर स्कूल के समारोह में डीएम ने मेधावियों को किया सम्मानित

# मेहनत करके भविष्य उज्ज्वल बनाएं विद्यार्थी

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : बाल विद्या मंदिर स्कूल में सीबीएसई परीक्षा में कक्षा 10 और 12 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डीएम मनीष बंसल ने छात्र छात्राओं को मेहनत करके भविष्य उज्ज्वल बनाने के लि प्रेरित किया। छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी।

बाल विद्या मंदिर स्कूल में आयोजित हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डीएम मनीष बंसल, विशिष्ट अतिथि एसडीएम विनय कुमार मिश्रा रहे।

समारोह में कक्षा 12 में विज्ञान और वाणिज्य वर्ग के टॉपर्स को विद्यालय प्रबंधन की ओर से प्रशंसा के तौर पर टैबलेट प्रदान किए गए। साथ ही, सत्र 2023-24 में कक्षा 9, 10 और 11 के टॉपरों को 12 हजार रुपये और 8 हजार रुपये प्रति वर्ष की छात्रवृत्ति प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।



प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित करते डीएम मनीष बंसल, साथ में प्रबंधक हरीश गर्ग व प्रधानाचार्य मनीष पंवार। ● अमृत विचार

प्रधानाचार्य मनीष पंवार ने बताया कि इस वर्ष सह-पाठ्यचर्या गतिविधियों जैसे खेल, कला और संगीत, प्रौद्योगिकी, नवाचार आदि में छात्रों के प्रयासों के लिए एक नई छात्रवृत्ति शुरू की गई है। यह कदम नई शिक्षा नीति 2020 के तहत छात्रों के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए उठाया जा रहा है। डीएम ने छात्रों की उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए विद्यालय प्रबंधन के प्रयासों की सराहना की।

उन्होंने यशवर्धन पंवार और मोहम्मद हसन को भारत सरकार के स्कूल ऑफ इनोवेशन सेल की पहल के तहत दृष्टि बाधित लोगों के लिए खास उपकरण बनाने के लिए बधाई दी। एसडीएम विनय कुमार मिश्रा ने स्कूल के शिक्षा के मानकों को ऊंचा उठाने की पहल और प्रयासों को सराहा। प्रबंधक हरीश चंद्र गर्ग ने कहा कि छात्रों के प्रयासों की सराहना के लिए उन्हें 4 लाख रुपये से अधिक छात्रवृत्ति, उपहार और नकद पुरस्कार दिए जा रहे हैं।

परोक्षे कार्यहन्तारं प्रत्यक्षे प्रियवादिनम्।
वर्जयेत्तादृशं मित्रं विषकुम्भं पयोमुखम् ॥

पीठ पीछे काम बिगाड़नेवाले या सामने प्रिय बोलने वाले ऐसे मित्र को मुंह पर दूध रखे हुए विष के घड़े के समान त्याग देना चाहिए ।

## संपादकीय

# एआई पर अंतर्राष्ट्रीय संधि

हर क्षेत्र में आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का दायरा और हस्तक्षेप बढ़ता जा रहा है। एआई से आने वाले वर्षों में मानव जीवन के लगभग हर पहलू के बदलने की उम्मीद है। पिछले दिनों एआई के उपयोग को नियंत्रित करने वाली कानूनी रूप से बाध्यकारी पहली अंतर्राष्ट्रीय संधि को मंजूरी दी गई। यूरोप परिषद का यह कदम कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। यह संधि एआई तकनीक का ज़िम्मेदारी के साथ इस्तेमाल किए जाने को प्रोत्साहित करती है। यानी यह संधि समानता, गैर-भेदभाव, निजता और लोकतांत्रिक मूल्यों के सैद्धांतिक उद्देश्यों के मुताबिक एआई के उपयोग को बढ़ावा देती है। संधि गैर-यूरोपीय देशों के लिए भी खुली है और एक कानूनी ढांचा तैयार करती है जो एआई सिस्टम के पूरे जीवनचक्र को कवर करती है और जिम्मेदार नवाचार को बढ़ावा देते हुए उनके द्वारा उत्पन्न होने वाले जोखिमों को संबोधित करती है। गौरतलब है कि एआई पर वैश्विक साझेदारी की जरूरत पर भारत हमेशा से बल देता रहा है।

वैश्विक साझेदारी सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि 21वीं सदी के लिए एआई सबसे बड़ा वरदान बन सकता है तो यह 21वीं सदी को तबाह करने में भी अहम भूमिका निभा सकता है। इसलिए नैतिक मूल्यों पर आधारित एआई के लिए वैश्विक सहमति से फ्रेमवर्क बनाने की आवश्यकता है। देखा जाए तो यह संधि एआई के उपयोग को लेकर वैश्विक स्तर पर एक कानूनी मानक स्थापित करना चाहती है। लेकिन एआई को नियम-क़ानून के दायरे में बांधना बेहद मुश्किल है। इसकी एक बड़ी वजह यह है कि एआई का विस्तार बहुत व्यापक है, यानी एआई किसी खास क्षेत्र या प्रौद्योगिकी तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका विस्तार मशीन लर्निंग, कंप्यूटर विज़न और न्यूरल नेटवर्क्स यानी एआई की एक विधि जो कंप्यूटर को मानव मस्तिष्क से प्रेरित होकर आंकड़ों का विश्लेषण करना सिखाती है, जैसी अत्याधुनिक और लगातार विकसित हो रही प्रौद्योगिकियों तक फैला हुआ है। संधि की लचीली कार्यान्वयन रणनीति और स्वतंत्र निरीक्षण तंत्र महत्वपूर्ण घटक हैं, फिर भी दायित्वों और देयताओं पर स्पष्ट दिशा निर्देशों की कमी व्यावहारिक लागू करने और प्रवर्तन में बाधा उत्पन्न करती है। वैसे भी अंतर्राष्ट्रीय संधि का मसौदा तैयार करने और विचार-विमर्श के दौरान सिर्फ यूरोपीय परिषद के सदस्य देश और कुछ अन्य देशों ने ही भाग लिया है, बाकी दुनिया के राष्ट्रों की इसमें कोई भागीदारी नहीं है। जाहिर है कि इससे इस संधि की वैधानिकता पर सवाल खड़े होते हैं और यह कहीं न कहीं इसे ज़मीनी स्तर पर लागू करने में रुकावटें पैदा कर सकता है।

# मंडेला की एएनसी पर संकट, क्यों खफा भारतवंशी



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

दरअसल भारतवंशियों की एक बड़ी आबादी एएनसी की समर्थक रही है। सबको पता है कि मंडेला का भारत से आत्मीय संबंध था। वे लंबी जेल यात्रा से रिहा होने के बाद 1990 में दिल्ली आए थे। वह उनकी जेल से रिहा होने के बाद पहली विदेश यात्रा थी। भारत सरकार ने उन्हें भारत रत्न से भी सम्मानित किया।

दक्षिण अफ्रीका में होने वाले आम चुनाव को अमानवीय रंगभेद के अंत के खात्मे के बाद के सबसे महत्वपूर्ण आम चुनाव का दर्जा मिल सकता है। सत्तारूढ़ अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस (एएनसी) 1994 में सत्तासीन होने के बाद पहली बार बहुमत खो सकती है। अमेरिका के जार्जिया यूनिवर्सिटी में अफ्रीकी मामलों के प्रोफेसर डॉ. उत्सव कुमार सिंह को लगता है कि इस चुनाव के बाद वहां एएनसी का एकछत्र राज खत्म होगा। वहां मिली-जुली सरकार बनेगी। दक्षिण अफ्रीका में गोरी सरकार के शासन के अंत के बाद देश में सातवां आम चुनाव है। इस चुनाव में करीब पौने तीन करोड़ मतदाता देश की नई सरकार को चुनेंगे।

दक्षिण अफ्रीका और भारत सिर्फ गांधी जी और नेल्सन मंडेला के कारण ही आपस में भावनात्मक रूप से नहीं जुड़ते। इन्हें करीब 15 लाख भारतवंशी भी जोड़ते हैं, जो वहां सौ से भी अधिक सालों से बसे हुए हैं। उसी दक्षिण अफ्रीका में बुधवार (29 मई) को होने वाले आम चुनावों को लेकर भारतवंशी भी गहरी दिलचस्पी ले रहे हैं। उनका आरोप है कि दक्षिण अफ्रीका में उन्हें हाशिए पर धकेल दिया गया है। भारतीय मूल के कुछ राजनेता दक्षिण अफ्रीका में आम चुनाव लड़ भी रहे हैं। इनमें पैट्रिक पिल्ले शामिल हैं, जिन्होंने डेमोक्रेटिक लिबरल कांग्रेस (डीएलसी) नाम से पार्टी बनाई है। एससिंह विपक्षी पार्टी डेमोक्रेटिक एलायंस के उम्मीदवार हैं। इनके अलावा भी कुछ निर्दलीय के रूप में क्वाजुलु-नटाल प्रांत से चुनाव लड़ रहे हैं। क्वाजुलु-नटाल प्रांत के प्रमुख शहर डरबन में भारतीयों की आबादी खासी है। इसे मिनी दिल्ली या मुंबई भी कहा जाता है। यह डरबन शहर ही है जहां महात्मा गांधी 1893 में भारत से आए थे। बाद में गांधी जी ने पास के शहर फ़ीनिक्स में अपना आश्रम बनाया था, उसे कुछ साल पहले हुई हिंसा में बुरी तरह से तबाह कर दिया गया था। डीएलसी ने चुनावों में भारतीय मूल के 10 उम्मीदवार उतारे हैं। वहां के भारतवंशी भी बेरोजगारी के शिकार हैं। माइनॉरिटी फ्रंट पार्टी की शमीन ठाकुर-राजबंसी दक्षिण अफ्रीका के क्वाजुलु-नटाल प्रांत की विधानसभा की सदस्य हैं। वह भी अपने देश के भारतवंशियों के हक में सक्रिय रहती हैं। भारतीय मूल के तीन व्यक्ति, फसीहा हसन, मागेशवरी गोवेन्दर और शाएक इमरान सुब्रथी नेल्सन मंडेला की पार्टी अफ्रीकन कांग्रेस पार्टी (एएनसी) के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं।

दरअसल भारतवंशियों की एक बड़ी आबादी एएनसी की समर्थक रही है। सबको पता है कि मंडेला का भारत से आत्मीय संबंध था। वे लंबी जेल यात्रा से रिहा होने के बाद 1990 में दिल्ली आए थे। वह उनकी जेल से रिहा होने के बाद पहली विदेश यात्रा थी। भारत सरकार ने उन्हें भारत रत्न से भी सम्मानित किया। राजधानी दिल्ली में नेल्सन मंडेला मार्ग का होना इस बात की गवाही है कि सारा भारत मंडेला की कुर्बानियों से प्रेरित होता है। मंडेला 1995 में भी भारत आए थे। नेल्सन मंडेला के नाम पर जामिया मिल्लिया इस्लामिया में साल 2004 में नेल्सन मंडेला सेंटर फॉर पीस एंड कान्फ्लिक्ट कनफिल्कट रेज़लूशन की स्थापना की गई। इस सेंटर की स्थापना मुख्य रूप से इसलिए की गई थी ताकि दुनियाभर में शांति और सदभाव के लिए भारत की तरफ से की जाने वाली कोशिशों का गहराई से अध्ययन हो सके। जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी में भी अफ्रीकन अध्ययन केंद्र है।

दक्षिण अफ्रीका में होने वाले आम चुनाव को अमानवीय रंगभेद के अंत के खात्मे के बाद के सबसे महत्वपूर्ण आम चुनाव का दर्जा मिल सकता है। सत्तारूढ़ अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस (एएनसी) 1994 में सत्तासीन होने के बाद पहली बार बहुमत खो सकती है। अमेरिका के जार्जिया यूनिवर्सिटी में अफ्रीकी मामलों के प्रोफेसर डॉ. उत्सव कुमार सिंह को लगता है कि इस चुनाव के बाद वहां एएनसी का एकछत्र राज खत्म होगा। वहां मिली-जुली सरकार बनेगी। दक्षिण अफ्रीका में गोरी सरकार के शासन के अंत के बाद देश में सातवां आम चुनाव है। इस चुनाव में करीब पौने तीन करोड़ मतदाता देश की नई सरकार को चुनेंगे। अगर एएनसी को चुनावों में 50 फीसद से कम वोट मिले, तो पार्टी को गठबंधन सरकार बनाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। उस हालत में एएनसी के नेता और राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा को मिली-जुली सरकार बनाने के लिए बाध्य होना पड़ सकता। बताते चलें कि वे 2019 में भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि थे। एएनसी ने 2018 में बदनाम राष्ट्रपति जैकब जुमा को हटाकर रामाफोसा को देश का राष्ट्रपति बनाया था। जैकब जुमा पर 2009 और 2018 के बीच राष्ट्रपति पद पर रहते हुए भ्रष्टाचार के अनगिनत केस लगे थे। जुमा पर यह भी आरोप था कि उन्होंने भारत के उद्योगपति 'गुप्ता ब्रदर्स' (अनिल और अजय) को खूब लाभ पहुंचाया। उत्तराखंड पुलिस ने बीते दिनों एक बड़े बिल्डर को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गुप्ता ब्रदर्स को गिरफ्तार किया था। बेशक, एएनसी से अवाम की नाराजगी की वजह जुमा के कुशासन के कारण ही हुई थी।

बेशक, एक दौर में एएनसी के प्रति दक्षिण अफ्रीका के अवाम के मन में गहरा प्रेम मंडेला के कारण था। एएनसी को पिछले 2019 के आम चुनाव में पहली बार झटका लगा था। तब उसे देश की 60 फीसद जनता का भी समर्थन नहीं मिला था। तब पार्टी को 57.50 फीसद वोट मिले थे।

दक्षिण अफ्रीका हत्याओं के मामले बीते 20 साल के उच्च स्तर पर है, देश में लगभग हर 20 मिनट में एक व्यक्ति का कत्ल हो जाता है। जनता पुलिस की काहिली से बहुत नाराज है। बेरोजगारी, बिजली की बार-बार कटौती, पानी का संकट के स्थायी हल ना खोज पाने के कारण जनता एएनसी से दूर हो रही है। सरकारी विभागों में फैले भ्रष्टाचार से एएनसी को नुकसान ही हुआ है।

दक्षिण अफ्रीका की जनता राष्ट्रपति रामाफोसा में मंडेला का अक्स देखती थी। पर वे भी जनता के मसलों को हल करने में नाकाम ही रहे। उन्होंने कुछ समय पहले एक भाषण में स्वीकार किया था, "भ्रष्टाचार ने हमारे लोकतंत्र को घायल कर दिया है और लोगों का हमारे संस्थानों में विश्वास हिला दिया है। अगर भ्रष्टाचार पर रोक नहीं लगाई जाती है, तो हम कहीं के नहीं रहेंगे। सबसे बड़ा नुकसान स्वयं लोकतंत्र में विश्वास के लिए होगा।"

दक्षिण अफ्रीका की मुख्य विपक्षी पार्टी, सेंट्रिस्ट डेमोक्रेटिक एलायंस (डीए), का नेतृत्व जॉन स्टीनहुइसन करते हैं और इसे कई लोग गोरे दक्षिण अफ्रीकियों की पार्टी मानते हैं। इस चुनाव के लिए, डीए ने छोटी विपक्षी पार्टियों के साथ एक गठबंधन ब्लॉक बनाया है। कहने वाले कह रहे हैं कि डीए सत्ता पर काबिज हो सकती है। अगर सर्वेक्षणों पर विश्वास किया जाए, तो एएनसी को जरूरत पड़ने पर इकोनॉमिक फ्रीडम फाइटर्स (ईएफएफ) या डीए के साथ गठबंधन बनाने के बीच चुनाव करना पड़ सकता है। डीए के नेता स्टीनहुइसन ने अपनी ओर से, एएनसी के साथ गठबंधन में जाने से इनकार नहीं किया है। यानी एएनसी और डीए भी मिलकर सरकार बना सकते हैं। ईएफएफ एक वामपंथी पार्टी है जिसका नेतृत्व एएनसी के पूर्व युवा नेता जूलियस मालेमा करते हैं।

खैर, भारत में लोकसभा चुनाव के नतीजे 4 जून को और मित्र देश दक्षिण अफ्रीका में 2 जून को घोषित किए जाएंगे। इसके बाद दोनों देशों में नई सरकारें बनेंगी। उम्मीद करनी चाहिए कि दक्षिण अफ्रीका में नई सरकार भारतवंशियों के हितों के हल तलाश करेगी। भारतीयों के बिना अधूरा है दक्षिण अफ्रीका। वहां के शिखर क्रिकेटर हाशिम आमला और केशव महाराज भारतीय मूल के ही हैं।

## प्रसंगवश

# सनातन धर्म का एक चेहरा



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

19 वीं सदी में हिंदू धर्म सती प्रथा, विधवा पुनर्विवाह और छुआछूत समाप्ति के बड़े सुधारों से गुजर रहा था। वह अपने नए आधुनिक गौरव की तरफ बढ़ रहा था, तभी 1885 में 'सनातन धर्म सभा' की स्थापना हुई। इसका उद्देश्य हिंदू धर्म में चल रहे सुधारों का विरोध करना था और संरक्षणवाद को फैलाना था। यह दयानंद सरस्वती के आर्य समाज के भी विरोध में था और दलितों को छुआछूत से मुक्त करने के उनके अभियान के पक्ष में नहीं था। सनातन धर्म सभा के मुख्य कर्ताधर्ता एक संपन्न ब्राह्मण पुरोहित दीन दयालु थे। इस संगठन ने आगे चलकर गांधी के अछूतोद्धार कार्यक्रम का भी विरोध किया, पर उस दौर में उन सबका विरोध आंधी में पतंग उड़ाने जैसा था।

हिंदू धर्म में सुधारों का विरोध करने के उद्देश्य से ही 1902 में 'भारत धर्म महामंडल' की स्थापना की गई। ये सभी सनातनी संगठन उस दौर में विवेकानंद के विचारों के भी विरोधी थे। 1910 में छपी एक पुस्तिका 'भारत धर्म महामंडल रहस्य' में रूढ़िपोषक सनातन पंथियों की देशभक्ति का उदाहरण इस प्रकार है, 'परम दयालु परमेश्वर की कृपा से आर्य प्रजा को इस प्रकार की नीतिज्ञ और उदार गवर्नमेंट मिली है कि ऐसी गवर्नमेंट विदेशियों के हित के लिए विश्व भर में और कहीं देखने में नहीं आती।' रूढ़िपोषक सनातनपंथियों की एक बड़ी सीमा आर्यावर्त है, अर्थात उत्तर भारत को ही भारत समझने की है, जबकि भारत एक बड़ा देश है। निश्चय ही हिंदू धर्म सनातन धर्म से अधिक व्यापक है। हम अप्पर, ज्ञानेश्वर, तुकाराम, सूर, मीरा, तुलसी, सहजोबाई, दयानंद सरस्वती, विवेकानंद, श्री अरविंद आदि को सनातनी नहीं कह सकते। स्पष्ट है कि सनातन धर्म के पुनरुत्थान में लगे लोग वस्तुतः जाति व्यवस्था और पितृसत्ता के तो कट्टर समर्थक हैं ही, ये भारत के स्वभाव से ही अनजान हैं। हम प्राचीन काल से ही 'नवोन्मेषशील सनातन' और 'जड़ांध सनातन' की दो धाराएं स्पष्ट देख सकते हैं। इसलिए इस समय सनातन को लेकर बढ़ रहे हुंकार को देश पर एक बड़े खतरे की घंटी के रूप में देखना चाहिए।

# पर्यावरण विनाश का कारण बनते घातक हथियार



डॉ.मनमोहन प्रकाश
स्वतंत्र पत्रकार

इन हथियारों के प्रभाव को जानकर इतना तो स्पष्ट है कि ये प्रकृति/पर्यावरण और उसके जैविक और अजैविक घटकों को बहुत ज्यादा क्षति पहुंचा रहे हैं।

विज्ञान एवं तकनीकी युग में आज मनुष्य एक ओर तो प्रकृति पर विजय प्राप्त करना चाहता है, कई वर्षों तक जीवित रहना चाहता है, बुढ़ापे को दूर भगाना चाहता है, जिंदगी को आराम दायक बनाना चाहता है, वहीं दूसरी ओर अपनी बढ़ती महत्वाकांक्षा से चालित प्रकृति को जाने-अनजाने में तरह-तरह से हानि पहुंचा रहा है। साथ ही समय-समय पर विभिन्न देशों के मध्य होने वाले युद्ध, युद्धाभ्यास, आतंकी हमलों में प्रयुक्त घातक हथियार और उनकी टेस्टिंग जल (समुद्र), वायु, थल, नभ को बुरी तरह से प्रभावित कर रही हैं, प्रदूषित कर रही है। आजकल जो युद्ध हो रहे हैं, वे इतिहास की किताबों में दर्ज परंपरागत युद्ध जैसे नहीं हैं, जिनमें तलवार, धनुष और तोपखाने का उपयोग किया जाता हो। उन्नीसवीं शताब्दी से युद्ध में उपयोग होने वाले हथियार और सामग्री में बहुत बदलाव आया है। कंप्यूटरीकरण प्रणाली तथा सूचना तंत्र का उपयोग हथियारों में बढ़ा है। युद्धक विमान, मिसाइल, राकेट लांचर, तोप, बम और उनमें उपयोग होने वाले तरह-तरह के विस्फोटक और उनकी सटीक मारक क्षमता ने युद्ध को मनुष्य और पर्यावरण के लिए पहले से ज्यादा घातक और नुकसान दायक बना दिया है। उदाहरण के लिए लगभग पिछले दो वर्ष से जारी रुस-यूक्रेन युद्ध में तरह-तरह के घातक हथियारों का उपयोग हो रहा है यथा-विस्फोटक हथियार जो अपने विखंडन, विस्फोटक, आगजनी के प्रभाव से प्रकृति और मानव को बेतहाशा नुकसान पहुंचा रहे हैं। दूसरे रासायनिक हथियार (क्लोरोपिक्रिन जैसे दम घुटने वाले ऐजेंट आदि) जो मनुष्य सहित विभिन्न जीव-जंतुओं के फेफड़ों, आंखों, त्वचा में जलन पैदा करके तथा उल्टी, मतली, दस्त का कारण बन हथियार के प्रभाव क्षेत्र में आने वाले हर व्यक्ति और जीवों को मौत के घाट उतार रहे हैं, इनका वनस्पतियों पर क्या प्रभाव पड़ा है, युद्ध समाप्ति पर होने वाले शोध से ही अवज्ञत हो सकेगा। कुछ हथियार ऐसे भी उपयोग में लाए जा रहे हैं जो आगजनी तथा धुआं फैला कर जन-धन को हानि पहुंचा रहे हैं (नेपान, थर्माइट, सफेद फास्फोरस आदि) तथा कुछ हथियार ऐसे हैं जिन्हें ईंधन वायु विस्फोटक (थर्मोबेरिक हथियार)कहा जाता है (एरोसोल बम या वैक्यूम बम) जो उच्च तापमान वाले विस्फोट को उत्पन्न करने के लिए हवा से आक्सीजन का उपयोग करते हैं। इन विस्फोटक से उत्पन्न गर्मी इंसान को झुलसा देती है। इसके घातक प्रभाव को देखते हुए इन हथियारों को गैर परमाणु हथियार में सबसे ख़तरनाक माना जाता है। परमाणु हथियार को अभी होल्ड पर रखा है जो बड़े क्षेत्र में सामुहिक विनाश का कारण बन सकता है। रुस-यूक्रेन युद्ध में इस विनाशक हथियार के उपयोग की आंशका बनी हुई है।

इन हथियारों के प्रभाव को जानकर इतना तो स्पष्ट है कि ये प्रकृति/पर्यावरण और उसके जैविक और अजैविक घटकों को बहुत ज्यादा क्षति पहुंचा रहे हैं और युद्ध विराम के बाद भरपाई करने या यूं कहें युद्ध के पहले की स्थिति में लाने में वर्षों लग सकते हैं।

आज विश्व के देशों में गुटबाजी स्पष्ट दिखाई देती है। एक तरफ रूस, चीन, उत्तरी कोरिया जैसे देशों का समूह है तो दूसरी तरफ अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी जैसे नाटों देशों का समूह है तो तीसरी ओर भारत जैसे वे देश है जो अभी किसी गुट में नहीं है तथा विश्व शांति के पक्ष में है और उन्हें अपने देश में पर्यावरण की रक्षा करते हुए विकास की रफ्तार को तेज करना है, विकसित राष्ट्र बनना, अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है तथा अपने नागरिकों की समस्याओं का समाधान करना है। विश्व में कुछ ऐसे भी देश है जो सीधे तौर पर तो युद्ध में शामिल नहीं है पर युद्ध करने के लिए देशों को उकसा रहे हैं, उन्हें घातक हथियारों की आपूर्ति कर रहे हैं, शांति-वार्ता को किसी परिणामदायक स्थिति में पहुंचने से अप्रत्यक्ष रूप से रोक रहे हैं। वास्तव में युद्ध विराम न होना या यूं कहें युद्ध का लंबा खिंचना वर्तमान में चल रहे युद्ध और उससे उपजे पर्यावरणीय संकट की स्थिति को और भयावह बना रहा है, परमाणु हमले की आशंकाओं को जन्म दे रहा है। ऐसा लगता है जिन देशों के मध्य युद्ध (ईजराइल-हमास,रुस-यूक्रेन आदि) जारी है वे शांति, युद्ध विराम जैसे शब्द अपने शब्दकोश से मिटा चुके हैं, उन्हें कराहती मानवता की आवाज सुनाई ही नहीं देती। जबकि युद्ध में संलग्न देशों को भलीभांति ज्ञात है कि आधुनिक घातक अस्त्र-शस्त्र के प्रयोग से पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र के जैविक घटकों (पेड़-पौधों, जीव-जंतुओं, पशु-पक्षी तथा मानव आदि) को बेतहाशा नुकसान पहुंचता है।

## सोशल फोरम

# कृत्रिमता का परिणाम



तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

फ्लैटों ने हमें सुविधा तो दी है लेकिन हमारा बहुत कुछ छीन भी लिया है। न ऊपर आसमान अपना न नीचे धरती। वो बड़े बड़े आंगन, बरामदे और दालान वाले घर तो अब सपना हो गए। अब तो लोग खुले में सोते भी नजर नहीं आते। आधुनिक सुविधा के लालच ने इंसान को दड़बों तक सीमित कर दिया। अब पूरा जीवन दो से तीन कमरों के बीच सिमट कर रह जाता है। अब तक कि नौकरी पेशा जिंदगी भाड़े के घरों में कट गई। जहां अपनी मर्जी संभव नहीं थी। बचपन मे घर के आंगन में या ऊपर छत पर सोने का आनन्द लगभग भूल चुका था। सयुंक्त परिवारों में छत पर बिस्तर लगा रात को गप्पें मारने का भी एक अलग सुख होता था। पास पड़ोस के साथ उम्र के हिसाब से अलग अलग टोलियां बन जाती थी। आज कृत्रिम सुविधाओं की आदि देह भी अब ये सारे आनन्द भूल चुकी है।

16 साल पहले सासाराम में गर्मी में हम बाहर ही सोया करते थे। क्योंकि बिजली केवल 6-7 घंटे के लिए ही आती थी। इस कष्ट के बावजूद एक सुख भी था। प्रदूषण कम होने के कारण आकाश तारों से भरा दिखता था और पूर्णिमा की चांदनी तो ऐसी थी जैसे किसी ने छोटा बल्ब जला रखा हो। हम अक्सर रात का खाना मून लाइट में ही खाया करते थे।

इतने सालों में बढ़े प्रदूषण और शहर की जगमगाती लाइटों ने आकाश से तारों को ही गायब कर दिया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि कृत्रिम रोशनी के बढ़ते उपयोग से पशुओं के स्वभाविक जीवन पर असर होता है और मानव शरीर को भी अनिद्रा, मधुमेह, मोटापा, डिप्रेशन, कैंसर और दिल की बीमारी का खतरा बढ़ जाता है। विटामिन डी के लिए अब हम सूरज के बजाय टैबलेटों की शरण में जाते हैं। जीवन में बढ़ती कृत्रिमता का परिणाम तो हमें भोगना ही होगा।

अलग किस्म के सुख और दुख हमारे चारों तरफ बिखरे पड़े हैं। अब ये हमारा चुनाव है कि अपनी मानसिकता अनुसार हम किसे दुख समझे और किसे सुख। देखा जाए तो हमारी पृथ्वी से अंधेरा भाग रहा है लेकिन ये हमारे लिए खुशी नहीं बल्कि दुख की बात है। खुशी की बात तब होती जब हमारे दिलों दिमाग पर छाया अंधेरा भागता।

-फेसबुक वॉल से

# आजीवन किसान हितों के प्रति समर्पित रहे चौधरी चरण सिंह



मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल'
पूर्व अतिथि प्रवक्ता
इलाहाबाद विश्वविद्यालय

1950 में यूपी के मुख्यमंत्री सम्पूर्णानंद की सरकार में चौधरी साहब के प्रयास और मार्गदर्शन में ही जमींदारी उन्मूलन विधेयक बना जो एक जुलाई 1952 को लागू भी हो गया।

देश की आजादी के शुरूआती दशकों में जनसंचार माध्यमों के पर्याप्त अभाव के बाद भी किसानों की लड़ाई लड़ने वाले नेता की पहचान अखिल भारतीय स्तर पर किसान मसीहा के रुप में स्थापित होना किसी आश्चर्य से कम नहीं है। ऐसे में चौधरी चरण सिंह समकालीन पीढ़ी के लिए उस दौर के अचंभित करने वाले नेता के तौर पर ही पहचाने जाते हैं। आज भी सुदूर ग्रामीण अंचलों में किसानों के हक और हकूक की लड़ाई लड़ने वाले नेता के रूप में लोगों की जुबान पर बरबस चौधरी साहब का नाम सहज ही आ जाता है। उनके किसान हितैषी व्यक्तित्व का ही प्रभाव रहा कि मौजूदा भारत सरकार को चुनावी वर्ष में चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित कर उस महान धारा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना पड़ी।

चौधरी चरण सिंह आजीवन किसान हितों के प्रति समर्पित रहे। लोकतांत्रिक भारत के इतिहास में पहली बार उन्होंने प्रशासनिक सेवाओं में खेतिहर और ग्रामीणों के लिए पचास फीसदी आरक्षण की बात की। खेती-किसानी और नौजवानों के रोजगार को ही मुद्दा बनाते रहे। जहां एक ओर उन्होंने राजनीतिक भ्रष्टाचार से खुद को आजीवन बचाए रखा, वहीं दूसरी ओर अपने से जुड़े लोगों की शुचिता और साख के मजबूत बने रहने के लिए विशेष अनुशासन के नियम को बनाए रखा। चौधरी साहब के लेखन को पढ़ने और समझने से एक दृष्टि पैदा होती है कि कैसे राजनीति में रहते हुए चकाचौंध से दूर रह कर आमजन के हित का काम पूरी ईमानदारी से किया जा सकता है।

1950 में यूपी के मुख्यमंत्री सम्पूर्णानंद की सरकार में चौधरी साहब के प्रयास और मार्गदर्शन में ही जमींदारी उन्मूलन विधेयक बना जो एक जुलाई 1952 को लागू भी हो गया। इसी तरह 1964 में सुचेता कृपलानी की सरकार में बतौर कृषि मंत्री उन्होंने 'कृषक समाज' की स्थापना के माध्यम से किसानों को आधुनिक तकनीकि से जोड़ने का प्रयास शुरू किया। जिसे आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री बनने के बाद 'चकबंदी कानून' को अतिरिक्त मजबूत करते हुए किसान हित का ध्यान रखा।

23 दिसम्बर 1977 को केंद्र सरकार द्वारा उन्हें मंत्रिमंडल से निकाले जाने के विरोध में आयोजित किसान रैली के ऐतिहासिक भीड़ के विषय में जानकर तत्कालीन समय में उनकी लोकप्रियता का अंदाजा लगाया जा सकता है। 1977 में जनता पार्टी की प्रथम बैठक में भारतीय अर्थव्यवस्था और किसान नीति की बेहतरी के लिए बनाए गई रिपोर्ट की चर्चा करते हुए उन्होंने लघु एवं कुटीर उद्योग के लिए बजट का 40 प्रतिशत हिस्सा कृषि पर व्यय करने से लेकर 50 फीसदी गांवों के विकास पर खर्च करने का पक्ष उनके गांव-किसान से गंभीर जुड़ाव को ही दर्शाता है। किसान विकास योजनाओं में धन की पर्याप्त उपलब्धता करने के लिए उन्होंने अपने प्रधानमंत्री कार्यकाल के दौरान नाबार्ड का गठन किया, जिसकी सफलता आज भी निर्विवाद बनी हुई है। "मेरे सपनों के भारत" विषय पर चर्चा करते हुए उन्होंने पांच बिंदुओं पर अपनी बात कही थी कि प्राथमिक आवश्यकताएं सब की पूरी हो, ऐशो-आराम की चीजें नहीं। दूसरे सब को रोजगार मुहैया हो, तीसरे अमीरों और गरीबों में अंतर कम से कम होता जाए। चौथे यह कि हर आदमी ईमानदार हो अर्थात देश में भ्रष्टाचार ना हो और हर आदमी रोटी कमाने के काम में स्वतंत्र रहे, अपने कर्तव्य का ईमानदारी से पालन करता रहे। पांचवें यह कि हर आदमी अपने मुल्क को तरक्की की बुलंदियों तक पहुंचाने का स्वप्न देखे और एक यह भी कि भारत में ऊंच-नीच का भेदभाव बिल्कुल ना रहे। इसके साथ ही चौधरी साहब ने एक ठोस आर्थिक नीति का मॉडल प्रस्तुत किया जिससे देश की गरीबी और बदहाली को दूर करने का रास्ता सुझाया जा सके।

गांधीवादी परंपरा के चौधरी चरण सिंह अपने सार्वजनिक जीवन में व्यक्तिगत संपत्ति के आग्रह से पूरी तरह दूर रहे। चौधरी साहब के प्रिय शिष्य 1974 में उत्तर प्रदेश की राजनीति में दो नौजवान छात्रनेता सतपाल मलिक और राजेंद्र चौधरी आज भी उस धारा के प्रकाश बिंदु के रूप में क्रमशः पूर्व राज्यपाल एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री के रूप में उस वैचारिकी को जीवंत बनाए हुए हैं। बीते कुछ वर्षों में जिस तरह किसानों के मुद्दों और उनका दखल एक दबाव समूह के रूप में उभरा है उसे चौधरी साहब की नीतियों के आधार पर समाजवादी विचार परंपरा के वाहक अखिलेश यादव राजनीति के केंद्र में बनाए हुए है। आज जब राजनीति व्यवसाय, विचारहीनता और पदलोलुपता के मकड़जाल में उलझता चला जा रहा है। ऐसे में चौधरी चरण सिंह की याद बेपटरी हो चुकी राजनीति में एक प्रकाशपुंज की भांति प्रतीत होती है जिनके बताए रास्ते पर चलकर समाज में समृद्धि और समरसता कायम की जा सकती है। चौधरी साहब की पुण्यतिथि पर सबसे सच्ची श्रद्धांजलि उनके किसानोंन्मुख छवि पर आम जनता में विमर्श करते हुए किसानों की मूलभूत समस्याओं के विषय में मौलिक एवं सहज समाधान प्राप्त करने के माध्यम से किया जा सकता है।

# विश्व में भुखमरी की स्थिति

2022में भारत ग्लोबल इंडेक्स में 107वे नम्बर पर था, जो 2023,में 111वे स्थान पर खिसक गया है। यह स्थिति तो तब है जब अन्न योजना के अंतर्गत सरकार 81 करोड़ लोगों को लगातार अनाज वितरण का काम कर रही है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

विश्व में भूख दिवस यानी हंगर डे हर साल 28 मई को मनाया जाता है। इसकी शुरुआत 2011 में की गई थी और उद्देश्य था भुखमरी को दूर करना। ताकि हर व्यक्ति को दो समय की रोटी मिल सके। उद्देश्य यह भी था कि आगामी 2030 तक विश्व पटल से भूखमरी समाप्त की जा सके किंतु ताजा आंकड़ों के अनुसार 820 मिलियन लोग अभी भी भूख, बीमारी और कुपोषण से ग्रस्त बने हुए हैं। मध्य अफ्रीकी देश और मेडागास्कर इस सूची में सबसे प्रभावित देशों में रखे गए हैं, इस विषय में हमारे देश की स्थिति बिल्कुल भी अच्छी नहीं। 2022 में भारत ग्लोबल इंडेक्स में 107वे नम्बर पर था, जो 2023, में 111वे स्थान पर खिसक गया है। यह स्थिति तो तब है जब अन्न योजना के अंतर्गत सरकार 81 करोड़ गरीब जनता को लगातार अनाज वितरण का काम कर रही है। इस इंडेक्स के अनुसार पड़ोसी छोटे देश श्रीलंका, पाकिस्तान, बांग्लादेश और नेपाल भी बेहतर स्थिति में हैं। हालांकि भारत सरकार हंगर इंडेक्स के इन आंकड़ों को सही नही मान रही। परंतु यह एक विचारणीय विषय है कि इस स्थिति में सुधार कैसे किया जा सके। अब देखना है कि आने वाले दिनों में हमारे देश की स्थिति में कैसे सुधार होगा, देश की बड़ी आबादी को भुखमरी और कुपोषण की संख्या से निकालने के लिए अथक प्रयासों की जरूरत है ताकि देश हंगर इंडेक्स में बेहतर स्थान प्राप्त कर सके।

## एक नजर

### एमजीएम कॉलेज में वाइवा वॉइस परीक्षा कल

**संभल अमृत विचार :** रुहेलखंड विवि ने विभिन्न महाविद्यालयों की वार्षिक परीक्षा के लिए एमजीएम कॉलेज संभल को (प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा) का नोडल केंद्र बनाया है। प्राचार्य प्रोफेसर डॉ.योगेंद्र सिंह ने बताया कि संबद्ध महाविद्यालयों की परीक्षा कॉलेज में होगी। जिसमें एमकॉम अंतिम वर्ष की वाइवा वॉइस की परीक्षा 30 मई को सुबह 10 बजे होगी।

### युवक व महिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**धनारी, अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने मंगलवार को थाने पहुंचकर गांव के ही युवक व एक महिला के खिलाफ बेटी के साथ छेड़छाड़ करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई। सोमवार को महिला 16 वर्षीय पुत्री को घर छोड़कर मायके गई थी। दोपहर को मुहल्ला के ही रहीश की पत्नी गुड्डो ने किसी बहाने किशोरी को घर बुला लिया। गुड्डो के घर पहले से ही मुहल्ला का ही युवक सोनू बैठा था। आरोप है कि किशोरी जैसे ही गुड्डो के घर पहुंची। सोनू किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने लगा। विरोध पर सोनू किशोरी को धमकी देते हुए भाग गया।

# कार्मिकों को समझाई मतगणना की बारीकियां

## चुनाव आयोग की गाइडलाइन का शत-प्रतिशत पालन करने के निर्देश

संवाददाता,बहजोई


मतगणना कार्मिकों को प्रशिक्षण देते अधिकारी। ● अमृत विचार

- प्रथम राउंड पूरा होने पर ही दूसरा राउंड शुरू करें
- ऐसा कार्य न करें जिससे निष्पक्षता पर सवालिया निशान लगे

**अमृत विचार:**लोकसभा चुनाव की मतगणना को लेकर मतगणना कार्य में लगाए गए मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया। कार्मियों को मतगणना की बारीकियां के बारे में जानकारी दी गई। वहीं जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल ने प्रशिक्षण में महत्वपूर्ण बातों को समझकर मतगणना को पारदर्शिता के साथ कराए जाने के निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित मतगणना प्रशिक्षण में पहुंचे मतगणना कार्मिकों को प्रशिक्षण देते हुए बीएसए चंद्रशेखर ने बताया कि मतगणना में कार्य करने वाले सभी मतदान कर्मी इस बात का ध्यान रखें कि प्रथम राउंड पूरा होने पर ही दूसरा राउंड शुरू करें। मतगणना के दौरान क्लोज बटन न दबाये जाने की स्थिति में प्रक्रिया पूरी करें। ईवीएम मशीन ऑन करने के संबंध में भी जानकारी दी। वहीं डीआईओएस वेदराम ने वीवीपैट की पर्चियां गिनने के बारे में जानकारी दी। माइक्रो ऑब्जर्वर को भी मतगणना के बारे में विस्तार से बताया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल ने बताया कि क्लोज बटन प्रारूप 17 का प्रयोग कैसे करना है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन का शत प्रतिशत पालन किया जाए। कोई भी ऐसा कार्य न करें जिससे उनकी निष्पक्षता पर सवालिया निशान लगे। कोई भी मतदान कर्मी लापरवाही करते मिला तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान सीडीओ भरत कुमार मिश्रा, एडीएम प्रदीप वर्मा, एडीएम न्यायिक सुशील कुमार चौबे, परियोजना निदेशक ज्ञान सिंह, डीआईओ बृजेश कुमार सहित आदि मौजूद रहे।

### मतगणना से पहले गिने जाएंगे डाक मतपत्र

**बहजोई,अमृत विचार :** एडीएम प्रदीप वर्मा ने बताया कि प्रथम राउंड की मतगणना में मतदान कर्मियों, दिव्यांगों व सरकारी कर्मचारियों ने डाक मतपत्र से जो मतदान किया है उन मतपत्रों को गिना जाएगा। डाक मतपत्र का परिणाम आ जाएगा उसके बाद ईवीएम के मतों की गणना प्रारंभ की जाएगी।

### पेयजल और अन्य सुविधाओं का रखें ख्याल

**बहजोई, अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल ने अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए कहा कि मतगणना स्थल पर पूरी तरह से व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखा जाए। कर्मियों के पहुंचने पर उनके प्रवेश पत्र चेक करके ही उन्हें प्रवेश दिया जाए। मतगणना स्थल पर पेयजल और शौचालय की भी व्यवस्था की जाए। वाहनों के लिए पार्किंग बनाई जाए। जहां से वह मतगणना स्थल तक पहुंच सकें।

## तीन बच्चों की मां पति के दोस्त के साथ फरार

**संभल/धनारी, अमृत विचारः** धनारी थाना क्षेत्र में तीन बच्चों की मां प्रेम प्रसंग के चलते अपने पति के दोस्त के साथ घर से फरार हो गई। महिला के भाई ने बहन के साथ किसी अनहोनी की आशंका जताते हुए उसके प्रेमी के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी।

थाना क्षेत्र के गाव मझोला फतेहपुर निवासी सूरजपाल ने तहरीर देकर कहा कि 8 वर्ष पहले बहन की शादी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति के साथ की थी। बहन बहनोई पर तीन बच्चे हैं। आरोप लगाया कि बहनोई के दोस्त ने उनके घर आने जाने के दौरान बहन के साथ प्रेम संबंध बना लिए और तीन माह पहले बहनोई का दोस्त बहन को भगाकर ले गया था। उस समय तो पुलिस की मदद से तलाश कर बहन को बरामद कर लिया था। आरोप है कि 23 मई को फिर से बहनोई का दोस्त बहन को भगाकर ले गया। सूरजपाल ने बहन के साथ अनहोनी होने की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर देकर बहन को बरामद कर बहनोई के दोस्त के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

## सार-संक्षेप


समर कैंप में बच्चों को जानकारी देतीं संगठन की पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### समर कैंप में बच्चों को सिखाए आत्मरक्षा के गुर

**बहजोई, अमृत विचार :** जायंट्स ग्रुप का महिला जागृति के तत्वाधान में समर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए। मेहंदी व नृत्य को लेकर भी टिप्स दिए गए।रॉयल पब्लिक स्कूल में आयोजित समर कैंप का शुभारंभ अध्यक्ष डोली वार्ष्णेय, सचिव आशा वार्ष्णेय, गीता रस्तोगी ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वल कर किया। इसके बाद समर कैंप में पहुंचे बच्चों को आत्म सुरक्षा को लेकर गुर सिखाए गए। वहीं नृत्य को लेकर भी बच्चों को प्रशिक्षण दिया गया मेहंदी को लेकर बेटियों को जानकारी दी गई। इस दौरान चायना वार्ष्णेय, शीतल वार्ष्णेय, डॉ. किरन शर्मा, आदित्य शर्मा, रश्मि वार्ष्णेय व गीता रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

### पालिकाध्यक्ष ने पेयजल व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए

**चन्दौसी, अमृत विचार :** शहर की पेयजल आपूर्ति सुचारु बनाए रखने के लिए मंगलवार को पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय की अध्यक्षता में पालिका कर्मचारियों व अधिकारियों के साथ जलकल विभाग कार्यालय में बैठक हुई। बैठक में पालिकाध्यक्ष ने दिशा निर्देश देते हुए कहा कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए नगर में लगे वॉटर कूलरों को सुचारू रूप से संचालित किया जाए। जिससे राहगीरों को शुद्ध व शीतल पेयजल मुहैया हो सके। साथ ही नगर में कहीं लीकेज की समस्या पायी जाती है तो त्वरित समाधान कराया जाए। जिससे नागरिकों को पेयजल संबंधी समस्याओं का सामना न करना पड़े। साथ ही पालिका ट्यूबवेल पर कार्य कर रहे ऑपरेटरों को समय से ड्यूटी पर तैनात रहने व तय समय के अनुसार सप्लाई चालू करने के निर्देश दिए।

### सुदामा के चरित्र का प्रसंग सुनकर भाव विभोर हुए श्रद्धालु

**चन्दौसी, अमृत विचार :** नगर की ब्रजनगर कॉलोनी स्थित भोलेनाथ भवन में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का मंगलवार को समापन हआ। इस अवसर पर सुदामा चरित्र आदि प्रसंग सुन कर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। इस दौरान आयोजित भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। कथा के अंतिम दिन कथा वाचक केडी वशिष्ठ महाराज ने भगवान श्री कृष्ण के 16,108 विवाह, सुदामा चरित्र, भगवान के स्वधाम गमन की कथा का विस्तार से वर्णन किया। अंत में संपूर्ण भागवत कथा का संक्षेप में सार रूप से वर्णन करते हुए 24 गुरुओं की कथा का विस्तृत वर्णन किया। अश्वनी कौशिक, अमित शर्मा, अश्वनी भारद्वाज व लल्ला बाबू ने अपने वाद्य यंत्रों से सुमधुर संगीत का समा बांध दिया। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। कथा से पूर्व यजमान उमेश शर्मा ने सप्तनीक विधि विधान से पूजन किया।

### ब्लॉक परिसर में शोपीस बने वाटर कूलर, कैसे बुझे प्यास

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :**क्षेत्र में विकास कराने की जिम्मेदारी निभाने वाला विभाग की सुविधाओं से अछूता है। मामला रजपुरा ब्लॉक परिसर से जुड़ा है, जहां भीषण गर्मी में प्यास बुझाने का कोई इंतजाम नहीं है। दो वाटर कूलर खराब पड़े हैं तो दो इंडिया मार्का हैंडपंप गंदा पानी उगल रहे हैं। ऐसे में लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।रजपुरा ब्लॉक कार्यालय आने वाले लोगों को वर्तमान में ठंडे पानी की बूंद बूंद के लिए भटकना पड़ रहा है। इस कारण यह है कि ब्लॉक परिसर में पानी का कोई इंतजाम नहीं है। हालांकि परिसर में दो वाटर कूलर लगे हैं लेकिन दोनों ही बदहाल हैं। दो इंडिया मार्का हैंडपंप गंदा पानी उगल रहे हैं। लोग जब इनके पास पहुंचते हैं तो प्यास बुझाने की उम्मीद पूरी नहीं हो रही है। आलम यह है कि लोग इधर-उधर भटकने के बाद ब्लॉक के बाहर दुकानों से पानी खरीदकर प्यास बुझाते हैं। फिर भी जिम्मेदारों का ध्यान इस समस्या की तरफ नहीं है। जिस कारण लोगों में रोष पनप रहा है। बीडीओ अमरजीत सिंह ने कहा कि वाटर कूलर में मरम्मत का काम चल रहा है।

## पानी की निकासी को सड़क निर्माण से पहले कराना होगा लेवलिंग सर्वे

संवाददाता, बबराला

- नगर पंचायत बबराला ने तैयार किया प्लान, लोगों को जलभराव से मिलेगी मुक्ति

**अमृत विचार :**नालियों के पानी की निर्बाध निकासी के लिए नगर पंचायत नई पहल करने जा रही है। मुख्य बाजार सहित सभी गली-मोहल्लों में जलभराव से निजात के लिए लेवलिंग सर्वे का प्लान तैयार है। लेवलिंग सर्वे के आधार पर सड़कें बनेंगी और गलियों में जलभराव की समस्या नहीं रहेगी।

चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय ने बताया कि नगर के नियोजित विकास का खाका तैयार किया है। नगरीय सड़क सुधार योजना के माध्यम से मुख्य बाजार की सड़क का चौड़ीकरण किया जाएगा ताकि लोगों को आवागमन में सुगमता रहे। इसके साथ ही सड़क के दोनों ओर डेढ़ मीटर चौड़े नाले का निर्माण होगा। जिससे नालियों का पानी बगैर दबाव के प्रवाहित होता रहे। उन्होंने बताया कि नगर के मौजूदा स्वरूप के मद्देनजर नियोजन नीति की आवश्यकता है।

नगर पंचायत ने इस दिशा में काम करना शुरू कर दिया है और जल्दी ही नई नियोजन नीति का मसौदा सामने आएगा। नगर में कोई गली ऊंची है तो कोई नीची, जिससे नालियों के पानी की निकासी बाधित होने से जलभराव की स्थिति बन जाती है। कार्य योजना के प्रारूप में नगर की सभी गलियों का लेवल तैयार किया जाएगा।

इसके लिए जल्द ही वर्तमान स्थिति का लेवलिंग सर्वे कराने के बाद ऊंची नीची गलियों के लेवल में सुधार किया जाएगा। सभी गलियों का लेवल दुरुस्त होने पर जलभराव की समस्या से लंबे समय तक मुक्ति मिल जाएगी।

# जयंती पर स्वतंत्रता सेनानी वीरसावरकर को किया नमन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी


वीरसावरकर की जयंती मनाते लॉ बोर्ड के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- हिंदू पर्सनल लॉ बोर्ड की ओर से आर्य समाज मंदिर में हुआ कार्यक्रम

**अमृत विचारः** अखिल भारतीय हिंदू पर्सनल लॉ बोर्ड की ओर से मंगलवार को बैंक रोड स्थित आर्य समाज मंदिर में महान स्वतंत्रता सेनानी, क्रांतिकारी, राजनीतिज्ञ, वकील, समाज सुधारक और हिन्दुत्व के पुरोधा वीर विनायक दामोदर सावरकर की 141वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर देश हित में उनके किए गए कार्यों को याद किया गया।

कार्यक्रम का आंरभ अतिथियों ने वीर सावरकर के चित्र पर पुष्प अर्पित करके किया।

मुख्य वक्ता एवं बोर्ड के जिलाध्यक्ष चौधरी विवेक कुमार ने कहा कि वीर सावरकर का जन्म 28 मई 1883 को नासिक के भागपुर ग्राम में हुआ था। वीर सावरकर ने हिंदू धर्म, जैन धर्म, सिख धर्म और बौद्ध धर्म जैसे कई धर्मों को एक ही बताया। वीर सावरकर को ब्रिटिश सरकार ने क्रांतिकारी कार्यो के लिए दो-दो आजन्म कारावास की अनोखी सजा दी। उन्हें नासिक जिले के कलेक्टर जेकसन की हत्या के आरोप में काला पानी की सजा के लिए सेलुलर जेल में भेजा। जहां कोल्हू में बैल की तरह जुतकर तेल निकालने की अमानवीय यातनाएं दी गईं।

मुख्य अतिथि व पूर्व एमएलसी चौधरी चंद्रपाल सिंह कहा कि वीर सावरकर जीवन भर अखंड भारत के पक्ष में रहे।

1947 में इन्होंने भारत विभाजन का कड़ा विरोध किया। विशिष्ट अतिथि वाईपी सिंह चौहान ने कहा कि वीर सावरकर के स्वतंत्रता के चार सूत्रीय संकल्पों में चौथा सूत्र हिन्दी भाषा को राष्ट्र भाषा बनाना था। कार्यक्रम को नगराध्यक्ष डॉ. योगेंद्र मोहन शास्त्री, कार्यक्रम संयोजक विनय अग्रवाल ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर विनोद कुमार शर्मा, राजकुमार कश्यप, डॉ. टीएस पाल, हरीश कठेरिया, क्षेम प्रकाश, योगेन्द्र शर्मा, सुशांत मित्तल, डॉ. ओमेन्द्र वार्ष्णेय, गौरव वार्ष्णेय, राजू बनर्जी, मयंक चौधरी, कृष्ण गुप्ता, अनिल कुमार सिंह, प्रहलाद लोधी, दीपेन्द्रनाथ, अनिल कुमार शर्मा, आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता संतोष कुमार जैन ने व संचालन डॉ. जयशंकर दुबे ने किया।

# बच्चों ने गेम्स खेले, योगासन सीखे

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी


स्कूल में समर कैंप के समापन पर योगाभ्यास करते बच्चे। ● अमृत विचार

- एएम वर्ल्ड स्कूल में तीन दिवसीय समर कैंप का समापन

**अमृत विचारः** नगर के मौलागढ़ स्थित एएम वर्ल्ड स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय समर कैंप का मंगलवार को समापन हुआ। कैंप में कक्षा 3 से 9 तक के बच्चों ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया। इस दौरान विभिन्न प्रकार के गेम्स व योगासन का प्रशिक्षण लिया।

कैंप का शुभारंभ विशेष अतिथि संगीता गोयल ने मां सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। इसके बाद स्कूल के बच्चों ने मस्ती भरे गीतों पर नृत्य की प्रस्तुति देकर मनमोह लिया। समर कैंप के अंतिम दिन की शुरुआत हंसते खिलखिलाते बच्चों की तस्वीर लेकर की गई। साथ ही बच्चों के लिए फन गेम्स का भी आयोजन किया गया। बच्चों को समूह में बांटकर अलग-अलग एक्टिविटी कराई गई। कैंप में बच्चों को विभिन्न प्रकार की एक्टिविटी जैसे योगा, मेहंदी, डांस, गायन, स्केटिंग, क्राफ्ट, क्रिकेट, फुटबाल, एथेलेटिक्स, हैंड राइटिंग, स्वयं की सुरक्षा के लिए ताइक्वांडो आदि की क्लास का संचालन किया गया।

इसके साथ-साथ बच्चों को पब्लिक स्पीकिंग और नुक्कड़ नाटक का भी अभ्यास कराया गया। कैंप के समापन के दौरान बच्चों ने नृत्य, गायन, वादन में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों ने जम कर मस्ती की। विद्यालय के डायरेक्टर अनूप मंगलम ने समर कैंप में भाग लेने वाले बच्चों का मार्गदर्शन किया और प्रधानाचार्य कुलदीप सिंह ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए आस-पास साफ-सफाई का ध्यान रखने के लिए प्रेरित किया।

## नलकूप के पास मिला मंदबुद्धि किशोर का शव

**संभल, अमृत विचारः** सदर कोतवाली क्षेत्र में मेडिकल कालेज के पीछे जंगल में एक मंदबुद्धि किशोर का शव पड़ा मिला है।

कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला मंडी किशनदास सराय निवासी मुसाहिद हुसैन का 12 वर्षीय मंदबुद्धि बेटा फाजिल मंगलवार की सुबह नौ बजे बिना कुछ परिजनों को कुछ बताए घर से चला गया था। शाम साढ़े पांच बजे फाजिल का शव कोतवाली क्षेत्र में चंदौसी संभल मार्ग के पास स्थित मेडिकल कालेज के पीछे नलकूप संख्या 50 के नजदीक पड़ा हुआ मिला। शिनाख्त नहीं होने पर पुलिस ने फाजिल के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। देर शाम किशोर का शव मिलने की जानकारी होने पर परिजनों मौके पर पहुंचे और फोटो देखने के बाद शव की पहचान फाजिल के रुप में की। मृतक के चाचा मुजाहिद वारसी ने बताया कि दिमागी रुप से कमजोर होने के साथ साथ फाजिल को दौरे भी पड़ते थे।

# ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की जान गई

कार्यालय संवाददाता,संभल/रजपुरा


विनय और संदीप का फाइल फोटो।

- गवां बबराला मार्ग कस्बा रजपुरा के समीप की घटना
- बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे थे दोनों

**अमृत विचार:**रजपुरा थाना क्षेत्र में गवां बबराला मार्ग पर ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। युवकों की मौत की खबर मिलने पर उनके परिवारों में कोहराम मच गया है।

रजपुरा थाना क्षेत्र अन्तर्गत रजपुरा के मौहल्ला होली चौक निवासी 19 वर्षीय विनय कुमार पुत्र वीरपाल अपने दोस्त 18 वर्षीय संदीप कुमार पुत्र नरेश के साथ बाइक पर सवार होकर गवां से घर लौट रहा था। जैसे ही वह रजपुरा थाना क्षेत्र के गवां बबराला मार्ग कस्बा रजपुरा के समीप पहुंचे तो ट्रैक्टर ट्राली से बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में विनय कुमार व संदीप गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रजपुरा भेजा। जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। वहीं हादसे के बाद भाग रहे ट्रैक्टर चालक को पुलिस ने ट्रैक्टर ट्रॉली सहित पकड़ लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### मंदिर में हुआ सुंदरकांड का पाठ

**संभल, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला कोट पूर्वी में स्थित श्री मुक्तेश्वर महादेव मंदिर में मंगलवार को सुबह सुंदरकांड का पाठ हुआ। जिसमें महिलाओं और पुरुषों ने हिस्सा लेकर पुण्य कमाया। सुंदरकांड के पाठ के बाद भंडारे का आयोजन किया गया।

**नाम-परिवर्तन**

मैंने अपना नाम sadiq ali से बदलकर sadik ali रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये। Sadik Ali S/o Shafi Ahamad (सादिक अली पुत्र शफी अहमद) ग्राम नानकार रानी तहसील स्वार, रामपुर।

**सम्बन्ध-विच्छेद**

मेरा पुत्र तनवीर व उसकी पत्नी गलत संगत मे पड़ गये है और मेरे व मेरे परिवार के साथ गाली-गलौंच करते रहते है। मैंने व मेरे परिवार ने उससे व उसकी पत्नी से सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य मे अपने कुकृत्यों के वह दोनो स्वयं जिम्मेदार होंगे। तौफीक पुत्र सददीक नि0 ग्राम हसनपुर मुनजब्ता थाना हयातनगर तह0 व जिला सम्भल।

**सीधी भर्ती**
**पशु स्वास्थ्य सुधार मिशन उ.प्र.**
में कुल 6222 रिक्त पदों पर
ग्रुप-A-375 (स्नातक) | ग्रप-B-980 (इण्टरमीडिएट) | ग्रुप-C-4867 (हाईस्कूल)
वेतनमान 21500, 17000 व 13500
योग्य व इच्छुक अभ्यर्थी
https://pashuswasthyasm.com
पर ऑनलाइन आवेदन करें।
संपर्क हेतु : pashuswasthyasm@gmail.com




लापरवाही

### गांव भगतपुर मिर्जा और बेहटा खास के संपर्क मार्ग पर बिखरी है बजरी

# जर्जर रास्ते से गुजरने को मजबूर दो गांव के लोग

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़


कुढ़फतेहगढ़ के बेहटा खास के संपर्क मार्ग की उखड़ी सड़क। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** तहसील चन्दौसी के थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव भगतपुर मिर्जा से बेहटा खास गांव के मार्ग की दो किलोमीटर की सड़क जर्जर हालत में है। आलम ये है कि सड़क पर पथरी बिखरी हुई है। वाहनों की आवाजाही से हादसा होने का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

गांव भगतपुर मिर्जा से बेहटा खास का मार्ग गांव नगला पूर्वा, गनेशपुर होते हुए चन्दौसी को जाने वाला मार्ग है। लालपुर, चैंचुरी व बाबेपुर के ग्रामीण भी इसी मार्ग से चन्दौसी के लिए गुजरते हैं। भगतपुर मिर्जा से बेहटा खास तक दो किलोमीटर का संपर्क मार्ग टूटा फूटा जर्जर हालत में बेहद खराब है। जिससे आसपास गांवों के लोगों को मार्ग से गुजरते समय बहुत असुविधा होती है। ग्रामीणों ने शीघ्र ही सड़क निर्माण कराए जाने की मांग की है।


वाहनों की आवाजाही से सड़क पर बिखरी पथरी छिटककर दूर तक जाती हैं। इससे कई लोग चोटिल भी हो चुके हैं। सड़क निर्माण शीघ्र कराया जाए। जिससे ग्रामीणों को सहूलियत मिल सके। -सत्यवीर सिंह।


सड़क निर्माण के लिए कई बार जिम्मेदारों से कहा गया। आश्वासन तो मिला लेकिन सड़क निर्माण नहीं हो सका। प्रशासन को चाहिए कि जल्द से जल्द सड़क निर्माण कराए। -सुरेंद्र सिंह।

## बोले ग्रामीण


गांव भगतपुर मिर्जा से बेहटा खास संपर्क मार्ग की दो किलोमीटर सड़क की हालत काफी दयनीय है। कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। प्रशासन को सड़क निर्माण करा कर समस्या से निजात दिलानी चाहिए। -धर्मवीर सिंह


इस सड़क से करीब आधा दर्जन गांव के लोग चन्दौसी जाने के लिए गुजरते हैं। सड़क खराब होने से दो किलोमीटर का सफर भी काफी लंबा महसूस होता है। साइकिल तो क्या पैदल भी चलना दुश्वार हो गया है। -सुरेश कुमार

### ग्राम समाज की जमीन पर कब्जा करने का आरोप

**असमोली, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के गांव रचेटा निवासी दिनेश, धर्मवीर, वीर सिंह, तेजराम, रतिराम आदि ग्रामीणों ने मंगलवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी असमोली संतोष कुमार को शिकायती पत्र सौंपा। कहा कि गांव के ही पिता अपने तीन पुत्रों के साथ मिलकर ग्राम समाज की जमीन की नींव भरकर अवैध कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। विरोध करने पर पिता पुत्र गाली गलौज करते हैं। जबकि ग्रामीण इस ग्राम समाज की जमीन पर बेटों व बेटियों के विवाह शादी समारोह का आयोजन भी कराते हैं। ग्रामीणों ने पुलिस क्षेत्राधिकारी से अवैध कब्जा हटवाकर पिता पुत्रों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### चाइनीज मांझे की चपेट में आकर किशोर घायल


मांझे से घायल किशोर।

**सिरसी, अमृत विचार :**हजरत नगर गढ़ी थाना क्षेत्र के कस्बा सिरसी में साइकिल चलाते समय चाइनीज मांझे की चपेट में आकर किशोर घायल हो गया। मांझे से किशोर की गर्दन में गहरा घाव हो गया। सिरसी के मोहल्ला शर्की में मंगलवार की शाम सात बजे के लगभग जौहर अब्बास का 12 साल का बेटा मुर्तजा साइकिल चला रहा था। इसी दौरान चाइनीज मांझा से उसकी गर्दन में गहरा घाव हो गया। परिजन मुर्तजा को डॉक्टर के पास ले गये।



# कमजोर संगठन के साथ बसपा के दांव से मुश्किल में कांग्रेस

## देवरिया में चार दशक का सूखा खत्म करने की चुनौती

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार ।** महान संत देवरहा बाबा की धरती देवरिया में चुनावी घमासान अब जीत-हार के दावों के बीच जातीय गुणा-भाग में बदल गया है। भाजपा के पास इस बार देवरिया लोकसभा सीट पर जीत की हैट्रिक लगाने तो सपा-कांग्रेस गठबंधन के तहत चुनाव लड़ रही कांग्रेस के सामने 40 साल से बना सूखा समाप्त करने का मौका है। कांग्रेस को इस सीट पर आखिरी बार 1984 में जीत मिली थी। पार्टी कई चुनावों में चौथे नंबर पर पिछड़ती रही है। ऐसे में कांग्रेस की सारी उम्मीदें सपा के वोट बैंक पर ही टिकी हैं, जिसमें बसपा के यादव जाति के प्रत्याशी द्वारा की जा रही सेंधमारी से राह आसान नहीं नजर आ रही है।

देवरिया में सबसे बड़ा मुद्दा समस्या चीनी मिलों को चालू करना और बेरोजगारी है। बातचीत में लोग सड़क, बिजली, पानी जैसी बुनियादी समस्याएं बताने के साथ बाढ़ से छुटकारा दिलाने के उपाय करने और रिंग रोड बनाए जाने की जरूरत बताते हैं। इसी तरह जनता के एजेंडे में नया जिला अस्पताल, विश्वविद्यालय और उच्च शिक्षा संस्थान खोले जाने जैसी मांगें भी हैं। पिछले दो चुनावों से यहां भाजपा जीत रही है। लेकिन दोनों सांसद बाहरी माने जाते थे, शायद लोगों की इसी नाराजगी को भांपकर भाजपा ने इस बार मौजूदा सांसद डॉ. रमापति राम त्रिपाठी की जगह स्थानीय प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी को मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने यहां अपने पूर्व विधायक और राष्ट्रीय प्रवक्ता अखिलेश प्रताप सिंह पर दांव लगाया है। इन दोनों की लड़ाई में बसपा प्रत्याशी पूर्व विधायक आनंद यादव के पुत्र संदेश यादव तीसरा कोण बनाने की कोशिश के साथ कांग्रेस प्रत्याशी की मुश्किल बढ़ाते नजर आ रहे हैं।

देवरिया में भाजपा प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी भले ही पहला चुनाव लड़ रहे हों, लेकिन उनका परिवार राजनीति से जुड़ा रहा है। शशांक के दादा विधान परिषद सदस्य और उनके चाचा विधायक रहे हैं, तो पिता लेफ्टिनेंट जनरल प्रकाश मणि त्रिपाठी सेवानिवृत्त होने के बाद दो बार भाजपा से सांसद चुने जा चुके हैं। शशांक मणि पिछले काफी समय से क्षेत्र में उद्यमिता विकास के लिए सक्रिय हैं। वह युवाओं को स्टार्टअप के माध्यम से रोजगार दिलाने में आगे रहे हैं। उनके मुकाबले कांग्रेस प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह अनुभवी राजनीतिज्ञ हैं। वह वर्ष 2012 में बांसगांव की रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने गए थे। लेकिन उनके द्वारा इलाके में कराए गए विकास कार्यों को लोग आज भी याद करते हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि बसपा प्रत्याशी संदेश यादव जो जिला पंचायत सदस्य भी हैं, जिस तरह सजातीय मतों में सेंध लगाने का प्रयास कर रहे हैं, उससे इंडिया गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी अखिलेश प्रताप की मुसीबत बढ़ रही है। देवरिया सीट से 2019 के चुनाव में भाजपा के रमापति राम त्रिपाठी ने जीत हासिल की थी। उन्हें 5,80,644 मिले थे। सपा-बसपा गठबंधन से मैदान में उतरे बसपा के बिनोद कुमार जयसवाल ने 3,30,713 वोट पाए थे। कांग्रेस के नियाज अहमद खान को 51,056 वोट मिले थे। देवरिया लोकसभा सीट पर 17.54 लाख मतदाता हैं। इनमें इस सीट ब्राह्मण, राजपूत और कुर्मी वोटर निर्णायक भूमिका में माने जाते हैं। लोकसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा 51 फीसदी ओबीसी वोटर हैं। करीब 13 फीसदी मुस्लिम वोटर माने जाते हैं। अनुसूचित जाति के वोटर 14 फीसदी से कुछ अधिक और अनुसूचित जनजाति के करीब तीन फीसदी वोटर गिने जाते हैं। सामान्य श्रेणी के मतदाताओं की संख्या 19% के आसपास है।


शशांक मणि त्रिपाठी।


अखिलेश प्रताप सिंह।

● भाजपा प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी के सामने फंसे नजर आ रहे कांग्रेस नेता अखिलेश प्रताप

### सभी पांचों विधानसभा सीटों पर खिला था कमल

देवरिया लोकसभा सीट के अंतर्गत पांच विधानसभा सीटें आती हैं। इसमें कुशीनगर जिले की तमकुही राज और फाजिल नगर भी शामिल है। देवरिया जिले की पथरदेवा, रामपुर कारखाना और देवरिया सीट हैं। विधानसभा चुनाव में सभी पांचों सीटों पर भाजपा ने जीत दर्ज की थी।

### 2014 में 51% वोट पाकर जीते थे कलराज

- 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा नेता कलराज मिश्रा ने जीत हासिल की थी। उन्हें 4,96,500 (51.1%) वोट मिले थे। कलराज ने बसपा प्रत्याशी नियाज अहमद 2,65,386 (27.3%) मत को हराया था। तीसरे स्थान पर सपा के बलेश्वर यादव 1,50,852 (15.5%) वोट थे। कांग्रेस प्रत्याशी चौथे स्थान था।

## सपा के सहारे भगवा गढ़ में जातीय घेरेबंदी

**महाराजगंज लोकसभा सीट**

**अमृत विचार।** गोरखपुर मंडल में आने वाली महाराजगंज लोकसभा सीट से मोदी सरकार में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी एक बार फिर चुनावी मैदान में हैं। इस बार उनका मुकाबला करने के लिए सपा-कांग्रेस गठबंधन की तरफ से कांग्रेस ने 2022 के विधानसभा चुनाव में फरेंदा से जीते अपने विधायक वीरेंद्र चौधरी को उतारा है। महाराजगंज सीट से पंकज चौधरी भाजपा से छह बार सांसद चुने जा चुके हैं और राजनीति के दिग्गज खिलाड़ी माने जाते हैं। 1991 के चुनाव में भाजपा ने उन्हें पहली बार यहां से टिकट दिया था, इसके बाद से पार्टी अब तक नौ बार उन पर भरोसा जता चुकी है, जिसमें आधा दर्जन बार पंकज चौधरी ने कमल खिलाया है। साल 2014 को चुनाव में पंकज चौधरी को 44.65 और 2019 में 59.20 प्रतिशत वोट मिले थे। कांग्रेस ने इस सीट पर 2009 में जीत दर्ज की थी। पिछले दो चुनावों में पार्टी एक लाख मत पाने के लिए तरसती रही है। ऐसे में यहां चर्चाओं में भाजपा को एक बार फिर भारी माना जा रहा है। हालांकि कांग्रेस इस सीट को हल्के में नहीं ले रही है। वीरेंद्र चौधरी के नामांकन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और सपा महासचिव शिवपाल सिंह मौजूद रहे थे।


पंकज चौधरी।


वीरेंद्र चौधरी ।

- अब तक छह चुनाव जीत चुके केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी को चुनौती दे पाएंगे कांग्रेस के विधायक वीरेंद्र चौधरी
- बसपा से किस्मत आजमा रहे मोहम्मद मौसमे आलम सपा-कांग्रेस गठबंधन की बढ़ा रहे मुश्किल

### चार विधानसभा सीटें भाजपा के पास

महाराजगंज लोकसभा सीट में पांच विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें से चार पर भाजपा और उसके सहयोगी दलों का कब्जा है तो एक सीट कांग्रेस के पास है।

**18%** वोटों के अंतर से भाजपा ने पिछली बार सपा-बसपा का गठबंधन होने पर जीती थी सीट

**2019 का परिणाम**

| दल | उम्मीदवार | वोट | % |
|---|---|---|---|
| भाजपा | पंकज चौधरी | 7,26,349 | 59.20 |
| सपा | अखिलेश सिंह | 3,85,925 | 31.45 |
| कांग्रेस | सुप्रिया श्रीनेत | 72,516 | 5.91 |
| - | - | - | - |

**2014 का जनादेश**

| दल | उम्मीदवार | वोट | % |
|---|---|---|---|
| भाजपा | पंकज चौधरी | 4,71,542 | 44.65 |
| बसपा | काशी नाथ शुक्ल | 2,31,084 | 21.88 |
| सपा | अखिलेश सिंह | 2,13,974 | 20.26 |
| कांग्रेस | हर्ष वर्धन | 57,193 | 5.42 |

### दो चौधरी, असमंजस में कुर्मी वोटर

महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र में कुर्मी वोटरों की बहुलता है, जिनका एकमुश्त समर्थन पंकज चौधरी को मिलता रहा है। लेकिन इस बार कांग्रेस से वीरेंद्र चौधरी के चुनाव लड़ने के कारण कुर्मी मतों में बंटवारा होना तय माना जा रहा है। वीरेंद्र चौधरी अब तक पांच बार विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं। इस कारण क्षेत्र में पहचान और प्रभाव रखते हैं। 2017 के चुनाव में वह मात्र दो हजार वोट से हार गए थे। इसके चलते इलाके में कुछ लोग इसे दो चौधरियों की जंग भी बता रहे हैं।

लेकिन इस लड़ाई में बसपा ने मुस्लिम प्रत्याशी मोहम्मद मौसमे आलम पर दांव लगाकर इंडिया गठबंधन की चुनौती को कमजोर करने का प्रयास किया है। देवरिया सीट पर अन्य पिछड़ा वर्ग के लगभग 25% मतदाता हैं, इनमें कुर्मी वोटर 10% और यादव 9% गिने जाते हैं। अनसूचित जाति के 18% और मुस्लिम समुदाय के मतदाताओं की संख्या 17% है।

ब्राह्मण लगभग 8%, वैश्य और निषाद मतदाता 7-7 % तथा क्षत्रिय मतदाताओं की संख्या लगभग 3% है। भाजपा और कांग्रेस दोनों तरफ से जातीय समीकरण साधने का प्रयास हो रहा है।

## हिमाचल में दो मोर्चों पर छिड़ा चुनावी घमासान

**सरकार का संघर्ष**

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** हिमाचल प्रदेश में चार लोकसभा और छह विधानसभा सीटों पर हो रहे उप चुनाव के लिए सातवें और अंतिम चरण में पहली जून को वोट डाले जाएंगे। यहां सभी सीटों पर कांग्रेस और भाजपा के बीच कड़ा मुकाबला देखने में आ रहा है। भाजपा ने साल 2014 और 2019 के चुनाव में राज्य की सभी चार लोकसभा सीटें जीतकर क्लीन स्वीप किया था, पार्टी इस बार जीत की हैट्रिक लगाने के साथ विधानसभा की छह सीटों पर भी कमल खिलाने की पुरजोर कोशिश में लगी है, ताकि राज्य में कांग्रेस की सुक्खू सरकार के पतन का मार्ग प्रशस्त किया जा सके।

हिमाचल प्रदेश में लोकसभा की चार सीटें हमीरपुर, कांगड़ा, मंडी और शिमला हैं। 2019 के चुनाव में भाजपा ने सभी चारों सीटें जीती थीं, लेकिन साल 2021 में मंडी सीट से भाजपा के सांसद रामस्वरूप शर्मा का निधन हो जाने के बाद हुए उपचुनाव में कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने जीत का परचम लहरा दिया था। इस बार प्रतिभा सिंह के पुत्र विक्रमादित्य सिंह मंडी लोकसभा सीट पर भाजपा की उम्मीदवार फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत का मुकाबला कर रहे हैं। मंडी सीट को राज्य की सबसे हॉट सीट माना जा रहा है। भाजपा और कांग्रेस दोनों ने यहां अपनी प्रतिष्ठा लगा रखी है। बसपा ने मंडी में डॉ. प्रकाश चंद भारद्वाज को उतारा है। लेकिन सीधा और दिलचस्प संघर्ष भाजपा तथा कांग्रेस के बीच ही हो रहा है।

शिमला लोकसभा सीट पर भाजपा के सुरेश कुमार कश्यप के सामने कांग्रेस से विनोद सुल्तानपुरी चुनाव लड़ रहे हैं। यहां बसपा से अनिल कुमार मंगेट प्रत्याशी हैं। हमीरपुर लोकसभा सीट पर केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर को कांग्रेस से सतपाल रायजादा चुनौती दे रहे हैं। यहां बसपा से हेमराज चुनावी मैदान में हैं। जानकारों के मुताबिक यहां अनुराग ठाकुर को कांग्रेस के मुकाबले बढ़त मानी जा रही है। राज्य की कांगड़ा लोकसभा सीट पर भाजपा के डॉ. राजीव भारद्वाज को दिग्गज कांग्रेस नेता आनंद शर्मा की चुनौती से जूझना पड़ रहा है। आनंद शर्मा पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। देर से टिकट घोषित होने के कारण पूरे क्षेत्र में प्रचार नहीं कर पाए हैं। यहां बसपा ने रेखा चौधरी पर दांव लगा रखा है।


मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ।


भाजपा नेता जयराम ठाकुर।


मंडी से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह।



मंडी से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत।

- 2014 और 2019 में राज्य की सभी चार लोकसभा सीटें जीतने वाली भाजपा इस बार जीत की हैट्रिक लगाने की कोशिश में
- मंडी सीट पर कांग्रेस के विक्रमादित्य सिंह और भाजपा उम्मीदवार फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत के मुकाबले पर सभी की नजर

### कांग्रेस के लिए छह विधानसभा सीटों पर उपचुनाव जीतना बेहद जरूरी

- हिमाचल में कांग्रेस और भाजपा दोनों दलों के नेताओं की लोकसभा चुनाव से ज्यादा दिलचस्पी छह सीटों पर हो रहे उपचुनाव को लेकर दिख रही है। इसकी वजह यह है कि इन छह सीटों के परिणाम राज्य में सत्ता परिवर्तन या मौजूदा सरकार का भविष्य तय करेंगे। दरअसल लोकसभा चुनाव से पहले हुए राज्यसभा के चुनाव में कांग्रेस विधायकों की बगावत की वजह से सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार संकट में फंस गई थी। प्रदेश से राज्यसभा की एक सीट के चुनाव में कांग्रेस के छह विधायकों की बगावत के कारण राज्यसभा पार्टी के उम्मीदवार अभिषेक मनु सिंघवी चुनाव हार गए थे और भाजपा के हर्ष महाजन को जीत मिली थी। बाद में विधानसभा के स्पीकर ने इन छह बागी विधायकों को अयोग्य घोषित कर दिया था। इसी कारण इन न सीटों पर उपचुनाव हो रहा है। कांग्रेस के सभी बागी विधायक भाजपा में शामिल हो गए थे और भाजपा ने इन्हें टिकट देकर कमल निशान से चुनावी मैदान में उतार रखा है। ऐसे में उपचुनाव वाली सभी सीटों पर कांग्रेस पूरा जोर लगा रही है, ताकि जीत हासिल करके सरकार पर आने वाला संकट टला जा सके।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

## सलेमपुर में बसपा की चुनौती से बना त्रिकोणीय संघर्ष

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** सलेमपुर लोकसभा सीट पर भाजपा ने दो बार के सांसद रवींद्र कुशवाहा को मैदान में उतार कर जीत की हैट्रिक लगाने का मौका दिया है। यहां उनका मुकाबला सपा प्रत्याशी पूर्व सांसद रमाशंकर राजभर से है। रमाशंकर राजभर साल 2009 में बीएसपी के टिकट पर सांसद चुने गए थे। लेकिन बसपा ने यहां भीम राजभर को चुनावी मैदान में उतार कर राजभर वोटों में सेंध लगा रखी है। सलेमपुर लोकसभा सीट पर पिछड़ी जातियों का दबदबा है। इसमें 32 प्रतिशत माने जाने वाले कुर्मी और राजभर मतदाता जीत-हार का गणित तय करते हैं। यहां 18 फीसदी कुर्मी, मौर्य और कुशवाहा तो 14 फीसदी राजभर मतदाता गिने जाते हैं। अनुसूचित जाति के मतदाता 15 फीसदी हैं। साल 2019 के चुनाव में भाजपा के रवींद्र कुशवाहा ने 4.67 लाख वोट पाकर बसपा के आरएस कुशवाहा को 1.12 लाख वोटों से हराया था। सुभासपा के राजाराम को 33 हजार और कांग्रेस प्रत्याशी राजेश कुमार मिश्रा को 27 हजार से कुछ अधिक वोट मिले थे। सलेमपुर लोकसभा सीट के तहत पांच विधानसभा सीटें आती हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में तीन सीटों पर भाजपा तथा समाजवादी पार्टी और सुभासपा ने एक-एक सीट पर जीत दर्ज की थी।


**दीदी का रोड मार्च** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अंतिम चरण के लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए कोलकता में सड़क मार्च करके टीएमसी समर्थकों में जीत का जोश भरा।


**हम में है दम** बांसगांव लोकसभा क्षेत्र में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा मुखिया अखिलेश यादव ने जनसभा करके वोट मांगे।

## ओडिशा में सरकार बनाने के दावों से साधी दिल्ली की लड़ाई

**6 सीटों का रण**

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** ओडिशा में सातवें और अंतिम चरण में छह लोकसभा सीटों मयूरभंज, बालासोर, भद्रक, जाजपुर, केंद्रपाड़ा, जगतसिंहपुर के साथ इनसे संबंधित 42 विधानसभा क्षेत्रों में वोट डाले जाएंगे। इस बार राज्य में बीजद और भाजपा दोनों ने सरकार बनाने के दावे के साथ सरकार गठन के शपथ ग्रहण के दिन की घोषणा भी कर रखी है। साल 2019 के चुनाव में भाजपा ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए आठ सीटें जीती थीं, जबकि बीजद की सीटों की संख्या घटकर 12 रह गई थी। इससे पहले 2014 के चुनाव में बीजद ने 20 सीटें जीती थीं, जबकि भाजपा एक ही सीट जीत पाई थी। सामान्यतया लोकसभा और विधानसभा चुनाव साथ-साथ होने पर अधिकांश मौकों पर मतदाता एक ही पार्टी को चुनते रहे हैं, शायद यही वजह है कि भाजपा और बीजद लोकसभा चुनाव का प्रचार तो कर रहे हैं, लेकिन असली लड़ाई का मोर्चा विधानसभा चुनाव में खोल रखा है। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक और उनके करीबी सहयोगी वीके पांडियन पर भाजपा खासी हमलावर है। गृह मंत्री अमित शाह से लेकर चुनाव प्रचार में भाजपा का हर बड़ा नेता ओडिशा के गौरव और सम्मान का सवाल उठाकर यह आरोप लगाता रहा है कि एक तमिल बाबू ओडिशा में शासन कर रहे हैं। एक तमिल व्यक्ति ओडिशा पर कब्जा करने का प्रयास कर रहा है। भाजपा सत्ता में आने पर युवा उड़िया भाषी को मुख्यमंत्री बनाएगी।




- भाजपा और बीजद दोनों ने राज्य में सरकार के शपथ ग्रहण के दिन की कर रखी है घोषणा
- साल 2019 के चुनाव में भाजपा ने लोकसभा की आठ और बीजद ने जीती थीं 12 सीटें

### बालासोर में इस बार फिर हो रहा है त्रिकोणीय मुकाबला

- बालासोर में इस बार फिर त्रिकोणीय मुकाबला हो रहा है। यहां भाजपा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री और मौजूदा सांसद प्रताप चंद्र सारंगी को मैदान में उतारा है। उनका मुकाबला कांग्रेस से पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीकांत कुमार जेना कर रहे हैं। यहां बीजद ने भाजपा से आईं लेखाश्री सामंतसिंघर पर दांव लगाया है। 2014 के चुनाव में बीजद उम्मीदवार ने 41.33 प्रतिशत वोट हासिल करेक भाजपा उम्मीदवार को हराया था। 2019 के चुनाव में भाजपा ने 41.79 प्रतिशत वोट पाकर बीजद को हराया था।

### राष्ट्रपति मुर्मू के मयूरभंज में फिर जीतेगी भाजपा ?

- आदिवासी बहुल मयूरभंज लोकसभा सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सीट है और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम से जानी जाती है। राष्ट्रपति का गृहनगर होने के नाते इस सीट पर हर किसी की नजर है। वर्तमान में यहां भाजपा सांसद बिश्वेश्वर टुडू हैं। लेकिन भाजपा ने द्रौपदी मुर्मू के विश्वासपात्र नबा चरण माझी को मैदान में उतारा है, जो रायरंगपुर से विधायक हैं। रायरंगपुर सीट का राष्ट्रपति मुर्मू ने 2009 तक दो बार प्रतिनिधित्व किया था। बीजद ने मयूरभंज सीट पर सुदाम मारंडी को उतारा है। इंडिया गठबंधन से इस सीट पर झामुमो संस्थापक शिबू सोरेन की बेटी अंजलि सोरेन एक बार फिर किस्मत आजमा रही हैं। अंजिल 2019 में भी यहां से चुनाव लड़ी थीं।

### जाजपुर में बीजद और भाजपा का संघर्ष

- जाजपुर सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। भाजपा ने रवींद्र नारायण बेहरा और कांग्रेस ने आंचल दास को मैदान में उतारा है। 2019 में बीजद की शर्मिष्ठा सेठी ने 1,01,693 वोटों से सीट जीती थी। शर्मिष्ठा सेठी को 5,44,020 वोट मिले थे और उन्होंने भाजपा के अमियकांता मलिक को हराया था।

| ओडिशा वोट शेयर 2019 पार्टी | सीट | वोट % |
|---|---|---|
| बीजद | 12 | 42.8 |
| भाजपा | 8 | 38.4 |
| कांग्रेस | 01 | 13.8 |

### भद्रक में फिर से रोमांचक मुकाबले की तस्वीर

- भद्रक लोकसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भद्रक से बीजद को जीत मिली थी। बीजद की मंजूलता मंडल ने भाजपा प्रत्याशी अविमन्यू सेठी को 28,803 मतों के अंतर से हरा दिया था। मंजूलता को 5,12,305 तो अविमन्यू सेठी को 4,83,502 वोट मिले थे। कांग्रेस की मधुमिता सेठी ने 2,07,811 वोट हासिल किए थे। भाजपा ने इस बार भी यहां बीजद सांसद मंजूलता मंडल के सामने पूर्व केंद्रीय मंत्री और बीजद नेता अर्जुन चरण सेठी के बेटे अविमन्यु सेठी को ही मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने इस बार वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद अनंत प्रसाद सेठी को मौका दिया है।

### जगतसिंहपुर में भाजपा को पहली जीत की तलाश

- जगतसिंह पुर आरक्षित लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी पूर्व सांसद बिभू प्रसाद तराई, कांग्रेस के रवीन्द्र कुमार सेठी का मुकाबला बीजद की सांसद डॉ. राजश्री मल्लिक से हो रहा है। यहां भाजपा को अपनी पहली जीत की तलाश है। बीजद की राजश्री मल्लिक ने 2019 में चुनाव भाजपा के विभु प्रसाद तराई को हराया था। बीजद और भाजपा को क्रमश: 50.44% और 28.34% वोट मिले थे। 2014 में बीजद प्रत्याशी कुलमणि सामल इस सीट से जीते थे। उन्होंने तब कांग्रेस में रहे बिभू प्रसाद तराई को हराया था। कांग्रेस यहां 1998 से जीत के लिए तरस रही है।

## सार-संक्षेप

### कोटे के तहत निजी विद्यालय में प्रवेश को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने विशेष अपील खारिज की

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक निजी विद्यालय में एडमिशन के मामले में कहा कि याची को समायोजित करने की संभावना न होने के कारण विपक्षियों को कोई निर्देश जारी नहीं किया जा सकता है। कोर्ट ने एकल न्यायाधीश के आदेश में कोई अवैधता या दुर्बलता ना देखते हुए वर्तमान विशेष अपील को खारिज कर दिया। उक्त आदेश मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति विकास बुधवार की खंडपीठ ने मास्टर अरजीत प्रताप सिंह की विशेष अपील को खारिज करते हुए पारित किया। मामले के अनुसार अरजीत प्रताप सिंह का जन्म मार्च 2020 में हुआ। याची अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित था और उसके विकलांग पिता की मासिक आय 6000 रुपए प्रतिमाह थी। उक्त प्रमाण पत्रों के साथ याची ने मुरादाबाद स्थित आर्यंस इंटरनेशनल स्कूल में प्री-नर्सरी में वंचित समूह के लिए आरक्षित 25 प्रतिशत कोटा के तहत प्रवेश हेतु आवेदन किया। फरवरी 2024 को स्कूल के आवंटन के लिए लॉटरी आयोजित की गई थी, जिसमें याची के अनुरोध को स्वीकार नहीं किया गया और कहा गया था कि वह उसी वार्ड के स्कूल में आवेदन करे। इसे ही याची ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी, जिस पर एकलपीठ ने स्कूल को याची के एडमिशन पर विचार करने का निर्देश देते हुए कहा था कि अगर संबंधित स्कूलों में संबंधित वार्ड के सभी आवेदनों पर विचार करने के बाद भी प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने से पहले सीटें उपलब्ध हैं और प्रवेश प्रक्रिया पहले ही समाप्त हो चुकी है तो याची को अगले शैक्षणिक सत्र 2024-25 में जाने की स्वतंत्रता होगी।

### 50 हजार की रिश्वत लेते लिपिक गिरफ्तार

**उन्नाव, अमृत विचार :** प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रिए कार्यालय में लिपिक पद पर तैनात विजय कुमार को एंटी करप्शन टीम ने गिरफ्तार कर लिया। लिपिक को एक कोल्ड स्टोर प्रबंधन से 50 हजार रुपये रिश्वत लिए जाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी अनिल माथुर ने इसकी जानकारी मुख्यालय को भेजना स्वीकार किया है। टेनरियों, स्लॉटर हाउस व चरम इकाइयों के संचालन वाले इस जिले में बोर्ड के स्टाफ पर हमेशा भ्रष्टाचार के आरोप लगते रहे हैं। विभागीय अधिकारी व कर्मचारी आम तौर पर कार्यालय से गायब रहते हैं। इस ही लिए स्टाफ पर घूम घूम कर जरूरतमंदों से उगाही के आरोप लगाए जाते हैं। जानकारों के मुताबिक एक कोल्ड स्टोर प्रबंधन बीते काफी समय से बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय का चक्कर लगा रहे थे। हालांकि, स्टाफ बिना मुट्ठी गरम हुए समस्या का समाधान करने को राज़ी नहीं हुआ। संबंधित लोग स्टाफ की मांग पूरी करने में असमर्थता जता रियायत मांग रहे थे। इससे क्षुब्ध होकर संबंधित लोगों ने एंटीकरप्शन विभाग से संपर्क कर अपनी समस्या बताई।

### ज्येष्ठ के पहले मंगल पर हनुमानगढ़ी में उमड़े श्रद्धालु



**अयोध्या, अमृत विचार :** ज्येष्ठ माह के पहले मंगल पर सिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु बजरंगबली के दर्शन-पूदजन के लिए पहुंचे। भीषण गर्मी के बावजूद भोर से ही लोग कतारबद्ध हो गए। हनुमानगढ़ी के साथ ही रामलला के दरबार में श्रद्धा हिलोरे ले रही थी। जय श्रीराम के उद्घोष से राम नगरी गूंज रही थी। श्रद्धालुओं से भोर में तीन बजे सरयू के घाट पट गया। पवित्र सरयू नदी में स्नान कर श्रद्धालु बजरंगबली के दर्शन के लिए सिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी और रामलला के दरबार में पहुंचने लगे थे। बड़ा मंगल, मंगलकारी माना जाता है। कहते हैं कि ज्येष्ठ माह में सूर्य मेष राशि में होता है, ऐसी मान्यता है, कि हनुमान जी का पराक्रम सूर्य के तेज से अत्यंत प्रभावी हो जाता है, जो भक्तों को पुण्य लाभ की पराकाष्ठा तक पहुंचाता है। रात तक दर्शनके लिए श्रद्धालुओं की भीड़ रही।

### आगरा, मेरठ, आजमगढ़ व वाराणसी सेमीफाइनल में

**अयोध्या, अमृत विचार :** प्रदेशीय स्कूली अंडर-17 बालिका सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता मंगलवार को डॉ. आंबेडकर राज्य विद्यालयीय क्रीड़ा संस्थान स्टेडियम में शुरू हुई। तीन दिवसीय प्रतियोगिता के पहले दिन आगरा, मेरठ, आजमगढ़ व वाराणसी मंडल टीमों ने जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में स्थान सुनिश्चित कर लिया। पहला मैच लखनऊ व मेरठ मंडल की टीमों के बीच खेला गया। इसमें इसमें मेरठ मंडल ने लखनऊ मंडल को टाई ब्रेकर मुकाबले में 4-3 से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दूसरा क्वार्टर क्वार्टर फाइनल मैच आजमगढ़ व कानपुर मंडल के बीच खेला होना था, लेकिन कानपुर मंडल की टीम टर्न अप न होने के कारण आजमगढ़ मंडल वॉक ओवर के सहारे सेमीफाइनल में पहुंच गई। तीसरा मुकाबला मेजबान अयोध्या व आगरा मंडल के बीच हुआ। एकतरफा मुकाबले में आगरा मंडल ने अयोध्या मंडल को 6-0 से पराजित कर सेमीफाइनल में स्थान सुनिश्चित कर लिया। चौथे मैच में वाराणसी ने मुरादाबाद को 2-0 से हराया।

# छात्रा पर एसिड अटैक के दो दोषियों को 20-20 वर्ष का सश्रम कारावास

## अदालत ने एक-एक लाख रुपये के अर्थदंड से भी किया दंडित

- प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने सुनाई सजा

संवाददाता, बहराइच



**अमृत विचार :** नगर क्षेत्र के निवासी दो अभियुक्तों को नाबालिग बालिका पर एसिड फेंकने के आरोप में प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की कोर्ट ने मंगलवार को 20/20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने अभियुक्तों को एक-एक लाख के अर्थदंड से दंडित भी किया है।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि बीते 21 दिसंबर 2020 की शाम करीब सवा पांच बजे शहर के मोहल्ला चांदपुरा स्थित एक कोचिंग से पढ़कर 17 वर्षीय छात्रा अपने घर के लिए जा रही थी। इसी दौरान दुलदुल हाउस के पास शहर के मोहल्ला काजीपुरा निवासी ऐहतशाम उर्फ सद्दाम और थाना दरगाह शरीफ के गुल्लावीर कालोनी निवासी सुहेल उर्फ पीके बाबा ने नाबालिग छात्रा पर ज्वलनशील पदार्थ तेजाब फेंक दिया था।

घटना में पीड़ित छात्रा के पिता ने कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज कराया था। शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि विवेचना अधिकारी योगेंद्र कुमार ने घटना का नजरी नक्शा तैयार कर आरोपपत्र 19 मार्च 2021 को सक्षम न्यायालय को सौंपा था। वि प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पवन कुमार शर्मा की कोर्ट ने साक्ष्यों का परीक्षण कर घटना में अभियुक्तगणों को दोषी करार देते हुए 17 मई 2024 को निर्णय सुरक्षित रख लिया था। मंगलवार को कोर्ट ने अभियुक्तगणों की सजा पर अभियोजन व बचाव पक्ष के अधिवक्ता की बहस सुनने के बाद अभियुक्तगणों को बीस-बीस वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाते हुए एक-एक लाख के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड अदा न करने की स्थित अभियुक्तगणों को दो-दो वर्ष का अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतना होगा।

## बार एसोसिएशन ने दो वकीलों को किया निलंबित

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने दो वकीलों के खिलाफ मिल रही शिकायतों और पेशेवर कदाचार के कारण उन्हें सुनवाई का अवसर प्रदान करते हुए कार्यकारिणी द्वारा दोनों वकीलों सोनू मलिक और उलझन सिंह बिन्द को एक महीने के लिए बार एसोसिएशन से निलंबित कर दिया गया है और महानिबंधक, इलाहाबाद हाई कोर्ट को भी इस आशय का एक पत्र भेजा गया है कि उक्त अवधि तक उनका एडवोकेट रोल नंबर भी निलंबित किया जाए। अंतिम चेतावनी दी गई है कि भविष्य में अगर इनकी कार्य प्रणाली में सुधार नहीं होता है और उनकी गतिविधियों से बार की गरिमा को क्षति पहुंचती है तो इनका प्रकरण राज्य विधिज्ञ परिषद को उनके विरुद्ध उचित अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु प्रेषित करना होगा। यह जानकारी हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के संयुक्त सचिव (प्रेस) पुनीत कुमार शुक्ला ने जारी की है।

# बिना पंजीकरण जाकिर हुसैन ट्रस्ट चला रहा अस्पताल

- पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद की पत्नी लुईस हैं ट्रस्टी
- फार्मेसी में अवैध तरीके से दवाओं का भी भंडारण मिला
- जांच में कोई जिम्मेदार कर्मचारी या चिकित्सक मौके पर नहीं मिला

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार :** नवाबगंज में सड़क किनारे पड़ी मिली दवाइयों की जांच के संबंध में सीएमओ जाकिर हुसैन ट्रस्ट द्वारा संचालित अस्पताल पहुंचे। अस्पताल में जांच के दौरान सीएमओ ने पाया कि अस्पताल का पंजीकरण ही नहीं हुआ है। जिस ट्रस्ट द्वारा यह अस्पताल संचालित है, उसकी ट्रस्टी पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद की पत्नी लुईस खुर्शीद हैं।

जाकिर हुसैन ट्रस्ट में बिना पंजीकरण के ही चिकित्सा संबंधी कई यूनिटों को संचालित हो रहा है। इसमें पैथोलॉजी यूनिट डायलिसिस यूनिट ,एक्स-रे यूनिट फॉर फार्मेसी यूनिट, रेडियोलाजी युनिट के कक्ष बने दिखे। वही मौके पर सीएमओ को कोई भी चिकित्सक या फार्मासिस्ट उपलब्ध नहीं मिला। फार्मेसी में एक कर्मचारी व एक कंप्यूटर ऑपरेटर सीएमओ को मौके पर मिला। फार्मेसी में अवैध तरीके से दवाओं का भी भंडारण मिला। सीएमओ ने मौजूद कर्मचारियों को जमकर फटकार लगाई। सीएमओ को ट्रस्ट के परिसर में एक कांग्रेस का झंडा लगी गाड़ी भी खड़ी मिली। सीएमओ डॉ. अवनींद्र कुमार ने बताया कि जांच के दौरान बिना पंजीकरण के जाकिर हुसैन ट्रस्ट में अस्पताल संचालित होता मिला है। कोई जिम्मेदार कर्मचारी या चिकित्सक मौके पर नहीं मिला है। संबंधित को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया जाएगा और अस्पताल सील करने की कार्रवाई की जाएगी।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद मामले की अगली सुनवाई 30 को

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद मामले में मुस्लिम पक्ष की ओर से अधिवक्ता तस्लीमा अजीज अहमदी ने मंगलवार को एक वाद में लिखित जवाब दाखिल किया। इस मामले से जुड़े अन्य वादों में जवाब दाखिल करने के लिए और समय मांगे जाने पर कोर्ट ने अगली सुनवाई की तिथि 30 मई सुनिश्चित की है।

अधिवक्ता अहमदी ने कहा कि अन्य वादों में उनका जवाब तैयार नहीं है और उन्हें अपना जवाब दाखिल करने और संबंधित वादों में अपनी दलीलें रखने के लिए कुछ समय दिया जाए। हालांकि, हिंदू पक्ष के अधिवक्ता ने अहमदी के इस अनुरोध पर आपत्ति व्यक्त करते हुए कहा कि याचिका रद करने के लिए आवेदन में उल्लिखित आधार पर मुस्लिम पक्ष की ओर से पहले ही बहस की जा चुकी है। इस पर अहमदी ने कहा कि चूंकि उनका जवाब तैयार नहीं है, लिहाजा उन्हें कुछ और समय दिया जाए। अधिवक्ता अहमदी ने सोमवार को कोर्ट में दलील दी थी कि यह वाद समयसीमा से बाधित है क्योंकि उनके पक्ष ने 12 अक्टूबर 1968 को एक समझौता किया था और इसकी पुष्टि 1974 में दिए गए एक दीवानी मुकदमें के निर्णय में की गई है।

# न्याय के लिए ग्रामीणों को नहीं भटकना पड़ेगा

अजय दयाल, लखनऊ

**अमृत विचार :** न्याय की आस में अब पीड़ित ग्रामीणों की शहर की अदालतों में चक्कर लगाते हुए भटकना नहीं पड़ेगा। गांव में ही तहसील व पंचायत स्तर पर बने ग्राम न्यायालय में उन्हें न्याय दिलाने की प्रक्रिया में तेजी लायी जा रही है। किसी भी सूरत में छह माह की समय सीमा में वाद का निपटारा कर दिया जाएगा।

ऐसे में घर बैठे ग्रामीणों को त्वरित और सुगम न्याय मिलेगा। हाल ही में नौ न्यायाधिकारियों की नियुक्ति के साथ राज्य सरकार ने इस दिशा में मील का पत्थर रख दिया है। पूर्व में शहर से दूर गांवों में न्याय दिलाने की प्रकिया को आसान बनाने के लिए भारत सरकार ने ग्राम न्यायालय अधिनियम 2008 पारित किया था। इसके लिए सरकार ने सभी राज्यों को निर्देशित भी किया था। इनको तहसील स्तर पर बनाने का प्रावधान था। इसी कड़ी में लगभग डेढ़ दशक बाद ही सही अब तेजी से गांव स्तर पर एक के बाद बाद कोर्ट स्थापित किए जा रहे हैं। 22 मई को नौ जिलों के तहसील मुख्यालयों पर स्थापित गांव न्यायालय में न्यायाधिकारी नियुक्त किए गए हैं। ये सभी सिविल न्यायाधीश (जूनियर डिवीजन) संवर्ग के अधिकारी हैं। वहीं ग्राम न्यायालयों में दीवानी मामलों में आपसी समझौतों और फौजदारी मामलों में प्ली बार्गेनिंग के माध्यम से मामलों का निपटारा करने की व्यवस्था भी की गई है।

### इन न्यायाधिकारियों को किया नियुक्त

तहसील मुख्यालय बिल्सी (बदायूं) में अर्जित वर्मा, चकरनगर (इटावा) में रजत शर्मा, जखनिया (गाजीपुर) में जीशान मेहदी, कैम्पियरगंज (गोरखपुर) में दीक्षा त्यागी, शाहगंज (जौनपुर) में विपिन कुमार चौरसिया, बदलापुर (जौनपुर) में आशुतोष सिंह, मरिहान (मीरजापुर) में प्रीति द्वितीय, बिलारी (मुरादाबाद) में अशोक कुमार-चतुर्दश और बिलासपुर (रामपुर) में कु. श्वेता को नियुक्त किया गया है। ये सभी सिविल न्यायाधीश (जूनियर डिवीजन) संवर्ग से हैं।

### इस तरह और ऐसे मामलों की हो सकेगी सुनवाई

ग्रामीण न्यायालय की स्थापना की मंशा लोगों के घर तक न्याय को पहुंचाने की है। इतना ही नहीं, उद्देश्य होगा कि त्वरित व सुलभता से न्याय मिल सके। खास बात यह कि मोबाइल कोर्ट के माध्यम से भी संबंधित गांव विशेष में मौके पर सुनवाई हो सकेगी। हालांकि ग्राम न्यायालयों में सिर्फ उन्ही मामलों की सुनवाई की जाएगी जिनमें अधिकतम सज़ा दो वर्ष का कारावास (ज़ुर्माने के साथ या बगैर) या इससे कम हो, अपराध क्षमायोग्य हो आदि। इस इसके अलावा इस कोर्ट में बिजली चोरी, 125-सीआर पीसी, बाइक चालान सहित सिविल केस आदि की सुनवाई भी की जा सकेगी। इस कवायद के पीछे उद्देश्य यह है कि किसी भी ग्रामीण को आर्थिक, सामाजिक या किसी और कारण से न्याय से वंचित न रहना पड़े।

## ट्रक के पीछे टेंपो घुसा, 3 महिलाओं की मौत

संवाददाता, नरैनी (बांदा)

**अमृत विचार:** बबूल की कटान लाद कर जा रहे ट्रक चालक द्वारा अचानक ब्रेक लेने से पीछे आ रहा टेंपो ट्रक में घुस गया। इसमें एक ही परिवार की तीन महिलाओं की मौत हो गई, जबकि नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

सीएचसी से सात घायलों को रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। मध्य प्रदेश के पन्ना जिले के अंतर्गत धरमपुर थाना क्षेत्र के गांव अमरछी निवासी एक ही समुदाय के लोग अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए नसेनी गांव आ रहे थे।

कोतवाली क्षेत्र के जमवारा गांव के नजदीक नहर बंबा कलीम बोरिंग के पास जमवारा सहित कई क्षेत्रों की बबूल कटान लाद कर नरैनी की तरफ आ रहे ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया। पीछे से आ रही तेज रफ्तार टेंपो ट्रक के पीछे घुस गई। टेंपो सवार 9 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया। यहां मुन्नू बीबी और हाजरा की मौत हो गई। रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज से गंभीर हालत में घायल नूर बीवी, को परिजन कानपुर लेकर जा रहे थे तभी रास्ते में नूर बीबी ने दम तोड़ दिया।

# शिक्षा के लिए राजनाथ को भी जाना पड़ा था बाहर

### मुख्यमंत्री ने मीरजापुर से राजग प्रत्याशी अनुप्रिया पटेल के पक्ष में की जनसभा

संवाददाता, मिर्जापुर



मिर्ज़ापुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सम्मानित करते केंद्रीय मंत्री और अपना दल (सोनेलाल) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और मिर्जापुर सीट से लोकसभा उम्मीदवार अनुप्रिया पटेल।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को एक चुनावी जनसभा में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह का उदाहरण देते हुए गैरभाजपा सरकारों में मिर्जापुर के पिछड़ेपन का हवाला दिया। योगी ने कहा कि यहां का नौजवान पढ़ने बाहर जाता था।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह हों या भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह, इन्हें भी पढ़ने मिर्जापुर से बाहर जाना पड़ा था। कोई दूसरे जनपद तो कोई रिश्तेदार के घर और छात्रावास रहने जाता था। साधन का अभाव था, फिर भी मेहनत से पढ़ते थे पर अब मिर्जापुर वाले भी कह सकेंगे कि यहां विश्वविद्यालय है। रिश्तेदार आकर यहां अच्छी शिक्षा ग्रहण करें। मुख्यमंत्री केंद्रीय मंत्री व मीरजापुर से राजग (अपना दल एस) प्रत्याशी अनुप्रिया पटेल के पक्ष में मंगलवार को महाशक्ति इंटर कॉलेज के सामने बिहसड़ा में जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

### दंगाइयों की रीढ़ तोड़ने वाली पीएसी को सपा ने कर दिया था खत्म

योगी ने कहा कि सपा ने दंगाइयों की रीढ़ तोड़ने वाली पीएसी की 54 कंपनियों को समाप्त कर दिया था। हमने फिर सभी कंपनियों को बहाल किया। देश में कहीं भी दंगा होता है तो दंगाइयों की ठुकाई के लिए यूपीपीएसी को बुलाया जाता है। इनका नाम सुनकर दंगाई घरों में दुबक जाते हैं। दंगा शांत हो जाता है तो जनता कहती है कि पीएसी तो आ गई है, योगी जी बुलडोजर भी भेज दीजिए।

## अफसरों ने खंगाली आजम खां की बैरक

**सीतापुर, अमृत विचार :** जिला न्यायाधीश मनोज कुमार तृतीय ने डीएम-एसपी के साथ जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। जेल के निरीक्षण के दौरान अफसरों ने पूर्व मंत्री व सपा नेता आजम खां की बैरक सहित अन्य बैरकों की खंगाला कर जमा तलाशी ली। निरीक्षण के दौरान जिला कारागार से किसी प्रकार की संदेहास्पद वस्तु नहीं मिली। मंगलवार की शाम जिला न्यायाधीश मनोज कुमार ने डीएम अनुज सिंह व एसपी चक्रेश मिश्रा व सीएमओ डॉ. हरपाल सिंह के साथ जिला कारागर पहुंचकर बंदियों से वार्ता की।

## वर्ग पहेली-84

**बाएं से दाएं**

4. 1. अध्ययन या शोधकार्य हेतु प्रदत्त या प्राप्त वृत्ति, अध्येतावृत्ति 2. मैत्री, भाईचारा, मेलजोल, मिलाप 3. समान विचार वाले लोगों का समूह, समाज या संघ।
5. 1. सूखे पत्तों के टूटने से उत्पन्न शब्द 2. हिंसक पशुओं के रहने का स्थान, मांद।
6. अच्छे चाल-चलन वाला, सच्चरित्र, सदाचारी।
9. 1. आसानी का भाव, बिना किसी असुविधा की स्थिति 2. सुख
10. 1. ठहरने का स्थान या जगह 2. स्थान, जगह 3. पड़ाव 4. ठहराव 5. घर, वासस्थल 6. भूमिका।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. मंथन, मर्दन 2. मन में उठने वाली उहापोह की स्थिति 3. क्षोभ 4. द्वंद्व।
2. 1. कुएं के मेढक की तरह एक ही जगह रहने या सीमित स्थान को ही दुनिया समझ लेने की अवस्था या भाव 2. बाहर की दुनिया की जानकारी की कमी, अल्पज्ञता।
3. 1. कृपालु, दयालु, अनुग्राहक, अनुग्राही 2. दयावान, दयावंत, दयाशील।
7. 1. छोटी लता 2. बेल।
8. 1. एक सेर का चौथाई भाग, पाव 2. इस मान का बटखरा 3. रुतबा, पद 4. बरतन जिसमें पाव भर दूध आता है।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | ■ | 2 | ■ | ■ | 3 |
| 4 | | | | ■ | ■ | |
| ■ | | ■ | | ■ | 5 | |
| ■ | | ■ | | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | 6 | | | 7 | |
| 8 | ■ | ■ | | ■ | | ■ |
| 9 | | | ■ | 10 | | |

### वर्ग पहेली -83 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 श | रा | स | न | ■ | ■ | 2 पु |
| ■ | ■ | ■ | ■ | 3 बं | द | नी |
| ■ | ■ | 4 ब | ■ | दा | ■ | ता |
| ■ | 5 म | हा | ज | न | ■ | ■ |
| 6 दं | दा | ना | ■ | 7 वा | क | या |
| ■ | र | ■ | ■ | ज़ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | 8 खा | टी | ■ | 9 धे | री |

## सुडोकू-163

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | | 4 | | | |
| 6 | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | 2 | | | | | | | 8 |
| | | | | | | | | |
| 8 | | | | 7 | | | | 4 |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | 9 |
| | 4 | | | | 5 | | | |

### सुडोकू -162 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 8 | 5 | 9 | 6 | 7 |
| 7 | 8 | 5 | 9 | 2 | 6 | 4 | 3 | 1 |
| 6 | 4 | 9 | 7 | 1 | 3 | 2 | 8 | 5 |
| 5 | 3 | 1 | 6 | 9 | 8 | 7 | 4 | 2 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 4 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 5 | 9 | 6 |
| 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 2 | 9 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 5 | 4 |
| 4 | 9 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 8 |

### आज का भविष्यफल -पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 29 मई बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-षष्ठी 13.39 तक तत्पश्चात सप्तमी।

**मेष:** आज कार्यक्षेत्र की अव्यवस्था को दूर करने को लेकर आप काफी प्रतिबद्ध रहेंगे। रक्तचाप के रोगी अपनी सेहत का ध्यान रखें। अधिकारी वर्ग की अपेक्षा आपसे बढ़ सकती है। यदि विदेश में नौकरी ढूंढ रहे हैं तो आज का दिन काफी अनुकूल रहेगा।

**वृष:** आज धार्मिक कृत्यों का दिखावा करने से बचें। पिता को लेकर कुछ तनाव हो सकता है। कृषि से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। स्थान-परिवर्तन की योजना बना सकते हैं। कारोबार में बड़ा बदलाव करने से आपको बचना चाहिए।

**मिथुन:** आज व्यवसाय से जुड़े लोगों को ग्राहकों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिए। पैर में चोट लगने की आशंका है। आपको नौकरी में बदलाव करने की जरूरत महसूस होगी, किन्तु यह समय किसी निर्णय लेने का नहीं है।

**कर्क:** आज व्यवसाय में बदलाव के लिए प्रयास करेंगे। जीवनसाथी को करियर में अच्छी सफलता मिल सकती है। अटके हुए मामलों को सुलझाने में लगे हुए होंगे। बुजुर्ग लोगों की बातों का बुरा न मानें। भारी उद्योगों से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है।

**सिंह:** आज सरकारी कार्यों में बाधा आ सकती है। सेहत को लेकर बिल्कुल भी लापरवाही न करें। अधीनस्थ कर्मचारियों के ऊपर आप नाराज हो सकते हैं, लेकिन आप स्थितियों को अपने नियंत्रण में लाने में भी सफल रहेंगे।

**कन्या:** आज आपको प्रेम संबंधों में परेशानियों का अनुभव होगा। विद्यार्थी अपने करियर को लेकर कुछ कन्फ्यूज हो सकता है। जीवनसाथी आपसे प्रेम की अपेक्षा रखेगा। किन्तु आपकी व्यस्तता काफी ज्यादा होगी। व्यवसाय में बड़ा निवेश करने से बचें।

**तुला:** आज आप थोड़े गुस्से में रहेंगे। परिस्थितियां आपके लिए कुछ कठिन रहेंगी। कार्यक्षेत्र में आपकी व्यस्तता बढ़ेगी। अधिकारियों को लेकर आपके मन में रोष रहेगा। आय के दूसरे विकल्पों पर आप काम करेंगे। नकारात्मक प्रकृति के लोगों से दूरी बनाकर रखें।

**वृश्चिक:** आज आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे। प्रेमी जन को प्रपोज कर सकते हैं। यदि आप किसी यात्रा पर जा रहे हैं तो उसकी तैयारी अच्छी रखें। आप जल्दबाजी में कुछ सामान भूल सकते हैं। इन्टरव्यू आदि में सफलता मिलने की सम्भावना है।

**धनु:** आज आपकी अपेक्षाओं पर लोग खरे नहीं उतरेंगे। प्रेम संबंधों में तनाव होने की आशंका है। यदि आप धैर्यवान रहते हैं तो आप सम्पत्ति विवादों को सुलझा सकते हैं। ज्यादा धूप और गर्मी में निकलने से बचें। शरीर में पोषक तत्वों की कमी देखने को मिल सकती है।

**मकर:** आज शेयर मार्केट के माध्यम से बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। मित्रों के सहयोग से आप कई रुके हुए कार्य करवा सकते हैं। उधार दिया हुआ धन वापस मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। अधीनस्थ कर्मचारी आपका काफी ध्यान रखेंगे। वैवाहिक जीवन काफी रोमान्टिक रहने वाला है।

**कुंभ:** आज परिवार में धन की कमी का सामना करना पड़ सकता है। नशे जैसी गंदी आदतों से जितना हो सके दूर रहें। इससे आपकी छवि बुरी तरह से खराब हो सकती है। शान्तिपूर्वक समय निकालना बुद्धिमत्ता होगी। शाम को आप मनोरञ्जन के साधनों का आनन्द लेंगे।

**मीन:** आज आप दिन भर आराम करना पसन्द करेंगे। धार्मिक विषयों पर आप लोगों को काफी सहायता दे सकते हैं। व्यवसाय में विस्तार करने में सफलता मिलेगी। भाई-बहनों को लेकर परेशानी दूर होगी। सन्तान के व्यवहार से आप प्रसन्न रहेंगे।

### आज का पंचांग

(कुंडली: 3, गु., 1 बु., 4, शु. सू. 2, मं. 12, रा., 5, 11, श., 8, के. 6, 7, 10, 9, चं.)

दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-श्रवण 08.38 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

### आज की फिल्में

B4U Movies
- खिलाड़ी 1992 — सुबह : 11.42
- बधाई हो बधाई — शाम : 06.23

&pictures
- फुकरे रिटर्न्स — सुबह : 10.50
- रश्मी रॉकेट — रात : 08.00

Sony Pix
- बेबी ड्राइवर — सुबह : 08.49
- हैनकॉक — रात : 09.00

Zee Cinema
- अटैक 2016 — सुबह : 10.25
- राम लखन — रात : 08.30

Colors Cineplex
- दोस्ताना — सुबह : 11.57
- आंखे — रात : 08.46

#### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08.30 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

मां - बेटा इतनी लिपस्टिक लगा के कहां जा रही है
बेटी - मां मैं कॉलेज जा रही हूं
मां - बेटी तुझे कोई लड़का पसंद है क्या ?
बेटी खुश होके - हां मां बहुत पसंद है
मां - तो उस कमीने से बोल दे कि तेरी शादी वर्मा जी के बेटे से तय कर दी है।

चिंटू- "राहों में उनसे मुलाकात हो गई, जिससे डरते थे वही बात हो गई ...इस गाने का क्या मतलब है?
मिंटू- इसका मतलब है कि गायक का चालान कट गया है।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 970 फ्लैग 1085 डीएमओ 855 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 980 फ्लैग 1095 बोल्ड 1150 डीएमओ 860।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**-दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये, उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुमूंग धोआ : 104 -106 मूंग छिलका : 95 से 105 मूंग साबुत : 90से 105 चना देसी : 60से 70 रुपये चना कावली : 90 से 130 राजमा लाल : 130 से 140 राजमा चित्ता : 125 से 130 लोबिया लाल : 90 से 110 लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये।

## एक नजर

### फोन पर सेवा, लेनदेन से संबंधित कॉल के लिए 160 नंबर श्रृंखला जारी

**नई दिल्ली।** दूरसंचार विभाग ने सरकार, नियामकों और वित्तीय संस्थाओं द्वारा की जाने वाली सेवा और लेनदेन संबंधी फोन कॉल के लिए 160 से शुरू होने वाली 10 अंक वाली एक अलग नंबर श्रृंखला आवंटित की है। विभाग की तरफ से जारी ज्ञापन के मुताबिक, 10 अंक वाली इस नंबर श्रृंखला को इस तरह तैयार किया गया है कि कॉल की जगह के बारे में भी पता चल जाएगा।

### आईटी ने कहा, 31 तक पैन को आधार से जोड़े

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने करदाताओं को ऊंची दर पर कर कटौती से बचने के लिए 31 मई तक पैन को आधार से जोड़ने की सलाह दी है। आयकर नियमों के अनुसार, यदि स्थायी खाता संख्या (पैन) बायोमेट्रिक आधार से जुड़ा नहीं है, तो लागू दर से दोगुनी दर पर टीडीएस काटा जाना आवश्यक है। आयकर विभाग ने पिछले महीने इस संबंध में परिपत्र जारी किया था।

# चौथी तिमाही में आर्थिक विकास दर 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान: एसबीआई

## बैंक ने रिपोर्ट में समाप्त वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि के 8 प्रतिशत रहने की जताई संभावना

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय स्टेट बैंक ने आज अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत और मार्च 2024 में समाप्त वित्त वर्ष में इसके आठ प्रतिशत रहने का अनुमान है।

एसबीआई के ग्रुप मुख्य अर्थशास्त्री डॉ.सौम्य कांति घोष ने आज जारी एक रिपोर्ट में कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक ने चौथी तिमाही में जीडीपी के 7.3 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान जताया है, जबकि एसबीआई ने इसके 7.4 प्रतिशत रहने और मार्च 2024 के समाप्त वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि के आठ प्रतिशत तक पहुंचने की संभावना जताई है। उसने चालू वित्त वर्ष में जीडीपी के 7.5 प्रतिशत से 8 प्रतिशत तक बढ़ने का अनुमान जताया है जबकि आरबीआई इसके सात प्रतिशत रहने की बात पहले की कह चुकी है। उसने कहा है कि 30 उच्च आवृत्ति संकेतकों के साथ इन-हाउस विकसित एसबीआई आर्टिफिशियल न्यूरल नेटवर्क (एएनएन) मॉडल चौथी तिमाही जीडीपी वृद्धि 7.4 प्रतिशत रहने का संकेत दे रहा है। प्रमुख संकेतक शहरी/ग्रामीण परिदृश्य में निरपेक्ष विकास की प्रवृत्ति दिखाते हैं, हालांकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था में तेजी बनी हुई है। जनवरी 24 से संकेतकों का प्रतिशत 80 से ऊपर बना हुआ है, शहरी संकेतकों ने हाल के महीनों में उल्लेखनीय सुधार दिखाया है।

### भू-राजनीतिक और मौसम की घटनाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा संकेत




भू-राजनीतिक और मौसम की घटनाओं के जोखिमों के बावजूद आशावाद आगे चलकर अशांत प्रतिकूल परिस्थितियों में बदल सकता है। इसके अलावा, अच्छे दिनों के अग्रदूत के रूप में, सामान्य से ऊपर मानसून दालों, तिलहन और अनाज की घरेलू आपूर्ति को बढ़ावा देकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा संकेत है। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, 2024 के मानसून सीजन के उत्तरार्ध के दौरान ला नीना विकसित होने की उम्मीद है, जबकि हिंद महासागर डिपोल (आईओडी) सकारात्मक होने की उम्मीद है, जो दोनों ही अच्छे मानसून का संकेत देते हैं। कॉर्पोरेट भारत ने मजबूत आंकड़े दर्ज करना जारी रखा, हालांकि बैलेंस शीट की मजबूती के लंबे तिमाही दौर के बाद लाभप्रदता पर कुछ दबाव सामने आया।

## वर्ष 2024-25 में बैंकों की ऋण वृद्धि घटकर 14 प्रतिशत रह जाएगी

**मुंबई।** देश की बैंकिंग प्रणाली की ऋण वृद्धि में चालू वित्त वर्ष 2024-25 में दो प्रतिशत घटकर 14 प्रतिशत हो सकती है। घरेलू रेटिंग एजेंसी क्रिसिल के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 में बैंकिंग प्रणाली की ऋण वृद्धि दर 16 प्रतिशत थी।

रेटिंग एजेंसी के अनुसार, इस मंदी से वित्त वर्ष 2024-25 में(सकल घरेलू उत्पाद) जीडीपी वृद्धि दर भी घटकर 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह वित्त वर्ष 2023-24 में 7.6 प्रतिशत थी। क्रिसिल ने कहा कि धीमी जमा अभिवृद्धि ऋण वृद्धि पर नियंत्रण रख सकती है। हालांकि एजेंसी ने माना कि पिछले वर्ष जमा और ऋण वृद्धि के बीच का अंतर कम हुआ है। एजेंसी ने कहा-इस राजकोषीय वृद्धि को उच्च आधार प्रभाव, जोखिम भार में संशोधन और कुछ हद तक कम सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि से नियंत्रित किया जाएगा।

## केएएल एयरवेज, कलानिधि के किए गए दावों का कोई कानूनी औचित्य नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

- स्पाइसजेट ने नुकसान के दावे को बताया निराधार




विमानन कंपनी स्पाइसजेट ने मंगलवार को कहा कि केएएल एयरवेज और कलानिधि मारन के 1,323 करोड़ रुपये से अधिक के नुकसान के दावे निराधार हैं और इनका कोई कानूनी औचित्य नहीं है। केएएल एयरवेज और कलानिधि मारन ने सोमवार को कहा था कि वे स्पाइसजेट और उसके प्रमुख अजय सिंह से 1,323 करोड़ रुपये से अधिक का हर्जाना मांगेंगे। साथ ही दोनों पक्षों के बीच जारी विवाद मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय के हाल के आदेश को चुनौती देंगे।

स्पाइसजेट ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि वह केएएल एयरवेज और मारन द्वारा 1,323 करोड़ रुपये का हर्जाना मांगने के दावों का दृढ़ता से खंडन करता है। विमानन कंपनी ने कहा-इन दावों का कोई कानूनी औचित्य नहीं है। वे मध्यस्थ न्यायाधिकरण और फिर दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा पहले ही खारिज किए गए दावों को दोहरा रहे हैं। स्पाइसजेट ने कहा-केएएल एयरवेज और मारन ने शुरुआत में मध्यस्थता कार्यवाही के दौरान 1,300 करोड़ रुपये से अधिक के मुआवजे की मांग की। इस दावे की गहन जांच की गई और बाद में उच्चतम न्यायालय के तीन सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की एक पीठ ने इसे खारिज कर दिया।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉंदी 999 (प्रति किलो) | 95,400 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74,125 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55,250-55,450 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,750 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,600 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 90,500 |
| चांदी तैयार | 90,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 72,700 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,700 |
| चांदी पक्की | 900 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,800 |
| चांदी आभूषण | 89,800। |

## भारत-अमेरिका सीईओ फोरम ने शुरू किया ज्ञान साझा करने वाला मंच

नई दिल्ली, एजेंसी

उद्यमिता, समावेशी विकास और छोटे व्यवसायों को बढ़ावा देने पर भारत-अमेरिका सीईओ फोरम के एक कार्यसमूह ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में एमएसएमई एवं स्टार्टअप के एकीकरण के लिए ज्ञान साझा करने वाला एक मंच शुरू किया है। यह मंच यूनाइटेड सर्विसेज इंस्टिट्यूट (यूएसआई) और साइबरपीस फाउंडेशन के साथ साझेदारी में शुरू किया गया है। फोरम ने मंगलवार को एक बयान में ज्ञान साझा करने वाले इस मंच के गठन की जानकारी दी।

फोरम ने कहा-भारत-अमेरिका सीईओ मंच के कार्यसमूह-7 (डब्ल्यूजी7) ने यूएसआई और साइबरपीस फाउंडेशन के साथ साझेदारी में 27 मई को भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय ज्ञान-साझाकरण मंच पेश किया है। इस कार्यसमूह की शेरपा सुबी चतुर्वेदी ने कहा कि यह मंच भारत और अमेरिका के द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाएगा और उनके बीच व्यापार की संभावनाएं पैदा करेगा। यह स्टार्टअप को सशक्त बनाकर और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में एमएसएमई का एकीकरण कर समावेशी विकास को बढ़ावा देगा।

## मानसून, गन्ना उत्पादन पर निर्भर चीनी निर्यात की अनुमति का मामला

**नई दिल्ली।** भारत 2024-25 सत्र में अंतिम गन्ना बुवाई और उत्पादन का आकलन करने के बाद चीनी निर्यात की अनुमति दे सकता है। ब्राजील के बाद दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक देश भारत अगले सत्र में चीनी उत्पादन कम यानी तीन करोड़ टन रहने की उम्मीद कर रहा है। सूत्रों ने यह जानकारी दी है। सूत्रों ने कहा कि सितंबर में समाप्त होने वाले मौजूदा 2023-24 सत्र में चीनी उत्पादन अबतक 3.15 करोड़ टन तक पहुंच गया है, अंतिम उत्पादन 3.18 करोड़ टन तक पहुंचने की संभावना है क्योंकि तब तक तमिलनाडु और कर्नाटक में मिलें पेराई बंद कर देंगी।

## चांदी के दाम में 3,100 और सोने में 130 रुपये का उछाल

नई दिल्ली, एजेंसी

- करीब दो सप्ताह के उच्चस्तर पर पहुंच गई चांदी की कीमत



मजबूत वैश्विक रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को चांदी की कीमत 3,100 रुपये के उछाल के साथ 95,950 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई, जबकि सोना 130 रुपये मजबूत हुआ।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार, लगातार दूसरे दिन चांदी में मजबूती आई। इसकी कीमत 3,100 रुपये के उछाल के साथ करीब दो सप्ताह के उच्चस्तर 95,950 रुपये प्रति किग्रा हो गई। सोमवार को चांदी 92,850 रुपये प्रति किग्रा के स्तर पर बंद हुई थी। इस बीच, सोना 130 रुपये मजबूत होकर 72,950 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 72,820 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बंद हुआ था। अंतर्राष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,346 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद भाव से दो डॉलर अधिक है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा-कमजोर अमेरिकी डॉलर की मदद से मंगलवार को यूरोपीय कारोबारी घंटों में सोना मामूली बढ़त के साथ कारोबार कर रहा था। उन्होंने कहा-व्यापारी अब महत्वपूर्ण अमेरिकी मुद्रास्फीति आंकड़ों का इंतजार कर रहे हैं, जो इस बात पर प्रकाश डाल सकता है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व कितनी जल्दी ब्याज दरों में कमी कर सकता है। इससे आगे सोने की कीमतों को दिशा मिलेगी। विदेशी बाजारों में चांदी भी बढ़कर 31.50 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, चांदी की कीमतें बढ़कर 31 डॉलर के स्तर को पार कर गईं, जो नरमी के दौर के अंत का संकेत है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### अदालत ने सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका पर ईडी से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने धन शोधन के एक मामले में जमानत (डिफॉल्ट बेल) देने का अनुरोध करने वाली, जेल में बंद पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की याचिका पर मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब देने के लिए कहा। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने ईडी को नोटिस जारी किया और उसे मामले पर एक स्थिति रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा। अदालत ने जेल प्राधिकारियों से जैन का रिकॉर्ड भी मांगा और मामले पर अगली सुनवाई के लिए नौ जुलाई की तारीख तय की। जैन पर कथित तौर पर उनसे जुड़ी चार कंपनियों के जरिए धन शोधन करने का आरोप है।

### सोरेन की जमानत याचिका पर जवाब दाखिल करने का निर्देश

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। ईडी ने कथित भूमि घोटाले से जुड़े धन शोधन के मामले में सोरेन को 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। सोरेन ने सोमवार को उच्च न्यायालय के समक्ष याचिका दाखिल कर मामले में शीघ्र सुनवाई करने का अनुरोध किया था। न्यायमूर्ति रोंगोन मुखोपाध्याय की पीठ के समक्ष सोरेन की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने दलील दी कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता सोरेन राजनीतिक साजिश का शिकार हैं।

### जुलूस के दौरान दो समूहों के बीच झड़प

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक धार्मिक जुलूस के दौरान मामूली मुद्दे पर दो समूहों के बीच हुई झड़प के बाद 25 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा कि सोमवार रात भिवंडी के सरावली गांव में हुई घटना के संबंध में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि रात करीब साढ़े नौ बजे एक धार्मिक जुलूस के दौरान गुलाल फेंकने को लेकर समूहों में झड़प हो गई। अधिकारी ने कहा कि घटना के संबंध में 25 लोगों पर मामला दर्ज किया गया है।

# भाजपा 200 सीट के आंकड़े को भी नहीं कर पाएगी पार: खरगे

## शाह के नौकरी गंवा देने वाले तंज पर कांग्रेस अध्यक्ष ने दिया जवाब

चंडीगढ़, एजेंसी



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भारतीय जनता पार्टी के 400 पार के दावे को बकवास करार देते हुए खारिज कर दिया और कहा कि पार्टी लोकसभा चुनाव में 200 सीट के आंकड़े को भी पार नहीं कर पाएगी। खरगे ने अमृतसर में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले आम चुनाव की तुलना में भाजपा की सीट घट रही हैं जबकि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन बढ़त बना रहे हैं। जबकि भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) दावा कर रहा है कि उसे लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीट मिलेंगी।

भाजपा के इस दावे से जुड़े एक सवाल का जवाब देते हुए खरगे ने कहा-जब आपकी (सीट) घट रही हैं और हमारी बढ़ रही हैं। 400 पार भूल जाओ, यह बकवास है। वे सरकार भी नहीं बना सकते और 200 सीट से आगे नहीं बढ़ पाएंगे। खरगे ने कहा कि भाजपा तमिलनाडु, केरल और तेलंगाना में अस्तित्वहीन है और कर्नाटक में मजबूत नहीं है। उन्होंने सवाल किया, आप महाराष्ट्र में कमजोर हैं, जबकि पश्चिम बंगाल और ओडिशा में एक लड़ाई है। आपको 400 सीट कैसे मिल रही हैं? केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के इस तंज का जवाब देते हुए कि चुनाव में कांग्रेस की हार के बाद खरगे अपनी नौकरी गंवा देंगे। खरगे ने कहा-मैं नौकरी करने के लिए राजनीति में नहीं आया हूं। मैं बचपन से ही लोगों की सेवा करने के लिए राजनीति में हूं, अब मुझे उतने ही साल हो गए हैं जितनी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उम्र है। खरगे ने कहा-उन्हें चार जून के बाद अपनी नौकरी के बारे में सोचना चाहिए।

कांग्रेस प्रमुख खरगे ने लोकसभा चुनाव के लिए कृषि ऋण माफी और फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कानूनी गारंटी पर पार्टी के चुनावी वादों को दोहराया। उन्होंने साथ ही बेरोजगारी के मुद्दे और अग्निपथ योजना पर भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर निशाना भी साधा।

### चार जून के बाद ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री कहलाएंगे नवीन पटनायक : अमित शाह



**भद्रक/जाजपुर (ओडिशा)।** गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को चुटकी लेते हुए कहा कि नवीन पटनायक चार जून के बाद ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री हो जाएंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि भाजपा 147 सदस्यीय विधानसभा में 75 से अधिक सीट हासिल कर राज्य में अगली सरकार बनाएगी। शाह ने भद्रक लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत चांदबाली में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए यह भी दावा किया कि भाजपा ओडिशा की 21 लोकसभा सीट में से 17 सीट पर जीत हासिल करेगी। उन्होंने कहा-चार जून को नवीन बाबू मुख्यमंत्री नहीं रहेंगे, वह पूर्व मुख्यमंत्री बन जाएंगे...भाजपा ओडिशा में 17 लोकसभा सीट और 75 विधानसभा सीट पर जीत दर्ज करेगी। ओडिशा में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ हो रहे हैं। शाह ने यह भी कहा कि भाजपा यह सुनिश्चित करेगी कि अगला मुख्यमंत्री उड़िया भाषा में पारंगत हो और राज्य की भाषा, संस्कृति तथा परंपरा को समझता हो। स्पष्ट रूप से पटनायक के करीबी सहयोगी एवं बीजू जनता दल (बीजद) के नेता वी के पांडियन के संदर्भ में शाह ने कहा-क्या तमिल बाबू को पर्दे के पीछे से सरकार चलानी चाहिए... कमल के निशान पर अपना वोट देकर एक अधिकारी की जगह राज्य पर शासन करने के लिए एक जनसेवक को लाएं।

## छठे चरण में सात करोड़ से अधिक मतदाताओं ने किया मताधिकार का प्रयोग

नई दिल्ली, एजेंसी

- निर्वाचन आयोग ने बताया 63.37 प्रतिशत हुआ मतदान

निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को कहा कि लोकसभा चुनाव के छठे चरण में आठ राज्यों में 58 सीट पर 63.37 प्रतिशत मतदान हुआ। कुल सात चरणों में हो रहे लोकसभा चुनाव के छठे चरण में 25 मई को 11.13 करोड़ योग्य मतदाताओं में से 7.05 करोड़ ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया।

आम चुनाव में अब तक हुए छह चरणों के मतदान में, 87.54 करोड़ निर्वाचकों में से लगभग 57.77 करोड़ ने वोट दिया। विश्व में सर्वाधिक संख्या में 96.88 करोड़ निर्वाचक भारत में हैं। निर्वाचक नामावली में शामिल नागरिकों को निर्वाचक माना जाता है जबकि मतदान करने वालों को मतदाता कहा जाता है। मौजूदा लोकसभा चुनाव के अब तक के छह चरणों में, चौथे चरण में सर्वाधिक मतदान हुआ जबकि पांचवें चरण में सबसे कम वोट पड़े। निर्वाचन आयोग द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, छठे चरण में 63.37 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं, पूर्व में आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार चौथे चरण में 69.16 प्रतिशत मतदान हुआ था, जो अब तक हुए छह चरणों के चुनाव में सर्वाधिक है।

## यौन उत्पीड़न के वीडियो वितरित करने को लेकर दो व्यक्ति गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** हासन से सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच कर रहे एसआईटी ने मंगलवार को दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। इन दोनों व्यक्तियों ने जनता दल (सेक्युलर) नेता द्वारा कई महिलाओं का कथित तौर पर यौन शोषण किए जाने के वीडियो वाले पेन ड्राइव वितरित किए थे। पुलिस सूत्रों के अनुसार, दोनों व्यक्तियों को उस वक्त गिरफ्तार किया गया जब वे उच्च न्यायालय पहुंचे। एसआईटी अधिकारियों ने उन्हें हिरासत में ले लिया और पूछताछ के लिए अपने साथ ले गए। इन दोनों व्यक्तियों ने कथित तौर पर वे पेन ड्राइव वितरित किये थे।

## नाराज वादी ने न्यायाधीश की ओर फेंकी जूतों की माला

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** इंदौर की जिला अदालत में दीवानी मुकदमा खारिज किए जाने से नाखुश 65 वर्षीय एक वादी ने मंगलवार को एक न्यायाधीश की ओर कथित रूप से जूतों की माला फेंक दी। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी के मुताबिक मोहम्मद सलीम (65) ने जिला अदालत में यह आरोप लगाते हुए मुकदमा दायर किया था कि आजाद नगर क्षेत्र में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करते हुए एक मस्जिद का निर्माण किया गया है। सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) विनोद कुमार दीक्षित ने संवाददाताओं को बताया कि जिला अदालत के एक न्यायाधीश ने दोनों पक्षों की दलीलों पर गौर के बाद सलीम का दीवानी मुकदमा खारिज करने का फैसला सुनाया और पाया कि मस्जिद अतिक्रमण करके नहीं बनाई गई है।

## हैदराबाद में उपमुख्यमंत्री के घर पर बम विस्फोट की धमकी

हैदराबाद, एजेंसी



बम निरोधक टीम ने बम की धमकी मिलने के बाद तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क के आधिकारिक आवास प्रजा भवन के परिसर की जांच की। ● एजेंसी

- जानकारी पर हरकत में आई पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया

हैदराबाद में एक अज्ञात व्यक्ति ने मंगलवार को कथित तौर पर फोन कर बताया कि तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री एम. बी. विक्रमार्क के आधिकारिक आवास प्रजा भवन पर बम विस्फोट होने वाला है, जिसके बाद हरकत में आई पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि अज्ञात व्यक्ति ने पुलिस नियंत्रण कक्ष को फोन कर आगाह किया कि हैदराबाद शहर में प्रजा भवन में बम फटने वाला है। पुलिस ने तुरंत बम निरोधक दस्ते की मदद से परिसर की तलाशी शुरू कर दी। तेलंगाना की पंचायत राज एवं ग्रामीण विकास और महिला एवं बाल कल्याण मंत्री डी. अनसूया प्रजा भवन पहुंचीं और अधिकारियों व उपमुख्यमंत्री के परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर मामले पर चर्चा की। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि मंत्री ने अधिकारियों को आगंतुकों की गहन जांच करने और प्रजा भवन में सुरक्षा बढ़ाने का निर्देश दिया। प्रजा भवन के एक हिस्से का उपयोग प्रजा वाणी कार्यक्रम के लिए किया जाता है, सप्ताह में दो बार शिकायत निवारण सभा आयोजित की जाती है।

## कविता गवाहों को कर सकती हैं प्रभावित

नई दिल्ली, एजेंसी

### आबकारी घोटाला



- सीबीआई और ईडी ने कविता की जमानत याचिका का उच्च न्यायालय में किया विरोध

सीबीआई और ईडी ने कथित आबकारी घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार और धनशोधन के मामले में गिरफ्तार बीआरएस की नेता के.कविता की ओर से दायर जमानत याचिका का दिल्ली उच्च न्यायालय में मंगलवार को विरोध किया। केंद्रीय एजेंसियों ने अदालत से कहा कि वे बहुत ही प्रभावशाली और ताकतवर हैं और गवाहों को प्रभावित कर सकती हैं। कविता की ओर से पेश वकील ने कहा कि वह महिला हैं और उन्हें जमानत पर रिहा किया जाना चाहिए।

कोर्ट में जांच एजेंसियों ने कहा कि उन्होंने घोटाले की साजिश में अहम भूमिका निभाई और वह सक्रिय नेता एवं तेलंगाना विधानसभा की सदस्य होने के नाते कमजोर महिला होने का दावा कर जमानत नहीं मांग सकती हैं। ईडी, सीबीआई और कविता के वकीलों की दलीलों को सुनने के बाद न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने बीआरएस नेता की जमानत अर्जी पर फैसला सुरक्षित रख लिया। सीबीआई के वकील ने दलील दी कि कविता केवल महिला नहीं हैं बल्कि प्रभावशाली महिला हैं और गवाहों को प्रभावित करने के मामले में काफी ताकतवर हैं, गवाहों में शामिल एक व्यक्ति ने दावा किया है कि उन्होंने उसको धमकी दी थी। ईडी के वकील ने भी दलील की दी कि कविता घोटाले की सह साजिशकर्ता और लाभार्थी हैं और अपराध की कड़ी सीधे तौर पर उनसे जुड़ती है।

## उपराज्यपाल ने नर्सिंग होम के रजिस्ट्रेशन की जांच का दिया आदेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने राष्ट्रीय राजधानी में निजी नर्सिंग होम के पंजीकरण और नियामक प्रबंधन की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) से जांच कराने का आदेश दिया है। राजनिवास के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार के एक अस्पताल में आग लगने से छह नवजात शिशुओं की मौत के बाद यह आदेश दिया गया है। निजी अस्पताल में आग लगने की घटना के संदर्भ में मुख्य सचिव को लिखे अपने पत्र में सक्सेना ने कहा-मैंने इस मामले में बहुत सख्त रुख अपनाया है। व्यापक जनहित को देखते हुए और अधिकारियों के एक वर्ग द्वारा गंभीरता की कमी के कारण मुझे कदम उठाने के लिए मजबूर होना पड़ा है। नोट में कहा गया, आग लगने और नर्सिंग होम से संबंधित मामले में... एसीबी को शहर में नर्सिंग होम के पंजीकरण की व्यापक जांच करने का निर्देश दिया गया है, ताकि यह आकलन किया जा सके कि कितने नर्सिंग होम वैध पंजीकरण के बिना काम कर रहे हैं।

## भोजन के बाद हालत बिगड़ने से तीन की मौत

जयपुर, एजेंसी

- उदयपुर जिले में एक कार्यक्रम में शामिल हुए थे 80 लोग

राजस्थान में उदयपुर जिले के कोटड़ा थाना क्षेत्र में एक कार्यक्रम में भोजन के बाद अचानक हालत बिगड़ने से एक महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 36 अन्य का अस्पतालों में इलाज चल रहा है। पुलिस ने यह जानकारी दी।

थानाधिकारी अशोक कुमार सिंह ने बताया कि सावन क्यारा गांव में सोमवार को एक कार्यक्रम में करीब 80 लोग शामिल हुए थे। उनके अनुसार रात को भोजन के कुछ देर बाद कई लोगों को उल्टी और जी मिचलाने की शिकायत पर अस्पताल ले जाया गया जहां एक महिला और दो लोगों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान बाबू गमार (30), मसरू गमार (28) और अमिया पारगी (35) के रूप में की गई है। कोटड़ा के ब्लाक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ शंकरलाल चव्हाण ने बताया कि सावन क्यारा में एक कार्यक्रम में खाने में बकरे का मटन, मिक्स वेज, बैंगन, टमाटर, मक्के का दलिया, दाल गुड़ आदि का भोजन के साथ लोगों को देशी और अंग्रेजी शराब भी परोसी गई थी। उन्होंने बताया कि भोजन करने और शराब का सेवन के कुछ देर बाद लोगों की तबीयत खराब हो गई थी।

## दो आतंकी आकाओं की संपत्तियां कुर्क

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले में स्थानीय दो आतंकवादी आकाओं की अचल संपत्तियों को कुर्क किया गया। दोनों आतंकवादी आका पाकिस्तान में रह कर आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम दिया करते थे। पुलिस ने बताया कि दोनों हैंडलर वर्तमान में पाकिस्तान में हैं, जहां से वे घाटी में आतंकवादी समूहों और आतंकी मॉड्यूल को संचालित करते हैं।

# विश्वकप में गेंदबाजों का पलड़ा भारी

## आईपीएल के विपरीत अमेरिका-वेस्टइंडीज के मैदानों में बल्लेबाजों पर हावी हो सकते हैं स्पिनर

**01 जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज की जमीं पर शुरू होगा टी-20 विश्वकप का घमासान।**



बेंगलुरु, एजेंसी

आईपीएल में काफी महंगे साबित हुए गेंदबाज क्या अगले महीने होने वाले टी-20 विश्व कप में थोड़ी राहत की उम्मीद कर सकते हैं? इस प्रश्न की उत्पत्ति आईपीएल के नवीनतम सत्र में टी-20 बल्लेबाजी में आए बदलाव के कारण हुई है। आईपीएल 2024 से पहले लीग में केवल एक बार 250 रन का आंकड़ा पार किया गया था लेकिन हाल ही में समाप्त हुए सत्र में टीमें आठ बार ऐसा करने में सफल रहीं।

आईपीएल में बल्लेबाजी को नया आयाम देने वाले ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड और वेस्टइंडीज के आंद्रे रसेल जैसे बल्लेबाज अगले महीने वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्व कप में भी खेलते हुए नजर आएंगे। इसलिए प्रशंसकों का एक बार फिर बल्लेबाजों के दबदबे की उम्मीद करना स्वाभाविक है, लेकिन कई कारणों से उनका रवैया विश्व कप में उतना एक आयामी नहीं हो सकता जितना कि आईपीएल में था।

सबसे पहले तो टीमों को विश्व कप में इंपैक्ट खिलाड़ी की सुविधा नहीं मिलेगी। मिचेल स्टार्क ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को तीसरा आईपीएल खिताब दिलाने में बड़ी भूमिका निभाने के बाद इस बात को स्वीकार किया। स्टार्क ने कहा था यहां (आईपीएल में) इंपैक्ट खिलाड़ी नियम है और टी-20 विश्व कप में ऐसा नहीं होगा। आपको अपने ऑलराउंडरों पर अधिक भरोसा करना होगा। आप अपने बल्लेबाजी ऑलराउंडर को आठवें नंबर पर नहीं रख सकते जैसा कि आपने आईपीएल में किया था। मुझे नहीं लगता कि टी-20 विश्व कप में आप इस तरह के बड़े स्कोर देखेंगे क्योंकि वहां एक बल्लेबाज कम होगा।

आईपीएल के शुरुआती हिस्से में चेन्नई सुपरकिंग्स ने तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर शिवम दुबे को इंपैक्ट खिलाड़ी नियम के माध्यम से एक बल्लेबाज के रूप में इस्तेमाल किया था। दुबे ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू और नाइट राइडर्स के खिलाफ कुछ मैच विजेता पारियां खेलीं, लेकिन विश्व कप में बाएं हाथ के इस बल्लेबाज को अंतिम एकादश में जगह पाने के लिए अपने गेंदबाजी कौशल का भी प्रदर्शन करना होगा क्योंकि उप कप्तान हार्दिक पंड्या भी इसी तरह की भूमिका निभाते हैं और पहली पसंद बने हुए हैं। कप्तान रोहित शर्मा ने यह बात पहले ही स्पष्ट कर दी है हालांकि यह कहानी का सिर्फ एक हिस्सा है। बल्लेबाजों को उन पिचों से भी निपटना होगा जो आईपीएल में इस्तेमाल की गई पिचों से बहुत अलग होंगी।

एक अनुभवी क्यूरेटर ने बताया वेस्टइंडीज की पिचें अब वैसी नहीं हैं जैसी 80 या 90 के दशक में हुआ करती थीं। अब वे धीमी हैं और कई बार गेंद रुककर भी आती है। मुझे यकीन है कि गेंदबाज, विशेषकर स्पिनर आईपीएल की तुलना में कहीं अधिक भूमिका निभाएंगे, विशेषकर टूर्नामेंट के दूसरे सप्ताह से। क्यूरेटर ने कहा भारत ने अपनी टीम में चार स्पिनरों को शामिल किया है। यह शायद वेस्टइंडीज की पिचों की प्रकृति के कारण था। इसलिए मुझे नहीं लगता कि हम वहां 250 का स्कोर देख पाएंगे। अमेरिका में केवल फ्लोरिडा के पास ही प्रोफाइल क्रिकेट मैचों की मेजबानी करने का पूर्व अनुभव है। न्यूयॉर्क और टेक्सास पहली बार इस खेल की मेजबानी की तैयारी कर रहे हैं। तो क्या इससे रन बनाने की दर पर असर पड़ेगा? क्यूरेटर ने कहा हां, ऐसा हो सकता है कि शुरुआत में टीमें पिच और अन्य परिस्थितियों का आकलन करना चाहेंगी। इनमें से कुछ स्थानों पर उपयोग की जा रही ड्रॉप इन पिचें प्राकृतिक पिचों की तुलना में बेहतर होंगी इसलिए हम उस दौर में कुछ बड़े स्कोर वाले मैच देख सकते हैं।

वेस्टइंडीज में अंतर्राष्ट्रीय और फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलने का अपार अनुभव रखने वाले ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने इससे सहमति व्यक्त की। वार्नर ने कहा कैरेबिया में पिचें सूखी होने के कारण गेंद खुरदरी हो जाएगी और स्पिन करने लगेगी। आईपीएल में गेंद की ऊपरी परत लंबे समय तक रहती है और इसलिए गेंद कम टर्न करती है। मैंने वहां काफी क्रिकेट खेला है और सीपीएल (कैरिबियाई प्रीमियर लीग) में भी खेला हूं। विकेट धीमे और कम उछाल वाले होते जाते हैं। आईपीएल 2024 में औसत रन रेट 9.56 था जो टूर्नामेंट के इतिहास में अब तक का सबसे अधिक है। इसके अलावा औसत स्कोर 180 से ऊपर रहा। हैदराबाद में पहली पारी का औसत स्कोर 230 रन के आसपास था।हालांकि जैसा कि कुछ आंकड़ों से पता चलेगा वेस्टइंडीज के स्टेडियम अलग तरह के हैं। एंटीगा में औसत टी-20 स्कोर 123 रन है और बारबडोस में यह 138 रन है। गयाना में यह 124 तो त्रिनिदाद में केवल 115 रन है। सेंट विन्सेंट में औसत टी-20 स्कोर 118 जबकि ग्रॉस आइलेट में सर्वाधिक 139 है। इन आंकड़ों को देखते हुए गेंदबाजों के कम से कम एक महीने के लिए टी-20 में दबदबा बनाने की उम्मीद है।

### चोटों के बावजूद भारत सबसे मजबूत टीम : मोर्गन



**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान इयोन मोर्गन का मानना है कि भारत का प्रतिभा का भंडार और टीम के भीतर जबरदस्त गहराई उन्हें आगामी टी-20 विश्व कप जीतने का प्रबल दावेदार बनाती है। भारत लगभग उसी टीम के साथ उतर रहा है जो पिछले टी-20 विश्व कप में खेली थी। हालांकि युवा यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और संजू सैमसन जैसे खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया गया है। मोर्गन ने कहा चोटों के बावजूद टूर्नामेंट में भारतीय टीम सबसे मजबूत है। उनकी मजबूती और गइराई शानदार है। वे मेरे लिए प्रबल दावेदार हैं, कागजों पर उनका स्तर। अगर वे मैदान पर भी ऐसा करते हैं तो मुझे लगता है कि वे टूर्नामेंट में किसी को भी आसानी से हरा सकते हैं। विकल्पों की अधिकता के कारण भारत शुभमन गिल और लोकेश राहुल जैसे खिलाड़ियों को भी टीम में शामिल नहीं कर पाया। अगर मैं टीम का चयन कर रहा होता तो एकमात्र फैसला जो अलग होता वह यह होता कि मैं यशस्वी जायसवाल पर शुभमन गिल को तरजीह देता। मैं उसके साथ खेला हूं, मुझे पता है कि वह कैसे सोचता है। मुझे पता है कि वह कैसे काम करता है। भारत लगभग हर टूर्नामेंट में प्रबल दावेदार के रूप में उतरता है लेकिन एक दशक से अधिक समय से उसने आईसीसी का कोई खिताब नहीं जीता है।



## आईसीसी ने अमेरिका की मेजर लीग क्रिकेट को दिया लिस्ट-ए का दर्जा

सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अमेरिका में टी-20 प्रारुप में खेले जाने वाले मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) को आधिकारिक लिस्ट-ए का दर्जा प्रदान किया। एमएलसी का दूसरा सत्र पांच जुलाई से शुरू होगा। इसका उद्देश्य खेल के सबसे बड़े बाजारों में से एक में इसकी लोकप्रियता को बढ़ावा देना है।



आईसीसी के इस कदम से एमएलसी को आधिकारिक टी-20 लीग और अमेरिका के पहले विश्व स्तरीय घरेलू टूर्नामेंट का दर्जा मिल गया। अमेरिका एक जून से 29 जून तक खेले जाने वाले टी-20 विश्व कप का सह-मेजबान है और एमएलसी का आयोजन विश्व कप के खत्म होने के एक सप्ताह के अंदर शुरू होगा। एमएलसी के मुताबिक अब हर शतक, अर्धशतक, रन-आउट, जीत, हार और चैंपियनशिप को खेल के अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त प्रारूप में आधिकारिक करियर आंकड़ों के रूप में दर्ज किया जाएगा। इस लीग के पहले सत्र में 19 मैच खेले गए थे लेकिन एमएलसी के सीईओ विजय श्रीनिवासन ने हाल ही में कहा कि 2025 से इसमें 34 मुकाबले खेले जाएंगे।

### बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले ऑस्ट्रेलिया-ए से भिड़ेगा भारत-ए

**मेलबर्न।** भारत-ए इस साल के अंत में प्रतिष्ठित बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ दो प्रथम श्रेणी मैच खेलेगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने मंगलवार को यह घोषणा की। सीए ने कहा कि ये मुकाबले 31 अक्टूबर से तीन नवंबर तक मैकाय के ग्रेट बैरियर रीफ एरेना और सात से 10 नवंबर तक मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में खेले जाने हैं। इन अभ्यास मैचों से दोनों टीम के उभरते हुए खिलाड़ियों को टेस्ट टीम में जगह बनाने की दावेदारी पेश करने का मौका मिलेगा। सीए के क्रिकेट संचालन और कार्यक्रम प्रमुख पीटर रोच ने कहा नवीनीकृत ग्रेट बैरियर रीफ एरेना और एमसीजी में इन ए मैचों की मेजबानी इन 'ए' मैचों को महत्वपूर्ण दर्जा देती है और दोनों टीम के खिलाड़ियों को चयन के लिए दावा मजबूत करने का शानदार अवसर प्रदान करेगी।

## नामीबिया, ओमान और कनाडा ने जीते अपने-अपने अभ्यास मैच

तरौबा/डलास, एजेंसी

अमेरिका और वेस्टइंडीज की सह मेजबानी में चार जून से शुरु होने जा रहे टी-20 विश्वकप 2024 के अभ्यास मैच के पहले दिन नामीबिया ने युगांडा, ओमान ने न्यू पापुआ गिनी और कनाडा ने नेपाल पर जीत दर्ज की।

नामीबिया ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी युगांडा की टीम ने रोजर मुकासा नाबाद (51) और रोबिन्सन ओबुआ की 38 रनों की शानदार पारियों के दम पर निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 138 रनों का स्कोर खड़ा किया था। जवाब में युगांडा की टीम 18.5ओवर में पांच विकेट पर 135 रन ही बना सकी। वहीं कनाडा बनाम नेपाल के अभ्यास मैच में कनाडा ने शानदार खेल मुजाहिरा करते हुए नेपाल को 63 रनों से हराया। कनाडा ने सात विकेट पर 183 रनों का स्कोर खडा किया। जवाब में नेपाल की पूरी टीम 19.3 ओवर में 120 रन पर ढ़ेर हो गई। तीसरा मैच पापुआ न्यू गिनी बनाम ओमान के बीच खेला गया। इस मुकाबले में ओमान ने पापुआ न्यू गिनी को तीन विकेट से हराया। पापुआ न्यू गिनी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 137 रनों का स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में ओमान ने 19.1ओवर में सात विकेट पर 141 रन बनाकर तीन विकेट से मुकाबला जीत लिया।

## छक्कों के मामले में अभिषेक चौकों के लिए हेड रहे अव्वल

नई दिल्ली, एजेंसी

**आईपीएल 2024**



आईपीएल 2024 में चौके और छक्कों के मामले में इस बार सनराइजर्स हैदराबाद के दो धाकड़ बल्लेबाज अभिषेक शर्मा 42 छक्कों तथा ट्रैविस हेड 64 चौकों के साथ अव्वल रहे।

छक्कों और चौकों की बात की जाये दूसरे नंबर पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विराट कोहली और हेनरिक क्लासेन का नाम आता है। विराट इस बार 38 छक्के और 62 चौके जड़े हैं। वहीं सनराइजर्स हैदराबाद के हेनरिक क्लासेन ने भी 38 छक्के जड़े है। लखनऊ सुपर जायंट्स के निकोलस पूरन 36 छक्के के साथ तीसरे नंबर पर आते है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के रजत पाटीदार, कोलकाता नाइट राइडर्स के सुनील नारायण और राजस्थान रॉयल्स के रियान पराग 33-33 छक्कों के साथ संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर है। सनराइजर्स हैदरबाद के ट्रैविस हेड 32 छक्के लगाकर पांचवें स्थान पर है। वहीं अगर चौकों की बात की जाये तो चेन्नई सुपर किंग्स के ऋतुराज गायकवाड़ 58 चौकों के साथ तीसरे स्थान रहे। चौथे नंबर पर है 54 चौकों के साथ राजस्थान रॉयल्स के यशस्वी जयसवाल है। केकेआर के सुनील नारायण और फिल साल्ट ने 50- 50 चौके जड़े। दोनों संयुक्त रूप से पांचवें पायदान पर हैं।

## सऊदी प्रो लीग में क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने बनाया सर्वाधिक गोल का रिकॉर्ड



**रियाद।** दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने सऊदी प्रो लीग फुटबॉल सत्र का अंत सर्वाधिक गोल के रिकॉर्ड के साथ किया। अल नासर की अल इतिहाद पर 4-2 की जीत के दौरान रोनाल्डो ने विजेता टीम की ओर से दो गोल दागे। इसके साथ ही लीग में उनके गोलों की संख्या 35 हो गई जो 2019 में बनाए अब्दररजाक हमदल्लाह के पिछले रिकॉर्ड से एक गोल अधिक है। अल नासर की टीम 82 अंक के साथ लीग में दूसरे स्थान पर रही। टीम स्थानीय दावेदार अल हिलाल से 14 अंक पीछे रही जिसने दो हफ्ते से भी अधिक समय शेष रहते चैंपियनशिप जीत ली थी और सोमवार को सत्र का अंत 34 दौर की लीग में अजेय रहते हुए किया। टीम ने अपने अंतिम लीग मैच में अल वेहदा को 2-1 से हराया। अल हिलाल की टीम नेमार की गैरमौजूदगी में भी विरोधी टीमों पर आसानी से दबदबा बनाने में सफल रही। नेमार पिछले साल अगस्त में पेरिस सेंट जर्मेन को छोड़कर इस टीम से जुड़े थे लेकिन अक्टूबर में एसीएल की चोट के कारण पूरे सत्र से बाहर हो गए।

### वेतन न मिलने पर तीन महिला खिलाड़ियों ने छोड़ी अर्जेंटीना की राष्ट्रीय टीम

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेन्टीना की तीन महिला खिलाड़ियों ने दो अंतर्राष्ट्रीय मैत्री मैचों से पहले शिविर में वेतन और परिस्थितियों को लेकर विवाद के बाद राष्ट्रीय टीम छोड़ दी। राष्ट्रीय टीम में नियमित तौर पर खेलने वाली गोलकीपर लॉरिना ओलिविरोस, डिफेंडर जूलिएटा क्रूज और मिडफील्डर लोरेना बेनिटेज ने अपने कदम की घोषणा की जबकि टीम ने शुक्रवार और तीन जून को कोस्टा रिका के खिलाफ मैत्री मैचों के लिए तैयारी शुरू कर दी है। क्रूज ने इंस्टाग्राम पर लिखा हम एक ऐसे बिंदू पर पहुंच गए हैं जहां हम अन्याय से थक गए हैं, हमें महत्व नहीं दिया जा रहा, हमारी बात नहीं सुनी जा रही और इससे भी बदतर, अपमानित किया जा रहा है। हमें अर्जेंटीना की महिला फुटबॉल राष्ट्रीय टीम में सुधार की जरूरत है और मैं केवल वित्त के बारे में बात नहीं कर रही। मैं ट्रेनिंग, दोपहर के भोजन, नाश्ते के बारे में बोल रही हूं। क्रूज और बेनिटेज ने कहा कि राष्ट्रीय टीम के ट्रेनिंग सत्र के दौरान उन्हें हैम (एक प्रकार का मांस), पनीर सैंडविच और केला मिला जो उनका मानना है कि उच्च प्रदर्शन वाले खिलाड़ियों के लिए अपर्याप्त है। अर्जेंटीना के फुटबॉल संघ ने उन्हें बताया कि उन्हें दो मैत्री मैचों के लिए भुगतान भी नहीं किया जाएगा क्योंकि खेल ब्यूनस आयर्स में घरेलू मैदान पर होंगे। बेनिटेज ने कहा कि खिलाड़ियों को भुगतान ना करने के अलावा उनके परिवार के सदस्यों से टिकटों के लिए 5,000 पेसो (पांच डॉलर) का शुल्क लिया जा रहा था और ऐसी लाखों चीजें हैं जिनसे हम गुजरे हैं।

## खेल डायरी

### भारत ने जीता द. एशियाई टेटे चैंपियनशिप का खिताब

**नई दिल्ली।** भारत की अंडर-19 लड़कियों की टीम और अंडर-15 लड़कों की टीम ने श्रीलंका की टीम को हराते हुए दक्षिण एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप के अपने खिताब का बचाव किया। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ ने बताया कि अंडर-19 लड़कियों की टीम ने मेजबान श्रीलंका को 3-0 से हराकर दक्षिण एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया है। भारतीय टीम ने इससे पहले सेमीफाइनल मुकाबले में नेपाल की टीम को 3-0 से हराया था। श्रीलंका के कैंडी में कल रात खेले गये मुकाबले में भारत की सयाली वानी ने श्रीलंका की बिमांडी बंडारा को, प्रिथा वर्तिकार ने तमादी कविंड्या को और तनीषा कोटेचा ने दिव्या धरणी को हराकर खिताब जीता। वहीं अंडर-15 वर्ग के फाइनल में भी भारत की दिव्यांशी बोमिक ने श्रीलंका की योशिनी जयवर्धने को हराया, इसके बाद सिंड्रेला दास ने शान्या मुथुली को हराया। अंडर-15 लड़कों के फाइनल में भारत के सार्थक आर्य ने अपने दोनों एकल मुकाबलों में जीत दर्ज की।

### निशांत ने ओटगोंबाटार को दो मिनट में हराया

**बैंकॉक।** भारत के निशांत देव ने मंगोलिया के ओटगोंबाटार बियाम्बा अर्डेनेटो को महज दो मिनट में हराकर दूसरे मुक्केबाजी विश्व क्वालीफायर में 71 किलो के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि अबिनाश जामवाल हारकर बाहर हो गए। पिछले क्वालीफायर में मामूली अंतर से ओलंपिक कोटे से चूके देव ने पहले ही मिनट में अपने प्रतिद्वंद्वी पर घूंसों की बौछार कर दी। पहले दौर में 58 सेकेंड का खेल बाकी रहने पर ही रैफरी ने मुकाबला रोक दिया। इससे पहले जामवाल को 63 .5 किलो के मुकाबले में कोलंबिया के जोस मैनुअल वियाफारा फोरी ने हराया। जामवाल ने तीसरे और आखिरी दौर में शानदार प्रदर्शन करके अंकों के आधार पर बराबरी कर ली थी। नियमों के तहत इसके बाद जजों से प्रदर्शन के फिर आकलन के लिये कहा गया। सभी ने फोरी के पक्ष में वोट किया जो 5-0 से जीत गया।

### नॉर्वे शतरंज में प्रज्ञानानंदा ने अलीरेजा को दी मात

**स्टेवेंगर (नॉर्वे)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने मंगलवार को यहां नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में शानदार शुरुआत करते हुए पहले दौर में आर्मागेडोन (सडन डेथ) बाजी में फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को हराया। सामान्य टाइम कंट्रोल में आसान ड्रॉ के बाद प्रज्ञानानंदा को सफेद मोहरों से खेलते हुए 10 मिनट मिले जबकि अलीरेजा को सात लेकिन शर्त यह थी कि उन्हें जीत दर्ज करनी थी क्योंकि ड्रॉ होने पर काले मोहरों से खेलने वाले को अतिरिक्त अंक मिलते। प्रज्ञानानंदा ने इसके बाद शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने गत विश्व चैंपियन डिंग लिरेन से क्लासिकल बाजी 14 चाल में ड्रॉ खेलने के बाद 68 चाल में आर्मागेडोन बाजी ड्रॉ करके पलड़ा भारी रखा। हिकारू नाकामूरा ने आर्मागेडोन बाजी में हमवतन अमेरि की फाबियानो करूआना को हराया।

### कोच पर बंदूक से छेड़छाड़ करने का लगाया आरोप

**नई दिल्ली।** एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय कोच पर कुछ निशानेबाजों के अभिभावकों ने उनकी राइफलों के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है जिसका राष्ट्रीय महासंघ ने खंडन किया है। कथित तौर पर प्रभावित एक निशानेबाज के अभिभावक ने गोपनीयता की शर्त पर बताया कि कोच ने उनके बेटे की राइफल से छेड़छाड़ कर दी थी जिसके कारण उन्हें नए उपकरण खरीदने पड़े। उन्होंने हालांकि कोच की पहचान बताने से भी इंकार कर दिया। इस निशानेबाज के पिता ने कहा कोच ने मेरे बेटे की बंदूक को खराब कर दिया, इस कारण हमें नई बंदूक खरीदनी पड़ी। विश्व कप से एक दिन पहले निशानेबाज की अनुमति के बिना कोच बंदूक में इस तरह के बदलाव कैसे कर सकता है। यह पिछले साल भोपाल में आईएसएसएफ विश्व कप के दौरान हुआ था। यह कोच जब भी टीम के साथ विदेश जाता है तब ऐसा होता है। कोच का तर्क होता है कि आपको प्रयोग करने की जरूरत है लेकिन विश्व कप से एक दिन पहले आप किस तरह के प्रयोग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कई निशानेबाज इस संबंध में एनआरएआई को भी सूचित कर चुके हैं। एनआरएआई के महासचिव राजीव भाटिया ने हालांकि इन आरोपों का खंडन किया और कहा कि उन्हें इस तरह की किसी घटना का पता नहीं है।

## बॉलीवुड हलचल

### अमेजन पर आएगी अनन्या की वेब सीरीज कॉल मी बे



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडेय की वेब सीरीज कॉल मी बे ओटीटी प्लेटफार्म अमेजन प्राइम वीडियो पर 6 सितंबर को रिलीज होगी। अनन्या अपना वेब सीरीज डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। अनन्या कॉल मी बे सीरीज में दिखाई देने वाली हैं, जिसकी अनाउंसमेंट बीते साल हुई थी। धर्माटिक प्रोडक्शन ने एक पोस्टर शेयर कर इस सीरीज को लेकर अपडेट दिया है। धर्माटिक प्रोडक्शन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कॉल मी बे का एक पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर को शेयर करते हुए इसके कैप्शन में लिखा गया है कि हम अपने खास को, हर किसी का खास बनने के लिए बहुत उत्साहित हैं। करण जौहर, अपूर्व मेहता और सोमेन मिश्रा द्वारा निर्मित और कॉलिन डी कुन्हा द्वारा निर्देशित ''कॉल मी बे'' धर्माटिक एंटरटेनमेंट का प्रोडक्शन है। यह सीरीज इसी साल 6 सितंबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजॉन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने के लिए तैयार है। अनन्या पांडे के अलावा इस सीरीज में वीर दास, गुरफतेह परिजादा, वरुण सूद, विहान समत, मुस्कान जाफरी समेत कई स्टार्स दिखाई देने वाले हैं।

### 14 जून को ओटीटी पर रिलीज होगी महाराज

**मुंबई।** बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान के पुत्र जुनैद खान की डेब्यू फिल्म महाराज ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर 14 जून को रिलीज हो सकती है। आमिर खान के लाडले जुनैद खान फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वह फिल्म महाराज में दिखाई देने वाले हैं। जुनैद ने बीते साल ही वाईआरएफ की फिल्म महाराज की शूटिंग पूरी कर ली थी। कहा जा रहा है कि यह फिल्म सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि ओटीटी पर दस्तक देने वाली है। जुनैद खान की डेब्यू फिल्म का ट्रेलर अगले महीने 5 जून को रिलीज हो सकता है। इस फिल्म में जुनैद खान के साथ जयदीप अहलावत, शरवरी वाघ और शालिनी पांडे भी मुख्य भूमिका में दिखाई देने वाली हैं। महाराज सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर 14 जून, 2024 को रिलीज हो सकती है।

## सिंगापुर ओपन के राउंड ऑफ 32 में हारे सात्विक-चिराग

कल्लांग, एजेंसी

भारत स्टार और दुनिया की नंबर वन चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की जोड़ी को मंगलवार को सिंगापुर बैडमिंटन ओपन 2024 बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में हार का सामना करना पड़ा। दुनिया के नंबर वन बैडमिंटन जोड़ी चिराग और सात्विक, डेनियल लुंडगार्ड और मैड्स वेस्टरगार्ड की 34वीं रैंकिंग वाली डेनमार्क जोडी से 47 मिनट चले मुकाबले में 20-22, 18-21 से हार गई।

फ्रेंच और थाईलैंड ओपन जीतने के बाद साल के अपने तीसरे खिताब की तलाश में उतरे चिराग-सात्विक ने धीमी शुरुआत की और 4-9 से पिछड़ गए। हालांकि, भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने इसके बाद कुछ अंक ज़रूर जुटाए लेकिन करीबी गेम में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। दूसरे गेम में भी दोनों टीमें एक समय 16-16 की बराबरी पर थीं, लेकिन अंत में लुंडगार्ड और वेस्टरगार्ड ने मैच को जीत कर अगले राउंड में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली।

दूसरे दौर में डेनमार्क के खिलाड़ियों का मुकाबला चीन के हे जी टिंग और रेन जियांग यू से होगा। वहीं महिला एकल वर्ग में भारतीय शटलर आकर्षी कश्यप को राउंड ऑफ 32 में निराशा हाथ लगी। विश्व रैंकिंग की 41 नंबर की भारतीय खिलाड़ी को थाईलैंड की पोर्नपिचा चोईकीवोंग से 19-21, 20-21 से हार हार का सामना करना पड़ा। इसके अलावा पुरुष एकल में प्रियांशु राजावत भी प्रतियोगिता के अगले राउंड में जगह नहीं बना सके। भारतीय शटलर को हांगकांग के ली चेऊक यू से शिकस्त मिली। वहीं, पीवी सिंधु, किदांबी श्रीकांत, लक्ष्य सेन और एचएस प्रणॉय बुधवार से अपना अभियान शुरू करेंगे।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# पुलिस ने भेष बदलकर मारा पब-बार पर छापा

**पुणे कार दुर्घटना**

नागपुर, एजेंसी

पुणे कार दुर्घटना के मद्देनजर महाराष्ट्र के नागपुर में पुलिस अधिकारियों ने पहचान छिपाकर शहर में नियमों का उल्लंघन करने वाले पब और बार पर छापा मारा।

एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि नागपुर पुलिस की विशेष टीम ने पब, बार और क्लब पर छापा मारा और महाराष्ट्र निषेध अधिनियम के नियमों का उल्लंघन करने वालों का पता लगाया। पुलिस आयुक्त डॉ. रविंदर सिंघल ने बताया कि अधिकारियों के निष्कर्षों के आधार पर एक विस्तृत रिपोर्ट दर्ज होगी और महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम के तहत उल्लंघन के लिए पब और क्लबों के प्रबंधन को नोटिस जारी किये जाएंगे। अन्य अधिकारी ने बताया कि सहायक पुलिस आयुक्त और पुलिस उपायुक्त सहित कम से कम 13 वरिष्ठ अधिकारी ग्राहक बनकर पब में गए और निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि पुलिसकर्मियों ने रविवार रात कुल 13 जगहों पर छापा मारा और कई स्थानों पर भीड़भाड़ और कम उम्र के ग्राहकों को शराब परोसने जैसे नियमों का उल्लंघन होते हुए पाया। अधिकारी ने बताया कि पब के कुछ हिस्सों को निगरानी मुक्त रखने के लिए कुछ स्थानों पर बेहद चालाकी से सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। उन्होंने बताया कि कानून के मुताबिक, जिन पब या फिर बार में शराब परोसी जाती है वहां मार्शल को तैनात करना जरूरी होता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ग्राहक शराब पीकर गाड़ी न चलाएं लेकिन कोई भी पब और बार इस नियम का पालन करते हुए नहीं पाया गया।

- सहायक पुलिस आयुक्त और पुलिस उपायुक्त पहुंचे ग्राहक बनकर
- नियमों के उल्लंघन पर पब और क्लबों के प्रबंधन को जारी किए जाएंगे नोटिस

### गिरफ्तार डॉक्टर के लिए विधायक का सिफारिश पत्र सामने आया

**पुणे।** पोर्श कार दुर्घटना मामले में ससून जनरल अस्पताल के डॉ. अजय तावड़े की गिरफ्तारी के बाद राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता एवं महाराष्ट्र के विधायक सुनील टिंगरे का 2023 का वह पत्र सामने आया है जिसमें उन्होंने डॉ. तावड़े को चिकित्सा अधीक्षक का अतिरिक्त प्रभार देने की सिफारिश की थी। पुलिस ने सरकारी अस्पताल के फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. अजय तावड़े, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्रीहरि हलनोर और डॉ. तावड़े के अधीन काम करने वाले अतुल घाटकाम्बले को इस मामले में गिरफ्तार किया है। पुणे में 19 मई की सुबह पोर्श कार की टक्कर से दो आईटी पेशेवरों की मौत हो गई थी। यह कार 17 वर्षीय नाबालिग चला रहा है। जिस समय हादसा हुआ, उस समय किशोर नशे में था। किशोर को किशोर न्याय बोर्ड ने जमानत दे दी थी और उसे दुर्घटनाओं पर निबंध लिखने को कहा था लेकिन आलोचना और पुलिस द्वारा पुनरीक्षण याचिका के बाद उसे 5 जून तक हिरासत केंद्र में भेज दिया गया।

### चालक के अपहरण में नाबालिग का पिता पुलिस हिरासत में

**पुणे।** पुणे की अदालत ने मंगलवार को पोर्श कार दुर्घटना में शामिल किशोर के पिता को परिवार के चालक के कथित अपहरण और बंधक बनाने के मामले में 31 मई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। कोर्ट ने इसी मामले में आरोपी किशोर के दादा की पुलिस हिरासत भी 31 मई तक बढ़ा दी। दोनों आरोपियों को न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) एए पांडे के समक्ष पेश किया गया। पुणे शहर के कल्याणी नगर इलाके में 19 मई की सुबह कथित तौर पर नाबालिग द्वारा चलाई जा रही तेज रफ्तार पोर्श कार की चपेट में आने से दो आईटी पेशेवरों की मौत हो गई थी।

**बांग्लादेश सांसद हत्याकांड**

## कोलकाता फ्लैट में मिले खून का डीएनए परीक्षण करा सकती है पुलिस

**कोलकाता।** बांग्लादेश पुलिस यहां के न्यू टाउन इलाके के एक फ्लैट में पाए गए रक्त के नमूने का डीएनए परीक्षण कराएगी और बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार के किसी रिश्तेदार के रक्त के नमूने से उसका मिलान करेगी ताकि यह पुष्टि हो सके कि राजनेता की हत्या की गई थी।

आशंका है कि एक पखवाड़े से लापता अनार की उसी फ्लैट में हत्या कर दी गयी और शव के टुकड़े नहर में फेंक दिये गये। जांच के सिलसिले में कोलकाता आए ढाका पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि यदि अवामी लीग के सांसद के शरीर के अंग नहीं मिल सके तो अंतिम विकल्प के रूप में डीएनए परीक्षण किया जाएगा। यदि शरीर के अंग नहीं मिलते हैं, तो हम डीएनए परीक्षण कराएंगे और अनार के परिवार में से किसी एक के डीएनए के साथ इसका मिलान करेंगे और इसके अनुसार मामले में जांच आगे बढ़ेगी।

# भारत दे रहा महंगी बीमारियों का सस्ता इलाज



भारत को फार्मा की राजधानी कहा जाता है और यह सस्ते चिकित्सा उपायों की उपलब्धता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भारत कई महंगी कैंसर की दवाओं का उत्पादन करता है और उन्हें विदेशी बाजारों में सस्ती कीमत पर बेचता है। भारतीय फार्मास्युटिकल कंपनियां जेनरिक दवाओं का उत्पादन करती हैं, जो ब्रांडेड दवाओं की तुलना में काफी सस्ती होती हैं। आइए जानते हैं कुछ प्रमुख महंगी कैंसर की दवाओं और उनके जेनरिक संस्करणों के बारे में....

**भारत सबसे बड़ा जेनेरिक का उत्पादक**

भारत 20% वैश्विक जेनेरिक दवाओं का उत्पादन करता है, जिससे यह दुनिया का सबसे बड़ा जेनेरिक दवाओं का निर्यातक बन गया है। ब्रांडेड दवाओं की तुलना में जेनेरिक दवाएं 30-80% तक सस्ती होती हैं।

**देश में निर्मित कैंसर की दवाएं**

- **ग्लिवेक :** नोवार्टिस द्वारा निर्मित भारतीय जनरिक निर्माता : सिप्ला, डॉक्टर रेड्डीज, सन फार्मा, और लुपिन सोरेलिक
- **नेक्सावर :** बायर द्वारा निर्मित, भारतीय जनरिक निर्माता : सिप्ला, ग्लेनमार्क, और डॉक्टर रेड्डीज, ट्रास्टुज़ुमैब
- **हेरसेप्टिन :** रोश द्वारा निर्मित, भारतीय जनरिक निर्माता : बायोकॉन,
- **बेवासिज़ुमैब अवास्टिन :** रोश द्वारा निर्मित, भारतीय जनरिक निर्माता बायोकॉन, सिप्ला लेनालिडोमाइड
- **रेवलेमिड :** सेल्जीन द्वारा निर्मित, भारतीय जनरिक निर्माता : नेटको फार्मा, हेटेरो एर्बिटुक्स

**स्रोत और आंकड़े**

- **भारतीय फार्मास्युटिकल एलायंस :** यह संगठन भारत में फार्मा उद्योग के विकास और नवाचार को प्रोत्साहित करता है।
- **विश्व स्वास्थ्य संगठन :** भारत जेनेरिक दवाओं के सबसे बड़े निर्यातकों में से एक है। विभिन्न फार्मा मैगजीन और रिपोर्ट्स में भारत के फार्मा उद्योग और सस्ते चिकित्सा उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी मिलती है। इन सबके माध्यम से भारत दुनिया भर के लोगों को सस्ती चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने में भूमिका निभा रहा है।



**एक नजर**

### श्रद्धा वालकर हत्याकांड में पूरक आरोपपत्र दाखिल

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने अपनी लिव-इन पार्टनर श्रद्धा वालकर की हत्या करने और उसके शव के टुकड़े-टुकड़े करने के आरोपी आफताब अमीन पूनावाला के खिलाफ और अधिक डिजिटल तथा फॉरेंसिक सबूतों के साथ एक पूरक आरोपपत्र दाखिल किया है। अदालत के सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट अविरल शुक्ला के समक्ष करीब 3,000 पृष्ठों का आरोपपत्र दाखिल किया गया। पूनावाला ने मई 2022 में राष्ट्रीय राजधानी के महरौली में वालकर की कथित तौर पर गला घोंटकर हत्या कर दी थी और उसके शव के टुकड़े-टुकड़े कर उन्हें शहर के अलग-अलग इलाकों में फेंक दिया था।

### तीन खनिक अवैध खदान में तीसरे दिन भी फंसे रहे

**डिब्रूगढ़ (असम)।** असम के तिनसुकिया जिले में अवैध खदान में तीन खनिक तीसरे दिन मंगलवार को भी फंसे रहे और उन्हें बचाने के प्रयास जारी हैं। तिनसुकिया के आयुक्त स्वप्निल पॉल ने कहा कि अधिकारियों के अलावा, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ खनिकों का पता लगाने के लिए खोज और बचाव के अभियान में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि तीन कोयला खनिक अब भी लापता हैं। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की एक-एक टीम और स्थानीय बचाव कर्मी लापता खनिकों का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं।

### पाकिस्तान में सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सोमवार देर रात एक जीप के गहरी खाई में गिरने से एक ही परिवार के आठ सदस्यों की मौत हो गई। क्षेत्र के जिला पुलिस अधिकारी इमरान खान ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना के शांगला जिले में तब हुई, जब एक मोड़ पर जीप के चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। अधिकारी ने बताया कि मारे गए लोगों में तीन बच्चे, चार महिलाएं और चालक शामिल है। श्री खान ने कहा कि बचाव दल और स्थानीय स्वयंसेवकों ने शवों को पोस्टमार्टम के लिये निकटवर्ती अस्पताल ले गए। उन्होंने कहा कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार सड़क की खराब स्थिति के कारण यह हादसा हुआ।

### बाकिर कालीबाफ फिर बने ईरान की संसद के अध्यक्ष

**दुबई।** ईरान की संसद ने मंगलवार को एक बार फिर मोहम्मद बाकिर कालीबाफ को अध्यक्ष चुना। संसद में कुल 287 सांसदों ने मतदान किया, जिनमें से 198 ने कालीबाफ को पद पर बरकरार रखने के पक्ष में वोट दिया। कालीबाफ 2021 में संसद के अध्यक्ष चुने गए थे। राष्ट्रपति चुनावों में मिली असफलताओं के बाद वह संसद के अध्यक्ष बने थे। इससे पहले वह ईरान की राजधानी तेहरान के मुखिया थे। कालीबाफ को 1999 में रिवॉल्यूशनरी गार्ड का जनरल रहते हुए ईरानी विश्वविद्यालय के छात्रों के खिलाफ हिंसक कार्रवाई का समर्थन करने के लिए जाना जाता है।

### अमेरिका में आए तूफान से 22 लोगों की मौत

**ह्यूस्टन (अमेरिका)।** मध्य और दक्षिणी अमेरिका में गत सप्ताहांत में एक के बाद एक आए शक्तिशाली तूफानों में कम से कम 22 लोगों की मौत हो गयी, बड़ी संख्या में मकान एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठान पूरी तरह से तबाह हो गये और बिजली आपूर्ति ठप हो गई। टेक्सास, ओक्लाहोमा, अर्कांसस और केंटकी में विनाशकारी तूफानों के कारण लोगों ने अपनी जान गंवाई। दक्षिण टेक्सास से फ्लोरिडा तक तेज गर्मी और लू ने नया रिकॉर्ड बनाया। मौसम वैज्ञानिकों ने पूर्वानुमान जताया है कि सोमवार के बाद ईस्ट कोस्ट में मौसम खराब हो सकता है और छुट्टियां मनाने गए लोगों से वहां से लौटने की सलाह दी गई है।

# स्पेन, नॉर्वे और आयरलैंड ने फिलिस्तीन को दी मान्यता

## इजराइल ने की आलोचना, कहा- कार्रवाई पर नहीं पड़ेगा इसका कोई असर

बार्सिलोना, एजेंसी



- यूरोपीय संघ के इजराइल के साथ बढ़ते मतभेद के बीच लिया गया फैसला
- इजराइल पर आर्थिक प्रतिबंध लगाने का विचार करने के लिए आयरलैंड ने कहा

यूरोपीय संघ के इजराइल के साथ बढ़ते मतभेद के बीच स्पेन, नॉर्वे और आयरलैंड ने मंगलवार को फिलिस्तीन को आधिकारिक रूप से राष्ट्र की मान्यता दी। संघ में शामिल देश इजराइल पर गाजा में हमले रोकने के लिए दबाव बना रहे हैं। दर्जनों देशों ने फिलिस्तीन को मान्यता दी है लेकिन किसी बड़े पश्चिमी देश ने ऐसा नहीं किया है। वहीं, इजराइल ने इस कदम की आलोचना की और कहा, गाजा में आक्रामक कार्रवाई पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने मैड्रिड में प्रधानमंत्री आवास के द्वार पर खड़े होकर कहा कि यह एक ऐतिहासिक फैसला है जिसका एकमात्र लक्ष्य इजराइल और फिलिस्तीन के लोगों को शांति स्थापित करने में मदद करना है। इजराइल के विदेश मंत्री इजराइल काट्ज ने 'एक्स' पर किए पोस्ट में स्पेन पर हमला बोला और कहा कि सांचेज की सरकार यहूदियों के खिलाफ नरसंहार को भड़काने और युद्ध अपराधों में शामिल हो रही है। स्पेन की तर्ज पर आयरलैंड और नॉर्वे ने भी फिलिस्तीन को मान्यता देने की घोषणा की। आयरलैंड की राजधानी डबलिन में संसद के बाहर फिलिस्तीनी झंडा लहराया गया। मंत्रिमंडल की बैठक से पहले आयरलैंड के प्रधानमंत्री सिमोन हैरिस ने कहा कि मुझे लगता है कि यह दुनिया को एक संकेत भेजता है कि द्विराष्ट्र समाधान की उम्मीद बनाए रखने और इसे साकार करने में मदद के लिए एक देश के रूप में आप कुछ व्यावहारिक कदम उठा सकते हैं, जबकि कुछ अन्य लोग दुखद रूप से इसे भुला रहे हैं।

नॉर्वे के विदेश मंत्री एस्पेन बार्थ ईदे ने कहा कि 30 से अधिक वर्षों से, नॉर्वे फिलिस्तीनी के प्रबल समर्थकों में से एक है। जब नॉर्वे ने फिलिस्तीन को एक राष्ट्र के रूप में मान्यता दी है, तो यह नॉर्वे और फलस्तीन के संबंधों में एक मील का पत्थर है। 140 देशों ने फिलिस्तीन को राष्ट्र की मान्यता दी है, लेकिन पश्चिम के किसी प्रमुख देश ने ऐसा नहीं किया है। तीन यूरोपीय देशों का मान्यता देना फिलिस्तीनी के लिए जनमत बनाने का संकेत साबित हो सकता है और यूरोपीय संघ के देश जैसे फ्रांस और जर्मनी को भी अपने रुख पर पुनर्विचार करने का दबाव बन सकता है। आयरलैंड के नेता हैरिस ने मंगलवार को इस बात पर जोर दिया कि यूरोपीय संघ को इजराइल पर आर्थिक प्रतिबंध लगाने पर विचार करना चाहिए। स्पेन का कहना है कि राफा में हमलों के लिए इजराइल पर प्रतिबंध लगना चाहिए। इजराइली विदेश मंत्री इजराइल काट्ज ने स्पेन से कहा है कि यरूशलम में उसके वाणिज्य दूतावास को फिलिस्तीनियों की मदद करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## बंदूकधारियों के हमले में सात की मौत, 150 लोगों का अपहरण

- नाइजीरिया के मध्य नाइजर प्रांत में हुआ हमला

**अबुजा।** नाइजीरिया के मध्य नाइजर प्रांत में एक समुदाय पर बंदूकधारियों के हमले में चार स्थानीय सुरक्षा कर्मियों सहित कम से कम सात लोग मारे गए। नाइजीरियाई मीडिया के अनुसार मुन्या सरकारी क्षेत्र के कुची समुदाय में हुई घटना के दौरान भारी हथियारों से लैस बंदूकधारियों ने 150 से अधिक निवासियों का अपहरण कर लिया था। ब्लूप्रिंट समाचार पत्र ने मुन्या सरकारी क्षेत्र के प्रमुख अमीनू नाजूम ने बताया कि बंदूकधारियों ने भारी बारिश के दौरान समुदाय पर धावा बोल दिया और घर-घर जाकर लोगों को अगवा किया। भागने का प्रयास करने वाले तीन ग्रामीणों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मुठभेड़ में सरकार समर्थित सुरक्षा टास्क फोर्स के चार सदस्य भी मारे गए। उन्होंने मुन्या पर हो रहे हमलों पर दुख व्यक्त किया और सरकार से निवासियों को आतंकित करने वाले डाकुओं के खिलाफ सुरक्षा प्रयासों को मजबूत करने का आग्रह किया। पुलिस ने अभी तक नवीनतम घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

# इजराइल के साथ युद्धविराम को लेकर बातचीत नहीं होगी: हमास

गाजा, एजेंसी

- इजराइली के राफा में विस्थापितों के टेंटों को निशाना बनाने के जवाब में लिया फैसला

हमास ने कहा है कि रविवार की रात दक्षिणी गाजा शहर राफा पर इजराइल के हमले के बाद वह गाजा पट्टी में युद्धविराम या कैदी विनिमय समझौते के लिए किसी भी बातचीत में भाग नहीं लेगा। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक हमास ने यह निर्णय इजराइली सेना द्वारा राफा के उत्तर-पश्चिम में विस्थापित नागरिकों के टेंटों को निशाना बनाने के जवाब में लिया है, जिसमें 10 से अधिक लोग मारे गए और घायल हो गए।

सूत्रों ने कहा कि हमास को बातचीत फिर से शुरू करने के संबंध में मिस्र या कतर में मध्यस्थों से कोई आधिकारिक अधिसूचना नहीं मिली है। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक राफा शहर के पास विस्थापित लोगों के तंबुओं पर इजराइली हवाई हमलों में बच्चों और महिलाओं सहित कम से कम 45 फिलिस्तीनी मारे गए हैं। हमास के वरिष्ठ अधिकारी ओसामा हमदान ने सोमवार को बेरूत में कहा कि मध्यस्थों को प्रस्तुत की गई हमारी शर्तों को छोड़कर इजराइल को कभी उसके नागरिक वापिस नहीं मिलेंगे। स्थायी युद्धविराम सहित किसी समझौते पर पहुंचने के लिए हमास की शर्तें पहले जैसी ही रहेंगी।

### इजराइली हमले में 16 की मौत

**दीर अल बलाह।** इजराइल ने गाजा के राफा शहर पर हमले किए हैं जिसमें कम से कम 16 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई है। फिलिस्तीनी नागरिक सुरक्षा और फिलिस्तीनी रेड क्रीसेंट ने यह जानकारी दी। दोनों के मुताबिक, रात में किए हमलों में उत्तर पश्चिम राफा के तेल अल-सुल्तान इलाके में 16 लोगों की मौत हो गई। इजराइल का कहना है कि वह गाजा-मिस्र सीमा के पास पूर्वी राफा में सीमित अभियान चला रहा है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि राफा के पश्चिमी हिस्सों में रातभर बमबारी हुई है।

### राफा में हल्के बम का प्रयोग, आग अन्य विस्फोट से लगी: इजराइली सेना

**दीर अल-बलाह (गाजा पट्टी)।** इजराइली सेना ने कहा है कि दक्षिणी गाजा के राफा शहर के शिविर में घातक आग लगने की घटना की प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आग हवाई हमले में इस्तेमाल बम से नहीं, बल्कि अन्य विस्फोट से लगी थी। सेना के मुख्य प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हगारी ने मंगलवार को कहा कि हमास के दो उग्रवादियों के ठिकाने पर केवल 17 किग्रा का बम दागा गया था। इतने छोटे बम से आग लगने की आशंका नहीं है और सेना इसकी पड़ताल कर रही है कि संबंधित क्षेत्र में हथियार एवं गोला-बारूद का भंडार रखा था। फिलिस्तीनी अधिकारियों के अनुसार, रविवार को हमले में 45 लोग मारे गए, जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे थे। इस हमले को लेकर इजराइल के करीबी सहयोगियों सहित व्यापक तौर पर आक्रोश देखा गया। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इसे दुखद हादसा बताया।

# संदेशखालि: शेख के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीबीआई ने ईडी की टीम पर हमले के संबंध में की कार्रवाई

सीबीआई ने पांच जनवरी को संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम पर भीड़ के किए हमले के संबंध में निलंबित टीएमसी नेता शाहजहां शेख, उसके भाई और पांच पर आपराधिक साजिश और हत्या के प्रयास का आरोप लगाया है।

अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि मामले में एजेंसी का पहला आरोपपत्र सोमवार को बशीरहाट विशेष अदालत के समक्ष दायर किया गया। पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के राशन वितरण घोटाले के सिलसिले में शेख के घर पर छापेमारी करने गई ईडी की टीम पर 1,000 लोगों की भीड़ ने हमला किया था। टीम शेख को गिरफ्तार करने भी गई थी क्योंकि घोटाले में जांच के घेरे में आए, गिरफ्तार पूर्व राज्य खाद्य मंत्री ज्योति प्रिय मलिक के साथ उसके कथित संबंध थे। आरोप पत्र में सात लोगों के नाम हैं, जिनमें शेख, उसका भाई आलमगीर और सहयोगी जियाउद्दीन मुल्ला, मफुजर मुल्ला और दीदारबख्श मुल्ला शामिल हैं। सीबीआई ने आरोपियों पर आपराधिक साजिश और हत्या का प्रयास के अलावा दंगा समेत कई आरोप लगाए हैं।

**इन्हें भी चाहिए गर्मी से राहत**



ज्येष्ठ की तपती गर्मी ने सभी को बेहाल कर रखा है। सभी इससे राहत पाने के लिए कई प्रकार के उपाय कर रहे हैं। वहीं कुल लोग इस गर्मी में पशुओं को राहत पहुंचाने के लिए कई उपाय कर रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को नई दिल्ली के राष्ट्रीय प्राणी उद्यान में गर्मी से हाथी को निजात दिलाने की कोशिश करता चिड़ियाघर संचालक। जो हाथी को पानी के बौछार से राहत पहुंचाने का प्रयास कर रहा है। ● एजेंसी

# जापान में पहली बार कोविड-19 एंटीबॉडीज दर हुई 60 प्रतिशत

टोक्यो, एजेंसी

- स्वास्थ्य मंत्रालय के किए गए दो सर्वेक्षणों से हुआ खुलासा

जापान के स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से किए गए दो हालिया सर्वेक्षणों के अनुसार यहां कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों में एंटीबॉडी पाए जाने की दर पहली बार 60 प्रतिशत से अधिक हो गई है।

मंत्रालय ने मार्च में किए दो सर्वेक्षणों के नतीजे विशेषज्ञों के एक पैनल के सामने पेश किए। सभी आयु समूहों को कवर करने वाले सर्वेक्षण में एंटीबॉडी कब्जे की दर 60.7 प्रतिशत थी, जबकि देश भर में 16 से 69 वर्ष की आयु के रक्त दाताओं को लक्षित करने वाले एक अन्य सर्वेक्षण में, दर 64.5 प्रतिशत तक पहुंच गई। सर्वेक्षण में सभी आयु समूहों को शामिल करते हुए 22 प्रान्तों में 3,947 लोगों के डेटा का विश्लेषण किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार पांच से 19 वर्ष की आयु वालों के लिए, एंटीबॉडी दर 85 प्रतिशत से अधिक थी, जबकि 70 वर्ष और उससे अधिक आयु वालों के लिए यह दर 30 प्रतिशत की सीमा में थी। दूसरे सर्वेक्षण में जापान के सभी प्रान्तों में 18,048 रक्त दाताओं को लक्षित किया। होक्काइडो और टोक्यो के उत्तरी प्रान्त सहित कुल 38 प्रान्तों में एंटीबॉडी दर 60 प्रतिशत से अधिक है। उच्चतम दर ओकिनावा के दक्षिणी प्रान्त में 77.6 और सबसे कम अकिता प्रान्त में 50 प्रतिशत देखी गई।

**खगोलशास्त्र** | हमारे सौर मंडल के नौवें ग्रह के अस्तित्व के साक्ष्य मिले

# पृथ्वी से चार गुना विशाल है यह रहस्यमय ग्रह

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** रहस्यमय ढंग से छिपे हमारे सौर मंडल के नौवे ग्रह की मौजूदगी के साक्ष्य खगोल वैज्ञानियों ने खोज निकाले हैं। इस ग्रह के अस्तित्व के सबूत क्षुद्रग्रहों से मिले हैं, जो नौवे ग्रह के गुरुत्वाकर्षण से बंधे हैं। खगोलविदों को उम्मीद है कि इसे जल्द खोज लिया जाएगा।

प्रथम दृष्टया प्लैनेट 9 नेप्च्यून के आकार का है, जो हमारे सौर मंडल के बाहरी इलाके में छिपा हुआ है। कैलटेक यूनिवर्सिटी और साउथवेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों ने शोध के जरिए साक्ष्य जुटाए हैं। शोधकर्ताओं के अनुसार ग्रह 9 के गुरुत्वाकर्षण प्रभाव के कारण नेपच्यून से परे छोटे पिंडों का एक समूह एक साथ जुड़ जाता है। ये सुदूर सौर मंडल के पिंड क्षुद्रग्रह बेल्ट के चट्टानी पत्थर अपनी कक्षा में प्लैनेट 9 के गुरुत्वाकर्षण प्रभाव के कारण समान रूप से फैले हुए नहीं हैं। ज्ञातब्य हो कि इसी तरह आठवें ग्रह नेपच्यून की खोज की गई थी।

नेपच्यून यूरेनस की कक्षा में घूम था। गणितीय आधार पर नेप्च्यून की खोज हुई थी। हैरानी की बात है कि इसकी मौजूदगी का पता चलने के सौ साल बाद इसे देखा गया। प्लैनेट 9 भी इसी तरह खोजा जा सकता है। इसके नजदीकी क्षुद्रग्रहों की गति व कक्षा की निगरानी शुरू करने की तैयारी हो रही है। संभव है कि यहीं से प्लैनेट 9 की पुष्टि हो सकेगी। शोधकर्ताओं के अनुसार यह ग्रह पांच पृथ्वियों के आकार का होगा (नेप्च्यून के बराबर) और पृथ्वी की तुलना में सूर्य से 400 से 800 गुना अधिक दूर होगा। इस खोज को एस्ट्रोफिजिकल जर्नल लेटर्स ने प्रकाशन के लिए पेपर स्वीकार कर लिया है।



इस तरह का हो सकता है नौवां ग्रह। (काल्पनिक चित्र)

### रुबिन वेधशाला टेलेस्कोप से होगी खोज

वेरा रुबिन वेधशाला दूरबीन नौवें ग्रह की खोज में लगाई जाएगी। इस दूरबीन को अगले वर्ष स्थापित किया जाएगा। इस दूरबीन को खासकर हमारे सौर मंडल के छोटे ब्लैक होल की खोज के लिए ईजाद किया जा रहा है। वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि प्लैनेट 9 की खोज में यह दूरबीन कारगर साबित होगी। प्लैनेट 9 के अस्तित्व को लेकर लंबे समय से वैज्ञानिकों के बीच चर्चा होते रही हैं। इस ग्रह को प्लैनेट एक्स नाम भी दिया गया है। इसे सौर मंडल का बेहद रहस्यमय ग्रह माना जाता है।

# बांग्लादेश में रेमल के कहर से पांच और लोगों की मौत

ढाका, एजेंसी

- तेज हवाओं से पेड़ उखड़े और बिजली के खंभे गिरने से जनजीवन अस्त-व्यस्त

बांग्लादेश की राजधानी ढाका में सोमवार रात चक्रवाती तूफान रेमल के कारण अलग-अलग इलाकों में तेज हवाओं के साथ पेड़ उखड़ने और बिजली के खंभे गिरने से कम से कम पांच लोगों की मौत हो गयी।

ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पुलिस चौकी प्रभारी बच्चू मिया ने मंगलवार को मौतों की पुष्टि की। ढाका में आए चक्रवाती तूफान रेमल का प्रभाव आज सुबह तक देखा गया और राजधानी में बारिश और तेज हवाएं चल रहीं है। ढाका से 259 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में, खगराचारी जिले में चक्रवाती तूफान के कारण उखड़े हुए पेड़ों को हटाते समय आज तड़के अग्निशमन कर्मी की बिजली के तारों की चपेट में आने से मौत हो गयी। बांग्लादेश का तटीय क्षेत्र तूफान की तेज़ हवाओं से प्रभावित हुआ है। चक्रवाती तूफान से पेड़ और घरों और इमारतों की छतें उड़ गईं और बड़े पैमाने पर बिजली और पानी की आपूर्ति बाधित हुई है।

कथित तौर पर देश के दक्षिणी और दक्षिण-पूर्वी क्षेत्रों के कुछ हिस्सों में चक्रवाती तूफान से बाढ़ सुरक्षा तटबंध क्षतिग्रस्त हो गए हैं। देश के आपदा प्रबंधन और राहत राज्य मंत्री मोहम्मद मोहिबुर रहमान ने सोमवार को कहा कि चक्रवाती तूफान रेमल के बांग्लादेश के समुद्र तट से टकराने और बाद में इसके कमजोर पड़ने के दौरान कम से कम 10 लोगों की मौत हो गयी।

## गिरफ्तार श्रीलंकाइयों का 46 वर्षीय शख्स हो सकता है आका

**कोलंबो।** श्रीलंका के सुरक्षा बलों को शक है कि एक 46 वर्षीय शख्स उन चार श्रीलंकाइयों का आका है जिन्हें पिछले हफ्ते भारत के अहमदाबाद हवाई अड्डे पर आईएसआईएस के साथ कथित संबंध के मामले में गिरफ्तार किया गया था। एक खबर में यह जानकारी दी गई है।

न्यूज़फर्स्ट समाचार पोर्टल के मुताबिक, श्रीलंका पुलिस ने बताया कि संदिग्ध उस्मानद जेरॉड डेमाटागोडा का निवासी है और अक्सर हुलिया बदलता रहता है। पोर्टल ने मंगलवार को कहा कि माना जाता है कि जेरॉड श्रीलंका के संदिग्ध नागरिकों की भारत आने जाने में मदद करता है। पुलिस ने संदिग्ध के ठिकाने की विश्वस्त सूचना देने पर हाल में 20 लाख रुका इनाम घोषित किया था।